श्रीमदभिनव-धर्मभूषण-यति-विरचिता

न्यायदीपिका

[पण्डितदरबारीलालनिर्मितप्रकाशाख्यटिप्पणादिसहिता]

सम्पादक और अनुवादक

न्यायाचार्य पण्डित दरबारीलाल जैन 'कोठिया'

जैनदर्शनशास्त्री, न्यायतीर्थ

सारङ (झाँसी)

[सम्पादक-अनुवादक-'अध्यात्मकमलमार्त्तण्ड']

कार्यस्थान—वीरसेवामन्दिर, सरसावा (सहारनपुर)

प्रकाशक

वीर-सेवा-मन्दिर

सरसावा जि० सहारनपुर

प्रथमावृत्ति ५०० प्रति | वैशाख, वीरनिर्वाण सं० २४७१ विक्रम संवत् २००२ मई १९४५ | मूल्य सजिल्द पाच रुपया

ग्रन्थानुक्रम

समर्पण

दशम प्रतिमाधारी विद्वद्वरेण्य
गुरुवर्य्य पूज्य न्यायाचार्य
पण्डित गणेश प्रसाद
जी वर्णी के पवित्र
करकमलों में
स प्र मो द
समर्पित ।

दरबारीलाल

धन्यवाद

श्रीमती सौभाग्यवती कमलाबाईजी जैन धर्मपत्नी श्रीमान बाबू नन्दलाल जी जैन (सुपुत्र सेठ रामजीवन जी सरावगी) कलकत्ताने दो हजार रुपयेकी रकम 'वीरसेवा-मन्दिर' सरसावाको ग्रन्थ-प्रकाशनार्थ प्रदान की है। उसी सहायतासे यह ग्रन्थ-रत्न प्रकाशित किया जा रहा है। इस उदारता और श्रुतसेवाके लिये श्रीमतीजी को हार्दिक धन्यवाद है।

प्रकाशक

प्रकाशकीय वक्तव्य

आजसे कोई ४६ वर्ष पहले सन् १८९६ में 'न्यायदीपिका'का मूलरूपमें प्रथम प्रकाशन पं० कल्लाप्पा भरमाप्पा निटवे (कोल्हापुर) के द्वारा हुआ था। उसी वक्त इस सुन्दर ग्रन्थका मुझे प्रथम-परिचय मिला था और इसके सहारे ही मैंने न्यायशास्त्रमें प्रवेश किया था। इसके बाद 'परीक्षामुख' आदि बीसियों न्यायग्रन्थोंको पढ़ने-देखनेका अवसर मिला और वे बड़े ही महत्वके भी मालूम हुए परन्तु सरलता और सहजबोध-गम्यताकी दृष्टिसे हृदयमें 'न्यायदीपिका' का प्रथम स्थान ही प्राप्त रहा और यह जान पड़ा कि न्यायशास्त्रका अभ्यास प्रारम्भ करनेवाले जैनोंके लिये यह प्रथम-पठनीय और अच्छे कामकी चीज है। और इसलिये ग्रन्थकारमहोदयने ग्रन्थकी आदिम 'बाल प्रबुद्धये' पदके द्वारा ग्रन्थका जो लक्ष्य 'बालकोंको न्यायशास्त्रमें प्रवीण करना' व्यक्त किया है वह यथार्थ है और उसे पूरा करनेमें वे सफल हुए हैं।

न्याय वास्तवमें एक विद्या है, विज्ञान है—साइन्स है—अथवा यों कहिये कि एक कसौटी है जिससे वस्तु-तत्त्वको जाना जाता है, परखा जाता है और खरे-खोटेके मिश्रणको पहचाना जाता है। विद्या यदि दूषित होजाय, विज्ञानमें भ्रम छा जाय और कसौटी पर मल चढ़ जाय तो जिस प्रकार ये चीजें अपना ठीक काम नहीं दे सकतीं उसी प्रकार न्याय भी दूषित, भ्रम-पूर्ण तथा मलिन होनेपर वस्तुतत्त्वके यथार्थ निर्णयमें सहायक नहीं होसकता। श्रीअकलङ्कदेवसे पहले अन्धकार (अज्ञान) के माहात्म्य और कलियुगके प्रतापसे कुछ ऐसे तार्किक विद्वानों द्वारा, जो प्रायः गुण-द्वेषी थे, न्यायशास्त्र बहुत कुछ मलिन किया जा चुका था, अकलङ्कदेवने सम्यग्-ज्ञानरूप-वचन जलोंसे (न्यायविनिश्चयादि ग्रन्थों द्वारा) जैसे तैसे धो-धाकर उसे निर्मल किया था, जैसाकि न्यायविनिश्चयके निम्न वाक्यसे प्रकट है—

बालानां हितकामिनामतिमहापापैः पुरोपार्जितैः
माहात्म्यात्तमसः स्वयं कलिबलात्प्रायः गुण-द्वेषिभिः ।
न्यायोऽयं मलिनीकृतः कथमपि प्रक्षाल्य नेनीयते
सम्यग्ज्ञानजलैर्वचोभिरमलं तत्रानुकम्पापरैः ॥८॥

अकलङ्कदेव द्वारा पुनः प्रतिष्ठित इस विमल न्यायको विद्यानन्द, माणिक्यनन्दी, अनन्तवीर्य और प्रभाचन्द्र जैसे महान् आचार्योंने अपनी अपनी कृतियों तथा टीकाओं द्वारा प्रक्षालन किया था और उसके प्रकाशको बढ़ाया था, परन्तु प्रमाद अथवा दुर्दैवसे देशमें कुछ ऐसा समय उपस्थित हुआ कि इन गूढ़ तथा गम्भीर ग्रन्थोंका पठन-पाठन ही छूट गया, ग्रन्थ-प्रतियोंका मिलना दुर्लभ हो गया और न्यायशास्त्रके विषयमें एक प्रकारका अन्धकार-सा छा गया। अभिनव धर्मभूषणजीने अपने समय (विक्रमकी १५वीं शताब्दी) में इसे महसूस किया और इसलिये उस अन्धकारको कुछ अंशोंमें दूर करनेकी शुभ भावनासे प्रेरित होकर ही वे इस दीपशिखा अथवा टार्च (torch) की सृष्टि करनेमें प्रवृत्त हुए हैं, और इसलिये इसका 'न्यायदीपिका' यह नाम बहुत ही सार्थक जान पड़ता है।

ग्रन्थके इस वर्तमान प्रकाशनसे पहले चार संस्करण और निकल चुके हैं, जिनमें प्रथम संस्करण वही है जिसका ऊपर उल्लेख किया जा चुका है। सम्पादकीय कथनानुसार यह प्रथम संस्करण दूसरे संस्करणोंकी अपेक्षा शुद्ध है, जबकि होना यह चाहिये था कि पूर्व संस्करणोंकी अपेक्षा उत्तरोत्तर संस्करण अधिक शुद्ध प्रकाशित होते। परन्तु मामला उलटा रहा। अस्तु, मुद्रित प्रतियोंकी ये अशुद्धियाँ अक्सर खटका करती थीं और एक अच्छे शुद्ध तथा उपयोगी संस्करणकी ज़रूरत बराबर बनी हुई थी।

अप्रैल सन् १९४२ में, जिसे तीन वर्ष हो चुके, न्यायाचार्य पं० दरबारीलालजी कोठियाकी योजना वीरसेवामन्दिरमें हुई और उससे कोई १॥ वर्ष बाद मुझे यह बतलाया गया कि आप न्यायदीपिका ग्रन्थ पर अच्छा परिश्रम कर रहे हैं, उसके कितने ही अशुद्ध पाठोंका आपने संशोधन किया है, उसका संशोधन करना चाहते हैं, विषयके स्पष्टीकरणार्थ

संस्कृत टिप्पण लिख रहे हैं जो समासिक करीब है और साथमें हिंदी अनुवाद भी लिख रहे हैं। अब ऐसे उपयोगी ग्रन्थको वीरसेवामन्दिर-ग्रन्थमालामें प्रकाशित करनेका विचार स्थिर हुआ। उस समय इस ग्रन्थका कुल तखमीना १२ फार्म (१६२ पेज) के लगभग था और आज यह २४ फार्म (३८४ पेज) के रूपमें पाठकोंके सामने उपस्थित है। इस तरह थोरसामें ग्रन्थका आकार प्राय दुगना हो गया है। इसका प्रधान कारण तय्यार ग्रन्थमें बादको कितना ही संशोधन, परिवर्तन तथा परिवर्धन किया जाना, तुलनात्मक टिप्पण-जैसे कुछ विशिष्ट परिशिष्टोंका साथमें लगाया जाना और प्रस्तावनाका आशासे अधिक लम्बा हो जाना है। इन सबसे जहाँ ग्रन्थका विस्तार बढ़ा है वहाँ उसकी उपयोगितामें भी वृद्धि हुई है।

इस ग्रन्थकी तय्यारीमें कोठियाजीको बहुत कुछ परिश्रम उठाना पड़ा है, छपाईका काम अपनी देखरेखमें इच्छानुकूल शुद्धतापूर्वक शीघ्र करानेके लिये देहली रहना पड़ा है और प्रूफरीडिंगका सारा भार अकेले ही वहन करना पड़ा है। इस सब काममें वीरसेवा मन्दिर-सम्बन्धी प्राय ८-६ महीनेका अधिकांश समय ही उनका नहीं लगा बल्कि बहुतसा निजी समय भी खर्च हुआ है और तब कहीं जाकर यह ग्रंथ इस रूपमें प्रस्तुत हो सका है। मुझे यह देखकर सन्तोष है कि कोठियाजीका इस ग्रन्थरत्नके प्रति जैसा कुछ सहज अनुराग और आकर्षण था उसके अनुरूप ही वे ग्रन्थके इस संस्करणको प्रस्तुत करनेमें समर्थ होसके हैं, और इसपर उन्होंने स्वयं ही अपने 'सम्पादकीय'में बड़ी प्रसन्नता व्यक्त की है। अपनी इस कृतिके लिये आप अवश्य समाजके धन्यवादपात्र हैं।

अन्तमें कुछ अनिवार्य कारणवश ग्रन्थके प्रकाशनमें जो विलम्ब हुआ है उसके लिये मैं पाठकोंसे क्षमा चाहता हूँ। आशा है वे प्रस्तुत संस्करणकी उपयोगिताको देखते हुए उसे क्षमा करेंगे।

देहली
१८ मई १९४५

जुगलकिशोर मुख्तार
अधिष्ठाता 'वीरसेवामन्दिर' सरसावा

संकेत-सूची*

अकलङ्कग्र० / अकलङ्क	अकलङ्कग्रन्थत्रय	(सिंघी ग्रन्थमाला, कलकत्ता)
अध्यात्मक०	अध्यात्मकमलमार्त्तण्ड	(वीरसेवामन्दिर, सरसावा)
अमरको०	अमरकोश	(निर्णयसागर, बम्बई)
अष्टश०	अष्टशती	,,
अष्टस०	अष्टसहस्री	,,
आ० प०	आराप्रति पत्र	(जैनसिद्धान्त भवन, आरा)
आप्तप० / आप्तपरी०	आप्तपरीक्षा	(जैनसिद्धान्त० कलकत्ता)
आप्तमी०	आप्तमीमांसा	,,
आप्तमी० वृ०	आप्तमीमांसावृत्ति	,,
काव्यमी०	काव्यमीमांसा	
चरकसं०	चरकसंहिता	(निर्णयसागर, बम्बई)
जैनतर्कभा०	जैनतर्कभा०	(सिंघी ग्रन्थमाला, कलकत्ता)
जैनशिलालेखसं०	जैनशिलालेखसंग्रह	(मा० ग्रन्थमाला, बम्बई)
जैमिनि०	जैमिनिसूत्र	(निर्णयसागर, बम्बई)
जैनेन्द्रव्या०	जैनेन्द्रव्याकरण	
तर्कदी०	तर्कदीपिका	(छन्नूलाल ज्ञानचन्द, बनारस)
तर्कसं०	तर्कसंग्रह	,,
तर्कसंग्रहपद०	तर्कसंग्रहपदकृत्य	,,
तत्त्ववैशा०	तत्त्ववैशारदी	(चौखम्बा, काशी)
तत्त्वसं०	तत्त्वसंग्रह	(गायकवाड़० बड़ौदा)

* जिन ग्रन्थों या पत्रादिकोंके प्रस्तावनादिमें पूरे नाम दे दिये गये हैं उनको यहाँ संकेतसूचीमें छोड़ दिया है।

तत्त्वार्थवा०	तत्त्वार्थवार्त्तिक	(जैनसिद्धान्त०, कलकत्ता)
तत्त्वार्थवृ० श्रु०	तत्त्वार्थवृत्ति श्रुतसागरी	(लिखित, वीरसेवामन्दिर)
तत्त्वार्थश्लो० तत्त्वार्थश्लोकवा० त० श्लो०	तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिक	(निर्णयसागर, बम्बई)।
तत्त्वार्थश्लो० भा०	तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिकभाष्य	(,,)।
तत्त्वार्थसू० त० सू०	तत्त्वार्थसूत्र	(प्रथमगुच्छक, काशी)
तत्त्वार्थाधि० भा०	तत्त्वार्थाधिगमभाष्य	(आर्हतप्रभाकर, पूना)
तात्पर्यपरिशु०	तात्पर्यपरिशुद्धि	
तिलो० प०	तिलोयपण्णत्ति	(जीवराजग्रन्थ०, शोलापुर)
दिनकरी	सिद्धान्तमुक्तावलीटीका	(निर्णयसागर, बम्बई)
द्रव्यस०	द्रव्यसंग्रह	
न्यायकलि०	न्यायकलिका	(गङ्गानाथ झा)
न्यायकु० न्यायकुमु०	न्यायकुमुदचन्द्र	(माणिकचन्द्रग्रन्थमाला, बम्बई)
न्यायकुसु० न्यायकु०	न्यायकुसुमाञ्जलि	(चौखम्बा, काशी)
न्यायकुसु० प्रकाश०	न्यायकुसुमाञ्जलिप्र०टीका	(,,)
न्यायदी०	न्यायदीपिका	(प्रस्तुत संस्करण)
न्यायप्र०	न्यायप्रवेश	(गायकवाड़, बड़ौदा)
न्यायबि०	न्यायबिन्दु	(चौखम्बा, काशी)
न्यायबि० टी०	न्यायबिन्दु टीका	(,,)
न्यायम०	न्यायमञ्जरी	(,,)
न्यायवा०	न्यायवार्त्तिक	(,,)
न्यायवा० तात्प० न्यायवा० तात्पर्यटी० न्यायवा० ता०	न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका	(,,)

न्यायवि०	न्यायविनिश्चय	(अकलङ्कग्रन्थत्रय)
न्यायवि० वि० लि० न्यायविनिश्चयवि० लि०	न्यायविनिश्चयविवरण लिखित	(वीरसेवामन्दिर, सरसावा)
न्यायसू०	न्यायसूत्र	(चौखम्बा, काशी)
न्यायाव० टी० टि०	न्यायावतारटीकाटिप्पण	(श्वेताम्बर कान्फ्रेंस, बम्बई)
पत्रपरी०	पत्रपरीक्षा	(जैनसिद्धान्त०, कलकत्ता)
परीक्षामु०	परीक्षामुख	(पं० घनश्यामदासजीरा)
पात० महाभा०	पातञ्जलिमहाभाष्य	(चौखम्बा, काशी)
प्रमाणनय०	प्रमाणनयतत्त्वालोकालङ्कार	(यशोविजयग्र०, काशी)
प्रमाणनि०	प्रमाणनिर्णय	(माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, बम्बई)
प्रमाणमी०	प्रमाणमीमांसा	(सिंघीग्रन्थमाला, कलकत्ता)
प्रमाणमी० भा०	प्रमाणमीमांसाभाषाटिप्पण	(,,)
प्रमाणसं०	प्रमाणसंग्रह	(अकलङ्कग्रन्थत्रय)
प्रमाणसं० स्वो०	प्रमाणसंग्रह स्वोपज्ञविवृति	(,,)
प्रमाल० प्रमालक्ष०	प्रमालक्षण	
प्रमेयक०	प्रमेयकमलमार्त्तण्ड	(पं० महेन्द्रकुमारजी, काशी)
प्रमेयर०	प्रमेयरत्नमाला	(पं० फूलचन्द्र शास्त्री, काशी
प्रवचनसा०	प्रवचनसार	(रायचन्द्रशास्त्रमाला, बम्बई)
प्रशस्तपादभा०	प्रशस्तपादभाष्य	(चौखम्बा, काशी)
प्रकरणप० प्रकरणपञ्जि०	प्रकरणपञ्जिका	(चौखम्बा, काशी)
प्रमाणप प्रमाणपरी० प्र० प०	प्रमाणपरीक्षा	(जैनसिद्धान्तप्र०, कलकत्ता)
प्रमाणम	प्रमाणमञ्जरी	
प्रमाणवा०	प्रमाणवार्तिक	(राहुलजी सम्पादित)

प्रमाणस०	प्रमाणसमुच्चय	(मैसूर यूनिवर्सिटी)
मनोरथन०	मनोरथनन्दिनी	(प्रमाणमीमांसामें उपयुक्त)
मी० श्लो०	मीमांसाश्लोकवार्त्तिक	(चौखम्बा, काशी)
युक्त्यनुशा० टी०	युक्त्यनुशासनटीका	(मा० ग्रन्थमाला, बम्बई)
योगसू०	योगसूत्र	(चौखम्बा, काशी)
राजवा०	राजवार्त्तिक	(जैनसिद्धान्त०, कलकत्ता)
लघीय० लघी०	लघीयस्त्रय	(अकलङ्कग्रन्थत्रय)
लघीय० तात्पर्य०	लघीयस्त्रयतात्पर्यवृत्ति	(मा० ग्रन्थमाला, बम्बई)
लघी० स्व० वि०	लघीयस्त्रय स्वोपज्ञविवृति	(अकलङ्कग्रन्थत्रय)
लघुसर्वज्ञ०	लघुसर्वज्ञसिद्धि	(मा० ग्रन्थमाला, बम्बई)
वाक्यप०	वाक्यपदीय	(चौखम्बा, काशी)
वैशेषिक० सूत्रोप० वैशेषि० उप० वैशे० सूत्रोप०	वैशेषिकसूत्रोपस्कार	(चौखम्बा, काशी)
वैशेषिकसू०	वैशेषिकसूत्र	(चौखम्बा, काशी)
शब्दश०	शब्दशक्तिप्रकाशिका	
शाबरभा०	शाबरभाष्य	(आनन्दाश्रम, पूना)
शास्त्रदी०	शास्त्रदीपिका	(विद्याविलास प्रेस, काशी)
षड्दर्श०	षड्दर्शनसमुच्चय	(चौखम्बा, काशी)
सर्वद०	सर्वदर्शनसंग्रह	(भाण्डारकर०, पूना)
सर्वार्थ० सर्वार्थसि०	सर्वार्थसिद्धि	(सोलापुर)
साहि० द०	साहित्यदर्पण	
सांख्य माठरवृ०	सांख्यकारिका माठरवृत्ति	(चौखम्बा, काशी)
सिद्धिविनि० टी०	सिद्धिविनिश्चयटीका	(सरसावा)
सिद्धान्तमु० सि० मु०	सिद्धान्तमुक्तावली	(निर्णयसागर, बम्बई)

स्याद्वादर० स्या० रत्ना०	स्याद्वादरत्नाकर		आर्हतप्रभाकर, पूना)
स्वयम्भू०	स्वयम्भूस्तोत्र		(प्रथमगुच्छक, काशी)
हेतुबि०	हेतुबिन्दु		(प्रमाणमीमांसा उपयुक्त)
आ A	आरा	पं०	पंक्ति
का	कारिका	प्र०	प्रति
गा०	गाथा	प्र० प्र०	प्रथमभाग प्रस्तावना
दे०	देहली	प्रस्ता०	प्रस्तावना
टि०	टिप्पण	B	बनारस
प०	पत्र	शि०	शिलालेख
पृ०	पृष्ठ	सम्पा०	सम्पादक

अपनी ओरसे निक्षिप्त पाठ—

पृ० १२० पं० १० [यथा], पृ० १७ प० ५ [शिंशपा]

प्रस्तावनादिका शुद्धि-पत्र

अशुद्ध	शुद्ध	पृ०	पं०
उपादान	उपपादन	५	१६
प्रमाणानि	प्रमाणानीति	१२	२०
साधर्म्यम्	साद्रूप्यम्	१२	२०
प्रभाकर	प्राभाकर	१३	५
न्यायवा०	न्यायाव०	१४	२५
ये	ये (पिछले दोनों)	१६	१
परीक्षमुख	परीक्षामुख	८७	२१
मालूल	मालूम	६०	२
१६४३	१६४२ (सम्पादकीय)	१२	१

प्राक्-कथन

व्याकरणके अनुसार दर्शन शब्द '"दृश्यते=निर्णीयते वस्तुतत्त्वमनेनेति दर्शनम्' अथवा 'दृश्यते निर्णीयत इद वस्तुतत्त्वमिति दर्शनम्' इन दोनों व्युत्पत्तियोंके आधारपर दृश् धातुसे निष्पन्न होता है। पहली व्युत्पत्तिके आधारपर दर्शन शब्द तर्क-वितर्क, मन्थन या परीक्षास्वरूप उस विचारधाराका नाम है जो तत्त्वोंके निर्णयमें प्रयोजक हुआ करती है। दूसरी व्युत्पत्तिके आधारपर दर्शन शब्दका अर्थ उल्लिखित विचारधाराके द्वारा निर्णीत तत्त्वोंकी स्वीकारता होता है। इस प्रकार दर्शन शब्द दार्शनिक जगत्में इन दोनों प्रकारके अर्थोंमें व्यवहृत हुआ है अर्थात् भिन्न-भिन्न मतोंकी जो तत्त्वसम्बन्धी मान्यतायें हैं उनका और जिन तार्किक मुद्दोंके आधारपर उन मान्यताओंका समर्थन होता है उन तार्किक मुद्दोंको दर्शनशास्त्रके अन्तर्गत स्वीकार किया गया है।

सबसे पहिले दर्शनोंको दो भागोंमें विभक्त किया जा सकता है— भारतीय दर्शन और अभारतीय (पाश्चात्य) दर्शन। जिनका प्रादुर्भाव भारतवर्षमें हुआ है वे भारतीय और जिनका प्रादुर्भाव भारतवर्षके बाहर पाश्चात्य देशोंमें हुआ है वे अभारतीय (पाश्चात्य) दर्शन माने गये हैं। भारतीय दर्शन भी दो भागोंमें विभक्त हो जाते हैं—वैदिक दर्शन और अवैदिक दर्शन। वैदिक परम्पराके अन्दर जिनका प्रादुर्भाव हुआ है तथा जो वेदपरम्पराके पोषक दर्शन हैं वे वैदिक दर्शन माने जाते हैं और वैदिक परम्परासे भिन्न जिनकी स्वतन्त्र परम्परा है तथा जो वैदिक परम्पराके विरोधी दर्शन हैं उनका समावेश अवैदिक दर्शनोंमें होता है। इस सामान्य नियमके आधारपर वैदिक दर्शनोंमें मुख्यतः सांख्य, वेदान्त, मीमांसा, योग, न्याय तथा वैशेषिक दर्शन आते हैं और जैन, बौद्ध तथा चार्वाक दर्शन, अवैदिक दर्शन ठहरते हैं।

वैदिक और अवैदिक दर्शनोंको दार्शनिक मध्यकालीन युगमें क्रमसे आस्तिक और नास्तिक नामोंसे भी पुकारा जाने लगा था, परन्तु मालूम पड़ता है कि इनका यह नामकरण साम्प्रदायिक व्यामोहवश कारण वे परम्परा समर्थन और विरोधके आधारपर प्रशंसा और निन्दाके रूपमें किया गया है। कारण, यदि प्राणियोंके जन्मान्तररूप परलोक, स्वर्ग और नरक तथा मोक्षके न माननेरूप अर्थमें नास्तिक शब्दका प्रयोग किया जाय तो जैन और बौद्ध दोनों अवैदिक दर्शन नास्तिक दर्शनोंकी कोटिसे निकल कर आस्तिक दर्शनोंकी कोटिमें आ जायेंगे क्योंकि ये दोनों दर्शन परलोक, स्वर्ग और नरक तथा मुक्तिकी मान्यताको स्वीकार करते हैं। और यदि जगत्का कर्ता अनादिनिधन ईश्वरको न माननेरूप अर्थमें नास्तिक शब्दका प्रयोग किया जाय तो सांख्य और मीमांसा दर्शनोंको भी आस्तिक दर्शनोंकी कोटिसे निकालकर नास्तिक दर्शनोंकी कोटिमें पटक देना पड़ेगा क्योंकि ये दोनों दर्शन अनादिनिधन ईश्वरको जगत्का कर्ता माननेसे इन्कार करते हैं। 'नास्तिको वेदनिन्दकः' इत्यादि वाक्य भी हमें यह बतलाते हैं कि वेदपरम्पराको न माननेवालों या उसका विरोध करने वालोंके बारेमें ही नास्तिक शब्दका प्रयोग किया गया है। प्रायः सभी सम्प्रदायोंमें अपनी परम्पराके माननेवालोंको आस्तिक और अपनेसे भिन्न दूसरे सम्प्रदायकी परम्पराके माननेवालोंको नास्तिक कहा गया है। जैनसम्प्रदायमें जैनपरम्पराके माननेवालोंको सम्यग्दृष्टि और जैनेतर परम्पराके माननेवालोंको मिथ्यादृष्टि कहनेका रिवाज प्रचलित है। इस कथनका तात्पर्य यह है कि भारतीय दर्शनोंका जो आस्तिक और नास्तिक दर्शनोंके रूपमें विभाग किया जाता है वह निरर्थक एवं अनुचित है।

उल्लिखित सभी भारतीय दर्शनोंमेंसे एक दो दर्शनोंको छोड़कर प्रायः सभी दर्शनोंका साहित्य काफी विशालताको लिये हुए पाया जाता है। जैनदर्शनका साहित्य भी काफी विशाल और महान है। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों दर्शनकारोंने समानरूपसे जैनदर्शनके साहित्यकी समृद्धिमें

कार्यो हाथ बढ़ाया है। दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदायोंमें परस्पर जो मतभेद पाया जाता है वह दार्शनिक नहीं, आगमिक है। इसलिये इन दोनोंके दर्शन साहित्यकी समृद्धिके धारावाहिक प्रयासमें कोई अन्तर नहीं आया है।

दर्शनशास्त्रका मुख्य उद्देश्य वस्तु-स्वरूप व्यवस्थापन ही माना गया है। जैनदर्शनमें वस्तुका स्वरूप अनेकान्तात्मक (अनेकधर्मात्मक) निर्णीत किया गया है। इसलिये जैनदर्शनका मुख्य सिद्धान्त अनेकान्तवाद (अनेकान्तकी मान्यता) है। अनेकान्तका अर्थ है—परस्पर विरोधी दो तत्त्वोंका एकत्र समन्वय। तात्पर्य यह है कि जहाँ दूसरे दर्शनोंमें वस्तुको सिर्फ सत् या असत्, सिर्फ सामान्य या विशेष, सिर्फ नित्य या अनित्य, सिर्फ एक या अनेक और सिर्फ भिन्न या अभिन्न स्वीकार किया गया है वहाँ जैन दर्शनमें वस्तुको सत् और असत्, सामान्य और विशेष, नित्य और अनित्य, एक और अनेक तथा भिन्न और अभिन्न स्वीकार किया गया है और जैनदर्शनकी यह सत्-असत्, सामान्य विशेष, नित्य अनित्य, एक-अनेक और भिन्न-अभिन्नरूप वस्तुविषयक मान्यता परस्पर विरोधी दो तत्त्वोंका एकत्र समन्वयको सूचित करती है।

वस्तुकी इस अनेक धर्मात्मकताके निर्णयमें साधक प्रमाण होता है। इसलिये दूसरे दर्शनोंकी तरह जैनदर्शनमें भी प्रमाण मान्यताको स्थान दिया गया है। लेकिन दूसरे दर्शनोंमें जहाँ कारकसाकल्यादिको प्रमाण माना गया है वहां जैनदर्शनमें सम्यग्ज्ञान (अपने और अपूर्व अर्थके निर्णायक ज्ञान) को ही प्रमाण माना गया है क्योंकि ज्ञप्ति क्रियाके प्रति जो करण हो उसको जैनदर्शनमें प्रमाण नामसे उल्लेख किया गया है। ज्ञप्तिक्रियाके प्रति करण उक्त प्रकारका ज्ञान ही हो सकता है, कारकसाकल्यादि नहीं, कारण कि क्रियाके प्रति अत्यन्त अर्थात् अव्यवहितरूपसे साधक कारणको ही व्याकरणशास्त्रमें करणसंज्ञा दी गयी है[1] और

[1] 'साधकतमं करणम्।'—जैनेन्द्रव्याकरण १।२।११३।

अव्यवहितरूपसे ज्ञप्तिक्रियाका साधक उक्त प्रकारका ज्ञान ही है। कारक-साकल्यादि ज्ञप्तिक्रियाके साधक होते हुए भी उसके अव्यवहितरूपसे साधक नहीं है इसलिये उन्हें प्रमाण कहना अनुचित है।

प्रमाण मान्यताको स्थान देनेवाले दर्शनोंमें कोई दर्शन सिर्फ प्रत्यक्ष प्रमाणको, कोई प्रत्यक्ष और अनुमान दो प्रमाणोंको, कोई प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम इन तीन प्रमाणोंको, कोई प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम और उपमान चार प्रमाणोंको, कोई प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम, उपमान और अर्थापत्ति पांच प्रमाणोंको और कोई प्रत्यक्ष, अनुमान, आगम, उपमान, अर्थापत्ति और अभाव इन छह प्रमाणोंको मानते हैं। कोई दर्शन एक सम्भव नामक प्रमाणको भी अपनी प्रमाणमान्यतामें स्थान देते हैं। परन्तु जैनदर्शनमें प्रमाणकी इन भिन्न २ संख्याओंको यथायोग्य निरर्थक, पुनरुक्त और अपूर्ण बतलाते हुए मूलमें प्रत्यक्ष और परोक्ष ये दो ही भेद प्रमाणके स्वीकार किये गये हैं। प्रत्यक्षके अतीन्द्रिय और इन्द्रिय-जन्य ये दो भेद मानकर अतीन्द्रिय प्रत्यक्षमें अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञानका समावेश किया गया है तथा इन्द्रियजन्य प्रत्यक्षमें स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण इन पाँच इन्द्रियों और मनकी सहायता होनेके कारण स्पर्शनेन्द्रिय-प्रत्यक्ष, रसनेन्द्रिय प्रत्यक्ष, घ्राणेन्द्रिय-प्रत्यक्ष, चक्षुरिन्द्रिय प्रत्यक्ष, कर्णेन्द्रिय प्रत्यक्ष और मानस प्रत्यक्ष ये छह भेद स्वीकार किये गये हैं। अतीन्द्रिय प्रत्यक्षके भेद अवधिज्ञान और मनःपर्यय ज्ञानको जैनदर्शनमें देशप्रत्यक्ष संज्ञा दी गई है। कारण कि इन दोनों ज्ञानोंका विषय सीमित माना गया है और केवलज्ञानको सकलप्रत्यक्ष नाम दिया गया है क्योंकि इसका विषय असीमित माना गया है अर्थात् जगत्के सम्पूर्ण पदार्थ अपने अपने त्रिकालवर्ती विवर्तों सहित इसकी विषय कोटिमें एक साथ समा जाते हैं। सर्वज्ञमें केवलज्ञान नामके इसी सकल-प्रत्यक्षका सद्भाव स्वीकार किया गया है। अतीन्द्रिय प्रत्यक्षको परमार्थ प्रत्यक्ष और इन्द्रियजन्य प्रत्यक्षको साव्यवहारिक प्रत्यक्ष भी कहा जाता

है। इसका सबब यह है कि सभी प्रत्यक्ष और परोक्ष ज्ञान यद्यपि आत्मोत्थ हैं क्योंकि ज्ञानको आत्माका स्वभाव या गुण माना गया है। परन्तु अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष इन्द्रियोंकी सहायताके बिना ही स्वतन्त्ररूपसे आत्मामें उद्भूत हुआ करते हैं इसलिये इन्हें परमार्थ संज्ञा दी गई है और इंद्रियजन्य प्रत्यक्ष आत्मोत्थ होते हुए भी उत्पत्तिमें इन्द्रियाधीन हैं इसलिये वास्तवमें इन्हें प्रत्यक्ष कहना अनुचित ही है। अतः लोकव्यवहारकी दृष्टिसे ही इनको प्रत्यक्ष कहा जाता है। वास्तवमें तो इंद्रियजन्य प्रत्यक्षोंको भी परोक्ष ही कहना उचित है। फिर जब कि ये प्रत्यक्ष पराधीन हैं तो इन्हें परोक्ष प्रमाणोंमें ही अन्तर्भूत क्यों नहीं किया गया है? इस प्रश्नका उत्तर यह है कि जिस ज्ञानमें ज्ञेय पदार्थका इन्द्रियोंके साथ साक्षात् सम्बन्ध विद्यमान हो उस ज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्षमें अन्तर्भूत किया गया है और जिस ज्ञानमें ज्ञेय पदार्थका इन्द्रियोंके साथ साक्षात् सम्बन्ध विद्यमान न हो। परम्परया सम्बन्ध कायम होता हो उस ज्ञानको परोक्ष प्रमाणमें अन्तर्भूत किया गया है। उक्त छहों इन्द्रियजन्य प्रत्यक्षों (सांव्यवहारिक प्रत्यक्षों) में प्रत्येककी अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा ये चार चार अवस्थायें स्वीकार की गयी हैं। अवग्रह—ज्ञानकी उस दुर्बल अवस्थाका नाम है जो अनन्तरकालमें निमित्त मिलनेपर विरुद्ध नानाकोटि विषयक संशयका रूप धारण कर लेती है और जिसमें एक अवग्रहज्ञानकी विषयभूत कोटि भी शामिल रहती है। संशयके बाद अवग्रहज्ञानकी विषयभूत कोटि विषयक अनिर्णीत भावनारूप ज्ञानका नाम ईहा माना गया है। और ईहाके बाद अवग्रहज्ञानकी विषयभूत कोटि विषयक निर्णीत ज्ञानका नाम अवाय है। यही ज्ञान यदि कालान्तरमें होनेवाली स्मृतिका कारण बन जाता है तो इसे धारणा नाम दे दिया जाता है। जैसे कहीं जाते हुए हमारा दूर स्थित पुरुषको सामने पाकर उसके बारेमें "यह पुरुष है" इस प्रकारका ज्ञान अवग्रह है। इस ज्ञानकी दुर्बलता इसीसे जानी जा सकती है कि यही ज्ञान अनन्तरकालमें निमित्त मिल जानेपर "यह पुरुष है या ठूँठ" इस प्रकार-

के संशयका रूप धारण कर लिया करता है। यह संशय अपने अनन्तर अनन्तर निमित्त विशेषके आधारपर 'मालूम पड़ता है कि यह पुरुष ही है' अथवा 'उसे पुरुष ही होना चाहिये' इत्यादि प्रकारसे ईहा ज्ञानका रूप धारण कर लिया करता है और यह ईहाज्ञान ही अपने अनन्तर समयमें निमित्तविशेषके बलपर 'यह पुरुष ही है' इस प्रकारके अवायज्ञानरूप परिणत हो जाया करता है। यही ज्ञान नष्ट होनेसे पहले कालान्तरमें होने-वाली 'अमुक समयमें अमुक स्थानपर मैंने पुरुषको देखा था' इस प्रकार की स्मृतिमें कारणभूत जो अपना संस्कार मस्तिष्कपर छोड़ जाता है उसीका नाम धारणाज्ञान जैनदर्शनमें माना गया है। इस प्रकार एक ही इन्द्रिय जन्य प्रत्यक्ष (सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष) भिन्न २ समयमें भिन्न २ निमित्तों-के आधारपर अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा इन चार रूपोंको धारण कर लिया करता है और ये चार रूप प्रत्येक इन्द्रिय और मनसे होनेवाले प्रत्यक्षज्ञानमें सम्भव हुआ करते हैं। जैनदर्शनमें प्रत्यक्ष प्रमाण का स्पष्टीकरण इसी ढङ्गसे किया गया है।

जैनदर्शनमें परोक्षप्रमाणके पाँच भेद स्वीकार किये गये हैं—स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम। इनमेंसे धारणामूलक स्वतन्त्र ज्ञानविशेषका नाम स्मृति है। स्मृति और प्रत्यक्षमूलक वर्तमान और भूत पदार्थोंके एकत्व अथवा सादृश्यको ग्रहण करनेवाला प्रत्यभिज्ञान कहलाता है, प्रत्यभिज्ञानमूलक दो पदार्थोंके अविनाभाव सम्बन्धरूप व्याप्ति का ग्राहक तर्क होता है और तर्कमूलक साधनसे साध्यका ज्ञान अनुमान माना गया है। इसी तरह आगमज्ञान भी अनुमानमूलक ही होता है अर्थात् 'अमुक शब्दका अमुक अर्थ होता है' ऐसा निर्णय हो जानेके बाद ही श्रोता किसी शब्दको सुनकर उसके अर्थका ज्ञान कर सकता है। इस कथनसे यह निष्कर्ष निकला कि सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष इन्द्रियजन्य है और परोक्ष प्रमाण सांव्यवहारिक प्रत्यक्षजन्य है। बस, सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रमाणमें इतना ही अन्तर है।

जैनदर्शनमें शब्दजन्य अर्थज्ञानको आगम प्रमाण माननेके साथ साथ उस शब्दको भी आगम प्रमाणमें संग्रहीत किया गया है और इस प्रकार जैनदर्शनमें आगम प्रमाणके दो भेद मान लिये गये हैं। एक स्वार्थप्रमाण और दूसरा परार्थप्रमाण। पूर्वोक्त सभी प्रमाण ज्ञानरूप होनेके कारण स्वार्थप्रमाणरूप ही हैं। परन्तु एक आगम प्रमाण ही ऐसा है जिसे स्वार्थ-प्रमाण और परार्थप्रमाण उभयरूप स्वीकार किया गया है। शब्दजन्य अर्थज्ञान ज्ञानरूप होनेके कारण स्वार्थप्रमाणरूप है। लेकिन शब्दमें चूँकि ज्ञानरूपताका अभाव है इसलिये वह परार्थप्रमाणरूप माना गया है।

यह परार्थप्रमाणरूप शब्द वाक्य और महावाक्यके भेदसे दो प्रकार का है। इनमेंसे दो या दोसे अधिक पदोंके समूहको वाक्य कहते हैं और दो या दो से अधिक वाक्योंके समूहको महावाक्य कहते हैं, दो या दो से अधिक महावाक्योंके समूहको भी महावाक्यके ही अन्तर्गत समझना चाहिये। इससे यह सिद्ध होता है कि परार्थप्रमाण एक सखण्ड वस्तु है और वाक्य तथा महावाक्यरूप परार्थप्रमाणके जो खण्ड हैं उन्हें जैन दर्शनमें नयसंज्ञा प्रदान की गई है। इस प्रकार जैनदर्शनमें वस्तुस्वरूपके व्यवस्थापनमें प्रमाणकी तरह नयोंको भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। परार्थप्रमाण और उसके अंशभूत नयोंका लक्षण निम्न प्रकार समझना चाहिये—

"वक्ताके उद्दिष्ट अर्थका पूर्णरूपेण प्रतिपादक वाक्य और महावाक्य प्रमाण कहा जाता है और वक्ताके उद्दिष्ट अर्थके अंशका प्रतिपादक पद, वाक्य और महावाक्यको नयसंज्ञा दी गयी है।"

इस प्रकार ये दोनों परार्थप्रमाण और उसके अंशभूत नय वचनरूप हैं और चूँकि वस्तुनिष्ठ सत्व और असत्व, सामान्य और विशेष, नित्यत्व और अनित्यत्व, एकत्व और अनेकत्व, भिन्नत्व और अभिन्नत्व इत्यादि परस्पर विरोधी दो तत्व अथवा तद्विशिष्ट वस्तु ही इनका वाच्य है इसलिए इसके आधारपर जैन दर्शनका सप्तभंगीवाद कायम होता है।

उक्त सत्व और असत्व, सामान्य और विशेष, नित्यत्व और अनित्यत्व, एकत्व और अनेकत्व, भिन्नत्व और अभिन्नत्व इत्यादि युगलधर्मों और एतद्धर्मविशिष्ट वस्तुके प्रतिपादनमें उक्त परार्थप्रमाण और उसके अंशभूत नय सातरूप धारण कर लिया करते हैं।

प्रमाणवचनके सातरूप निम्न प्रकार हैं—सत्व और असत्व इन दो धर्मोंमेंसे सत्वमुखेन वस्तुका प्रतिपादन करना प्रमाणवचनका पहला रूप है। असत्वमुखेन वस्तुका प्रतिपादन करना प्रमाणवचनका दूसरा रूप है। सत्व और असत्व उभयधर्ममुखेन क्रमशः वस्तुका प्रतिपादन करना प्रमाणवचनका तीसरा रूप है। सत्व और असत्व उभयधर्ममुखेन युगपत् (एकसाथ) वस्तुका प्रतिपादन करना असम्भव है इसलिये अवक्तव्य नामका चौथा रूप प्रमाणवचनका निष्पन्न होता है। उभयधर्ममुखेन युगपत् वस्तुके प्रतिपादनकी असम्भवताके साथ साथ सत्वमुखेन वस्तुका प्रतिपादन हो सकता है इस तरहसे प्रमाणवचनका पाँचवाँ रूप निष्पन्न होता है। इसीप्रकार उभयधर्ममुखेन युगपत् वस्तुके प्रतिपादनकी असम्भवताके साथ-साथ असत्वमुखेन भी वस्तुका प्रतिपादन हो सकता है इस तरहसे प्रमाणवचनका छठा रूप बन जाता है। और उभयधर्ममुखेन युगपत् वस्तुके प्रतिपादनकी असम्भवताके साथ साथ उभयधर्ममुखेन क्रमशः वस्तुका प्रतिपादन हो सकता है इस तरहसे प्रमाणवचनका सातवाँ रूप बन जाता है। जैनदर्शनमें इसको प्रमाणसप्तभंगी नाम दिया गया है।

नयवचनके सात रूप निम्न प्रकार हैं—वस्तुके सत्व और असत्व इन दो धर्मोंमेंसे सत्व धर्मका प्रतिपादन करना नयवचनका पहला रूप है। असत्व धर्मका प्रतिपादन करना नयवचनका दूसरा रूप है। उभय धर्मोंका क्रमशः प्रतिपादन करना नयवचनका तीसरा रूप है और चूँकि उभयधर्मोंका युगपत् प्रतिपादन करना असम्भव है इसलिये इस तरहसे अवक्तव्य नामका चौथा रूप नयवचनका निष्पन्न होता है। नयवचनके पाँचवें, छठे और सातवें रूपोंका प्रमाणवचनके पाँचवें, छठे और सातवें

रूपोंके समान समझ लेना चाहिये। जैनदर्शनमें नयवचनके इन सात रूपोंको नयसप्तभंगी नाम दिया गया है।

इन दोनों प्रकारकी सप्तभंगियोंमें इतना ध्यान रखनेकी जरूरत है कि जब सत्त्व-धर्ममुखेन वस्तुका अथवा वस्तुके सत्त्वधर्मका प्रतिपादन किया जाता है तो उस समय वस्तुकी असत्त्वधर्मविशिष्टताको अथवा वस्तुके असत्त्वधर्मको अविवक्षित मान लिया जाता है और यही बात असत्त्वधर्ममुखेन वस्तुका अथवा वस्तुके असत्त्वधर्मका प्रतिपादन करते समय वस्तुकी सत्त्वधर्मविशिष्टता अथवा वस्तुके सत्त्वधर्मके बारेमें समझना चाहिये। इस प्रकार उभयधर्मोंकी विवक्षा (मुख्यता) और अविवक्षा (गौणता) के स्पष्टीकरणके लिये स्याद्वाद अर्थात् स्यात्की मान्यताको भी जैनदर्शनमें स्थान दिया गया है। स्याद्वादका अर्थ है—किसी भी धर्मके द्वारा वस्तुका अथवा वस्तुके किसी भी धर्मका प्रतिपादन करते वक्त उसके अनुकूल किसी भी निमित्त, किसी भी दृष्टिकोण या किसी भी उद्देश्यको लक्ष्यमें रखना। और इस तरहसे ही वस्तुकी विरुद्धधर्मविशिष्टता अथवा वस्तुमें विरुद्ध धर्मका अस्तित्व अक्षुण्ण रक्खा जा सकता है। यदि उक्त प्रकारके स्याद्वादको नहीं अपनाया जायगा तो वस्तुकी विरुद्धधर्मविशिष्टताका अथवा वस्तुमें विरोधी धर्मका अभाव मानना अनिवार्य हो जायगा और इस तरहसे अनेकान्तवादका भी जीवन समाप्त हो जायगा।

इस प्रकार अनेकान्तवाद, प्रमाणवाद, नयवाद, सप्तभंगीवाद और स्याद्वाद ये जैनदर्शनके अनूठे सिद्धान्त हैं। इनमेंसे एक प्रमाणवादको छोड़ कर बाकीके चार सिद्धान्तोंको तो जैनदर्शनकी अपनी ही निधि कहा जा सकता है और ये चारों सिद्धान्त जैनदर्शनकी अपूर्वता एवं महत्ताके स्तौर परिचायक हैं। प्रमाणवादको यद्यपि दूसरे दर्शनोंमें स्थान प्राप्त है परन्तु जिस व्यवस्थित ढंग और पूर्णताके साथ जैनदर्शनमें विवेचन पाया जाता ... दर्शनोंमें नहीं मिल सकता है कथनकी ... प्रमाणविवेचनके साथ-

के प्रमाणविवेचनका तुलनात्मक अध्ययन करनेवाले विद्वान् सहज ही में समझ सकते हैं।

एक बात जो जैनदर्शनकी यहाँ पर कहनेसे लिये रह गई है वह है सर्वज्ञतावादकी, अर्थात् जैनदर्शनमें सर्वज्ञतावादको भी स्थान दिया गया है और इसका सबब यह है कि आगमप्रमाणका भेद जो परार्थप्रमाण अर्थात् वचन है उसकी प्रमाणता बिना सर्वज्ञताके सम्भव नहीं है। कारण कि प्रत्येक दर्शनमें आप्तका वचन ही प्रमाण माना गया है तथा आप्त अवञ्चक पुरुष ही हो सकता है और पूर्ण अवञ्चकताकी प्राप्तिके लिये व्यक्तिमें सर्वज्ञताका सद्भाव अत्यन्त आवश्यक माना गया है।

जैनदर्शनमें इन अनेकान्त, प्रमाण, नय, सप्तभंगी, स्याद् और सर्वज्ञताकी मान्यताओंको गंभीर और विस्तृत विवेचनके द्वारा एक निष्कर्ष पर पहुँचा दिया गया है। न्यायदीपिकामें श्रीमदभिनव धर्मभूषणयतिने इन्हीं विषयोंका सरल और संक्षिप्त ढंगसे विवेचन किया है और श्री प० दरबारीलाल कोठियाने इसे टिप्पणी और हिन्दी अनुवादसे सुसज्जित बना कर सर्वसाधारणके लिये उपादेय बना दिया है। प्रस्तावना, परिशिष्ट आदि प्रकरणों द्वारा इसकी उपादेयता और भी बढ़ गयी है। आपने न्याय-दीपिकाके कठिन स्थलोंका भी परिश्रमके साथ स्पष्टीकरण किया है। हम आशा करते हैं कि श्री प० दरबारीलाल कोठियाकी इस कृतिका विद्वत्समाजमें समादर होगा। इत्यलम्।

ता० ३१-३-४५
बीना-इटावा

बंशीधर जैन
(व्याकरणाचार्य, न्यायतीर्थ, न्यायशास्त्री
साहित्यशास्त्री)

सम्पादकीय

सम्पादनका विचार और प्रवृत्ति—

सन् १९३७की बात है। मैं उस समय वीरविद्यालय पपौरा (टीकमगढ़ C I) में अध्यापनकार्यमें प्रवृत्त हुआ था। वहाँ मुझे न्यायदीपिका को अपनी दृष्टिसे पढ़ानेका प्रथम अवसर मिला। जो छात्र उसे पढ़ चुके थे उन्होंने भी पुनः पढ़ी। यद्यपि मैं न्यायदीपिकाकी सरलता, विशदता आदि विशेषताओंसे पहलसे ही प्रभावित एवं आकृष्ट था। इसीसे मैंने एक बार उसके एक प्रधान विषय 'असाधारणधर्मवचन' लक्षणपर 'लक्षणका लक्षण' शीर्षकके साथ 'जैनदर्शन' में लेख लिखा था। पर पपौराम उसका सूक्ष्मतासे पठन पाठनका विशेष अवसर मिलनसे मेरी इच्छा उसे शुद्ध और छात्रोपयोगी बनानेकी ओर भी बढ़ी। पढ़ाते समय ऐसी सुन्दर कृतिमें अशुद्धियाँ बहुत खटकती थीं। मैंने उस समय उन्हें यथासम्भव दूर करनेका प्रयत्न किया। साथमें अपने विद्यार्थियोंके लिये न्यायदीपिकाकी एक 'प्रश्नोत्तरावली' भी तैयार की।

जब मैं सन् १९४० के जुलाईमें वहाँसे ऋषभब्रह्मचर्याश्रम चौरासी मथुरामें आया और वहाँ दो वर्ष रहा उस समय भी मेरी न्यायदीपिका विषयक प्रवृत्ति कुछ चलती रही। यहाँ मुझे आश्रमके सरस्वतीभवनमें एक लिखित प्रति भी मिल गई जो मेरी प्रवृत्तिमें सहायक हुई। मैंने सोचा कि न्यायदीपिकाका संशोधन तो अपेक्षित है ही, साथमें तर्कसंग्रहपर न्यायबोधनी या तर्कदीपिका जैसा व्याख्या—संस्कृत टिप्पण और हिन्दी अनुवाद भी कई दृष्टियोंसे अपेक्षित है। इस विचारके अनुसार उसका संस्कृत टिप्पण और अनुवाद लिखना आरम्भ किया और कुछ लिखा भी गया। किन्तु संशोधनमें सहायक अनेक प्रतियोंका होना आदि साधनाभावसे वह आगे नहीं बढ़ [illegible] तक बन्द पड़ा रहा।

इधर जब मैं सन् १९४१ के अप्रैलमें वीरसेवामन्दिरमें आया तो दूसरे साहित्यिक कार्योंमें प्रवृत्त रहनेसे एक वर्ष तक तो इसमें कुछ भी योग नहीं दे पाया। इसके बाद इसे पुनः प्रारम्भ किया और संस्थाके कार्योंसे बचे समयमें इसे बढ़ाता गया। मान्यवर मुख्तारसा०ने इसे मालूम करके प्रसन्नता प्रकट करते हुए इसे वीरसेवामन्दिर ग्रन्थमालासे प्रकाशित करनेका विचार प्रदर्शित किया। मैंने उन्हें अपनी सहर्ष सहमति दे दी। और तभी (लगभग ८,९ महीने) अधिकांशतः इसीमें अपना पूरा योग दिया। कई रात्रियोंके तो एक एक दो दो भी बज गये। इस तरह जिस महत्त्वपूर्ण एवं सुन्दर कृतिके प्रति मेरा आरम्भसे सहज अनुराग और आकर्षण रहा है उसे उसके अनुरूपमें प्रस्तुत करते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता होती है।

संशोधनकी कठिनाईयाँ—

साहित्यिक एवं ग्रन्थसम्पादक जानते हैं कि मुद्रित और अमुद्रित दोनों ही तरहकी प्रतियोंमें कैसी और कितनी अशुद्धियाँ रहती हैं। और उनके संशोधनमें उन्हें कितना श्रम और शक्ति लगाना पड़ती है। कितने ही ऐसे स्थल आते हैं जहाँ पाठ त्रुटित रहते हैं और जिनके मिलानेमें दिमाग थककर हैरान हो जाता है। इसी बातका कुछ अनुभव मुझे भी प्रस्तुत न्यायदीपिकाके सम्पादनमें हुआ है। यद्यपि न्यायदीपिकाके अनेक संस्करण हो चुके और एक लम्बे अरसेसे उसका पठन-पाठन है पर उसमें जो त्रुटित पाठ और अशुद्धियाँ चली आ रही हैं उनका सुधार नहीं हो सका। यहाँ मैं सिर्फ कुछ त्रुटित पाठोंको बता देना चाहता हूँ जिससे पाठकोंको मेरा कथन असत्य प्रतीत नहीं होगा—

मुद्रित प्रतियोंमें छूटे हुए पाठ

पृ० २६ पं० ४ 'सततो वैशद्यात्पारमार्थिक प्रत्यक्ष' (आ०, प्र०)
पृ० ६३ पं० ४ 'अग्न्यभावे च धूमानुपलम्भे' (सभी प्रतियोंमें)
पृ० ६४ पं० ५ 'सर्वोपसंहारवतीमपि' ,,

पृ० ७० पं० १ 'अनभिप्रेतस्य साध्यत्वेऽनिग्रमज्ञान' ,,
पृ० १०८ प० ७ 'अद्दष्टान्तवचनं तु' ,,

श्रमुद्रित प्रतियोंके छूटे हुए पाठ

आरा प्र० प० १४ 'अनिश्चितप्रामाण्याप्रामाण्यप्रत्ययगोचरत्वं विकल्पप्रसिद्धत्व। तद्द्वयविषयत्वं प्रमाणविकल्पप्रसिद्धत्वम्।'

प० प्रति प० ६ 'सहकृतात्जात रूपिद्रव्यमात्रविषयमवधिज्ञानं। मनःपर्ययज्ञानावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशम ॥'

स्थूल एवं सूक्ष्म अशुद्धियाँ तो बहुत हैं जो दूसरे संस्करणोंको प्रस्तुत संस्करणके साथ मिलाकर पढ़नेसे ज्ञात हो सकती हैं। हमने इन अशुद्धियोंको दूर करने तथा छूटे हुए पाठोंको दूसरी ज्यादा शुद्ध प्रतियोंके आधारसे संयोजित करनेका यथासाध्य पूरा यत्न किया है। फिर भी *सम्भव है कि दृष्टिदोष या प्रमादजन्य कुछ अशुद्धियाँ अभी भी रही हों।*

संशोधनमें उपयुक्त प्रतियोंका परिचय—

प्रस्तुत संस्करणमें हमने जिन मुद्रित और अमुद्रित प्रतियोंका उपयोग किया है उनका यहाँ क्रमशः परिचय दिया जाता है —

प्रथम संस्करण—आजसे कोई ४६ वर्ष पूर्व सन् १८९९ में कलापा भरमाप्पा निटवेने मुद्रित कराया था। यह संस्करण अब प्रायः अलभ्य है। इसकी एक प्रति मुख्तारसाहबके पुस्तकभण्डारमें सुरक्षित है। दूसरे *मुद्रितोंकी अपेक्षा यह शुद्ध है।*

द्वितीय संस्करण—वीर निर्वाण सं० २४३६ में प० घनश्यामदासजी शास्त्री द्वारा सम्पादित और उनकी हिन्दीटीका सहित जैनग्रन्थरत्नाकरकार्यालय द्वारा बम्बईसे प्रकट हुआ है। इसके मूल और टीका दोनोंमें स्खलन हैं।

तृतीय संस्करण—वीर निर्वाण सं० २४४१, ई० सन् १९१५ में भारतीय जैनसिद्धान्तप्रकाशिनी संस्था काशीकी सनातन जैनग्रन्थमाला-की ओरसे प्रकाशित हुआ है। इसमें भी अशुद्धियाँ पाई जाती हैं।

चतुर्थ संस्करण—वीर निर्वाण सं० २४६४, ई० सन् १९३८ में श्रीवकुबाई पाठ्य-पुस्तकमाला धारवाड़की ओरसे मुद्रित हुआ है। इसमें अशुद्धियाँ कुछ ज्यादा पाई जाती हैं।

यहाँ चार संस्करण अब तक मुद्रित हुए हैं। इनकी मुद्रितार्थ 'मु' संज्ञा रक्खी है। शेष अमुद्रित—हस्तलिखित प्रतियोंका परिचय इस प्रकार है—

द—यह देहलीके नये मन्दिरकी प्रति है। इसमें २३ पत्र हैं और प्रत्येक पत्रमें प्रायः २६, २६ पंक्तियाँ हैं। उपर्युक्त प्रतियोंमें सबसे अधिक प्राचीन और शुद्ध प्रति यही है। यह वि० सं० १७४६ के आश्विनमासके कृष्णपक्षकी नवमी तिथिमें पं० जीतसागरके द्वारा लिखी गई है[1]। इस प्रतिमें वह अन्तिम श्लोक भी है जो आरा प्रतिके अलावा दूसरी प्रतियोंमें नहीं पाया जाता है। ग्रन्थकी श्लोकसंख्या सूचक 'ग्रन्थसं० १०००हजार १' यह शब्द भी लिखे हैं। इस प्रतिकी हमने देहली अर्थसूचक 'द' संज्ञा रक्खी है। यह प्रति हमें बा० पन्नालालजी अग्रवालकी कृपासे प्राप्त हुई।

आ—यह आराके जैनसिद्धान्त भवनकी प्रति है जो वहाँ नं० ३/२ पर दर्ज है। इसमें ७७½ पत्र हैं। प्रतिमें लेखनादिकाल नहीं है। 'मद्गुरो' इत्यादि अन्तिम श्लोक भी इस प्रतिमें मौजूद है। पृ० १ और पृ० २ पर कुछ टिप्पणके वाक्य भी दिये हुए हैं। यह प्रति मित्रवर पं० नेमीचन्द्रजी शास्त्री ज्योतिषाचार्य द्वारा प्राप्त हुई। इसकी आरा अर्थसूचक 'आ' संज्ञा रक्खी है।

म—यह मथुराके ऋषभब्रह्मचर्याश्रम चौरासीकी प्रति है। इसमें १३½ पत्र हैं। वि० सं० १९५२ में जयपुर निवासी मुन्नालाल अग्रवालके द्वारा लिखी गई है। इसमें प्रारम्भके दो तीन पत्रोंपर कुछ टिप्पण भी हैं। आगे नहीं हैं। यह प्रति मेरे मित्र पं० राजधरलालजी व्याकरणाचार्य द्वारा प्राप्त हुई। इस प्रतिका नाम मथुराबोधक 'म' रक्खा है।

---

१ 'संवत् १७४६ वर्षे आश्विनमासे कृष्णपक्षे नवम्यां तिथौ बुधवासरे लिखितं आगुसुमपुरे पं० श्रीजीतसागरेण।'—पत्र २३।

प—यह प० परमानन्दजीकी प्रति है। जो १६ पत्रोंमें समाप्त है। वि० सं० १६५७ में सीताराम शास्त्रीकी लिखी हुई है। इसकी प संज्ञा रक्खी है।

ये चारों प्रतियाँ प्रायः पुष्ट कागजपर हैं और अच्छी दशामें हैं।

प्रस्तुत संस्करणकी आवश्यकता और विशेषताएँ

पहिले संस्करण अधिकांश स्खलित और अशुद्ध थे तथा न्यायदीपिकाकी लोकप्रियता उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही थी। बंगाल संस्कृत एसोसिएशन कलकत्ताकी जैन न्यायप्रथमा परीक्षामें यह बहुत समयसे निहित है। इधर माणिकचन्द परीक्षालय और महासभाके परीक्षालयमें भी विशारदपरीक्षामें सन्निविष्ट है। ऐसी हालतमें न्यायदीपिका जैसी सुन्दर रचनाके अनुरूप उसका शुद्ध एवं सर्वोपयोगी संस्करण निकालनेकी अतीव आवश्यकता थी। उसीकी पूर्तिका यह प्रस्तुत प्रयत्न है। मैं नहीं कह सकता कि कहाँ तक इसमें सफल हुआ हूँ फिर भी मुझे इतना विश्वास है कि इससे अनेकोंको लाभ पहुँचेगा और जैन पाठशालाओंके अध्यापकोंके लिये बड़ा सहायक होगी। क्योंकि इसमें कई विशेषताएँ हैं।

पहली विशेषता तो यह है कि मूलग्रन्थको शुद्ध किया गया है। प्राप्त सभी प्रतियोंके आधारसे अशुद्धियोंको दूर करके सबसे अधिक शुद्ध पाठको मूलमें रखा है और दूसरी प्रतियोंके पाठान्तरोंको नीचे द्वितीय फुटनोटमें जहाँ आवश्यक मालूम हुआ दे दिया है। जिससे पाठकोंको शुद्धि अशुद्धि ज्ञात हो सके। देहलीकी प्रतिको हमने सबसे ज्यादा प्रमाणभूत और शुद्ध समझा है। इसलिये उसे आदर्श मानकर मुख्यतया उसके ही पाठोंको प्रथम स्थान दिया है। इस तरह मूलग्रन्थको अधिकसे अधिक शुद्ध बनानेका यथेष्ट प्रयत्न किया गया है। अवतरणवाक्योंके स्थानको भी ढूंढकर [ ] ऐसे ब्रैकेटमें दे दिया है अथवा खाली छोड़ दिया है।

दूसरी विशेषता यह है कि न्यायदीपिकाके कठिन स्थलोंका खुलासा करनेवाले विवरणात्मक एवं संकलनात्मक 'प्रकाशाख्य' संस्कृतटिप्पणकी साथमें

योजना की गई है जो विद्वानों और छात्रोंके लिये खास उपयोगी सिद्ध होगी।

तीसरी विशेषता अनुवादकी है। अनुवादको मूलानुगामी और सुन्दर बनानेकी पूरी चेष्टा की है। इससे न्यायदीपिकाके विषयोंको हिन्दीभाषा-भाषी भी समझ सकेंगे और उससे यथेष्ट लाभ उठा सकेंगे।

चौथी विशेषता परिशिष्टोंकी है जो तुलनात्मक अध्ययन करनेवालोंके लिये और सबके लिये उपयोगी हैं। सब कुल परिशिष्ट ८ हैं जिनमें न्यायदीपिकागत अवतरणवाक्यों, ग्रन्थों, ग्रन्थकारों आदिका संकलन किया गया है।

पाँचवीं विशेषता प्रस्तावनाकी है जो इस संस्करणकी महत्वपूर्ण और सबसे बड़ी विशेषता कही जा सकती है। इसमें ग्रन्थगत २२ विषयोंका तुलनात्मक एवं विकासक्रमसे विवेचन करके तथा फुटनोटोंमें ग्रन्थान्तरोंके प्रमाणोंको देनेके साथ ग्रन्थमें उल्लिखित ग्रन्थों और ग्रन्थकारों तथा अभिनव धर्मभूषणका ऐतिहासिक एवं प्रामाणिक परिचय विस्तृतरूपसे कराया गया है। जो सभीके लिये विशेष उपयोगी है। प्राक्कथन आदिकी भी इसमें सुन्दर योजना हो गई है। इस तरह यह संस्करण कई विशेषताओंसे पूर्ण हुआ है।

आभार—

अन्तमें मुझे अपने विशिष्ट कर्तव्यका पालन करना और शेष है। वह है आभार प्रकाशनका। मुझे इसमें जिन महानुभावोंसे कुछ भी सहायता मिली है मैं कृतज्ञतापूर्वक उन सबका नामोल्लेख सहित आभार प्रकट करता हूँ—

गुरुवर्य श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीने मेरे पत्रादिका उत्तर देकर पाठान्तर लेने आदिके विषयमें अपना मूल्यवान् परामर्श दिया। गुरुवर्य और सहाध्यायी माननीय पं० महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्यने प्रश्नोंका उत्तर देकर मुझे अनुगृहीत किया। गुरुवर्य श्रद्धेय पं० सुखलालजी प्रज्ञाचक्षुका मैं पहलेसे ही अनुगृहीत था और अब उनकी सम्पादनदिशा तथा विचारणासे मैंने बहुत लाभ लिया। माननीय पं०

यशोधरजी व्याकरणाचार्यने मस्कृत टिप्पणको सुनकर आवश्यक सुझाव दिये तथा मेरी प्रार्थना एव लगातार प्रेरणासे प्राक्कथन लिख देनेकी कृपा की और जिन अनेकान्तादि विषयोपर मैं प्रकाश डालनेसे रह गया था उनपर आपने संक्षेपमें प्रकाश डालकर मुझे सहायता पहुंचाई है। मान्यवर मुख्तारसा० का धार प्रेरणा और सत्परामर्श तो मुझे मिलते ही रहे। प्रियमित्र प० अमृतलालजी जैनदर्शनाचार्यने भी मुझे सुझाव दिये। सहयोगी मित्र प० परमानन्दजी शास्त्रीने अभिनंदन और धमभूषणोंका सकलन करके मुझे दिया। ला० पन्नालालजी अग्रवालने हिन्दीकी विषय सूची बनानेम सहायता की। ला० मोतीलालजी और ला० जुगलकिशोरजीने मिडयाफल जैनिज्मके अंग्रेजी लेखका हिन्दीभाव समझाया। उपान्तम म अपनी पत्नी सौ० चमेलीदेवीका भी नामोल्लेख कर देना उचित समझता हूँ जिसने आरम्भम दो परिशिष्टादि तैयार करके मुझे सहायता की। म इन सभी सहायकों तथा पूर्वोल्लिखित प्रतिदाताओंका आभार मानता हूँ। यदि इनकी मूल्यवान् सहायताएँ न मिली होती तो प्रस्तुत सस्करणमें जो विशेषताएँ आई हैं वे शायद न आ पाती। भविष्यम भी उनसे इसी प्रकारकी सहायता देते रहनेकी आशा करता हूँ।

अन्तमें जिन अपने सहायकोका नाम भूल रहा हू उनको और जिन ग्रन्थकारों, सम्पादकों, लेखको आदिके ग्रन्थों आदिसे सहायता ली गई है, उनका भी आभार प्रकाशित करता हूँ। इति शम्।

ता० ६-४-४५
वीरसेवामन्दिर, सरसावा
हाल देहली।

सम्पादक
दरबारीलाल जैन, कोठिया
(न्यायाचार्य, न्यायतीर्थ, जैनदर्शनशास्त्री)

योजना की गई है जो विद्वानों और छात्रोंके लिये खास उपयोगी सिद्ध होगी।

तीसरी विशेषता अनुवादकी है। अनुवादको मूलानुगामी और सुन्दर बनानेकी पूरी चेष्टा की है। इससे न्याय दीपिकाके विषयोंको हिन्दीभाषाभाषी भी समझ सकेंगे और उससे यथेष्ट लाभ उठा सकेंगे।

चौथी विशेषता परिशिष्टोंकी है जो मूलग्रन्थ अध्ययन करनेवालोंके लिये और सदर्भ लिये उपयोगी हैं। सब कुल परिशिष्ट ८ हैं जिनमें न्याय दीपिकागत अवतरणवाक्यों ग्रन्थों ग्रन्थकारों आदिका सकलन किया गया है।

पाचवीं विशेषता प्रस्तावनाकी है जो इस संस्करणकी महत्त्वपूर्ण और सबसे बड़ी विशेषता कही जा सकती है। इसमें प्रथमत: २२ विषयोंका तुलनात्मक एव विकासक्रमसे विवेचन करने तथा फुटनोटोंमें प्रमाणान्तरोंके प्रमाणोंको देनेके साथ ग्रन्थमें उल्लिखित ग्रन्थों और ग्रन्थकारों तथा अभिनव धर्मभूषणका ऐतिहासिक एव प्रामाणिक परिचय विस्तृतरूपसे कराया गया है। जो सभीके लिये विशेष उपयोगी है। प्राक्कथन आदिकी भी इसमें सुन्दर योजना हो गई है। इस तरह यह संस्करण कई विशेषताओंसे पूर्ण हुआ है।

आभार—

अन्तमें मुझे अपने विशिष्ट कर्त्तव्यका पालन करना और शेष है। वह है आभार प्रकाशनका। मुझे इसमें जिन महानुभावोंसे कुछ भी सहायता मिली है मैं कृतज्ञतापूर्वक उन सबका नामोल्लेख सहित आभार प्रकट करता हूँ—

गुरुवर्य श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीने मेरे पत्रोंका उत्तर देकर पाठान्तर लेने आदिके विषयमें अपना मूल्यवान् परामर्श दिया। गुरुवर्य्य और सहाध्यायी माननीय पं० महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्यने प्रश्नोंका उत्तर देकर मुझे अनुगृहीत किया। गुरुवर्य्य श्रद्धेय प० सुखलालजी प्रज्ञाचक्षुका मै पहलेसे ही अनुगृहीत था और अब उनकी सम्पादनकला तथा विचारोंसे मैंने बहुत लाभ लिया। माननीय पं०

वशीधरजी व्याकरणाचार्यने संस्कृत टिप्पणको सुनकर आवश्यक सुझाव देने तथा मेरी प्रार्थना एवं लगातार प्रेरणासे प्राक्कथन लिख देनेकी कृपा की और जिन आप्त आदि विषयपर मैं प्रकाश डालनेसे रह गया था उनपर आपने अतिसे प्रकाश डालकर मुझे सहायता पहुंचाई है। माननीय मुख्तारसा० की धीर प्रेरणा और सत्परामर्श तो मुझे मिलते ही रहे। मित्रमित्र पं० अमृतलालजी जैनदर्शनाचार्यने भी मुझे सुझाव दिये। सहयोगी मित्र पं० परमानन्दजी शास्त्रीने अभिनवों और धर्मभूषणोंका सकलन करके मुझे दिया। बा० पन्नालालजी अग्रवालने टिप्पणी विषय-सूची बनानेमें सहायता की। ला० मोतीलालजी और ला० जुगलकिशोरजीने 'मिडियावल जैनिज्म'के अंग्रेजी लेखका हिन्दीभाव समझाया। उपान्तमें मैं अपनी पत्नी सौ० चमेलीदेवीका भी नामोल्लेख कर देना उचित समझता हूँ जिसने आरम्भ का परिशिष्टादि तैयार करके मुझे सहायता की। मैं इन सभी सहायकों तथा पूर्वोल्लिखित प्रतिदाताओंका आभार मानता हूँ। यदि इनका मूल्यवान् सहायताएँ न मिलती होतीं तो प्रस्तुत सस्करणमें जो विशेषताएँ आई हैं वे शायद न आ पाती। भविष्यमें भी उनसे इसी प्रकारकी सहायता देते रहनेकी आशा करता हूँ।

अन्तमें जिन अपने सहायकोंका नाम भूल रहा हूँ उनका और जिन ग्रन्थकारों, सम्पादकों, लेखकों आदिके ग्रन्थों आदिसे सहायता ली गई है, उनका भी आभार प्रकाशित करता हूँ। इति शम्।

ता० ६-४-४५ वीरसेवामन्दिर, सरसावा हाल देहली।	सम्पादक **दरबारीलाल जैन, कोठिया** (न्यायाचार्य, न्यायतीर्थ, जैनदर्शनशास्त्री)

प्रस्तावनागत विषयावली

—>⊳⊲<—

न्यायदीपिकामें उल्लिखित ग्रन्थ और ग्रन्थकार

२ अभिनव धर्मभूषण

⊰⊱

प्रस्तावना

—०✽०—

न्यायदीपिका और अभिनव धर्मभूषण

किसी ग्रन्थकी प्रस्तावना या भूमिका लिखनेका उद्देश्य यह होता है कि उस ग्रन्थ और ग्रन्थकार एवं प्रासङ्गिक अन्यान्य विषयोंके सम्बन्धमें ज्ञातव्य बातोंपर प्रकाश डाला जाय, जिससे दूसरे अनेक सम्भ्रान्त पाठकों को उस विषयकी यथेष्ट जानकारी सहजमें प्राप्त हो सके।

आज हम जिस ग्रन्थरत्नकी प्रस्तावना प्रस्तुत कर रहे हैं वह 'न्याय दीपिका' है। यद्यपि न्यायदीपिकाके कई संस्करण निकल चुके हैं और प्रायः सभी जैन शिक्षा-संस्थाओंमें उसका अरसेसे पठन पाठनके रूपमें विशेष समादर है। किन्तु अभी तक हम ग्रन्थ और ग्रन्थकारके नामादि सामान्य परिचयके अतिरिक्त कुछ भी नहीं जानते हैं—उनका ऐतिहासिक एवं प्रामाणिक अविकल परिचय अब तक सुप्राप्त नहीं है। अतः न्यायदीपिका और अभिनव धर्मभूषणका यथासम्भव सप्रमाण पूरा परिचय कराना ही प्रस्तुत प्रस्तावनाका मुख्य लक्ष्य है। पहले न्यायदीपिकाके विषय में विचार किया जाता है।

१. न्याय-दीपिका

(क) जैनन्यायसाहित्यमें न्यायदीपिकाका स्थान और महत्त्व—

श्री अभिनव धर्मभूषण यतिकी प्रस्तुत 'न्यायदीपिका' संक्षिप्त एवं अत्यन्त सुविशद और महत्वपूर्ण कृति है। इसे जैनन्यायकी प्रथमकोटिकी भी रचना कही जाय तो अनुपयुक्त न होगा, क्योंकि जैनन्यायके अभ्या

सिखानेके लिए संस्कृत भाषामें निबद्ध सुबोध और सम्बद्ध न्यायतत्त्वकी सरलतासे विशद विवेचना करनेवाली प्रायः यह अपनी रचना है, जो पाठकके हृदयपर अपना सहज प्रभाव अङ्कित करता है। ईसाकी सत्रहवीं शताब्दिमें हुए और 'जैनतर्कभाषा' आदि ग्रन्थरत्नोंके रचयिता श्वेताम्बर विद्वान् उपाध्याय यशोविजय जैसे बहुश्रुत भी इसके प्रभावसे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने अपनी दार्शनिक रचना जैनतर्कभाषामें न्यायदीपिकाके अनेक स्थलोंको ज्योंका त्यों आनुपूर्वीके साथ अपना लिया है[1]। वस्तुतः न्यायदीपिकामें जिस खूबीके साथ संक्षेपमें प्रमाण और नयका सुस्पष्ट वर्णन किया गया है वह अपनी खास विशेषता रखता है। और इसलिये यह मौलिक कृति भी न्यायस्वरूप जिज्ञासुओंके लिये बड़े महत्त्व और आकर्षणकी प्रिय वस्तु बन गई है। अतः न्यायदीपिकाके सम्बन्धमें इतना ही कहना पर्याप्त है कि वह जैनन्यायके प्रथमश्रेणीमें रखे जानेवाले ग्रन्थोंमें स्थान पानेके सर्वथा योग्य है।

(ख) नामकरण—

उपलब्ध ऐतिह्यसामग्री और चिन्तनपरसे मालूम होता है कि दर्शनशास्त्रके रचनायुगमें दार्शनिक ग्रन्थ, चाहे वे जैनेतर हों या जैन हों, प्रायः 'न्याय' शब्दके साथ रचे जाते थे। जैसे न्यायदर्शनमें न्यायसूत्र, न्यायवार्त्तिक, न्यायमञ्जरी, न्यायकलिका, न्यायसार, न्यायकुसुमाञ्जलि और न्यायलीलावती आदि, बौद्धदर्शनमें न्यायप्रवेश, न्यायमुख, न्यायबिन्दु आदि और जैनदर्शनमें न्यायावतार, न्यायविनिश्चय, न्यायकुमुदचन्द्र आदि पाये जाते हैं। पार्थसारथिकी शास्त्रदीपिका जैसे दीपिकान्त ग्रन्थोंके भी रचे जानेकी उस समय पद्धति रही है। सम्भवतः अभिनव धर्मभूषणने इन ग्रन्थोंको दृष्टिमें रखकर ही अपनी प्रस्तुत कृतिका नाम 'न्यायदीपिका' रक्खा

---

१ देखो, जैनतर्कभाषा पृ० १३,१४ १६,१७।

ज्ञान पड़ता है। और यह अन्वर्थ भी है, क्योंकि इसमें प्रमाणनयात्मक न्यायका प्रकाशन किया गया है। अत न्यायदीपिकाका नामकरण भी अपना वैशिष्ट्य ख्यापित करता है और वह उसके अनुरूप है।

(ग) भाषा—

यद्यपि न्यायग्रन्थोंकी भाषा अधिकांशत दुरूह और गम्भीर होती है, जटिलताके कारण उनमे साधारणबुद्धियोंका प्रवेश सम्भव नहीं होता। पर न्यायदीपिकाकारकी यह कृति न दुरूह है और न गम्भीर एव जटिल है। प्रत्युत इसकी भाषा अत्यन्त प्रसन्न, सरल और बिना किसी कठिनाइके अवबोध करानेवाली है। यह बात भी नहीं कि ग्रन्थकार वैसी रचना कर नहीं सकते थे, किन्तु उनका विशुद्ध लक्ष्य अकलङ्कादि रचित उन गम्भीर और दुरवगाह न्यायविनिश्चय आदि न्याय-ग्रन्थोंमें मन्दजनोंको भी प्रवेश करानेका था। इस बातको स्वयं धर्मभूषणजीने ही बडे स्पष्ट और प्राञ्जल शब्दोंमें—मङ्गलाचरण पद्य तथा प्रकरणारम्भके प्रस्तावना वाक्योंमें कहा है[1]। भाषाके सौष्ठवसे समूचे ग्रन्थकी रचना भी प्रशस्त एव हृद्य हो गई है।

(घ) रचना-शैली—

भारतीय न्याय-ग्रन्थोंकी ओर जब हम दृष्टिपात करते हैं तो उनकी रचना हमें तीन प्रकारकी उपलब्ध होती है —१ सूत्रात्मक, २ व्याख्यात्मक और ३ प्रकरणात्मक। जो ग्रन्थ सक्षेपमें गूढ अल्पाक्षर और सिद्धान्तत मूलके प्रतिपादक हैं वे सूत्रात्मक हैं। जैसे—वैशेषिकदर्शनसूत्र, न्यायसूत्र, परीक्षामुखसूत्र आदि। और जो किसी गद्य पद्य या दोनोंरूप मूलका व्याख्यान (विवरण, टीका, वृत्ति) रूप हैं वे व्याख्यात्मक ग्रन्थ हैं। जैसे—प्रशस्त

[1] देखो, न्यायदीपिका पृ० १,४,५।

पादभाष्य, न्यायभाष्य, प्रमेयकमलमार्त्तण्ड आदि। तथा जो किसी मूलके व्याख्या ग्रन्थ न होकर अपने स्वीकृत प्रतिपाद्य विषयका स्वतन्त्रभावसे वर्णन करते हैं और प्रसङ्गानुसार दूसरे विषयोंका भी कथन करते हैं वे प्रकरणात्मक ग्रन्थ हैं। जैसे—प्रमाण समुच्चय, न्याय बिन्दु, प्रमाणसंग्रह, आप्तपरीक्षा आदि। ईश्वरकृष्णकी साङ्ख्यकारिका और विश्वनाथ पञ्चाननकी कारिकावली आदि कारिकात्मक ग्रन्थ भी दिग्नागके प्रमाणसमुच्चय, सिद्धसेनके न्यायावतार और अकलङ्कदेवके लघीयस्त्रय आदिकी तरह प्रायः प्रकरण ग्रन्थ ही हैं, क्योंकि वे भी अपने स्वीकृत प्रतिपाद्य विषयका स्वतन्त्रभावसे वर्णन करते हैं और प्रसङ्गप्राप्त दूसरे विषयोंका भी कथन करते हैं। अभिनव धर्मभूषणकी प्रस्तुत 'न्यायदीपिका' प्रकरणात्मक रचना है। इसमें ग्रन्थकारने अपने अङ्गीकृत वर्णनीय विषय प्रमाण और नयका स्वतन्त्रतासे वर्णन किया है, वह किसी गद्य या पद्यरूप मूलकी व्याख्या नहीं है। ग्रन्थकारने इसे स्वयं भी प्रकरणात्मक ग्रन्थ माना है[1]। इस प्रकारके ग्रन्थ रचनेकी प्रेरणा उन्हें विद्यानन्दकी 'प्रमाण-परीक्षा', वादिराजके 'प्रमाण निर्णय' आदि प्रकरण ग्रन्थोंसे मिली जान पड़ती है।

ग्रन्थमें प्रमाण-लक्षण प्रकाश, प्रत्यक्ष-प्रकाश और परोक्ष प्रकाश ये तीन प्रकाश करके उनमें विषय विभाजन उसी प्रकारका किया गया है जिस प्रकार प्रमाण निर्णयके तीन निर्णयों (प्रमाण लक्षण निर्णय, प्रत्यक्ष निर्णय और परोक्ष निर्णय) में है। प्रमाणनिर्णयसे प्रस्तुत ग्रन्थमें इतनी विशेषता है कि आगमके विवेचनका इसमें अलग प्रकाश नहीं रक्खा गया है जब कि प्रमाणनिर्णयमें आगमनिर्णय भी है। इसका कारण यह है कि वादिराजाचार्यने परोक्षके अनुमान और आगम ये दो भेद किये हैं तथा अनुमानके भी गौण और मुख्य अनुमान ये दो भेद करके स्मृति, प्रत्यभिज्ञान एवं तर्कको गौण अनुमान प्रतिपादित किया है और इन तीनोंके वर्णनको तो

---

१ 'प्रकरणमिदमारभ्यते'—न्यायदी० पृ० ५।

परोक्ष निर्णय तथा परोक्षके ही दूसरे भेद आगमके वर्णनको आगमनिर्णय नाम दिया है[1]। आ० धर्मभूषणने आगम जब परोक्ष है तब उसे परोक्ष प्रकाशमें ही सम्मिलित कर लिया है—उसके वर्णनको उन्होंने स्वतन्त्र प्रकाशका रूप नहीं दिया। तीनों प्रकाशोंमें स्थूलरूपसे विषय वर्णन इस प्रकार है —

पहले प्रमाणसामान्यलक्षण प्रकाशमें, प्रथमतः उद्देशादि तीनके द्वारा ग्रन्थ प्रवृत्तिका निर्देश, उन तीनोंके लक्षण, प्रमाणसामान्यका लक्षण, संशय, विपर्यय, अनध्यवसायका लक्षण, इन्द्रियादिकोंके प्रमाण न हो सकनेका वर्णन, स्वतः परतः प्रामाण्यका निरूपण और बौद्ध, भाट्ट, प्राभाकर तथा नैयायिकोंके प्रमाण सामान्यलक्षणोंकी आलोचना करके जैनमत सम्मत सविकल्पक अगृहीतग्राही 'सम्यग्ज्ञानत्व' को ही प्रमाणसामान्यका निर्दोष लक्षण स्थिर किया गया है।

दूसरे प्रत्यक्ष प्रकाशमें स्वकीय प्रत्यक्षका लक्षण, बौद्ध और नैयायिकोंके निर्विकल्पक तथा सन्निकर्ष प्रत्यक्षलक्षणोंकी समालोचना, अर्थ और आलोकको ज्ञानके प्रति कारणताका निरास, विषयकी प्रतिनियामिका योग्यताका उपपादन, तदुत्पत्ति और तदाकारताका निराकरण, प्रत्यक्षके भेद-प्रभेदोंका निरूपण, अतीन्द्रिय प्रत्यक्षका समर्थन और सर्वज्ञसिद्धि आदिका विवेचन किया गया है।

तीसरे परोक्ष प्रकाशमें, परोक्षका लक्षण, उसके स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम इन पाँच भेदोंका विशद वर्णन, प्रत्यभिज्ञानके एकत्वप्रत्यभिज्ञान, सादृश्यप्रत्यभिज्ञान आदिका प्रमाणान्तररूपसे उपपादन करके उनका प्रत्यभिज्ञानमें ही अन्तर्भाव होनेका सयुक्तिक समर्थन, साध्यका लक्षण, साधनका 'अन्यथानुपपन्नत्व' लक्षण, त्रैरूप्य और पाञ्चरूप्यका निराकरण, अनुमानके स्वार्थ और परार्थ दो भेदोंका कथन, हेतु भेदोंके

१ देखो प्रमाणनिर्णय पृ० ६३।

उदाहरण, हेत्वाभासोंका वर्णन, उदाहरण, उदाहरणाभास, उपनय, उपनयाभास, निगमन, निगमनाभास आदि अनुमानके परिवारका अच्छा कथन किया गया है। अन्तमें आगम और नयका वर्णन करते हुए अनेकान्त तथा सप्तभङ्गीका भी संक्षेपमें प्रतिपादन किया गया है। इस तरह यह न्यायदीपिकामें वर्णित विषयोंका स्थूल एवं बाह्य परिचय है। अब उसके आभ्यन्तर प्रमेय भागपर भी थोड़ासा तुलनात्मक विवेचन कर देना हम उपयुक्त समझते हैं। ताकि न्यायदीपिकाके पाठकोंके लिये उसमें चर्चित ज्ञातव्य विषयोंका एकत्र यथासम्भव परिचय मिल सके।

(घ) विषय-परिचय—

१ मङ्गलाचरण—

मङ्गलाचरणके सम्बन्धमें कुछ वक्तव्य अंश तो हिन्दी अनुवादके प्रारम्भमें कहा जा चुका है। यहाँ उसके शेष भागपर कुछ विचार किया जाता है।

यद्यपि भारतीय वाङ्मयमें प्रायः सभी दर्शनकारोंने मङ्गलाचरणको अपनाया है और अपने अपने दृष्टिकोणसे उसका प्रयोजन एवं हेतु बताते हुए समर्थन किया है। पर जैनदर्शनमें जितना विस्तृत, विशद और सूक्ष्म चिन्तन किया गया है उतना प्रायः अन्यत्र नहीं मिलता। 'तिलोय पण्णत्ति' में[1] यतिवृषभाचार्यने और 'धवला' में[2] श्री वीरसेनस्वामीने मङ्गलका बहुत ही साङ्गोपाङ्ग और व्यापक वर्णन किया है। उन्होंने धातु, निक्षेप, नय, एकार्थ, निरुक्ति और अनुयोग द्वारा मङ्गलका निरूपण करनेका निर्देश करके उक्त छहोंके द्वारा उसका व्याख्यान किया है। 'मगि' धातुसे 'अलच्' प्रत्यय करनेपर मङ्गल शब्द निष्पन्न होता है। निक्षेपकी अपेक्षा कथन करते हुए लिखा है कि तद्व्यतिरिक्त द्रव्य मङ्गलके दो

१ तिलो० प० गा० १-८ से १-३१ २ धवला १-१-१।

भेद हैं—कर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल और नोकर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल। उनमें पुण्यप्रकृति-तीर्थंकर नामकर्म कर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल है, क्योंकि वह लोककल्याणरूप माङ्गल्यका कारण है। नोकर्मतद्व्यतिरिक्त द्रव्यमङ्गल-के दो भेद हैं—लौकिक और लोकोत्तर। उनमें लौकिक—लोक प्रसिद्ध मङ्गल तीन प्रकारका है—सचित्त, अचित्त और मिश्र। इनमें सिद्धार्थ[1] अर्थात् पीले सरसों, जलसे भरा हुआ पूर्ण कलश, वन्दनमाला, छत्र, श्वेतवर्ण और दर्पण आदि अचित्त मङ्गल हैं। और बालकन्या तथा श्रेष्ठ जातिका घोड़ा आदि सचित्त मङ्गल हैं। अलङ्कार सहित कन्या आदि मिश्र मङ्गल हैं। लोकोत्तर—अलौकिक मङ्गलके भी तीन भेद हैं—सचित्त, अचित्त और मिश्र। अरहन्त आदिका अनादि अनन्त स्वरूप जीव-द्रव्य सचित्त लोकोत्तर मङ्गल है। कृत्रिम, अकृत्रिम चैत्यालय आदि अचित्त लोकोत्तर मङ्गल हैं। उक्त दोनों सचित्त और अचित्त मङ्गलोंको मिश्र मङ्गल कहा है। आगे मङ्गलके प्रतिपादक पर्यायनामोंका[2] कथनकर मङ्गलकी निरुक्ति[3] बताई गई है। जो पापरूप मलको गलावे—विनाश करे और पुण्य सुखको लावे—प्राप्त करावे उसे मङ्गल कहते हैं। आगे चलकर

---

१ 'सिद्धत्थ पुण्णकुंभो वंदणमाला य मंगलं छत्तं।
सेदो वण्णो आदंसणो य कण्णा य जच्चस्सो ॥'—धवला १ १ १ पृ० २७

२ देखो धवला १-१-१, पृ० ३१। तिलो० प० गा० १-८।

३ 'मलं गालयति विनाशयति दहति हन्ति विशोधयति विध्वंसयति इति मङ्गलम्।' 'अथवा, मङ्गं सुखं तल्लाति आदत्त इति वा मङ्गलम्।' धवला १ १ १, पृ० ३२-३३।

'गालयदि विणासयदे घादेदि दहेदि हंति सोधयदे।
विद्धंसेदि मलाइं जम्हा तम्हा य मंगलं भणिदं ॥'—तिलो०प० १-९।
'अहवा मंगं सोक्खं लादि हु गेण्हेदि मंगलं तम्हा।
एदेण कज्जसिद्धिं मंगइ गच्छेदि गंथकत्तारो ॥'—तिलो० प० १-१५।

उदाहरण, हेत्वाभासोंका वर्णन, उदाहरण, उदाहरणाभास, उपनय, उपनयाभास, निगमन, निगमनाभास आदि अनुमानके परिवारका अच्छा कथन किया गया है। अन्तमें आगम और नयका वर्णन करते हुए अनेकान्त तथा सप्तभङ्गीका भी सक्षेपमें प्रतिपादन किया गया है। इस तरह यह न्यायदीपिकामें वर्णित विषयोंका स्थूल एव बाह्य परिचय है। अब उसके आभ्यन्तर प्रमेय भागपर भी थोड़ासा तुलनात्मक विवेचन कर देना हम उपयुक्त समझते हैं। ताकि न्यायदीपिकाके पाठकोंके लिये उसमें चर्चित ज्ञातव्य विषयोंका एकत्र यथासम्भव परिचय मिल सके।

(घ) विषय-परिचय—

१ मङ्गलाचरण—

मङ्गलाचरणके सम्बन्धमें कुछ वक्तव्य अंश तो हिन्दी अनुवादके प्रारम्भमें कहा जा चुका है। यहाँ उसके शेष भागपर कुछ विचार किया जाता है।

यद्यपि भारतीय वाङ्मयमें प्राय सभी दर्शनकारोंने मङ्गलाचरणको अपनाया है और अपने अपने दृष्टिकोणसे उसका प्रयोजन एव हेतु बताते हुए समर्थन किया है। पर जैनदर्शनमें जितना विस्तृत, विशद और सूक्ष्म चिन्तन किया गया है उतना प्राय अन्यत्र नहीं मिलता। 'तिलोय पण्णत्ति' में[1] यतिवृषभाचार्यने और 'धवला' में[2] श्री वीरसेनस्वामीने मङ्गलका बहुत ही साङ्गोपाङ्ग और व्यापक वर्णन किया है। उन्होंने धातु, निक्षेप, नय, एकार्थ, निरुक्ति और अनुयोगके द्वारा मङ्गलका निरूपण करनेका निर्देश करके उक्त छहोंके द्वारा उसका व्याख्यान किया है। 'मगि' धातुसे 'अलच्' प्रत्यय करनेपर मङ्गल शब्द निष्पन्न होता है। निक्षेपकी अपेक्षा कथन करते हुए लिखा है कि तद्व्यतिरिक्त द्रव्य मङ्गलके दो

। १ तिलो० प० गा० १–८ से १–३१ २ धवला १–१–१।

भेद हैं—कर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल और नोकर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल। उनमें पुण्यप्रकृति-तीर्थंकर नामकर्म कर्मतद्व्यतिरिक्तद्रव्यमङ्गल है, क्योंकि वह लोककल्याणरूप माङ्गल्यका कारण है। नोकर्मतद्व्यतिरिक्त द्रव्यमङ्गलके दो भेद हैं—लौकिक और लोकोत्तर। उनमें लौकिक—लोक प्रसिद्ध मङ्गल तीन प्रकारका है—सचित्त, अचित्त और मिश्र। इनमें सिद्धार्थ[1] अर्थात् पीले सरसों, जलसे भरा हुआ पूर्ण कलश, वन्दनमाला, छत्र, श्वेतवर्ण और दर्पण आदि अचित्त मङ्गल हैं। और बालकन्या तथा श्रेष्ठ जातिका घोड़ा आदि सचित्त मङ्गल हैं। अलङ्कार सहित कन्या आदि मिश्र मङ्गल हैं। लोकोत्तर-अलौकिक मङ्गलके भी तीन भेद हैं—सचित्त, अचित्त और मिश्र। अरहन्त आदिका अनादि अनन्त स्वरूप जीव द्रव्य सचित्त लोकोत्तर मङ्गल है। कृत्रिम, अकृत्रिम चैत्यालय आदि अचित्त लोकोत्तर मङ्गल हैं। उक्त दोनों सचित्त और अचित्त मङ्गलोंको मिश्र मङ्गल कहा है। आगे मङ्गलके प्रतिबोधक पर्यायनामोंको[2] बतलाकर मङ्गलकी निरुक्ति[3] बताई गई है। जो पापरूप मलको गलावे—विनाश करे और पुण्य सुखको लावे—प्राप्त करावे उसे मङ्गल कहते हैं। आगे चलकर

१ सिद्धत्थ पुण्णकुंभो वंदणमाला य मंगलं छत्तं।
सेदो वण्णो आदंसणो य कण्णा य जच्चस्सो॥—धवला १-१ १ पृ० २७

२ देखो धवला १ १ १, पृ० ३१। तिलो० प० गा० १-८।

३ 'मलं गालयति विनाशयति दहति हन्ति विशोधयति विध्वंसयति इति मङ्गलम्।' 'अथवा, मङ्गं सुखं तल्लाति आदत्त इति वा मङ्गलम्।' धवला १-१ १, पृ० ३२-३३।

'गालयदि विणासयदे घादेदि दहेदि हंति सोधयदे।
विद्धंसेदि मलाइं जम्हा तम्हा य मंगलं भणिदं॥'—तिलो०प० १-६।
'अहवा मंगं सोक्खं लादि हु गेण्हेदि मंगलं तम्हा।
एदेण कज्जसिद्धिं मंगइ गच्छेदि गंथकत्तारो॥'—तिलो० प० १-१५।

मङ्गलका प्रयोजन बतलाते हुए कहा गया है[1] कि शास्त्रके आदि, मध्य और अन्तमें जिनेन्द्रका गुणस्तवनरूप मङ्गलका कथन करनेसे समस्त विघ्न उसी प्रकार नष्ट होजाते हैं जिस प्रकार सूर्योदयसे समस्त अन्धकार। इसके साथ ही तीनों स्थानोंमें मङ्गल करनेका पृथक् पृथक् फल भी निर्दिष्ट किया है और लिखा है[2] कि शास्त्रके आदिमें मङ्गल करनेसे शिष्य सरलतासे शास्त्रके पारगामी बनते हैं। मध्यमें मङ्गल करनेसे निर्विघ्न विद्या प्राप्त होती है और अन्तमें मङ्गल करनेसे विद्या फलकी प्राप्ति होती है। इस प्रकार जैनपरम्पराके दिगम्बर साहित्यमें[3] शास्त्रमें मङ्गल करनेका सुस्पष्ट उपदेश मिलता है। श्वेताम्बर आगम साहित्यमें भी मङ्गलका विधान पाया जाता है। दशवैकालिकनिर्युक्ति (गा० २) में त्रिविध मङ्गल करनेका निर्देश है। विशेषावश्यकभाष्य (गा० १२-१४) में मङ्गलके प्रयोजनोंमें विघ्नविनाश और महाविद्याकी प्राप्तिको बतलाते हुए आदि मङ्गलका निर्विघ्नरूपसे शास्त्रका पारगत होना, मध्यमङ्गलका निर्विघ्नतया शास्त्र समाप्तिकी कामना और अन्त्यमङ्गलका शिष्य प्रशिष्यों में शास्त्र परम्पराका चालू रहना प्रयोजन बतलाया गया है। बृहत्कल्प भाष्य (गा० २०) में मङ्गलके विघ्नविनाशके साथ शिष्यमें शास्त्रके प्रति श्रद्धाका होना आदि अनेक प्रयोजन गिनाये गये हैं। हिंदी अनुवादके

---

१ 'सत्थादि मज्झअवसाणएसु जिणतोत्तमंगलोच्चारो।
णासइ णिस्सेसाइं विग्घाइं रवि व्व तिमिराइं॥'—तिलो० प० १-३१।

२ 'पढमे मंगलवयणे सिस्सा सत्थस्स पारगा होंति।
मज्झिम्मे णीविग्घं विज्जा विज्जाफलं चरिमे॥
—तिलो० प० १-२६। धवला १ १ १, पृ० ४०।

३ यद्यपि 'कसायपाहुड' और 'चूर्णिसूत्र' के प्रारम्भमें मंगल नहीं किया है तथापि वहाँ मंगल न करनेका कारण यह है कि उन्हें स्वयं मंगल रूप मान लिया गया है।

प्रारम्भमें यह कहा ही जा चुका है कि हरिभद्र और विद्यानन्द आदि तार्किकोंने अपने तर्कग्रन्थोंमें भी मङ्गल करनेका समर्थन और उसके विविध प्रयोजन बतलाये हैं।

उपर्युक्त यह मङ्गल मानसिक, वाचिक और कायिकके भेदसे तीन प्रकारका है। वाचिक मङ्गल भी निबद्ध और अनिबद्धरूपसे दो तरह का है[1]। जो ग्रन्थके आदिमें ग्रन्थकारके द्वारा श्लोकादिककी रचनारूपसे इष्ट देवता नमस्कार निबद्ध कर दिया जाता है वह वाचिक निबद्ध मङ्गल है और जो श्लोकादिककी रचनाके बिना ही जिनेन्द्र गुण स्तवन किया जाता है वह अनिबद्ध मंगल है।

प्रकृत न्यायदीपिकामें अभिनव धर्मभूषणने भी अपनी पूर्व परम्पराका अनुसरण किया है और मंगलाचरणको निबद्ध किया है।

२ शास्त्रकी त्रिविध प्रवृत्ति—

शास्त्रकी त्रिविध (उद्देश, लक्षण निर्देश और परीक्षारूप) प्रवृत्ति का कथन सबसे पहले वात्स्यायनके 'न्याय भाष्य' में दृष्टिगोचर होता है[2]। प्रशस्तपादभाष्यकी टीका 'कन्दली' में श्रीधरने उस त्रिविध प्रवृत्तिमें उद्देश और लक्षणरूप द्विविध प्रवृत्तिको माना है और परीक्षाको अनियत कहकर निकाल दिया है[3]। इसका कारण यह है कि श्रीधरने जिस प्रशस्तपाद भाष्यपर अपनी कन्दली टीका लिखी है वह भाष्य और उस भाष्यका आधारभूत वैशेषिकदर्शनसूत्र पदार्थोंके उद्देश और लक्षणरूप हैं, उनमें परीक्षा नहीं है। पर वात्स्यायनने जिस न्यायसूत्रपर अपना न्यायभाष्य लिखा है उसके सभी सूत्र उद्देश, लक्षण और परीक्षात्मक हैं। इसलिये वात्स्या

---

१ देखो, धवला १-१-१, पृ० ४१ और आप्तपरीक्षा पृ० ३।

२ न्यायभाष्य पृ० १७, न्यायदीपिका परिशिष्ट पृ० २३६। ३ 'पदार्थव्युत्पादनप्रवृत्तस्य शास्त्रस्य उभयथा प्रवृत्ति –उद्देशो लक्षणञ्च। परीक्षायास्तु न नियमः।'—कन्दली पृ० २६

यनने त्रिविध प्रवृत्ति और श्रीधरने द्विविध प्रवृत्तिको स्थान दिया है। शास्त्र प्रवृत्तिके चौथे अङ्गरूपसे विभाग को भी माननेका एक पक्ष रहा है जिसका उल्लेख सर्वप्रथम उद्योतकर[1] और जयन्तभट्टने[2] किया है और उसे उद्देशमें ही शामिल कर लेनेका विधान किया है। आ० प्रभाचन्द्र[3] और हेमचन्द्र[4] भी यही कहते हैं। इस तरह वात्स्यायनके द्वारा प्रदर्शित त्रिविध प्रवृत्तिका ही पक्ष स्थिर रहता है। न्यायदीपिकामें प्रभाचन्द्र और हेमचन्द्रके द्वारा अनुसृत यही त्रिविध प्रवृत्तिका पक्ष अपनाया गया है।

३ लक्षणका लक्षण—

दार्शनिक परम्परामें सर्वप्रथम स्पष्ट तौरपर वात्स्यायनने लक्षणका लक्षण निर्दिष्ट किया है और कहा है कि जो वस्तुका स्वरूप व्यवच्छेदक धर्म है वह लक्षण है[5]। न्यायवार्तिककार उद्योतकरका भी यही मत है[6]। न्यायमञ्जरीकार जयन्तभट्ट भी 'व्यवच्छेदक'के स्थानमें 'व्यवस्था

---

१ 'उद्दिष्टविभागश्च न त्रिविधायां शास्त्रप्रवृत्तावन्तर्भवतीति। तस्मादुद्दिष्टविभागो युक्त, न, उद्दिष्टविभागस्योद्देश एवान्तर्भावात्।' न्यायवा० पृ० २७, २८। २ 'ननु च विभागलक्षणा चतुर्थ्यपि प्रवृत्तिरस्त्येव उद्देशरूपानपायात्तु उद्देश एव असौ। सामान्यसंज्ञया कीर्तनमुद्देशः, प्रकारभेदसंज्ञया कीर्तनं विभाग इति'—न्यायम० पृ० १२। ३ देखो, न्यायकुमु० पृ० २१। ४ प्रमाणमी० पृ० २। ५ 'उद्दिष्टस्य तत्त्वव्यवच्छेदको धर्मो लक्षणम्'—न्यायभा० पृ० १७। ६ 'लक्षणस्येतरव्यवच्छेद हेतुत्वात्। लक्षणं खलु लक्ष्यं समानासमानजातीयेभ्यो व्यवच्छिनत्ति'—न्यायवा० पृ० २८, 'पर्यायशब्दः कथं लक्षणम्? व्यवच्छेदहेतुत्वात्। सर्वं हि लक्षणमितरव्यवच्छेदकमतश्च पर्यायशब्देनाप्य पदार्थोऽभिधीयत इत्यसाधारणत्वाल्लक्षणम्'—न्यायवा० पृ० ७९, 'इतरेतरविशेषकं लक्षणमुच्यते'— ,, पृ० १०८।

पक' शब्दका रखकर वात्स्यायनका ही अनुसरण करते हैं[1]। कन्दलीकार श्रीधर भी वात्स्यायनके 'तत्त्व' शब्दके स्थानमें 'स्वपरजातीय' और 'व्यवच्छेदक' की जगह 'व्यावर्त्तक' शब्दका प्रयोग करके करीब करीब उन्हींके लक्षणके लक्षणको मान्य रखते हैं[2]। तर्कदीपिकाकार उक्त कथनसे फलित हुये असाधारण धर्मको लक्षणका लक्षण मानते हैं[3]। अकलङ्कदेव स्वतन्त्र ही लक्षणका लक्षण प्रणयन करते हैं और वे उसमें 'धर्म' या 'असाधारण धर्म' शब्दका निर्देश नहीं करते। पर व्यावृत्तिपरक लक्षण मानना उन्हें इष्ट है[4]। इससे लक्षणके लक्षणकी मान्यतायें दो फलित होती हैं। एक तो लक्षणके लक्षणमें असाधारण धर्मका प्रवेश स्वीकार करनेवाली और दूसरी स्वीकार न करनेवाली। पहली मान्यता मुख्यतया न्याय वैशेषिकोंकी है और जिसे जैन-परम्परामें भी क्वचित्[5] स्वीकार किया गया है। दूसरी मान्यता अकलङ्क प्रतिष्ठित है और उसे आचार्य विद्यानन्द[6] तथा न्यायदीपिकाकार आदिने अपनाई है। न्यायदीपिकाकारने तो सप्रमाण इसे ही पुष्ट किया है और पहली मान्यताकी आलोचना करके उसमें दूषण भी दिखाये हैं। ग्रन्थकारका कहना है कि यद्यपि किसी वस्तुका असाधारण—विशेष धर्म उस वस्तुको इतर पदार्थोंसे व्यावर्त्तक होता है, परन्तु उसे लक्षणकोटिमें प्रविष्ट नहीं किया जा सकता, क्योंकि दण्डादि जो कि असाधारणधर्म नहीं हैं फिर भी पुरुषके व्यावर्त्तक होते हैं और 'शाबलेयत्व' आदि गवादिकके असाधारण धर्म तो हैं, पर व्यावर्त्तक नहीं

---

१ 'उद्दिष्टस्य तत्त्वव्यवस्थापको धर्मो लक्षणम्'—न्यायभा० पृ० ११। २ 'उद्दिष्टस्य स्वपरजातीयव्यावर्त्तको धर्मो लक्षणम्'—कन्दली पृ० २६। ३ 'एतद्दूषणत्रयरहितो धर्मो लक्षणम्। यथा गोः सास्नादिमत्त्वम्। स एवासाधारणधर्म इत्युच्यते'—तर्कदीपिका पृ० १४। ४ 'परस्परव्यतिकरे सति येनान्यत्वं लक्ष्यते' तल्लक्षणम्'—तत्त्वार्थवा० पृ० ८२। ५ देखो, परिशिष्ट पृ० २४०। ६ देखो, परिशिष्ट पृ० २४०।

है। इसलिये इतना मात्र ही लक्षण करना ठीक है कि जो व्यावर्तक है—मिली हुई वस्तुओंमेंसे किसी एकको जुदा कराता है वह लक्षण है। चाहे वह साधारण धर्म हो या चाहे असाधारण धर्म हो या धर्म भी न हो। यदि वह लक्ष्यको लक्ष्येतरोंसे व्यावृत्ति कराता है तो लक्षण है और यदि नहीं कराता है तो वह लक्षण नहीं है। इस तरह अकलङ्क प्रतिष्ठित लक्षणके लक्षणको भी न्यायदीपिकामें अनुप्राणित किया गया है।

४ प्रमाणका सामान्यलक्षण—

दार्शनिक परम्परामें सबसे प्रथम कणादने प्रमाणका सामान्य लक्षण निर्दिष्ट किया है। उन्होंने निर्दोष ज्ञानको विद्या—प्रमाण कहा है[1]। न्यायदर्शनके प्रवर्तक गौतमके न्यायसूत्रमें तो प्रमाणसामान्यका लक्षण उपलब्ध नहीं होता। पर उनके टीकाकार वात्स्यायनने अवश्य 'प्रमाण' शब्दसे फलित होनेवाले उपलब्धिसाधन (प्रमाकरण)को प्रमाणसामान्यका लक्षण सूचित किया है[2]। उद्योतकर[3], जयन्तभट्ट[4] आदि नैयायिकोंने वात्स्यायनके द्वारा सूचित किये इस उपलब्धिसाधनरूप प्रमाकरणको ही प्रमाणका सामान्यलक्षण स्वीकृत किया है। यद्यपि न्यायकुसुमाञ्जलिकार[5] उदयनने यथार्थानुभवको प्रमाण कहा है तथापि वह उन्हें प्रमाकरणरूप ही इष्ट है। इतना जरूर जान पड़ता है कि उनपर अनुभूतिको प्रमाण माननेवाले प्रभाकर और उनके अनुयायी विद्वानोंका प्रभाव है। क्योंकि उदयनसे पहले न्याय

---

१ 'अदुष्टं विद्या' वैशेषिकसू० ९-२-१२। २ 'उपलब्धिसाधनानि प्रमाणानि समाख्यानिर्वचनसामर्थ्यात् बोद्धव्यम्। प्रमीयतेऽनेनेति करणार्थाभिधानो हि प्रमाणशब्दः।' न्यायभा० पृ० १८। ३ 'उपलब्धिहेतुः प्रमाणम् यदुपलब्धिनिमित्तं तत्प्रमाणम्।'—न्यायवा० पृ० ५। ४ 'प्रमीयते येन तत्प्रमाणमिति करणार्थाभिधायिनः प्रमाणशब्दात् प्रमाकरणं प्रमाणमवगम्यते।' न्यायमं० पृ० २५। ५ 'यथार्थानुभवो मानमनपेक्षतयेष्यते।'—न्यायकु० ४-१।

वैशेषिक परम्परामें प्रमाणसामान्यलक्षणम 'अनुभव' पदका प्रवेश प्राय उपलब्ध नहीं होता। उनके बाद तो अनेक नैयायिकोंने[1] अनुभवको ही प्रमाणसामान्यका लक्षण बतलाया है।

मीमांसक परम्परामें मुख्यतया दो सम्प्रदाय पाये जाते हैं—१ भाट्ट और २ प्रभाकर। कुमारिल भट्टके अनुगामी भाट्ट और प्रभाकर गुरुके मतका अनुसरण करनेवाले प्राभाकर कहे जाते हैं। कुमारिलने प्रमाणके सामान्यलक्षणम पाँच विशेषण दिये हैं। १ अपूर्वार्थविषयत्व २ निश्चितत्व ३ बाधवर्जितत्व ४ अदुष्टकारणारब्धत्व और ५ लोकसम्मतत्व। कुमारिलका वह लक्षण इस प्रकार है —

तत्रापूर्वार्थविज्ञानं निश्चितं बाधवर्जितम्।
अदुष्टकारणारब्धं प्रमाणं लोकसम्मतम्॥

पिछले सभी भाट्टमीमांसकोंने इसी कुमारिल कर्तृक लक्षणको माना है और उसका समर्थन किया है। दूसरे दार्शनिकोंकी आलोचनाका विषय भी यही लक्षण हुआ है। प्रभाकरने[2] 'अनुभूति'को प्रमाण सामान्यका लक्षण कहा है।

सांख्यदर्शनमें श्रोत्रादि इन्द्रियोंकी वृत्ति (व्यापार) को प्रमाणका सामान्य लक्षण बतलाया गया है।

बौद्धदर्शनमें[3] अज्ञातार्थप्रकाशक ज्ञानको प्रमाणका सामान्य लक्षण बतलाया है। दिग्नागने विषयाकार अर्थनिश्चय और स्वसंवित्तिको प्रमाण-

---

[1] 'बुद्धिस्तु द्विविधा मता अनुभूतिः स्मृतिश्च स्यादनुभूतिश्चतुर्विधा।'
—सिद्धान्तमु० का० ५१।

'तद्वति तत्प्रकारकोऽनुभवो यथार्थः। सैव प्रमा।' तर्कसंग्रह पृ० ६८,६६

[2] 'अनुभूतिश्च नः प्रमाणम्।' बृहती० १ १ ५।

[3] 'अज्ञातार्थज्ञापकं प्रमाणमिति प्रमाणसामान्यलक्षणम्।'
—प्रमाणसमु० टी० पृ० ११।

को फल कह कर उन्हें ही प्रमाण माना है[1]। क्योंकि बौद्धदर्शनमें प्रमाण और फल भिन्न नहीं हैं और जो अज्ञातार्थप्रकाशरूप ही हैं। धर्मकीर्त्तिने[2] अविसंवादि पद और जोड़कर दिङ्नागके ही लक्षणको प्राय परिष्कृत किया है। तत्त्वसंग्रहकार शान्तरक्षितने[3] सारूप्य और योग्यताको प्रमाण प्रतिपादित किया है, जो एक प्रकारसे दिङ्नाग और धर्मकीर्तिके प्रमाणसामान्यलक्षणका ही पर्यवसितार्थ है। इस तरह बौद्धोंके यहाँ स्वसंवेदी अज्ञातार्थज्ञापक अविसंवादि ज्ञानको प्रमाण कहा गया है।

जैन परम्परामें सर्व प्रथम स्वामी समन्तभद्र[4] और आ० सिद्धसेनने[5] प्रमाणका सामान्यलक्षण निर्दिष्ट किया है और उसमें स्वपरावभासक, ज्ञान तथा बाधविवर्जित ये तीन विशेषण दिये हैं। भारतीय दार्शनिकोंमें समन्तभद्र ही प्रथम दार्शनिक हैं जिन्होंने स्पष्टतया प्रमाणके सामान्य लक्षणमें 'स्वपरावभासक' पद रखा है यद्यपि विज्ञानवादी बौद्धोंने भी ज्ञानको 'स्वरूपस्य स्वतो गतिः' कहकर स्वसंवेदी प्रकट किया है परन्तु तार्किक रूप देकर विशेषरूपसे प्रमाणके लक्षणमें 'स्व' पदका निवेश समन्तभद्रका ही स्वोपज्ञ जान पड़ता है। क्योंकि उनके पहले वैसा प्रमाणलक्षण देखनेमें नहीं आता। समन्तभद्रने प्रमाणसामान्यका लक्षण 'युगपत्सर्वभासि तत्त्वज्ञान' भी किया है जो उपर्युक्त लक्षणमें ही पर्यवसित है। न्यायशास्त्रोंके अध्ययनसे ऐसा मालूम होता है कि 'प्रमीयते येन तत्प्रमाणम्' अर्थात् जिसके द्वारा प्रमिति (परिच्छित्तिविशेष) हो वह प्रमाण है' इस अर्थमें

---

१ 'स्वसंवित्तिः फलं चात्र तद्रूपादर्थनिश्चयः। विषयाकार एवास्य प्रमाणं तेन मीयते॥"—प्रमाणसमु० १·१०। २ "प्रमाणमविसंवादि ज्ञानम्"—प्रमाणवा० २·१। ३ "विषयाधिगतिश्चात्र प्रमाणफलमिष्यते। स्ववित्तिर्वा प्रमाणं तु सारूप्यं योग्यतापि वा॥"—तत्त्वसं०का० १३४४। ४ "स्वपरावभासकं यथा प्रमाणं भुवि बुद्धिलक्षणम्"—स्वयम्भू० का० ६३। ५ "प्रमाणं स्वपराभासि ज्ञानं बाधविवर्जितम्।"—न्यायवा० का० १

प्राय सभी दर्शनकारोने प्रमाणका स्वीकार किया है। परन्तु वह प्रमिति किसके द्वारा होता है अर्थात् प्रमितिका करण कौन है? इसे सबने अलग अलग बतलाया है। नैयायिक और वैशेषिकोंका कहना है कि अर्थज्ञप्ति इन्द्रिय और अर्थके सन्निकर्ष होता है इसलिये सन्निकर्ष प्रमितिका करण है। मीमांसक सामान्यतया इन्द्रियको, सांख्य इन्द्रियवृत्तिको और बौद्ध सारूप्य एव योग्यताको प्रमितिकरण बतलाते हैं। समन्तभद्रने 'स्वपरावभासक' ज्ञानको प्रमितिका अव्यवहितकरण प्रतिपादन किया है। समन्तभद्रके उत्तरवर्ती पूज्यपादने भी स्वपरावभासक ज्ञानको ही प्रमितिकरण (प्रमाण) होनेका समर्थन किया है और सन्निकर्ष, इन्द्रिय तथा मात्र ज्ञानको प्रमिति करण (प्रमाण) माननेमें दोषोद्भावन भी किया है[१]। वास्तवमे प्रमिति—प्रमाणफल जब अज्ञाननिवृत्ति है तब उसका करण अज्ञानविरोधी स्व और परका अवभास करनेवाला ज्ञान ही होना चाहिए। समन्तभद्रके द्वारा प्रतिष्ठित इस प्रमाणलक्षण 'स्वपरावभासक'को आधिकरूपसे अपनाते हुए भी शाब्दिकरूपसे अकलङ्कदेवने अपना आत्मार्थग्राहक व्यवसायात्मक ज्ञानको प्रमाणलक्षण निर्मित किया है[२]। तात्पर्य यह कि समन्तभद्रके 'स्व' पदकी जगह 'आत्मा' और 'पर' पदके स्थानमें 'अर्थ' पद एव 'अवभासक' पदकी जगह 'व्यवसायात्मक' पदका निविष्ट किया है। तथा 'अर्थ' के विशेषणरूपसे कहीं [३]'अनधिगत' कहीं [४]'अनिश्चित' और कहीं 'अनिर्णीत'[५] पदको दिया है। कहीं ज्ञानके विशेषणरूपसे

१ देखो, सर्वार्थसि० १-१०।

२ "व्यवसायात्मक ज्ञानमात्मार्थग्राहक मतम्।"—लघीय०का० ६०

३ "प्रमाणमविसवादि ज्ञान अनधिगतार्थाधिगमलक्षणत्वात्।" —अष्टश० का० ३६।

४ "लिङ्गलिङ्गिसम्बन्धज्ञानं प्रमाण अनिश्चितनिश्चयात्।" अष्टश०१०१

५ "प्रकृतस्यापि न वै प्रामाण्य प्रतिषेध्य—अनिर्णीतनिर्णायकत्वात्।" अष्टश० का० १०१।

'अविसंवादि'[१] पदको भी रखा है। ये पद कुमारिल तथा धर्मकीर्त्तिसे आये हुए मालूम होते हैं क्योंकि उनके प्रमाणलक्षणोंमें वे पहलेसे ही निहित हैं। अकलङ्कदेवके उत्तरवर्ती माणिक्यनन्दिने अकलङ्कदेवके 'अनधिगत' पदके स्थानमें कुमारिलोक्त 'अपूर्वार्थ' और 'आत्मा' पदके स्थानमें समन्तभद्रोक्त 'स्व' पदका निवेश करके 'स्वापूर्वार्थ' जैसा एक पद बना लिया है और 'व्यवसायात्मक' पदको ज्योंका त्यों अपनाकर 'स्वापूर्वार्थ व्यवसायात्मक ज्ञान' यह प्रमाणसामान्यका लक्षण प्रकट किया है[२]। विद्यानन्दने यद्यपि संक्षेपमें 'सम्यग्ज्ञान' को प्रमाण कहा है[३] और पीछे उसे 'स्वार्थव्यवसायात्मक' सिद्ध किया है[४], अकलङ्क तथा माणिक्यनन्दिकी तरह स्पष्ट तौर पर 'अनधिगत' या 'अपूर्व' विशेषण उपादान नहीं किया, तथापि सम्यग्ज्ञानको अनधिगतार्थविषयक या अपूर्वार्थविषयक मानना उन्हें अनिष्ट नहीं है। उन्होंने जो अपूर्वार्थका खण्डन किया है[५] वह कुमारिलके सर्वथा 'अपूर्वार्थ' का खण्डन है। कथंचित् अपूर्वार्थता उन्हें अभिप्रेत है[६]। अकलङ्कदेवकी तरह स्मृत्यादि प्रमाणोंमें अपूर्वार्थता

---

१ "प्रमाणमविसंवादिज्ञानम्" अष्टश० का० ३६। २ "स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम्।"—परीक्षामु० १-१। ३ "सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्"—प्रमाणपरी० पृ० ५१। ४ "किं पुनः सम्यग्ज्ञानं? अभिधीयते—स्वार्थव्यवसायात्मकं सम्यग्ज्ञानं सम्यग्ज्ञानत्वात्।"—प्रमाणप० पृ० ५३। ५ "तत्रार्थव्यवसायात्मकज्ञानं मानमितीयता। लक्षणेन गतार्थत्वात् व्यर्थमन्यद्विशेषणम्॥"—तत्त्वार्थश्लो० पृ० १७४।

६ "सकलदेशकालव्याप्तसाध्यसाधनसम्बन्धोहापोहलक्षणो हि तर्कः प्रमाणयितव्यः, तस्य कथञ्चिदपूर्वार्थत्वात्।" "नचैतद् गृहीतग्रहणाद् अप्रमाणमिति शङ्कनीयम्, तस्य कथञ्चिदपूर्वार्थत्वात्। न हि तद्विषयभूतमेव द्रव्यं स्मृतिप्रत्यक्षग्राह्यं येन तत्र प्रवर्त्तमानं प्रत्यभिज्ञानं गृहीतग्राहि मन्येत तद्ग्रहणातीतवर्तमानविवर्त्तात्मकत्वात् द्रव्यस्य कथञ्चिदपूर्वार्थं

प्रमाण ही हैं। भाट्टोंका[1] मत है कि उनमें सूक्ष्म काल भेद है। अत एव वे अनधिगत सूक्ष्म काल-भेदको ग्रहण करनेसे प्रमाण हैं। प्रभाकर मतवाले[2] कहते हैं कि कालभेदका भान होना तो शक्य नहीं है क्योंकि वह अत्यन्त सूक्ष्म है। परन्तु हाँ, पूर्वज्ञानसे उत्तरज्ञानोंमें कुछ अतिशय (वैशिष्ट्य) देखनेमें नहीं आता। जिस प्रकार पहले ज्ञानका अनुभव होता है उसी प्रकार उत्तर ज्ञानोंका भी अनुभव होता है। इसलिये धारावाहिक ज्ञानोंमें प्रथम ज्ञानसे न तो उत्पत्तिकी अपेक्षा कोई विशेषता है और न प्रतीतिकी अपेक्षा है। अतः वे भी प्रथम ज्ञानकी ही तरह प्रमाण हैं।

बौद्धदर्शनमें यद्यपि अनधिगतार्थक ज्ञानको ही प्रमाण माना है और इसलिये अधिगतार्थक धारावाहिक ज्ञानोंमें स्पष्ट अप्रामाण्य ख्यापित हो जाता है तथापि धर्मकीर्तिके टीकाकार अर्चट[3] पुरुषभेदकी अपेक्षासे

लोकसिद्धप्रमाणभावानां प्रामाण्यं निहन्तीति नाद्रियामहे। तस्मादध्यक्षप्रदर्शनमात्रव्यापारमेव ज्ञानं प्रवर्त्तकं प्रापकं च। प्रदर्शनं च पूर्ववदुत्तरेषामपि विज्ञानानामभिन्नमिति कथं पूर्वमेव प्रमाणं नोत्तराण्यपि।"—न्यायवा० तात्पर्य० पृ० २१।

१ "धारावाहिकेष्वप्युत्तरोत्तरेषां कालान्तरसम्बन्धस्याग्रहीतस्य ग्रहणाद् युक्तं प्रामाण्यम्। सन्नपि कालभेदोऽतिसूक्ष्मत्वान्न परामृश्यत इति चेत्; अहो सूक्ष्मदर्शी देवानांप्रियः।"—(शास्त्रदी० पृ० १२४-१२६)

२ "सन्नपि कालभेदोऽतिसूक्ष्मत्वान्न परामृश्यत इति चेत्; अहो सूक्ष्मदर्शी देवानांप्रियः।"—(शास्त्रदी० पृ० १२५) [अत्र पूर्वपक्षेणोल्लेखः] "आप्रियमाणे हि पूर्वविज्ञानकारणकलापे उत्तरेषामप्युत्पत्तिरिति न प्रतीतित उत्पत्तितो वा धारावाहिकविज्ञानानि परस्परस्यातिशेरते इति युक्ता सर्वेषामपि प्रमाणता।"—प्रकरणप० पृ० ४३। ३ "यदैकस्मिन्नेव नीलादिवस्तुनि धारावाहीनीन्द्रियज्ञानान्युत्पद्यन्ते तदा पूर्वेणाभिन्नयोगक्षेमत्वात् उत्तरेषामिन्द्रियज्ञानानामप्रामाण्यप्रसङ्गः। न चैवम्, अतोऽनेकान्त

उनमें प्रामाण्य और अप्रामाण्य दोनों स्वीकार किया है। क्षणभेददृष्टा (योगी) की अपेक्षासे प्रमाणता और क्षणभेद अद्रष्टा व्यावहारिक पुरुषों की अपेक्षासे अप्रमाणता वर्णित की है।

जैनपरम्परामें श्वेताम्बर तार्किकोंने धारावाहिक ज्ञानोंको प्रायः प्रमाण ही माना है—उन्हें अप्रमाण नहीं कहा। किन्तु अकलङ्क और उनके उत्तरवर्ती सभी दिगम्बर आचार्योंने अप्रमाण बतलाया है। और इसीलिये प्रमाणके लक्षणमें अनधिगत या अपूर्वार्थ विशेषण दिया है। विद्यानन्दका कुछ झुकाव अवश्य उन्हें प्रमाण कहनेका प्रतीत होता है[1]। परन्तु जब वे सर्वथा अपूर्वार्थत्वका विरोध करके कथंचित् अपूर्वार्थ स्वीकार कर लेते हैं तब यही मालूम होता है कि उन्हें भी धारावाहिक ज्ञानोंमें अप्रामाण्य इष्ट है। दूसरे, उन्होंने परिच्छित्तिविशेषके अभावमें जिस प्रकार प्रमाण-सम्प्लव स्वीकार नहीं किया है[2] उसी प्रकार प्रमितिविशेषके अभावमें धारावाहिक ज्ञानोंको अप्रमाण माननेका भी उनका अभिप्राय स्पष्ट मालूम होता है। अतः धारावाहिक ज्ञानोंसे यदि प्रमितिविशेष उत्पन्न नहीं होती है

इति प्रमाणसम्प्लववादी न्यायवादः पूर्वप्रत्यक्षेण इत्यादि। एतत् परिहरति —तद् यदि प्रतिक्षणं क्षणनिवेकस्थिनाऽधिकृत्योच्यते तदा भिन्नोपयोगितया प्रथक् प्रामाण्यात् नानेकान्तः। अथ सर्वपदार्थैकत्वाध्यवसायिनः सांव्यवहारिकान् पुरुषानभिप्रेत्योच्यते तदा सकलमेव नीलसन्तानमेकमर्थं स्थिररूपं तत्साध्यां चार्थक्रियामेकात्मिकामध्यवस्यन्तीति प्रामाण्यमप्युत्तरेषामनिष्टमेवेति कुतोऽनेकान्तः।"—हेतुबिन्दुटी० लि० पृ० ३६ B।

१ "गृहीतमगृहीतं वा स्वार्थं यदि व्यवस्यति। तन्न लोके न शास्त्रेषु विजहाति प्रमाणताम्॥"—तत्त्वार्थश्लो० पृ० १७४। २ "उपयोगविशेषस्याभावे प्रमाणसम्प्लवस्यानभ्युपगमात्। सति हि प्रतिपत्तुरुपयोगविशेषे देशादिविशेषसमवधानादागमात्प्रतिपन्नमपि हिर [illegible] स स पुनरनुमाना-त्प्रतिपित्सते।"—अष्टस० पृ० ४।

तो उन्हें अप्रमाण (प्रमाण नहीं) कहना अयुक्त नहीं है। न्यायदीपिकाकारने भी प्रथम घटज्ञानके अलावा उत्तरवर्ती अवशिष्ट घटज्ञानोंको अज्ञाननिवृत्तिरूप प्रमितिको उत्पन्न न करनेके कारण अप्रमाण ही स्पष्टतया प्रतिपादन किया है और इस तरह उन्होंने अकलङ्कमार्गका ही समर्थन किया है।

६ प्रामाण्यविचार—

ऐसा कोई भी तर्कग्रन्थ न होगा जिसमें प्रमाणके प्रामाण्याप्रामाण्यका विचार प्रस्फुटित न हुआ हो। ऐसा मालूम होता है कि प्रारम्भमें प्रामाण्यका विचार वेदोंकी प्रमाणता स्थापित करनेके लिये हुआ था[1]। जब उसका तर्कक्षेत्रमें प्रवेश हुआ तब प्रत्यक्षादि ज्ञानोंकी भी प्रमाणता और अप्रमाणताका विचार होने लगा। प्रत्येक दार्शनिकको अपने तर्कग्रन्थमें प्रामाण्य और अप्रामाण्य तथा उनके स्वतः और परतः होनेका कथन करना अनिवार्य सा हो गया[2] और यही कारण है कि प्रायः छोटेसे छोटे तर्कग्रन्थमें भी यह चर्चा आज देखनेको मिलती है।

---

१ "प्रत्यक्षादिषु दृष्टार्थेषु प्रमाणेषु प्रामाण्यनिश्चयमन्तरेणैव व्यवहारसिद्धेस्तत्र किं स्वतः प्रामाण्यमुत परतः इति विचारेण न नः प्रयोजनम्, अनिर्णय एव तत्र श्रेयान्, अदृष्टे तु विषये वैदिकेष्वपरिमितद्रविणवितरणादिक्लेशसाध्येषु कर्मसु तत्प्रामाण्यावधारणमन्तरेण प्रेक्षावतां प्रवर्त्तनमनुचितमिति तस्य प्रामाण्यनिश्चयोऽवश्यकर्त्तव्यः, तत्र परत एव वेदस्य प्रामाण्यमिति वक्ष्यामः।"—न्यायम० पृ० १५५। २ "सर्वविज्ञानविषयमिदं तावत्प्रतीक्ष्यताम्। प्रमाणत्वाप्रमाणत्वे स्वतः किं परतोऽथवा॥"—मी० श्लो० चो० श्लो० ३३। "प्रामाण्यमप्रामाण्यं वा सर्वविज्ञानगोचरम्। स्वतो वा परतो वेति प्रथमं प्रविविच्यताम्॥"—न्यायमं० पृ० १४६।

न्याय वैशेषिक[1] दोनोंको परतः, सांख्य[2] दोनोंको स्वतः, मीमांसक[3] प्रामाण्यको तो स्वतः और अप्रामाण्यको परतः तथा बौद्ध[4] दोनोंको किंचित् स्वतः और दोनोंको ही किंचित् परतः वर्णित करते हैं। जैन-दर्शनमें[5] अभ्यास और अनभ्यासदशामें उत्पत्ति तो दोनोंकी परतः और ज्ञप्ति अभ्यासदशामें स्वतः तथा अनभ्यासदशामें परतः मानी गई है। धर्मभूषणने भी प्रमाणताकी उत्पत्ति परसे ही और निश्चय (ज्ञप्ति) अभ्यस्त विषयमें स्वतः एवं अनभ्यस्त विषयमें परतः बतलाया है।

७ प्रमाणके भेद—

दार्शनिकरूपसे प्रमाणके भेदोंको गिनानेवाली सबसे पुरानी परम्परा कौन है? और किसकी है? इसका स्पष्ट निर्देश तो उपलब्ध दार्शनिक साहित्यमें नहीं मिलता है, किन्तु इतना जरूर कहा जा सकता है कि प्रमाणके स्पष्टतया चार भेद गिनानेवाले न्यायसूत्रकार गौतमसे[6] भी पहले प्रमाणके अनेक भेदोंकी मान्यता रही है, क्योंकि उन्होंने ऐतिह्य, अर्थापत्ति, सम्भव और अभाव इन चारका स्पष्टतया उल्लेख करके उनकी अतिरिक्त प्रमाणताका निरसन किया है तथा शब्दमें ऐतिह्यका और

---

१ "द्वयमपि परतः इत्येष एव पक्षः श्रेयान्"—न्यायम० पृ० १६०। कन्दली पृ० २२०। २ "प्रमाणत्वाप्रमाणत्वे स्वतः सांख्याः समाश्रिताः।"—सर्वदर्श० पृ० २७६। ३ "स्वतः सर्वप्रमाणानां प्रामाण्यमिति गम्यताम्। न हि स्वतोऽसती शक्तिः कर्तुमन्येन पार्यते॥"—मी० श्लो० सू० २ श्लो० ४७। ४ "उभयमपि एतत् किञ्चित् स्वतः किञ्चित् परतः इति "—तत्त्वसं० प० का० ३१२३। ५ "तत्प्रामाण्यं स्वतः परतश्च"—परीक्षामु० १-१३। "प्रामाण्यं तु स्वतः सिद्धमभ्यासात् परतोऽन्यथा॥"—प्रमाणप० पृ० ६३। ६ "प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दाः प्रमाणानि।"—न्यायसू० १ १ ३।

प्रश्नका उत्तर सबप्रथम[1] दार्शनिकरूपसे सम्भवत: प्रथम शताब्दिमें हुए तत्त्वार्थसूत्रकार आ० उमास्वातिने[2] दिया है। उन्होंने कहा कि सम्यग्ज्ञान प्रमाण है और वह मूलमें दो ही भेदरूप है —१ प्रत्यक्ष और २ परोक्ष। आ० उमास्वातिका यह मौलिक प्रमाणद्वयविभाग इतना सुविचारपूर्वक और कौशल्यपूर्ण हुआ है कि प्रमाणोंका आनन्त्य भी इन्हीं दोमें समा जाता है। इनसे अतिरिक्त पृथक् तृतीय प्रमाण माननेकी बिल्कुल आवश्यकता नहीं रहती है। जब कि वैशेषिक और बौद्धोंके प्रत्यक्ष तथा अनुमानरूप द्विविध प्रमाणविभागमें अनेक कठिनाइयाँ आती हैं। उन्होंने अति संक्षेपमें मति, स्मृति, संज्ञा (प्रत्यभिज्ञान), चिन्ता (तर्क) और अभिनिबोध (अनुमान) इनको भी प्रमाणान्तर होनेका संकेत करके और उन्हें मतिज्ञान कह कर 'आद्ये परोक्षम्' सूत्रके द्वारा परोक्ष-प्रमाणमें ही अन्तर्भूत कर लिया है[3]। आ० उमास्वातिने इस प्रकार प्रमाणद्वयका विभाग करके उत्तरवर्ती जैनतार्किकोंके लिये प्रशस्त और

---

१ यद्यपि श्वेताम्बरीय स्थानाङ्ग और भगवतीमें भी प्रत्यक्ष-परोक्षरूप प्रमाणद्वयका विभाग निर्दिष्ट है, पर उसे श्रद्धेय प० सुखलालजी निर्युक्तिकार भद्रबाहुके बादका मानते हैं, जिनका समय विक्रमकी छठी शताब्दि है। देखो, प्रमाणमी० भा० टि० पृ० २०। और भद्रबाहुके समयके लिये देखो, श्वे० मुनि विद्वान् श्रीचतुरविजयजीका 'श्रीभद्रबाहु' शीर्षक लेख 'अनेकान्त' वर्ष ३ कि० १२ तथा 'क्या निर्युक्तिकार भद्रबाहु और स्वामी समन्तभद्र एक हैं?' शीर्षक मेरा लेख, 'अनेकान्त' वर्ष ६ कि० १०-११ पृ० ३३८। २ "तत्प्रमाणे" "आद्ये परोक्षम्"—"प्रत्यक्षमन्यत्" —तत्त्वार्थसू० १ १०,११,१२। ३ "मति स्मृति संज्ञाचिन्ताभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्"—तत्त्वार्थसू० १-१४।

सरल मार्ग बना दिया। दर्शनान्तरीय प्रसिद्ध उपमानादिकका भी परोक्षमें ही अन्तर्भाव होनेका स्पष्ट निर्देश उनके बाद होनेवाले पूज्यपादने कर दिया[1]। अकलङ्कदेवने उसी मार्गपर चलकर परोक्ष प्रमाणके भेदोंकी स्पष्ट संख्या बतलाते हुए उनकी सयुक्तिक सिद्धि की और प्रत्येकका लक्षण प्रणयन किया[2]। आगे तो परोक्षप्रमाणके सम्बन्धमें उमास्वाति और अकलङ्कने जो दिशा निर्धारित की उसीपर सब जैनतार्किक अविरुद्ध-रूपसे चले हैं। अकलङ्कदेवके सामने भी एक प्रश्न उपस्थित हुआ। वह यह कि लोकमें तो इन्द्रियाश्रित ज्ञानको प्रत्यक्ष माना जाता है पर जैन दर्शन उसे परोक्ष कहता है, यह लोकविरोध कैसा? इसका समाधान उन्होंने बड़े स्पष्ट और प्राञ्जल शब्दोंमें दिया है। वे कहते हैं[3]—प्रत्यक्ष दो प्रकारका है—१ सांव्यवहारिक और २ मुख्य। लोकमें जिस इन्द्रिय-जन्य ज्ञानको प्रत्यक्ष कहा जाता है वह व्यवहारसे तथा देशतः वैशद्य होनेसे सांव्यवहारिक प्रत्यक्षके रूपमें जैनोंको इष्ट है। अतः कोई लोक-विरोध नहीं है। अकलङ्कने इस सद्बुद्धी प्रतिभाके समाधानसे सबको चकित किया। फिर तो जैन तर्कग्रन्थकारोंने इसे बड़े आदरके साथ एक स्वरसे स्वीकार किया और अपने अपने ग्रन्थोंमें अपनाया। इस तरह सूत्रकार उमास्वातिने जो प्रमाणके प्रत्यक्ष और परोक्ष ये दो भेद निर्धारित किये थे उन्हें ही जैनतार्किकोंने परिपुष्ट और सम्वर्धित किया है। यहाँ यह

---

१ "उपमानार्थापत्त्यादीनामत्रैवान्तर्भावात्।" "अत उपमानागमादीनामत्रैवान्तर्भावः"—सर्वार्थसिद्धि पृ० ६४।

२ "ज्ञानमाद्यं मतिः संज्ञा चिन्ता चाभिनिबोधकम्।
प्राङ्नामयोजनात् शेषं श्रुतं शब्दानुयोजनात्॥"—लघीय० का० ११।
"परोक्षं शेषविज्ञानं प्रमाणे इति संग्रहः"—लघीय० का० ३।

३ "प्रत्यक्षं विशदं ज्ञानं मुख्यसंव्यवहारतः"—लघीय० का० ३।

भी कह देना आवश्यक है कि समन्तभद्रस्वामीने[1], जो उमास्वातिके उत्तरवर्ती और पूज्यपादके पूर्ववर्ती हैं, प्रमाणके अन्य प्रकारसे भी दो भेद किये हैं—१ अक्रमभावि और २ क्रमभावि। केवलज्ञान अक्रमभावि है और शेष मत्यादि चार ज्ञान क्रमभावि हैं। पर यह प्रमाणद्वयका विभाग उपयोगके क्रमाक्रमको अपेक्षासे है। समन्तभद्रके लिये आप्तमीमांसामें आप्त विवेचनीय विषय है। अतः आप्तके ज्ञानको तो उन्होंने अक्रमभावि और आप्त भिन्न अनाप्त (छद्मस्थ) जीवोंके प्रमाणज्ञानको क्रमभावि बतलाया है। इसलिये उपयोगभेद या व्यक्तिभेदकी दृष्टिसे किया गया यह प्रमाणद्वयका विभाग है। आ० धर्मभूषणने सूत्रकार उमास्वाति निर्दिष्ट प्रत्यक्ष और परोक्षरूप ही प्रमाणके दो भेद प्रदर्शित किये हैं और उनके उत्तरभेदोंकी पूर्व परम्परानुसार परिगणना की है। जैनदर्शनमें प्रमाणके जो भेद-प्रभेद किये गये हैं वे इस प्रकार हैं[2] —

---

[1] "तत्त्वज्ञानं प्रमाणं ते युगपत् सर्वभासनम्।
क्रमभावि च यज्ज्ञानं स्याद्वादनयसंस्कृतम्॥"
—आप्तमी० का० १०१।

[2] "स्पर्शनादीन्द्रियनिमित्तस्य बहुबहुविधक्षिप्रानिसृतानुक्तध्रुवेषु तदितरेष्वर्थेषु वर्तमानस्य प्रतीन्द्रियमष्टचत्वारिंशद्भेदस्य व्यञ्जनावग्रहभेदैरष्टचत्वारिंशता सहितस्य सख्याष्टाशीत्युत्तरद्विशती प्रतिपत्तव्या। तथा अनिन्द्रियप्रत्यक्षं बह्वादिद्वादशप्रकारार्थविषयमवग्रहादिविकल्पमष्टचत्वारिंशत्सख्यं प्रतिपत्तव्यम्।"—प्रमाणप० पृ० ६५।

प्रमाण
१ २
प्रत्यक्ष
परोक्ष
१ २
सांव्यवहारिक
पारमार्थिक
१ २ ३ ४ ५
स्मृति प्रत्यभि तर्क अनुमान आगम
इन्द्रियप्रत्यक्ष अनिन्द्रियप्रत्यक्ष
सकल विकल
एक
आदि
लौकिक लोकोत्तर
केवल अवधि मन पर्यय
स्वार्थ परार्थ
स्पा रस घ्रा चा श्रो
बहु १२
४×१२=४८
४८+४८+४८+४८+४८
=२४०+४८ (व्यञ्जनावग्रहके) =२८८ इन्द्रियप्र०
४८ अनि० प्र०
३३६

८ प्रत्यक्षका लक्षण—

दार्शनिक जगतमें प्रत्यक्षका लक्षण अनेक प्रकारका उपलब्ध होता है। नैयायिक और वैशेषिक सामान्यतया इन्द्रिय और अर्थके सन्निकर्षको प्रत्यक्ष कहते हैं[1]। सांख्य श्रोत्रादि इन्द्रियोंकी वृत्तिको और मीमांसक[2] इन्द्रियोंका आत्माके साथ सम्बन्ध होनेपर उत्पन्न होनेवाली बुद्धि (ज्ञान) को प्रत्यक्ष मानते हैं। बौद्धदर्शनमें तीन मान्यतायें हैं —१ वसुबन्धुकी, २ दिग्नागकी और ३ धर्मकीर्तिकी। वसुबन्धुने[3] अर्थजन्य निर्विकल्पक बोधको, दिग्नागने[4] नामजात्यादिरूप कल्पनासे रहित निर्विकल्पक ज्ञानको और धर्मकीर्तिने[5] निर्विकल्पक तथा अभ्रान्त ज्ञानको प्रत्यक्ष कहा है। सामान्यतया निर्विकल्पकको सभी बौद्ध तार्किकोंने प्रत्यक्ष स्वीकार किया है। दर्शनान्तरोंमें और भी कितने ही प्रत्यक्ष-लक्षण किये गये हैं। पर वे सब इस संक्षिप्त स्थानपर प्रस्तुत नहीं किये जा सकते हैं।

जैनदर्शनमें सबसे पहले सिद्धसेन[6] (न्यायावतारकार) ने प्रत्यक्षका लक्षण किया है। उन्होंने अपरोक्षरूपसे अर्थका ग्रहण करनेवाले ज्ञानको प्रत्यक्ष कहा है। इस लक्षणमें अन्योन्याश्रय नामका दोष होता है। क्योंकि प्रत्यक्षका लक्षण परोक्षघटित है और परोक्षका लक्षण

---

१ "इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नमव्यपदेश्यमव्यभिचारि व्यवसायात्मकं प्रत्यक्षम्"—न्यायसूत्र० १-१-४। २ "सत्सम्प्रयोगे पुरुषस्येन्द्रियाणां बुद्धिजन्म तत् प्रत्यक्षम्"—जैमिनि० १-१-४। ३ "अर्थादिज्ञानं प्रत्यक्षम्"—प्रमाणस० पृ० ३२। ४ "प्रत्यक्षं कल्पनापोढं नामजात्याद्यसंयुतम्।"—प्रमाणसमु० १-३। ५ "कल्पनापोढमभ्रान्तं प्रत्यक्षम्"—न्यायबिन्दु० पृ० ११।

६ "अपरोक्षतयाऽर्थस्य ग्राहकं ज्ञानमीदृशम्। प्रत्यक्षमितरद् ज्ञेयं परोक्षं ग्रहणेक्षया।"—न्यायाव० का० ४।

(अन्यक्षभिन्नत्व) अप्रत्यक्षप्राप्त है। अकलङ्कदेवने[1] प्रत्यक्षका ऐसा लक्षण बनाया जिससे वह दोष नहीं रहा। उन्होंने कहा कि जो ज्ञान विशद है—स्पष्ट है वह प्रत्यक्ष है। यह लक्षण अपने आपमें स्पष्ट तो है ही, साथमें वस्तुतः ही सङ्क्षिप्त और अव्याप्ति, अतिव्याप्ति आदि दोषोंसे पूर्णतः रहित भी है। सूक्ष्मप्रज्ञ अकलङ्कका यह अकलङ्क लक्षण जैनपरम्परामें इतना प्रतिष्ठित और व्यापक हुआ कि दोनों ही सम्प्रदायोंके श्वेताम्बर और दिगम्बर विद्वानोंने बड़े आदरभावसे अपनाया है। जहाँ तक मालूम है फिर दूसरे किसी जैनतार्किकको प्रत्यक्षका अन्य लक्षण बनाना आवश्यक नहीं हुआ और यदि किसीने बनाया भी हो तो उसकी उतनी न तो प्रतिष्ठा हुई है और न उसे उतना अपनाया ही गया है। अकलङ्कदेवने अपने प्रत्यक्ष लक्षणमें उपात्त वैशद्यका[2] भी खुलासा कर दिया है। उन्होंने अनुमानादिककी अपेक्षा विशेष प्रतिभास होनेको वैशद्य कहा है। आ० धर्मभूषणने भी अकलङ्कप्रतिष्ठित इन प्रत्यक्ष और वैशद्यके लक्षणोंको अपनाया है और उनके सूत्रात्मक कथनको और अधिक स्फुटित किया है।

१ अर्थ और आलोककी कारणता—

बौद्ध ज्ञानके प्रति अर्थ और आलोकको कारण मानते हैं। उन्होंने चार प्रत्ययों (कारणों)से सम्पूर्ण ज्ञानों (स्वसंवेदनादि) की उत्पत्ति वर्णित की है। वे प्रत्यय ये हैं —१ समनन्तरप्रत्यय, २ अधिपतिप्रत्यय, ३ आलम्बनप्रत्यय और ४ सहकारिप्रत्यय। पूर्वज्ञान उत्तरज्ञानकी

---

१ "प्रत्यक्षं विशदं ज्ञानम्"—लघीय० का० ३। "प्रत्यक्षलक्षणं प्राहुः स्पष्टं साकारमञ्जसा।"—न्यायवि० का० ३।

२ "अनुमानाद्यतिरेकेण विशेषप्रतिभासनम्।
तद्वैशद्यं मतं बुद्धेरवैशद्यमतः परम्॥"—लघीय० का० ४।

उत्पत्तिमें कारण होता है इसलिये वह समनन्तर प्रत्यय कहलाता है। चक्षुरादिक इन्द्रियां आधिपत्य प्रत्यय कही जाती हैं। अर्थ (विषय) आलम्बन प्रत्यय कहा जाता है और आलोक आदि सहकारि प्रत्यय हैं। इस तरह बौद्धोंने इन्द्रियोंके अलावा अर्थ और आलोकको भी कारण स्वीकार किया है। अर्थकी कारणतापर तो यहाँ तक जोर दिया है कि ज्ञान यदि अर्थसे उत्पन्न न हो तो वह अर्थका विषय भी नहीं कर सकता है[१]। यद्यपि नैयायिक आदिने भी अर्थको ज्ञानका कारण माना है पर उन्होंने उतना जोर नहीं दिया। इसका कारण यह है कि नैयायिक आदि ज्ञानके प्रति सीधा कारण सन्निकर्षको मानते हैं। अर्थ तो सन्निकर्ष द्वारा कारण होता है। अतएव जैन तार्किकोंने नैयायिक आदिके अर्थकारणतावादपर उतना विचार नहीं किया जितना कि बौद्धोंके अर्थालोककारणतावादपर किया है। एक बात और है, बौद्धोंने अर्थजन्यत्व, अर्थाकारता और अर्थाध्यवसाय इन तीनको ज्ञानप्रामाण्यके प्रति प्रयोजक बतलाया है और प्रतिकर्मव्यवस्था भी ज्ञानके अर्थजन्य होनेमें ही की है। अतः आवरणक्षयोपशमको ही प्रत्येक ज्ञानके प्रति कारण माननेवाले जैनोंके लिये यह उचित और आवश्यक था कि वे बौद्धोंके इस मन्तव्यपर पूर्ण विचार करें और उनके अर्थालोककारणत्वपर सबलताके साथ चर्चा चलायें तथा जैनदृष्टिसे विषय-विषयीके प्रतिनियमनकी व्यवस्थाका प्रयोजक कारण स्थिर करें। कहा जा सकता है कि इस सम्बन्धमें सर्वप्रथम सूक्ष्मदृष्टि अकलङ्कदेवने अपनी सफल लेखनी चलाई है और अर्थालोककारणताका सयुक्तिक निरसन किया है। तथा स्वावरणक्षयोपशमको विषय विषयीका प्रतिनियामक बतला कर ज्ञानप्रामाण्यका प्रयोजक संवाद (अर्थाव्यभिचार) को बताया है। उन्होंने

१ "नाकारणं विषयः" इति वचनात्।

१० सन्निकर्ष—

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि नैयायिक और वैशेषिक सन्निकर्षको प्रत्यक्षका स्वरूप मानते हैं। पर वह निर्दोष नहीं है। प्रथम तो, वह अज्ञानरूप है और इसलिये वह अज्ञाननिवृत्तिरूप प्रमितिके प्रति करण—प्रमाण ही नहीं बन सकता है तब वह प्रत्यक्षका स्वरूप कैसे हो सकता है? दूसरे, सन्निकर्षको प्रत्यक्षका लक्षण माननेमें अव्याप्ति नामका दोष आता है क्योंकि चक्षुरिन्द्रिय बिना सन्निकर्षके ही रूपादिकका ज्ञान कराती है। यहाँ यह कहना भी ठीक नहीं है कि चक्षुरिन्द्रिय अर्थको प्राप्त करके रूपज्ञान कराती है। कारण, चक्षुरिन्द्रिय दूर स्थित होकर ही पदार्थज्ञान कराती हुई प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे प्रतीत होती है। तीसरे, आप्तमें प्रत्यक्ष ज्ञानके अभावका प्रसङ्ग आता है, क्योंकि आप्तके इन्द्रिय या इन्द्रियार्थसन्निकर्षपूर्वक ज्ञान नहीं होता। अन्यथा सर्वज्ञता नहीं बन सकती है। कारण, सूक्ष्मादि पदार्थोंमें इन्द्रियार्थसन्निकर्ष सम्भव नहीं है[1]। अतः सन्निकर्ष अव्याप्त होने तथा अज्ञानात्मक होनेसे प्रत्यक्षका लक्षण नहीं हो सकता है।

११ सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष—

इन्द्रिय और अनिन्द्रिय जन्य ज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष माना गया है।[2] सांव्यवहारिक उसे इसलिये कहते हैं कि लोकमें दूसरे दर्शनकार इन्द्रिय और मनसापेक्ष ज्ञानको प्रत्यक्ष कहते हैं। वास्तवमें तो जो ज्ञान परनिरपेक्ष एवं आत्ममात्रसापेक्ष तथा पूर्ण निर्मल है वही ज्ञान प्रत्यक्ष है। अतः लोकव्यवहारका समन्वय करनेकी दृष्टिसे अक्षजन्य ज्ञानको भी प्रत्यक्ष कहनेमें कोई अनौचित्य नहीं है। सिद्धान्तकी भाषामें तो उस

१ सर्वार्थसि० १।१२। तथा न्यायविनिश्चय का० १६७।
२ "सांव्यवहारिकं इन्द्रियानिन्द्रियप्रत्यक्षम्"—लघी० स्वो० का० ४।

परोक्ष ही कहा गया है। जैनदर्शनमें सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष जो मतिज्ञान रूप है, भेद और प्रभेद सब मिलाकर ३३६ बताये गए हैं। जिन्हें एक नक्शे द्वारा पहले बता दिया गया है।

१० मुख्य प्रत्यक्ष—

दार्शनिक जगतमें प्रायः सभीने एक ऐसे प्रत्यक्षको स्वीकार किया है, जो लौकिक प्रत्यक्षसे भिन्न है और जिसे अलौकिक प्रत्यक्ष[1], योगि प्रत्यक्ष[2] या योगिज्ञानके नामसे कहा गया है। यद्यपि किसी किसीने इस प्रत्यक्षमें मनकी अपेक्षा भी वर्णित की है तथापि योगजधर्मका प्राधान्य होनेके कारण उसे अलौकिक ही कहा गया है। कुछ भी हो, यह अवश्य है कि आत्मामें एक अतीन्द्रिय ज्ञान भी सम्भव है। जैनदर्शनमें ऐसे ही आत्ममात्र सापेक्ष साक्षात्कारी अतीन्द्रिय ज्ञानको मुख्य प्रत्यक्ष या पारमार्थिक प्रत्यक्ष माना गया है और जिस प्रकार दूसरे दर्शनोंमें अलौकिक प्रत्यक्षके भी परचित्तज्ञान, तारक, कैवल्य या युक्त, युञ्जान आदिरूपसे भेद पाये जाते हैं उसी प्रकार जैनदर्शनमें भी विकल, सकल अथवा अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान रूपसे मुख्यप्रत्यक्षके भी भेद वर्णित किये गये हैं। विशेष यह कि नैयायिक और वैशेषिक प्रत्यक्षज्ञानको अतीन्द्रिय मानकर भी उसका अस्तित्व केवल नित्य ज्ञानाधिकरण ईश्वरमें ही बतलाते हैं। पर जैनदर्शन प्रत्येक आत्मामें उसका सम्भव प्रतिपादन करता है और उसे विशिष्ट आत्मशुद्धिसे पैदा होनेवाला बतलाता है। आ० धर्मभूषणने भी अनेक युक्तियोंके साथ ऐसे ज्ञानका उपपादन एवं समर्थन किया है।

११ सर्वज्ञता—

भारतीय दर्शनशास्त्रोंमें सर्वज्ञतापर बहुत ही व्यापक और विस्तृत

१ "एवं प्रत्यक्षं लौकिकालौकिकभेदेन द्विविधम्।"—सिद्धान्तमु० पृ० ४७।
२ "भूतार्थभावनाप्रकर्षपर्यन्तजं योगिप्रत्यक्षम्।"—न्यायबिन्दु पृ० २०।

विचार किया गया है। चार्वाक और मीमांसक ये दो ही दर्शन ऐसे हैं जो सर्वज्ञताका निषेध करते हैं। शेष सभी न्याय-वैशेषिक, योग-सांख्य, वेदान्त, बौद्ध और जैन दर्शन सर्वज्ञताका स्पष्ट विधान करते हैं। चार्वाक इन्द्रियगोचर भौतिक पदार्थोंका ही अस्तित्व स्वीकार करते हैं, उनके मतमें परलोक, पुण्यपाप आदि अतीन्द्रिय पदार्थ नहीं हैं। भूतचैतन्यके अलावा कोई नित्य अनादिय आत्मा भी नहीं है। अतः चार्वाक दर्शन में अतीन्द्रियार्थदर्शी सर्वज्ञ आत्माका सम्भव नहीं है। मीमांसक परलोक, पुण्य-पाप, नित्य आत्मा आदि अतीन्द्रिय पदार्थोंको मानते अवश्य हैं पर उनका कहना है कि धर्माधर्मादि अतीन्द्रिय पदार्थोंका ज्ञान वेदद्वारा ही हो सकता है[1]। पुरुष तो रागादिदोषोंसे युक्त हैं। चूँकि रागादिदोष स्वाभाविक हैं और इसलिये वे आत्मासे कभी भी नहीं छूट सकते हैं। अतएव रागादिदोषोंके सर्वदा बने रहनेके कारण प्रत्यक्षसे धर्माधर्मादि अतीन्द्रिय पदार्थोंका यथार्थ ज्ञान होना सर्वथा असम्भव है। न्याय-वैशेषिक ईश्वरमें सर्वज्ञता मानतेके अतिरिक्त दूसरे योगी आत्माओंमें भी स्वीकार करते हैं[2]। परन्तु उनका यह सर्वज्ञत्व मोक्ष-प्राप्तिके बाद नष्ट होजाता है। क्योंकि वह योगजन्य होनेसे अनित्य है। हाँ, ईश्वरका सर्वज्ञत्व नित्य एवं शाश्वत है। प्रायः यही मान्यता सांख्य, योग और वेदान्तकी है। इतना विशेषता है कि वे आत्मामें सर्वज्ञत्व न मानकर बुद्धितत्त्वमें ही सर्वज्ञत्व मानते हैं जो मुक्त अवस्थामें छूट जाता है।

---

१ "चोदना हि भूतं भवन्तं भविष्यन्तं सूक्ष्मं व्यवहितं विप्रकृष्टमित्येवंजातीयकमर्थमवगमयितुमलम्, नान्यत् किञ्चनेन्द्रियम्।"—शाबरभा० १-१-२। २ "अस्मद्विशिष्टानां तु योगिनां युक्तानां योगजधर्मानुगृहीतेन मनसा स्वात्मान्तराकाशदिक्कालपरमाणुवायुमनस्सु तत्समवेतगुणकर्मसामान्यविशेषेषु समवाये चावितथं स्वरूपदर्शनमुत्पद्यते। वियुक्तानां।"—प्रशस्तपा० भा० पृ० १८७।

मीमांसक दर्शन[1] जहाँ केवल धर्मज्ञताका निषेध करता है और सर्वज्ञताके माननेमें इष्टापत्ति प्रकट करता है वहाँ बौद्धदर्शनमें[2] सर्वज्ञताको अनुपयोगी बतलाकर धर्मज्ञताको प्रश्रय दिया गया है। यद्यपि शान्तरक्षित[3] प्रभृति बौद्ध तार्किकोंने सर्वज्ञताका भी साधन किया है। पर वह गौण है[4]। मुख्यतया बौद्धदर्शन धर्मज्ञताका ही प्रतीत होता है।

जैनदर्शनमें आगमग्रन्थों और तर्कग्रन्थोंमें सर्वत्र धर्मज्ञ और सर्वज्ञताका ही प्रारम्भसे प्रतिपादन एवं प्रबल समर्थन किया गया है। षट्खण्डागमसूत्रोंमें[5] सर्वज्ञत्व और धर्मज्ञत्वका स्पष्ट समर्थन मिलता है। आ० कुन्दकुन्दने[6] प्रवचनसारमें विस्तृतरूपसे सर्वज्ञताकी सिद्धि की है। उत्तरवर्ती समन्तभद्र, सिद्धसेन, अकलङ्क, हरिभद्र, विद्यानन्द प्रभृति जैन तार्किकोंने धर्मज्ञत्वका सर्वज्ञत्वके भीतर ही गर्भित करके सर्वज्ञत्वपर महत्वपूर्ण प्रकरण लिखे हैं। समन्तभद्रकी आप्तमीमांसाको तो अकलङ्कदेवने[7] 'सर्वज्ञविशेषपरीक्षा' कहा है। कुछ भी हो, सर्वज्ञताके

---

१ "धर्मज्ञत्वनिषेधस्तु केवलोऽत्रोपयुज्यते। सर्वमन्यद्विजानस्तु पुरुषः केन वार्यते॥"—तत्त्वस० का० ३१२८। तत्त्वसंग्रहमें यह श्लोक कुमारिलके नामसे उद्धृत हुआ है। २ "तस्मादनुष्ठानगतं ज्ञानमस्य विचार्यताम्। कीटसंख्यापरिज्ञानं तस्य नः क्वोपयुज्यते॥ हेयोपादेयतत्त्वस्य साभ्युपायस्य वेदकः। यः प्रमाणमसाविष्टो न तु सर्वस्य वेदकः॥"—प्रमाणवा० २-३१,३२। ३ "स्वर्गापवर्गसम्प्राप्तिहेतुज्ञोऽस्तीति गम्यते। साक्षान्न केवलं किन्तु सर्वज्ञोऽपि प्रतीयते।"—तत्त्वस० का० ३३०९। ४ "मुख्यं हि तावत् स्वर्गमोक्षसम्प्रापकहेतुज्ञत्वसाधनं भगवतोऽस्माभिः क्रियते। यत्पुनः अशेषार्थपरिज्ञातृत्वसाधनमस्य तत् प्रासङ्गिकम्।"—तत्त्वस० प० पृ० ८६३। ५ "सव्वलोए सव्वजीवे सव्वभावे सव्वं समं जाणदि पस्सदि"—षट्ख०पयडिअणु० सू० ७८। ६ देखो, प्रवचनसार, ज्ञानमीमांसा। ७ देखो, अष्टश० का० ११४।

सम्बन्धमें जितना अधिक चिन्तन जैनदर्शनने किया है और भारतीयदर्शनशास्त्रको तत्सम्बन्धी विपुल साहित्यसे समृद्ध बनाया है उतना अन्य दूसरे दर्शनने शायद ही किया हो।

अकलङ्कदेवने[1] सर्वज्ञत्वके साधनमें अनेक युक्तियोंके साथ एक युक्ति बड़े मार्केकी कही है वह यह कि सर्वज्ञके सद्भावमें कोई बाधक प्रमाण नहीं है इसलिये उसका अस्तित्व होना ही चाहिये। उन्होंने, जो भी बाधक हो सकते हैं उन सबका सुन्दर ढङ्गसे निराकरण भी किया है। एक दूसरी महत्त्वपूर्ण युक्ति उन्होंने यह दी है[2] कि 'आत्मा 'ज्ञ'—ज्ञाता है और उसके ज्ञानस्वभावको ढकनेवाले आवरण दूर होते हैं। अतः आवरणोंके विच्छिन्न हो जानेपर ज्ञस्वभाव आत्माके लिये फिर ज्ञेय—जानने योग्य क्या रह जाता है? अर्थात् कुछ भी नहीं। अप्राप्यकारी ज्ञानसे सकलार्थपरिज्ञान होना अवश्यम्भावी है। इन्द्रियाँ और मन सकलार्थपरिज्ञानमें साधक न होकर बाधक हैं वे जहाँ नहीं हैं और आवरणोंका पूर्णतः अभाव है वहाँ त्रैकालिक और त्रिलोकवर्ती यावत् पदार्थोंका साक्षात् ज्ञान होनेमें कोई बाधा नहीं है। वीरसेनस्वामी[3] और आचार्य विद्यानन्दने[4] भी इसी आशयका एक महत्त्वपूर्ण श्लोक[5] उद्धृत करके ज्ञस्वभाव आत्मामें सर्वज्ञताका उपपादन किया है जो वस्तुतः अकेला ही सर्वज्ञताको सिद्ध करनेमें समर्थ एवं पर्याप्त है। इस तरह हम देखते हैं कि जैनपरम्परामें

---

१ देखो, अष्टश० का० ३।

२ "ज्ञस्यावरणविच्छेदे ज्ञेयं किमवशिष्यते।
अप्राप्यकारिणस्तस्मात् सर्वार्थावलोकनम्॥"—न्यायवि० का० ४६५। तथा देखो, का० ३६१, ३६२। ३ देखो, जयधवला प्र० भा० पृ० ६६। ४ देखो, अष्टस० पृ० ५०।

५ "ज्ञो ज्ञेये कथमज्ञः स्यादसति प्रतिबन्धने।
दाह्येऽग्निर्दाहको न स्यादसति प्रतिबन्धने॥"

मुख्य और निरुपाधिक एवं निरवधि सर्वज्ञता मानी गई है। यह सांख्य-योगादिकी तरह जीवन्मुक्त अवस्था तक ही सीमित नहीं रहती, मुक्त अवस्था-में भी अनन्तकाल तक बनी रहती है। क्योंकि ज्ञान आत्माका मूलभूत निजी स्वभाव है और सर्वज्ञता आवरणाभावमें उसीका विकसित पूर्णरूप है। इतर दर्शनोंकी तरह वह न तो मात्र आत्ममनःसंयोगादि जन्य है और न योग-जविभूति ही है। आ० धर्मभूषणने स्वामी समन्तभद्रकी सरणिसे सर्वज्ञताका साधन किया है और उन्हींकी सर्वज्ञसाधिका कारिकाओंका स्फुट विवरण किया है। प्रथम तो सामान्यसर्वज्ञका समर्थन किया है। पीछे 'निर्दोषत्व' हेतुके द्वारा अरहन्त जिनको ही सर्वज्ञ सिद्ध किया है।

१४ परोक्ष—

जैनदर्शनमें प्रमाणका दूसरा भेद परोक्ष है। यद्यपि बौद्धोंने[1] परोक्ष शब्दका प्रयोग अनुमानके विषयभूत अर्थमें किया है। क्योंकि उन्होंने दो प्रकारका अर्थ माना है—१ प्रत्यक्ष और २ परोक्ष। प्रत्यक्ष तो साक्षात्क्रियमाण है और परोक्ष उससे भिन्न है तथापि जैनपरम्परामें[2] 'परोक्ष' शब्दका प्रयोग प्राचीन समयसे परापेक्ष ज्ञानमें ही होता चला आ रहा है। दूसरे, प्रत्यक्षता और परोक्षता वस्तुतः ज्ञानानिष्ठ धर्म हैं। ज्ञानको प्रत्यक्ष एवं परोक्ष होनेसे अर्थ भी उपचारसे प्रत्यक्ष और परोक्ष कहा जाता है। यह अवश्य है कि जैन दर्शनके इस 'परोक्ष' शब्दका व्यवहार और उसकी परिभाषा दूसरोंको कुछ विलक्षण-सी मालूम होगी परन्तु

---

१ "द्विविधो ह्यर्थः प्रत्यक्षः परोक्षश्च। तत्र प्रत्यक्षविषयः साक्षात्क्रियमाणः प्रत्यक्षः। परोक्षः पुनरसाक्षात्परिच्छिद्यमानोऽनुमेयत्वादनुमान-विषयः।"—प्रमाणप० पृ० ६५। न्यायवा० तात्प० पृ० १५८।

२ "जं परदो विण्णाणं तं तु परोक्खं त्ति भणिदमत्थेसु।
जदि केवलेण णादं हवदि हि जीवेण पच्चक्खं॥"—प्रवचनसा० गा० ५८।

वह इतनी सुनिश्चित और वस्तुस्पर्शी है कि शब्दको तोड़े मरोड़े बिना ही सहजमें आर्थिक बोध हो जाता है। परोक्षकी जैनदर्शनसम्मत परिभाषा विलक्षण इसलिये मालूम होगी कि लोकमें इन्द्रियव्यापार रहित ज्ञानको परोक्ष कहा गया है[1]। जबकि जैनदर्शनमें इन्द्रियादि परकी अपेक्षासे होनेवाले ज्ञानको परोक्ष कहा है[2]। वास्तवमें 'परोक्ष' शब्दसे भी यही अर्थ ध्वनित होता है। इस परिभाषाको ही केन्द्र बनाकर अकलङ्कदेवने परोक्षकी एक दूसरी परिभाषा रची है। उन्होंने अविशद ज्ञानको परोक्ष कहा है[3]। जान पड़ता है कि अकलङ्कदेवका यह प्रयत्न सिद्धान्तमतका लोकके साथ समन्वय करनेकी दृष्टिसे हुआ है। आरम्भ तो अकलङ्कदेवकृत यह परोक्ष लक्षण जैनपरम्परामें इतना प्रतिष्ठित हुआ है कि उत्तरवर्ती सभी जैन तार्किकोंने[4] उसे ही अपनाया है। यद्यपि सबकी दृष्टि परोक्षको परापेक्ष माननेकी ही रही है।

आ० कुन्दकुन्दने[5] परोक्षका लक्षण तो कर दिया था परन्तु उसके भेदोंका कोई निर्देश नहीं किया था। उनके पश्चाद्वर्ती आ० उमास्वातिने परोक्षके भेदोंको भी स्पष्टतया सूचित कर दिया और मतिज्ञान तथा श्रुतज्ञान ये दो भेद बतलाये। मतिज्ञानके भी मति, स्मृति, संज्ञा, चिन्ता और अभिनिबोध ये पर्याय नाम कहे। चूंकि मति मतिज्ञान सामान्यरूप है। अतः मतिज्ञानके चार भेद हैं। इनमें श्रुतको और मिला देनेपर परोक्षके फलतः उन्होंने पाँच भी भेद सूचित कर दिये और पूज्यपादने उपमानादिकके प्रमाणान्तरत्वका निराकरण करते हुए उन्हें परोक्षमें ही अन्तर्भाव हो जानेका संकेत कर दिया। लेकिन परोक्षके पाँच भेदोंकी सिलसिलेवार

---

१ देखो, सर्वार्थसि० १-१२। २ सर्वार्थसि० १-११। ३ "ज्ञानस्यैव विशदनिर्भासिनः प्रत्यक्षत्वम्, इतरस्य परोक्षता।"—लघीय० स्वो० का० ३। ४ परीक्षामु० ३-१, प्रमाणपरी० पृ० ६६। ५ प्रवचन सा० १-५८।

व्यवस्था सर्वप्रथम अकलङ्कदेवने की है[1]। इसके बाद माणिक्यनन्दि आदि-ने परोक्षके पाँच ही भेद वर्णित किये हैं। हाँ, आचार्य वादिराजने[2] अवश्य परोक्षके अनुमान और आगम ये दो भेद बतलाये हैं। पर इन दो भेदोंकी परम्परा उन्हीं तक सीमित रही है, आगे नहीं चली, क्योंकि उत्तरकालीन किसी भी ग्रन्थकारने उसे नहीं अपनाया। कुछ भी हो, स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम इन्हें सभीने निर्विवाद परोक्ष प्रमाण स्वीकार किया है। अभिनव धर्मभूषणने भी इन्हीं पाँच भेदोंका कथन किया है।

१५ स्मृति—

यद्यपि अनुभूतार्थविषयक ज्ञानके रूपमें स्मृतिको सभी दर्शनोंने स्वीकार किया है। पर जैनदर्शनके सिवाय उसे प्रमाण कोई नहीं मानते हैं। साधारणतया सबका कहना यही है कि स्मृति अनुभवके द्वारा गृहीत विषयमें ही प्रवृत्त होती है, इसलिये गृहीतग्राही होनेसे वह प्रमाण नहीं है[3]। न्याय-वैशेषिक, मीमांसक और बौद्ध सबका प्रायः यही अभिप्राय है। जैनदार्शनिकोंका कहना है कि प्रामाण्यमें प्रयोजक अविसंवाद है। जिस प्रकार प्रत्यक्षसे जाने हुए अर्थमें विसंवाद न होनेसे वह प्रमाण माना जाता है उसी प्रकार स्मृतिसे जाने हुए अर्थमें भी कोई विसंवाद नहीं होता और जहाँ होता है वह स्मृत्याभास है[4]। अतः स्मृति प्रमाण ही होना

---

१ लघीय० का १० और प्रमाणस० का २। २ "तच्च (परोक्ष) द्विविधमनुमानमागमश्चेति। अनुमानमपि द्विविधं गौणमुख्यविकल्पात्। तत्र गौणमनुमानं त्रिविधम्, स्मरणम्, प्रत्यभिज्ञा, तर्कश्चेति ।"—प्रमाणनि० पृ० ३३। ३ "सर्वे प्रमाणादयोऽनधिगतमर्थं समान्यतः प्रकारतो वाऽधिगमयन्ति, स्मृतिः पुनर्न पूर्वानुभवमर्यादामतिक्रामति, तद्विषया तदूनविषया वा, न तु तदधिकविषया, सोऽयं वृत्त्यन्तराद्विशेषः स्मृतेरिति विमृशति।"—तत्त्ववैशा० १-११। ४ देखो, प्रमाणपरीक्षा पृ० ६९।

चाहिए। दूसरे, विस्मरणादिरूप समारोपका वह व्यवच्छेद करती है इसलिये भी वह प्रमाण है। तीसरे, अनुभव तो वर्तमान अर्थको ही विषय करता है और स्मृति अतीत अर्थको विषय करती है। अतः स्मृति कथंचित् अगृहीतग्राही ज्ञानसे प्रमाण ही है।

१६ प्रत्यभिज्ञान—

पूर्वोत्तरविवर्तवर्ती वस्तुको विषय करनेवाले प्रत्ययको प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। प्रत्यवमर्श, संज्ञा और प्रत्यभिज्ञा ये उसीके पर्यायनाम हैं। बौद्ध चूँकि क्षणिकवादी हैं इसलिये वे उसे प्रमाण नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि पूर्व और उत्तर अवस्थाओंमें रहनेवाला जब कोई एकत्व है नहीं तब उसको विषय करनेवाला एक ज्ञान कैसे हो सकता है? अतः 'यह वही है' यह ज्ञान सादृश्यविषयक है। अथवा प्रत्यक्ष और स्मरणरूप दो ज्ञानोंका समुच्चय है[1]। 'यह' अंशको विषय करनेवाला ज्ञान तो प्रत्यक्ष है और 'वह' अंशका ग्रहण करनेवाला ज्ञान स्मरण है, इस तरह ये दो ज्ञान हैं। अतएव यदि एकत्वविषयक ज्ञान हो भी तो वह भ्रान्त है—अप्रमाण है। इसके विपरीत न्याय वैशेषिक और मीमांसक जो कि स्थिरवादी हैं, एकत्व विषयक ज्ञानको प्रत्यभिज्ञानात्मक प्रमाण तो मानते हैं। पर वे उस ज्ञानको स्वतन्त्र प्रमाण न मानकर प्रत्यक्ष प्रमाण स्वीकार करते हैं[2]। जैनदर्शनका मन्तव्य है[3] कि प्रत्यभिज्ञान न तो बौद्धोंकी तरह अप्रमाण

---

१ "तत्र च तदित्यतीतप्रतिभासस्य स्मरणरूपत्वात्, इदमिति संवेदनस्य प्रत्यक्षरूपत्वात् संवेदनद्वितयमेतत् तादृशमेवेदमिति स्मरणप्रत्यक्षसंवेदनद्वितयवत्। ततो नैकज्ञानं प्रत्यभिज्ञाख्यं प्रतिपद्यमानं सम्भवति।"—प्रमाणप० पृ० ६६। २ देखो, न्यायदी० पृ० ५८ का फुटनोट। ३ "स्मरणप्रत्यक्षजन्यस्य पूर्वोत्तरविवर्तवर्त्येकद्रव्यविषयस्य प्रत्यभिज्ञानस्यैकस्य सुप्रतीतत्वात्। न हि तदिति स्मरणं तथाविधद्रव्यव्यवसायात्मकं तस्यातीत

है और न न्याय वैशेषिक आदिकी तरह प्रत्यक्ष प्रमाण ही है। किन्तु वह प्रत्यक्ष और स्मरणके अनन्तर उत्पन्न होनेवाला और पूर्व तथा उत्तर पर्यायोंमें रहनेवाले वास्तविक एकत्व, सादृश्य आदिका विषय करनेवाला स्वतन्त्र ही परोक्ष प्रमाणविशेष है। प्रत्यक्ष तो मात्र वर्तमान पर्यायका ही विषय करता है और स्मरण अतीत पर्यायको ग्रहण करता है। अतः उभयपर्यायवर्ती एकत्वादिको जाननेवाला सङ्कलनात्मक (जोड़रूप) प्रत्यभिज्ञान नामका जुदा ही प्रमाण है। यदि पूर्वोत्तरपर्यायव्यापी एकत्वका अपलाप किया जावेगा तो कहीं भी एकत्वका प्रत्यय न होनेसे एक सन्तानकी भी सिद्धि नहीं हो सकेगी। अतः प्रत्यभिज्ञानका विषय एकत्वादिक वास्तविक होनेसे वह प्रमाण ही है—अप्रमाण नहीं। और विशद प्रतिभास न होनेसे उसे प्रत्यक्ष प्रमाण भी नहीं कहा जासकता है। किन्तु अस्पष्ट प्रतीति होनेसे वह परोक्ष प्रमाणका प्रत्यभिज्ञान नामक भेद-विशेष है। इसके एकत्वप्रत्यभिज्ञान, सादृश्यप्रत्यभिज्ञान, वैसादृश्यप्रत्यभिज्ञान आदि अनेक भेद जैनदर्शनमें माने गये हैं। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि आचार्य विद्यानन्दने[1] प्रत्यभिज्ञानके एकत्वप्रत्यभिज्ञान और सादृश्यप्रत्यभिज्ञान ये दो ही भेद बतलाये हैं। लेकिन दूसरे सभी जैनतार्किकोंने उल्लिखित अनेक—दोसे अधिक भेद गिनाये हैं। इसे एक मान्यताभेद ही कहा जासकता है। धर्मभूषणने एकत्व, सादृश्य और वैसादृश्य विषयक तीन प्रत्यभिज्ञानोंको उदाहरणद्वारा कण्ठोक्त कहा है

निवृत्तमात्रगोचरत्वात्। नापीदमिति संवेदनं तस्य वर्तमानविवर्त्तमात्रविषयत्वात्। ताभ्यामुपजन्यं तु सङ्कलनज्ञानं तदनुवादपुरस्सरं द्रव्यं प्रत्यवमृशत् ततोऽन्यदेव प्रत्यभिज्ञानमेकत्वविषयं तदपह्नवे क्वचिदेकान्वयाव्यवस्थानात् सन्तानैकत्वसिद्धिरपि न स्यात्।"—प्रमाणप० पृ० ६६, ७०।

१ देखो, तत्त्वार्थश्लो० पृ० १६०, अष्टस० पृ० २७६, प्रमाणपरी० पृ० ६६।

और यथाप्रतीति अन्य प्रत्यभिज्ञानोंको भी स्वयं जाननेकी सूचना की है। इससे यह मालूम होता है कि प्रत्यभिज्ञानोंकी दो या तीन आदि कोई निश्चित संख्या नहीं है। अकलङ्कदेव[1], माणिक्यनन्दि[2] और लघु अनन्तवीर्यने[3] प्रत्यभिज्ञानके बहुभेदोंको और स्पष्टतया संकेत भी किया है। इस उपर्युक्त विवेचनसे यही फलित होता है कि दर्शन और स्मरणसे उत्पन्न होनेवाले जितने भी संकलनात्मक ज्ञान हैं वे सब प्रत्यभिज्ञान प्रमाण समझना चाहिए। भले ही वे एकसे अधिक क्यों न हों, उन सबका प्रत्यभिज्ञानमें ही अन्तर्भाव हो जाता है। यही कारण है कि नैयायिक जिस सादृश्य विषयक ज्ञानको उपमान नामका अलग प्रमाण मानता है वह जैनदर्शनमें सादृश्यप्रत्यभिज्ञान है। उपमानको पृथक् प्रमाण माननेकी हालतमें वैसादृश्य, प्रतियोगित्व, दूरत्व आदि विषयक ज्ञानोंको भी उसे पृथक् प्रमाण माननेका आपादन किया गया है[4]। परन्तु जैनदर्शनमें इन सबको संकलनात्मक होनेसे प्रत्यभिज्ञानमें ही अन्तर्भाव कर लिया है।

१७ तर्क—

सामान्यतया विचारविशेषका नाम तर्क है। उसे चिन्ता, ऊहा, ऊहापोह आदि भी कहते हैं। इसे प्रायः सभी दर्शनकारोंने माना है। न्यायदर्शनमें वह एक पदार्थान्तररूपसे स्वीकृत किया गया है। तर्कके प्रामाण्य और अप्रामाण्यके सम्बन्धमें न्यायदर्शनका[5] अभिमत है कि तर्क न तो प्रमाणचतु

१ देखो, लघीय० का २१। २ परीक्षामु० ३।५-१०।
३ प्रमेयर० ३-१०।
४ "उपमानं प्रसिद्धार्थसाधर्म्यात् साध्यसाधनम्।
यदि किञ्चिद्विशेषेण प्रमाणान्तरमिष्यते ॥
प्रमितोऽर्थः प्रमाणानां बहुभेदः प्रसज्यते।"—न्यायविनि० का० ४७२।
तथा का० १९,२०। ५ देखो, न्यायसूत्र १।१।१। ६ "तर्को न प्रमाणसंगृहीतो न प्रमाणान्तरमपरिच्छेदकत्वात् प्रमाणविषयविभागात्तु

ह्यके अन्तर्गत कोई प्रमाण है और न प्रमाणान्तर है क्योंकि वह अपरिच्छेदक है। किन्तु परिच्छेदक प्रमाणोंके विषयका विभाजक—युक्तायुक्त विचारक होनेसे उनका वह अनुग्राहक—सहकारी है। तात्पर्य यह कि प्रमाणसे जाना हुआ पदार्थ तर्कके द्वारा पुष्ट होता है। प्रमाण जहाँ पदार्थोंको जानते हैं वहाँ तर्क उनका पोषण करके उनकी प्रमाणता के स्थिरीकरणमें सहायता पहुँचाता है[1]। हम देखते हैं कि न्यायदर्शनमें तर्कको प्रारम्भमें सभी प्रमाणोंमें सहायकरूपसे माना गया है। किन्तु पीछे उदयनाचार्य[2], वर्द्धमानोपाध्याय[3] आदि पिछले नैयायिकोंने विशेषतः अनुमान प्रमाणमें ही व्यभिचारशङ्काके निवर्त्तक और परम्परया व्याप्ति-

प्रमाणानामनुग्राहकः। स प्रमाणानां विषयस्तं विभजते। कः पुनर्विभागः? युक्तायुक्तविचारः। इदं युक्तमिदमयुक्तमिति। यत्तत्र युक्तं भवति तदनुजानाति तत्त्ववधारयति। अनवधारणात् प्रमाणान्तरं न भवति।"—न्यायवा० पृ० १७।

१ "तर्कः प्रमाणसहायो न प्रमाणमिति प्रत्यक्षसिद्धत्वात्।"—न्यायवा० ता०परिशु०पृ० ३२७। 'तथापि तर्कस्यारोपितव्यवस्थितसत्त्वोपाधिकसत्त्वविषयत्वेनानिश्चायकतया प्रमारूपत्वाभावात्। तथा च संशयात्प्रच्युतो निर्णयं चाप्राप्तः तर्क इत्याहुः आचार्याः। संशयो हि दोलायितानेककोटिकः। तर्कस्तु नियतां कोटिमालम्बते।"—तात्पर्यपरिशु० पृ० ३२६। २ "अनभिमतकोटावनिष्टप्रसङ्गेनानियतकोटिसंशयादिनिवृत्तिरूपोऽनुमितिविषयविभागस्तर्केण क्रियते।"—तात्पर्यपरिशु० पृ० ३२५। "तर्कः शङ्कापविमन। यावदाशङ्कं तर्कप्रवृत्तेः। तेन हि वर्त्तमाने नोपाधिकोटौ तदायत्तव्यभिचारकोटौ वाऽनिष्टमुपनयतेच्छा विच्छिद्यते। विच्छिन्नविपक्षेच्छश्च प्रमाता भूयोदर्शनोपलब्धसाहचर्यं लिङ्गमनाकुलोऽधितिष्ठति।"—न्यायकुसु० ३-७। ३ "तर्कसहकृतभूयोदर्शनजसंस्कारसचिवप्रमाणेन व्याप्तिग्रहः।"—न्यायकुसु० प्रकाश० ३-७।

ग्राहकरूपमें तर्कका स्वीकार किया है। तथा व्याप्तिमें ही तर्कका उपयोग बतलाया है[1]। विश्वनाथ पञ्चाननका कहना है[2] कि हेतुम अप्रयोजक-त्वादिकी शङ्काकी निवृत्तिके लिये तर्क अपानत होता है। जहाँ हेतुम अप्रयोजकत्वादिकी शङ्का नहीं होती है वहा तर्क अपादृत भी नहीं होता है। तत्त्वप्रदकार श्रीहर्षखण्डने[3] तो तर्कको अयथार्थानुभव (अप्रमाण) ही बतलाया है। इस तरह न्यायदर्शनमें तर्ककी मान्यता अनेक तरह की है पर उसे प्रमाणरूपमें किसीने भी स्वीकार नहीं किया। बौद्ध तर्कको व्याप्ति ग्राहक मानते तो हैं पर उसे प्रत्यक्षपृष्ठभावी विकल्प कहकर अप्रमाण स्वीकार करते हैं। मीमांसक[4] ऊह नामसे तर्कका प्रमाण मानते हैं।

जैनतार्किक प्रारम्भसे ही तर्कके प्रामाण्यको स्वीकार करते हैं और उसे सकलदेशकाल व्यापी अविनाभावरूप व्याप्तिका ग्राहक मानते आये हैं। व्याप्तिग्रहण न तो प्रत्यक्षसे हो सकता है, क्योंकि वह सम्बद्ध और वर्तमान अर्थको ही ग्रहण करता है और व्याप्ति सर्वदेशकालके उपसंहार पूर्वक होती है। अनुमानसे भी व्याप्तिका ग्रहण सम्भव नहीं है। कारण, प्रकृत अनुमानसे व्याप्तिका ग्रहण माननेपर अन्योन्याश्रय और अन्य अनुमानसे माननेपर अनवस्था दोष आता है। अतः व्याप्तिके ग्रहण करनेके लिये तर्कको प्रमाण मानना आवश्यक एवं अनिवार्य है। धर्मभूषणने भी तर्कको पृथक् प्रमाण सयुक्तिक सिद्ध किया है।

१८ अनुमान—

यद्यपि चार्वाकके सिवाय न्याय वैशेषिक, सांख्य, मीमांसक और बौद्ध सभी दर्शनोंने अनुमानको प्रमाण माना है और उसके स्वार्थानुमान

---

१ "तत्र का व्याप्तिग्रह तर्कोपयोग । न तावत् स्वाभाविकत्वम् ।" —न्यायकुसु० प्रकाश० ३-७। २ देखो, न्यायसूत्रवृत्ति १-१-४०। ३ देखो, तत्त्वस०पृ० १५६। ४ "त्रिविधश्च ऊह मन्त्रसामसंस्कारविषय।" —शाबरभा० ६ १ १।

तथा परार्थानुमान ये दो भेद भी प्राय: सभीने स्वीकार किये हैं। पर लक्षणके विषयमें सबकी एकवाक्यता नहीं है। नैयायिक[1] पाँचरूप हेतुसे अनुमेयके ज्ञानको अथवा अनुमितिकरण (लिङ्गपरामर्श) को अनुमान मानते हैं। वैशेषिक[2], सांख्य[3] और बौद्ध[4] त्रिरूप लिङ्गसे अनुमेयार्थज्ञानको अनुमान कहते हैं। मीमांसक[5] (प्रभाकरके अनुगामी) नियतसम्बन्धैकदर्शनादि चतुष्य कारणों (चतुर्लक्षण लिङ्ग) से साध्यज्ञानका अनुमान वर्णित करते हैं।

जैन दार्शनिक अविनाभावरूप एकलक्षण साधनसे साध्यके ज्ञानको अनुमान प्रतिपादन करते हैं। वास्तवमें जिस हेतुका साध्यके साथ अवि-नाभाव (विना—साध्यके अभावमें—अ—साधनका न—भाव—होना) अर्थात् अन्यथानुपपत्ति निश्चित है उस साध्याविनाभावि हेतुसे जो साध्यका ज्ञान होता है वही अनुमान है। यदि हेतु साध्यके साथ अविनाभूत नहीं है

---

१ देखो, न्यायवार्त्तिक १-५। २ "लिङ्गदर्शनात् सञ्जायमानं लैङ्गिकम्। लिङ्गं पुनः—यदनुमेयेन सम्बद्धं प्रसिद्धं च तदन्विते तदभावे च नास्त्येव तल्लिङ्गमनुमापकम्॥ यदनुमेयेनार्थेन देशविशेषे कालविशेषे वा सहचरितमनुमेयधर्मान्विते चान्यत्र सर्वस्मिन्नेकदेशे वा प्रसिद्धमनुमेयविपरीते च सर्वस्मिन् प्रमाणतोऽसदेव तदप्रसिद्धार्थस्यानुमापकं लिङ्गं भवतीति।"—प्रशस्तपा० भा० पृ० १००। ३ माठरवृ० का० ५। ४ "अनुमानं लिङ्गादर्थदर्शनम्। लिङ्गं पुनस्त्रिरूपमुक्तम्। तस्माद्यदनुमेयेऽर्थे ज्ञानमुत्पद्यतेऽग्निरत्र अनित्यः शब्द इति वा तदनुमानम्।"—न्यायप्र० पृ० ७। ५ "ज्ञातसम्बन्धनियमस्यैकदेशस्य दर्शनात्। एकदेशान्तरे बुद्धिरनुमानमबाधिते॥ तस्मात्पूर्वस्मिन्ननुमानकारणपरम्पराम्—नियतसम्बन्धैकदेशदर्शनं सम्बन्धनियमस्मरणं चाबाधितविषयत्वं चे[illegible] —पृ० ६४,७६।

विपक्षव्यावृत्ति इन तीन रूपोंका स्पष्ट प्रतिपादन एवं समर्थन है और माठरने अपनी साख्यकारिकावृत्तिमें उनका निर्देश किया है। कुछ भी हो, यह अवश्य है कि त्रिरूप लिङ्गको वैशेषिक, सांख्य और बौद्ध तीनोंने स्वीकार किया है।

नैयायिक[1] पूर्वोक्त तीन रूपोंमें अबाधितविषयत्व और असत्प्रतिपक्षत्व इन दो रूपोंको और मिलाकर पाँचरूप हेतुका कथन करते हैं। यह त्रैरूप्य और पाँचरूप्यकी मान्यता अति प्रसिद्ध है और जिनका खण्डन मण्डन न्यायग्रन्थोंमें बहुलतया मिलता है। किन्तु इनके अलावा भी हेतुके द्विलक्षण, चतुर्लक्षण और षड्लक्षण एवं एकलक्षणकी मान्यताओंका उल्लेख तर्कग्रन्थोंमें पाया जाता है। इनमें चतुर्लक्षणकी मान्यता सम्भवत मीमांसकोंकी मालूम होती है, जिसका निर्देश प्रसिद्ध मीमांसक विद्वान् प्रभाकरानुयायी शालिकानाथने[2] किया है। उद्योतकर[3] और वाचस्पति मिश्रके[4] अभिप्रायानुसार पञ्चलक्षणकी तरह द्विलक्षण, त्रिलक्षण और

---

१ "गम्यतऽनेनेति लिङ्गम्, तच्च पञ्चलक्षणम्, कानि पुन पञ्चलक्षणानि? पक्षधर्मत्वम्, सपक्षधर्मत्वम्, विपक्षाद्व्यावृत्तिरबाधितविषयत्वमसत्प्रतिपक्षत्व चेति। ... एतै पञ्चभिलक्षणैरुपपन्न लिङ्गमनुमापक भवति।"—न्यायम० पृ० १०१। न्यायकलि० पृ० २। न्यायवा० ता० पृ० १७१। २ देखो, प्रस्तावना पृ० ४५ का फुटनोट। ३ "साध्ये व्यापकत्वम्, उदाहरणे चासम्भव। एव द्विलक्षणस्त्रिलक्षणश्च हेतुलभ्यते।"—न्यायवा० पृ० ११६। "च शब्दात् प्रत्यक्षागमाविरुद्ध चेत्येन चतुर्लक्षण पञ्चलक्षणमनुमानमिति।"—न्यायवा० पृ०४६। ४"एतदुक्त भवति, अबाधितविषयमसत्प्रतिपक्ष पूर्ववदिति ध्रुव कृत्वा शेषवदित्येका विधा, सामान्यतोदृष्टमिति द्वितीया, शेषवत्सामान्यतोदृष्टमिति तृतीया, तदेव त्रिविधमनुमानम्। तत्र चतुर्लक्षण द्वयम्। एक पञ्चलक्षणमिति।"—न्यायवा० ता० पृ० १७४।

चतुर्लक्षणकी मान्यताएँ नैयायिकोंकी ज्ञात होती हैं। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि जयन्तभट्टने[1] पञ्चलक्षण हेतुका ही समर्थन किया है, उन्होंने अपञ्चलक्षणका हेतु नहीं माना। पिछले नैयायिक शङ्करमिश्रने[2] हेतुकी गमकतामें जितने रूप प्रयोजक एवं उपयोगी हों उतने रूपोंको हेतु लक्षण स्वीकार किया है और इस तरह उन्होंने अन्वयव्यतिरेकी हेतुमें पाँच और केवलान्वयी तथा केवलव्यतिरेकी हेतुओंमें चार ही रूप गमकतोपयोगी बतलाये हैं। यहाँ एक खास बात और ध्यान देनेकी है वह यह कि जिस अविनाभावको जैनतार्किकोंने हेतुका लक्षण प्रतिपादन किया है, उसे जयन्तभट्ट[3] और वाचस्पतिने[4] पञ्च लक्षणोंमें समाप्त माना है। अर्थात् अविनाभावको पञ्चलक्षणरूप प्रकट किया है। वाचस्पतिने तो अकेले अविनाभावके द्वारा ही सर्व रूपोंके ग्रहण होजानेपर जोर दिया है, पर वे अपनी पञ्चलक्षण या चार लक्षणवाली नैयायिक परम्पराके मोहको

---

१ "केवलान्वयी हेतुर्नास्त्येव अपञ्चलक्षणस्य हेतुत्वाभावात्। केवलव्यतिरेकी तु क्वचिद् विषयेऽन्वयव्यतिरेकमूलं प्रवर्तते नात्यन्तमन्वयराह्य।"—न्यायकलि० पृ० १०। २ "केवलान्वयिसाध्यको हेतुः केवलान्वयी। अस्य च पक्षसत्त्वसपक्षसत्त्वाबाधितासत्प्रतिपक्षितत्वानि चत्वारि रूपाणि गमकत्वौपयिकानि। अन्वयव्यतिरेकिणस्तु हेतोर्विपक्षासत्वेन सह पञ्च। केवलव्यतिरेकिणः सपक्षसत्त्वव्यतिरेकेण चत्वारि। तथा च यस्य हेतोर्यावन्ति रूपाणि गमकतौपयिकानि स हेतुः।"—वैशेषि० उप० पृ० ६७। ३ "एतेषु पञ्चलक्षणेषु अविनाभावः समाप्यते। अविनाभावो व्याप्तिर्नियमः प्रतिबन्धः साध्याविनाभावित्वमित्यर्थः।"—न्यायकलि० पृ० २। ४ "यद्यप्यविनाभावः पञ्चसु चतुर्षु वा रूपेषु लिङ्गस्य समाप्यते इत्यविनाभावेनैव सर्वाणि लिङ्गरूपाणि संगृह्यन्ते, तथापीह प्रसिद्धसच्छब्दाभ्यां द्वयो संग्रहे गोबलीवर्दन्यायेन तत्परित्यज्य विपक्षव्यतिरेकासत्प्रतिपक्षत्वाबाधितविषयत्वानि संगृह्णाति।"—न्यायवा० ता० पृ० १७८।

त्याग नहीं कर सके। इस तरह नैयायिकोंके यहाँ कोई एक निश्चित पक्ष रहा मालूम नहीं होता। हाँ, उनका पाँचरूप हेतुलक्षण अधिक एवं मुख्य प्रसिद्ध रहा और इसीलिये उसीका खण्डन दूसरे तार्किकोंने किया है।

बौद्ध विद्वान् अर्चटने[1] नैयायिक और मीमांसकोंके नामसे हेतुके पञ्चलक्षणोंके साथ ज्ञातत्वको मिलाकर षड्लक्षण मान्यताका भी उल्लेख किया है। यद्यपि यह षड्लक्षणवाली मान्यता न तो नैयायिकोंके यहाँ उपलब्ध होती है और न मीमांसकोंके यहाँ ही पाई जाती है फिर भी सम्भव है कि अर्चटके सामने किसी नैयायिक या मीमांसक आदिका हेतुको षड्लक्षण माननेका पक्ष रहा हो और जिसका उल्लेख उन्होंने किया है। यह भी सम्भव है कि प्राचीन नैयायिकोंने जो ज्ञायमान लिङ्गको और भाट्टोंने ज्ञातताको अनुमितिमें कारण माना है और जिसकी आलोचना विश्वनाथ पञ्चाननने[2] की है उसीका उल्लेख अर्चटने किया हो।

एकलक्षणकी मान्यता असन्दिग्धरूपसे जैन विद्वानोंकी है, जो अविनाभाव या अन्यथानुपपत्तिरूप है और अकलङ्कदेवके भी पहिलेसे चली आ रही है। उसका मूल सम्भवतः समन्तभद्रस्वामीके 'सधर्मणैव साध्यस्य साधर्म्यादविरोधतः' (आप्तमी० का० १०६) इस वाक्यके 'अविरोधतः'

---

१ "षड्लक्षणो हेतुरित्यपरे नैयायिकमीमांसकादयो मन्यन्ते। कानि पुनः षड्रूपाणि हेतोस्तैरिष्यन्ते इत्याह—त्रीणि चैतानि पक्षधर्मान्वयव्यतिरेकाख्यानि, तथा अबाधितविषयत्वं चतुर्थं रूपम्, तथा ज्ञातत्वं च ज्ञानविषयत्वं च, नह्यज्ञातो हेतुः स्वसत्तामात्रेण गमको युक्त इति।"—हेतुबि० टी० पृ० १९४ B। २ "प्राचीनास्तु व्याप्यत्वेन ज्ञायमानं लिङ्गमनुमितिकरणमिति वदन्ति। तद्दूषयति अनुमायां ज्ञायमानं लिङ्गं तु करणं न हि।"—सि० मु० पृ० ५०। "भाट्टानां मते ज्ञानमतीन्द्रियम्। ज्ञानजन्या ज्ञातता प्रत्यक्षा तया ज्ञानमनुमीयते।"—सि० मु० पृ० ११६।

पद्यमें सगृहित है। अकलङ्कदेवने[1] उसका वैसा विवरण भी किया है। और विद्यानन्दने[2] तो उसे स्पष्टत हेतुलक्षणका ही प्रतिपादक कहा है। अकलङ्कसे पहिले एक पात्रकेशरी या पात्रस्वामी नामके प्रसिद्ध जैनाचार्य भी हागये हैं जिन्होने त्रैरूप्यका कदर्थन करनेके लिये 'त्रिलक्षणकदर्थन' नामक ग्रन्थ रचा है और हेतुका एकमात्र 'अन्यथानुपपन्नत्व' लक्षण स्थिर किया है। उनके उत्तरवर्ती सिद्धसेन[3] अकलङ्क, वीरसेन[4], कुमारनन्दि, विद्यानन्द, अनन्तवीर्य, प्रभाचन्द्र, वादिराज, वादिदेवसूरि और हेमचन्द्र आदि सभी जैनतार्किकोंने अन्यथानुपपन्नत्व (अविनाभाव) को ही हेतुका लक्षण होनेका सबलताके साथ समर्थन किया है। वस्तुत अविनाभाव ही हेतुकी गमकतामें प्रयोजक है। त्रैरूप्य या पाञ्चरूप्य तो गुरुभूत एव अविनाभावका ही विस्तार हैं। इतना ही नहीं दोनों अव्यापक भी हैं। कृत्तिकोद यादि हेतु पक्षधर्म नहीं हैं फिर भी अविनाभाव रहनेसे गमक देखे जाते हैं। आ० धर्मभूषणने भी त्रैरूप्य और पाञ्चरूप्यकी सोपपत्तिक आलोचना करके 'अन्यथानुपपन्नत्व' को ही हेतुलक्षण सिद्ध किया है और निम्न दो कारिकाओं द्वारा अपने वक्तव्यको पुष्ट किया है—

---

१ "सपक्षेणैव साध्यस्य साधर्म्यादित्यनेन हेतोस्त्रैलक्षण्यम्, अविरोधात् इत्यन्यथानुपपत्ति च दर्शयता केवलस्य त्रिलक्षणस्यासाधनत्वमुक्त तत्पुत्रत्वादिवत्। एकलक्षणस्य तु गमकत्व "नित्यत्वैकान्तपक्षेऽपि विक्रिया नोपपद्यते" इति बहुलमन्यथानुपपत्तेरेव समाश्रयणात्।"—अष्टश० आप्तमी० का० १०६। २ "भगवन्तो हि हेतुलक्षणमेव प्रकाशयन्ति, स्याद्वादस्य प्रकाशितत्वात्।"—अष्टस० पृ० २८९। ३ सिद्धसेनने 'अन्यथानुपपन्नत्व' को 'अन्यथानुपपन्नत्व हेतोर्लक्षणमीरितम्'–(न्यायाव० का० २१) शब्दों द्वारा दोहराया है और 'ईरितम्' शब्दका प्रयोग करके उसकी प्रसिद्धि एव अनुसरण ख्यापित किया है। ४ देखो, धवला दे० प० ८५३।

अन्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र त्रयेण किम्।
नान्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र त्रयेण किम्॥
अन्यथानुपपन्नत्वं यत्र किं तत्र पञ्चभिः।
नान्यथानुपपन्नत्वं यत्र किं तत्र पञ्चभिः॥

इनमें पिछली कारिका आचार्य विद्यानन्दकी स्वोपज्ञ है और वह प्रमाणपरीक्षामें उपलब्ध है। परन्तु पहली कारिका किसकी है? इस सम्बन्धमें यहाँ कुछ विचार किया जाता है।

इसमें सन्देह नहीं कि यह कारिका त्रैरूप्य खण्डनके लिए रची गई है और यह बड़े महत्त्वकी है। विद्यानन्दने अपनी उपर्युक्त कारिका भी इसीके आधारपर पाञ्चरूप्यका खण्डन करनेके लिये बनाई है। इस कारिकाके कर्तृत्वसम्बन्धमें ग्रन्थकारोंका मतभेद है। सिद्धिविनिश्चय-टीकाके कर्ता अनन्तवीर्यने[1] उसका उद्गम सीमन्धरस्वामीसे बतलाया है। प्रभाचन्द्र[2] और वादिराज[3] कहते हैं कि उक्त कारिका सीमन्धरस्वामीके समवसरणसे लाकर पद्मावतीदेवीने पात्रकेशरी अथवा पात्रस्वामीके लिये समर्पित की थी। विद्यानन्द[4] उसे वार्तिककारकी कहते हैं। वादिदेवसूरि[5] और शान्तरक्षित[6] पात्रस्वामीकी प्रकट करते हैं। इस तरह इस कारिकाके कर्तृत्वका अनिर्णय बहुत पुराना है।

देखना यह है कि उसका कर्ता है कौन? उपर्युक्त सभी ग्रन्थकार इसाकी आठवीं शताब्दीसे ११वीं शताब्दीके भीतरके हैं और शान्तरक्षित (७०५-७६३ ई०) सबमें प्राचीन हैं। शान्तरक्षितने पात्रस्वामीके नामसे और भी कितनी ही कारिकाओं तथा पद्यवाक्योंका उल्लेख करके उनका आलोचन किया है। इससे यह निश्चितरूपसे मालूम हो

---

१ सिद्धिवि० टी० पृ० ३००A। २ देखो, गद्यकथाकोशगत पात्रकेशरीकी कथा। ३ न्यायवि० वि०। ४ तत्त्वार्थश्लो० पृ० २०५। ५ स्या० रत्ना० पृ० ५२१। ६ तत्त्वसं० पृ० ४०६।

जाता है कि शांतरक्षितके सामने पात्रस्वामीका कोई ग्रन्थ अवश्य ही रहा है। जैनसाहित्यमें पात्रस्वामीकी दो रचनाएँ मानी जाती हैं—१ त्रिलक्षण कदर्थन और दूसरी पात्रकेशरीस्तोत्र। इनमें दूसरी रचना तो उपलब्ध है, पर पहली रचना उपलब्ध नहीं है। केवल ग्रन्थान्तरों आदिमें उसके उल्लेख मिलते हैं। 'पात्रकेशरीस्तोत्र' एक स्तोत्र ग्रन्थ है और उसमें आप्तस्तुतिके बहाने सिद्धान्तमतका प्रतिपादन है। इसमें पात्रस्वामीके नाम से शांतरक्षितके द्वारा तत्त्वसंग्रहमें उद्धृत कारिकाएँ, पद, वाक्यादि कोई नहीं पाये जाते। अतः यही सम्भव है कि वे त्रिलक्षणकदर्थनके हों, क्योंकि प्रथम तो ग्रन्थका नाम ही यह बतलाता है कि उसमें त्रिलक्षणका कदर्थन-खण्डन किया गया है। दूसरे, पात्रस्वामीकी अन्य तीसरी आदि कोई रचना नहीं सुनी जाती, जिसके वे कारिकादि सम्भावनास्पद होते। तीसरे, अनन्तवीर्य-की चर्चासे मालूम होता है कि उस समय एक आचार्यपरम्परा ऐसी भी थी, जो 'अन्यथानुपपत्ति' वार्त्तिकको त्रिलक्षणकदर्थनका बतलाती थी। चौथे, वादिराजके[1] उल्लेख और श्रवणबेलगोलाकी मल्लिषेणप्रशस्तिगत पात्रकेशरीविषयक प्रशंसापद्य[2] से भी उक्त वार्त्तिकादि त्रिलक्षणकदर्थनके जान पड़ते हैं। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि पात्रकेशरी नामके एक ही विद्वान् जैन साहित्यमें माने जाते हैं और जो दिग्नाग (४२५ ई०)के उत्तरवर्ती एवं अकलङ्कके पूर्वकालीन हैं। अकलङ्कने उक्त वार्त्तिकको न्याय विनिश्चय (का० ३२३ के रूप) में दिया है और सिद्धिविनिश्चयके 'हेतु लक्षणसिद्धि' नामक छठवें प्रस्तावके आरम्भमें उसे स्वामीका 'अमलालीढ पद' कहा है। अकलङ्कदेव शान्तरक्षितके[3] समकालीन हैं। और इसलिये

---

१ देखो, न्यायवि० वि० । २ "महिमा स पात्रकेशरिगुरोः परं भवति यस्य भक्त्यासीत्। पद्मावती सहाया त्रिलक्षणकदर्थनं कर्तुम् ॥" ३ शान्तरक्षितका समय ७०५ से ७६२ और अकलङ्कदेवका समय ७२० से ७८० ई० ना । ... का प्र० पृ० ३२।

यह कहा जा सकता है कि पात्रस्वामीकी जो रचना (त्रिलक्षणकदर्थन) शान्तरक्षितके सामने रही वह अकलङ्कदेवके भी सामने अवश्य रही होगी। अतः यह अनुमान लगाया जा सकता है कि बौद्ध विद्वान् शान्तरक्षितके लिये जो उक्त वार्त्तिकका कर्त्ता निर्भ्रान्तरूपसे पात्रस्वामी विवक्षित है वही अकलङ्कदेवको 'स्वामी' पदसे अभिप्रेत है। इसलिये स्वामी तथा 'अन्यथानुपपन्नत्व' पद (वार्त्तिक) का सहभाव और शान्तरक्षितके सुपरिचित उल्लेख इस बातको माननेके लिये हमें सहायता करते हैं कि उपर्युक्त पहली कारिका पात्रस्वामीकी ही होनी चाहिए। अकलङ्क और शान्तरक्षितके उल्लेखोंके बाद विद्यानन्दका उल्लेख आता है जिसके द्वारा उन्होंने उक्त वार्त्तिकको वार्त्तिककारका बतलाया है। यह वार्त्तिककार राजवार्त्तिककार अकलङ्कदेव मालूम नहीं होते[1] क्योंकि उक्त वार्त्तिक (कारिका) राजवार्त्तिकमें नहीं है, न्यायविनिश्चयमें है। विद्यानन्दने राजवार्त्तिकके पदवाक्यादिको ही राजवार्त्तिककार (तत्त्वार्थवार्त्तिककार)के नामसे उद्धृत किया है, न्यायविनिश्चय आदिके नहीं। अतः विद्यानन्दको 'वार्त्तिककार' पदसे 'अन्यथानुपपत्ति' वार्त्तिकके कर्त्ता वार्त्तिककार—पात्रस्वामी ही अभिप्रेत हैं। यद्यपि वार्त्तिककारसे न्यायविनिश्चयकार अकलङ्कदेवका ग्रहण किया जासकता है, क्योंकि न्यायविनिश्चयमें वह वार्त्तिक मूलरूपमें उपलब्ध है, किन्तु विद्यानन्दने न्यायविनिश्चयके पदवाक्यादिको 'न्यायविनिश्चय' के नामसे अथवा 'तदुक्तमकलङ्कदेवैः' आदिरूपसे ही सर्वत्र उद्धृत किया है। अतः वार्त्तिककारसे पात्रस्वामी ही विद्यानन्दको विवक्षित जान पड़ते हैं। यह हो सकता है कि वे 'पात्रस्वामी' नामकी अपेक्षा वार्त्तिक और वार्त्तिककार नामसे अधिक परिचित होंगे, पर उनका अभिप्राय उसे राजवार्त्तिककारके कहनेका तो प्रतीत नहीं होता।

अब अनन्तवीर्य और प्रभाचन्द्र तथा वादिराजके उल्लेख आते हैं।

---

[1] कुछ विद्वान् वार्त्तिककारसे राजवार्त्तिककारका ग्रहण करते हैं। देखो, न्यायकुमु० प्र० प्र० पृ० ७६ और अकलङ्क० टि० पृ० १६४।

सो वे मान्यताभेद या आचार्यपरम्पराश्रुतिको लेकर हैं। उन्हें न तो मिथ्या कहा जासकता है और न विरुद्ध। हो सकता है कि पात्रस्वामीने अपने इष्ट देव सीमन्धरस्वामीने स्मरणपूर्वक और पद्मावती देवीकी सहायतासे उक्त महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट अन्यथानुपपन्नत्व—निर्दोष पद (वार्तिक) की रचना की होगी और इस तरहपर अनन्तवीर्य आदि आचार्योंने कर्तृत्व विषयक अपनी अपनी परिचितिके अनुसार उक्त उल्लेख किये हैं। यह कोई असम्बद्ध, काल्पनिक एवं अभिनव बात नहीं है। दिगम्बर परम्परामें ही नहीं श्वेताम्बर परम्परा, वैदिक और बौद्ध सभी भारतीय परम्पराओंमें है। समस्त द्वादशाङ्ग श्रुत, मनःपर्यय आदि ज्ञान, विभिन्न विभूतियाँ, मन्त्रसिद्धि, ग्रन्थसमाप्ति, सङ्कटनिवृत्ति आदि कार्य परमात्म-स्मरण, आत्मविशुद्धि, तपोविशेष, देवादि-साहाय्य आदि यथोचित कारणोंसे होते हुए माने गये हैं। अतः ऐसी बातोंके उल्लेखोंको बिना परीक्षाके एकदम अन्धभक्ति या काल्पनिक नहीं कहा जासकता। श्वेताम्बर विद्वान् माननीय पं० सुखलालजीका यह लिखना कि "इसके (कारिकाके) प्रभावके कायल अतार्किक भक्तोंने इसकी प्रतिष्ठा मनगढन्त ढङ्गसे बढ़ाई। और यहाँ तक वह बढ़ी कि खुद तर्कग्रन्थ लेखक आचार्य भी उस कल्पित ढङ्गके शिकार बने। इस कारिकाको सीमन्धरस्वामीके मुखमेंसे अन्धभक्तिके कारण जन्म लेना पड़ा। इस कारिकाके सम्भवतः उद्भावक पात्रस्वामी दिगम्बर परम्पराके ही हैं, क्योंकि भक्तिपूर्ण उन मनगढन्त कल्पनाओंकी सृष्टि केवल दिगम्बरीय परम्परा तक ही सीमित है।" (प्रमाणमी० भा० पृ० ८४) केवल अपनी परम्पराका मोह और पक्षग्राहिताके अतिरिक्त कुछ नहीं है। उनकी इन पङ्क्तियों और विचारोंके सम्बन्धमें विशेष कर अन्तिम पङ्क्तिके सम्बन्धमें बहुत कुछ लिखा जासकता है। इस संक्षिप्त स्थानपर हमें उनसे यही कहना है कि निष्पक्ष विचारके स्थानपर एक विद्वान्को निष्पक्ष विचार ही प्रकट करना चाहिए। दूसरोंको भ्रममें डालना एवं स्वयं भ्रामक प्रवृत्ति करना ठीक नहीं है।

२१ हेतु भेद—

दार्शनिक परम्परामें सर्वप्रथम कणादने[1] हेतुके भेदोंको गिनाया है। उन्होंने हेतुके पाँच भेद प्रदर्शित किये हैं। किन्तु टीकाकार प्रशस्तपाद[2] उन्हें निदर्शन मात्र मानते हैं 'पाँच ही हैं' ऐसा अवधारण नहीं बतलाते। इससे यह प्रतीत होता है कि वैशेषिक दर्शनमें हेतुके पाँचसे भी अधिक भेद स्वीकृत किये गये हैं। न्यायदर्शनके प्रवर्तक गौतमने[3] और सांख्य कारिकाकार ईश्वरकृष्णने पूर्ववत्, शेषवत् तथा सामान्यतोदृष्ट ये तीन भेद कहे हैं। मीमांसक हेतुके कितने भेद मानते हैं, यह मालूम नहीं हो सका। बौद्ध दर्शनमें[4] स्वभाव, कार्य और अनुपलब्धि ये तीन भेद हेतुके बतलाये हैं। तथा अनुपलब्धिके ग्यारह भेद किये हैं[5]। इनमें प्रथमके दो हेतुओं को विधिसाधक और अन्तिम अनुपलब्धि हेतुको निषेधसाधक ही वर्णित किया है[6]।

जैनदर्शनके उपलब्ध साहित्यमें हेतुओंके भेद सबसे पहले अकलङ्कदेव

---

१ "अस्येदं कार्यं कारणं संयोगि विरोधि समवायि चेति लैङ्गिकम्।" —वैशेषि० सू० ६ २-१। २ "शास्त्रे कार्यादिग्रहणं निदर्शनार्थं कृतं नावधारणार्थम्। कस्मात्? व्यतिरेकदर्शनात्। तद्यथा—अध्वर्युरोंश्रावयन् व्यवहितस्य हेतुर्लिङ्गम् चन्द्रोदय समुद्रवृद्धेः कुमुदविकाशस्य च जलप्रसादोऽगस्त्योदयस्येति। एवमादि तत्सर्वमस्येदमिति सम्बन्धमात्रवचनात् सिद्धम्।"—प्रशस्तपा० पृ० १०४। ३ "अथ तत्पूर्वकं त्रिविधमनुमानं पूर्ववच्छेषवत्सामान्यतोदृष्टं च।"—न्यायसू० १-१५। ४ "त्रीण्येव लिङ्गानि" "अनुपलब्धि स्वभावकार्ये चेति।"—न्यायबि० पृ० ३५। ५ "स च प्रयोगभेदादेकादशप्रकारः।"—न्यायबि० पृ० ४७। ६ "अत्र द्वौ वस्तुसाधनौ" "एकः प्रतिषेधहेतुः"—न्यायबि० पृ० ३६।

के प्रमाणसंग्रहमें मिलते हैं। उन्होंने[1] सद्भावसाधक ६ और सद्भावप्रतिषेधक ३ इस तरह नौ उपलब्धियों तथा असद्भावसाधक ६ अनुपलब्धियोंका वर्णन करके इनके और भी अवान्तर भेदोंका संकेत करके इन्हींमें अन्तर्भाव हो जानेका निर्देश किया है। साथ ही उन्होंने धर्मकीर्त्तिके इस कथनका कि 'स्वभाव और कार्यहेतु भावसाधक ही हैं तथा अनुपलब्धि ही अभावसाधक है' निरास करके उपलब्धिरूप स्वभाव और कार्य हेतुको भी अभावसाधक सिद्ध किया है[2]। अकलङ्कदेवके इसी मन्तव्यको लेकर माणिक्यनन्दि[3], विद्यानन्द[4] तथा वादिदेवसूरिने[5] उपलब्धि और अनुपलब्धिरूपसे समस्त हेतुओंका संग्रह करके दोनोंको विधि और निषेधसाधक बतलाया है और उनके उत्तरभेदोंको परिगणित किया है। आ० धर्मभूषणने भी इसी अपनी पूर्वपरम्पराके अनुसार कतिपय हेतु भेदोंका वर्णन किया है। न्यायदीपिका और परीक्षामुखके अनुसार हेतुओंके निम्न भेद हैं[6] —

---

१ "सत्प्रवृत्तिनिमित्तानि स्वसम्बन्धोपलब्धयः ॥
तथाऽसद्व्यवहाराय स्वभावानुपलब्धयः ।
सद्वृत्तिप्रतिषेधाय तद्विरुद्धोपलब्धयः ॥"—प्रमाणसं० का० २९, ३०। तथा इनकी स्वोपज्ञवृत्ति देखें।

२ "नानुपलब्धिरेव अभावसाधनी ।"—प्रमाणसं०का० ३०।

३ देखो, परीक्षामुख ३-५७ से ३-९३ तकके सूत्र। ४ देखो प्रमाणपरी० पृ० ७२ ७४। ५ देखो, प्रमाणनयतत्त्वालोकका तृतीय परिच्छेद। ६ प्रमाणपरीक्षानुसार हेतुभेदोंको वहींसे जानना चाहिए

[न्यायदीपिकाके अनुसार]
हेतु
१ २
विधिरूप
प्रतिषेधरूप
१ २ १ २
विधिसाधक
प्रतिषेधसाधक
विधिसा०
प्रतिषेधसाधक
१ २ ३ ४ ५ ६
कार्यरूप कारणरूप विशेषरूप पूर्वचर उत्तरचर सहचर
=६+१+ =८
[परीक्षामुखके अनुसार]
हेतु
१ २
उपलब्धि
अनुपलब्धि
१ २ २ २
विरुद्धो०
अविरुद्धो०
विरुद्धानु०
अविरुद्धानु०
१ २ ३ ४ ५ ६
व्या० कार्य कार० पूर्व० उ० सह०
१ २ ३
कार्य कारण स्वभाव
१ २ ३ ४ ५ ६
व्याप्य कार्य कारण पूर्व० उ० सह०
१ २ ३ ४ ५ ६ ७
स्वभा व्याप कार्य कारण पूर्वच उत्तर सहचर
=६+६+३+७=२२

१२ हेत्वाभास—

नैयायिक[1] हेतुके पाँच रूप मानते हैं। अत उन्होंने एक एक रूपके अभावमें पाँच हेत्वाभास माने हैं। वैशेषिक[2] और बौद्ध[3] हेतुके तीन रूप स्वीकार करते हैं। इसलिये उन्होंने तीन हेत्वाभास माने हैं। पक्षधर्मत्वके अभावमें असिद्ध, सपक्षसत्त्वके अभावसे विरुद्ध और विपक्षासत्त्वके अभावसे सन्दिग्ध अथवा अनैकान्तिक ये तीन हेत्वाभास वर्णित किये हैं। साख्य[4] भी चूंकि हेतुका त्रैरूप्य मानते हैं। अत उन्होंने भी मुख्यतया तीन ही हेत्वाभास स्वीकृत किये हैं। प्रशस्तपादने[5] एक अनध्यवसित नामके चौथे हेत्वाभासका भी निर्देश किया है जो नया ही मालूम होता है और प्रशस्तपादका स्वोपज्ञ है क्योंकि वह न तो न्यायदर्शनके पाँच हेत्वाभासोंमें है, न कणादकथित तीन हेत्वाभासोंमें है और न उनके पूर्ववर्ती किसी साख्य या बौद्ध विद्वान्‌ने बतलाया है। हाँ, दिग्नागने[6] अनैकान्तिक हेत्वाभासके भेदोंमें एक विरुद्धाव्यभिचारी जरूर बतलाया है जिसके न्याय

---

१ "सव्यभिचारविरुद्धप्रकरणसमसाध्यसमातीतकाला हेत्वाभासा ।"—न्यायसू० १-२-४। "हेतो पञ्च लक्षणानि पक्षधर्मत्वादीनि उक्तानि। तेषामेकैकापाये पंच हेत्वाभासा भवन्ति। असिद्ध विरुद्ध-अनैकान्तिक-कालात्ययापदिष्ट प्रकरणसमा ।"—न्यायकलिका पृ० १४। न्यायम० पृ० १०१। २ "अप्रसिद्धोऽनपदेशोऽसन् सन्दिग्धश्चानपदेश ।"—वैशे० सू० ३-१-१५। "यदनुमेयेन सम्बद्धं प्रसिद्ध च तदन्विते। तदभावे च नास्त्येव तल्लिङ्गमनुमापकम् ॥ विपरीतमतो यत् स्यादेकेन द्वितयेन वा। विरुद्धासिद्ध-सन्दिग्धमलिङ्ग काश्यपोऽब्रवीत् ॥"—प्रशस्त० पृ० १००। ३ "असिद्धानैकान्तिकविरुद्धा हेत्वाभासा ।"—न्यायप्र० पृ० ३। ४ "अन्ये हेत्वाभासा चतुर्दश असिद्धानैकान्तिकविरुद्धादय ।"—माठरवृ० ५। ५ "एतेनासिद्धविरुद्धसन्दिग्धानध्यवसितवचनानामनपदेशत्वमुक्तं भवति।"—प्रशस्तपा० भा० पृ० ११६। ६ देखो, न्यायप्रवेश पृ० ३।

प्रवेशगत वर्णन और प्रशस्तपादभाष्यगत अनध्यवसितके वर्णनका आशय प्राय एक है और इस लिये प्रशस्तपादने[1] असाधारण कहकर अनध्यवसित हेत्वाभास अथवा विरुद्ध हेत्वाभासका एक भेद बतलाया है। कुछ भी हो, इतना अवश्य है कि प्रशस्तपादने वैशेषिकदर्शन सम्मत तीन हेत्वाभासके अलावा इस चौथे हेत्वाभासकी भी कल्पना की है। अज्ञात नामक हेत्वाभासको भी माननेका एक मत रहा है। हम पहले कह आये हैं कि अर्चटने नैयायिक और मीमांसकोंके नामसे पातत्व सहित षड्लक्षण हेतुका निर्देश किया है। सम्भव है ज्ञातत्वरूपके अभावसे अज्ञातनामका हेत्वाभास भी उन्हीं द्वारा कल्पित हुआ हो। अकलङ्कदेवने[2] इस हेत्वाभासका उल्लेख करके असिद्धमें अन्तर्भाव किया है। उनके अनुगामी माणिक्यनन्दि[3] आदिने भी उसे असिद्ध हेत्वाभासरूपसे उपाहृत किया है।

जैन विद्वान् हेतुका केवल एक ही अन्यथानुपपन्नत्व अन्यथानुपपत्ति रूप मानते हैं। अतः यथार्थमें उनका हेत्वाभास भी एक ही होना चाहिए। इस सम्बन्धमें सूक्ष्मप्रज्ञ अकलङ्कदेवने[4] बड़ी योग्यतासे उत्तर दिया है। वे कहते हैं कि वस्तुतः हेत्वाभास एक ही है और वह है अकिञ्चित्कर अथवा असिद्ध। विरुद्ध, असिद्ध और सन्दिग्ध ये उसीके विस्तार हैं। चूँकि अन्यथानुपपत्तिका अभाव अनेक प्रकारसे होता है इस लिये हेत्वा

---

१ देखो, प्रशस्तपा० भा० ११८, ११९।

२ "साध्येऽपि कृतकत्वादि अज्ञातं साधनाभासं। तदसिद्धलक्षणेन अपरो हेत्वाभासः, सतः साध्यार्थासम्भवाभावनियमासिद्धेः अर्थज्ञाननिवृत्ति-लक्षणत्वात्।"—प्रमाणस० स्वो० का ४४। ३ परीक्षामु० ६-२७, २८।
४ 'साधनं प्रकृताभावेऽनुपपन्नं ततोऽपरे। विरुद्धासिद्धसन्दिग्धा अकिञ्चित्करविस्तराः।"—न्यायवि० का० २६९। "असिद्धश्चाक्षुषत्वादिः शब्दानित्यत्वसाधने। अन्यथासम्भवाभावभेदात्स बहुधा स्मृतः॥ विरुद्धासिद्धसन्दिग्धैरकिञ्चित्करविस्तरैः।"—न्यायवि० का० ३६५, ३६६।

भासके असिद्ध, विरुद्ध, व्यभिचारी और अकिञ्चित्कर ये चार भी भेद हो सकते हैं या अकिञ्चित्करको सामान्य और शेषको उसके भेद मानकर तीन हेत्वाभास भी कहे जा सकते हैं। अतएव जो हेतु त्रिलक्षणात्मक होनेपर भी अन्यथानुपपन्नत्वसे रहित हैं वे सब अकिञ्चित्कर हेत्वाभास हैं[1]। यहाँ यह प्रश्न हो सकता है कि अकलङ्कदेवने पूर्वसे अप्रसिद्ध इस अकिञ्चित्कर हेत्वाभासकी कल्पना कहाँसे की है? क्योंकि यह न तो कणाद और दिग्नाग कथित तीन हेत्वाभासोंमें है और न गौतमस्वीकृत पाँच हेत्वाभासोंमें है? श्रद्धेय पं० सुखलालजीका कहना है[2] कि 'जयन्त भट्टने अपनी न्यायमञ्जरी (पृ० १६३)में अन्यथासिद्धापरपर्याय अप्रयोजक नामक एक नये हेत्वाभासको माननेका पूर्व पक्ष किया है जो वस्तुतः जयन्तके पहिले कभीसे चला आता हुआ जान पड़ता है। अतएव यह सम्भव है कि अप्रयोजक या अन्यथासिद्ध माननेवाले किसी पूर्ववर्ती तार्किक ग्रन्थके आधारपर ही अकलङ्कने अकिञ्चित्कर हेत्वाभासकी अपने ढङ्गसे नई सृष्टि की हो।' निःसन्देह पण्डितजीकी सम्भावना और समाधान दोनों हृदयको लगते हैं। जयन्तभट्टने[3] इस हेत्वाभासके सम्बन्धमें कुछ विस्तार से बहुत सुन्दर विचार किया है। वे[4] पहले तो उसे विचार करते करते

---

१ "अन्यथानुपपन्नत्वरहिता ये त्रिलक्षणाः।

अकिञ्चित्कारकान् सर्वांस्तान् वयं सङ्गिरामहे॥"—न्यायवि० का० ३७०। २ प्रमाणमी० भा० टि० पृ० ६७। ३ देखो, न्यायम० पृ० १६३-१६६ (प्रमेयप्रकरण)। ४ 'आस्तां तर्हि षष्ठ एवाय हेत्वाभासः सम्यग् हेतुतां तावदप्रयोजकत्वेन नाश्नुते एव न च तेष्वन्तर्भवनाति बलात् षष्ठ एवावतिष्ठते। कथं विभागसूत्रमिति चेत्, आलनमिष्याम इदं सूत्रम्, अनतिक्रामन्तः सुस्पष्टमपीममप्रयोजकं हेत्वाभासमपह्नुवीमहि न चैव युक्तमतो वरं सूत्रातिक्रमो न वस्त्वतिक्रम इति। ××× "तद्वेनमन्यथासू-

साहसपूर्वक छठवाँ ही हेत्वाभास मान लेते हैं और यहाँ तक कह देते हैं कि विभागसूत्रका उल्लंघन होता है तो होने दो सुस्पष्ट दृष्ट अप्रयोजक (अन्यथासिद्ध) हेत्वाभासका अपह्नव नहीं किया जा सकता है और न वस्तुका उल्लंघन। किन्तु पीछे उसे असिद्धवर्गमें ही शामिल कर लेते हैं। अन्तमें 'अथवा'के साथ कहा है कि अन्यथासिद्धत्व (अप्रयोजकत्व) सभी हेत्वाभासवृत्ति सामान्यरूप है, छठवाँ हेत्वाभास नहीं। इसी अन्तिम अभिमतको न्यायकलिका (पृ० १५)में[1] स्थिर रखा है। पण्डितजीकी सम्भावनासे प्रेरणा पाकर जब मैंने 'अन्यथासिद्ध'को पूर्ववर्ती तार्किक ग्रन्थोंमें खोजना प्रारम्भ किया तो मुझे उद्योतकरके न्यायवार्त्तिकमें[2] अन्यथासिद्ध हेत्वाभास मिल गया जिसे उद्योतकरने असिद्धके भेदोंमें गिनाया है। वस्तुतः अन्यथासिद्ध एकप्रकारका अप्रयोजक या अकिञ्चित्कर हेत्वाभास ही है। जो हेतु अपने साध्यको सिद्ध न कर सके उसे अन्यथासिद्ध अथवा अकिञ्चित्कर कहना चाहिए। भले ही वह तीनों अथवा पाँचों रूपोंसे युक्त क्यों न हो। अन्यथासिद्धत्व अन्यथानुपपन्नत्वके अभाव–अन्यथाउपपन्नत्वसे अतिरिक्त कुछ नहीं है। यही वजह है कि अकलङ्कदेवने सवलक्षणसम्पन्न होने पर भी अन्यथानुपपन्नत्वरहित हेतुओंको अकिञ्चित्कर हेत्वाभासकी संज्ञा दी है। अतएव ज्ञात होता है कि उद्योतकरके अन्यथासिद्धत्वमसे ही अकलङ्कने अकिञ्चित्कर हेत्वाभासकी कल्पना की है। आ० माणिक्यनन्दिने इसको चौथे हेत्वाभासके रूपमें वर्णन किया है[3] पर वे उसे हेत्वाभासके

मन्यथासिद्धत्वं नाम रूपमिति न षष्ठोऽयं हेत्वाभासः।"—पृ० १६६।

१ "अप्रयोजकत्वं च सर्वहेत्वाभासानामनुगतं रूपम्। अनित्याः परमाणवो मूर्त्तत्वात् इति सवलक्षणसम्पन्नोऽप्यप्रयोजक एव।" २ "सोऽयमसिद्धस्त्रेधा भवति प्रज्ञापनीयधर्मसमानः, आश्रयासिद्धः, अन्यथासिद्धश्चेति।" —पृ० १७५। ३ परीक्षामुख ६-२१।

लक्षणके विचार समयमें ही हेत्वाभास मानते हैं[1]। वादकालमें नहीं। उस समय तो पक्षमें दोष दिखा देनेसे ही व्युत्पन्नप्रयोगको दूषित बतलाते हैं। तात्पर्य यह कि वे अकिञ्चित्करको स्वतन्त्र हेत्वाभास माननेमें खास जोर भी नहीं देते। श्वेताम्बर विद्वानोंने[2] असिद्धादि पूर्वोक्त तीन ही हेत्वाभास स्वीकृत किये हैं, उन्होंने अकिञ्चित्करको नहीं माना। माणिक्यनन्दिने अकिञ्चित्करको हेत्वाभास माननेकी जो दृष्टि बतलाई है उस दृष्टिसे उसका मानना उचित है। वादिदेवसूरि[3] और यशोविजयने[4] यद्यपि अकिञ्चित्करका खण्डन किया है पर वे उस दृष्टिको मेरे ख्यालमें ओझल कर गये हैं। अन्यथा वे उस दृष्टिसे उसके औचित्यको जरूर स्वीकार करते। आ० धर्मभूषणने अपने पूज्य माणिक्यनन्दिका अनुसरण किया है और उनके निर्देशानुसार अकिञ्चित्करको चौथा हेत्वाभास बताया है।

इस तरह न्यायदीपिकामें आये हुए कुछ विशेष विषयोंपर तुलनात्मक विवेचन किया है। मेरी इच्छा थी कि आगम, नय, सप्तभङ्गी, अनेकान्त आदि शेष विषयोंपर भी इसी प्रकारका कुछ विचार किया जावे पर अपनी शक्ति, साधन, समय और स्थानको देखते हुए उसे स्थगित कर देना पड़ा।

---

१ "लक्षण एवासौ दोषो व्युत्पन्नप्रयोगस्य पक्षदोषेणैव दुष्टत्वात्।" —परीक्षा० ६-३८। २ न्यायाव० का० २१, प्रमाणनय० ६ ४७। ३ स्याद्वादरत्ना० पृ० १२३०। ४ जैनतर्कभा० पृ० १८।

न्यायदीपिकामें उल्लिखित ग्रन्थ और ग्रन्थकार—

आ० धर्मभूषणने अपनी प्रस्तुत रचनामें अनेक ग्रन्थ और ग्रन्थकारोंका उल्लेख किया है तथा उनके कथनसे अपने प्रतिपाद्य विषयको पुष्ट एवं प्रमाणित किया है। अतः यह उपयुक्त जान पड़ता है कि उन ग्रन्थों और ग्रन्थकारोंका यहाँ कुछ परिचय दे दिया जाय। प्रथमतः न्यायदीपिकामें उल्लिखित हुए निम्न जैनेतर ग्रन्थ और ग्रन्थकारोंका परिचय दिया जाता है—

(क) ग्रन्थ—१ न्यायबिन्दु।

(ख) ग्रन्थकार—१ दिग्नाग, २ शालिकानाथ, ३ उदयन और ४ वामन।

न्यायबिन्दु—यह बौद्ध विद्वान् धर्मकीर्तिका रचा हुआ बौद्धन्यायका प्रसिद्ध ग्रन्थ है। इसमें तीन परिच्छेद हैं। प्रथम परिच्छेदमें प्रमाणसामान्यलक्षणका निर्देश, उसके प्रत्यक्ष और अनुमान इन दो भेदोंका स्वीकार एवं उनके लक्षण, प्रत्यक्षके भेद आदिका वर्णन किया गया है। द्वितीय-परिच्छेदमें अनुमानके स्वार्थ, परार्थ भेद, स्वार्थका लक्षण, हेतुका त्रैरूप्य लक्षण और उसके स्वभाव, कार्य तथा अनुपलब्धि इन तीन भेदों आदिका कथन किया है। और तीसरे परिच्छेदमें परार्थ अनुमान, हेत्वाभास, दृष्टान्त, दृष्टान्ताभास आदिका निरूपण किया गया है। न्यायदीपिका पृ० १८ पर इस ग्रन्थके नामोल्लेख पूर्वक दो वाक्यों और पृ० २५ पर इसके 'कल्पनापोढमभ्रान्तम्' प्रत्यक्षलक्षणकी समालोचना की गई है। प्रत्यक्षके इस लक्षणमें जो 'अभ्रान्त' पद निहित है वह खुद धर्मकीर्तिका ही दिया हुआ है। इनके पहले बौद्धपरम्परामें 'कल्पनापोढ' मात्र प्रत्यक्षका लक्षण स्वीकृत था। धर्मकीर्ति बौद्धदर्शनके उन्नायक युगप्रधान थे। इनका अस्तित्व समय ईसाकी सातवीं शताब्दि (६३५ ई०) माना जाता है। ये नालन्दा विश्वविद्यालयके आचार्य धर्मपालके शिष्य

थे। न्यायबिन्दुके अतिरिक्त प्रमाणवार्त्तिक, वादन्याय, हेतुबिन्दु, सन्तानान्तरसिद्धि, प्रमाणविनिश्चय और सम्बन्धपरीक्षा आदि इनके बनाये हुए ग्रन्थ हैं। अभिनव धर्मभूषण न्यायबिन्दु आदिके अच्छे अभ्यासी थे।

१ दिग्नाग—ये बौद्ध सम्प्रदायके प्रमुख तार्किक विद्वानोंमें से हैं। इन्हें बौद्धन्यायका प्रतिष्ठापक होनेका श्रेय प्राप्त है, क्योंकि अधिकांशतः बौद्ध न्यायके सिद्धान्तोंकी नींव इन्होंने डाली थी। इन्होंने न्याय, वैशेषिक और मीमांसा आदि दर्शनोंके मन्तव्योंकी आलोचनास्वरूप और स्वतन्त्ररूप अनेक प्रकरण ग्रन्थ रचे हैं। न्याय प्रवेश, प्रमाणसमुच्चय, प्रमाणसमुच्चय वृत्ति, हेतुचक्रडमरू, आलम्बनपरीक्षा और त्रिकालपरीक्षा आदि ग्रन्थ इनके माने जाते हैं[1]। इनमें न्यायप्रवेश और प्रमाणसमुच्चय मुद्रित भी हो चुके

---

१ उद्योतकर (६०० ई०) ने न्यायवा० पृ० १२८, १६८ पर हेतुवार्त्तिक और हेत्वाभासवार्त्तिक नामके दो ग्रन्थोंका उल्लेख किया है, जो सम्भवतः दिग्नागके ही होना चाहिए, क्योंकि वाचस्पति मिश्रके तात्पर्य टीका (पृ० २८६) गत सन्दर्भको ध्यानसे पढ़नेसे वैसा प्रतीत होता है। न्यायवा० भूमिका पृ० १४१, १४२ पर इनको किसी बौद्ध विद्वान्के प्रकट भी किये हैं। उद्योतकरके पहले बौद्धपरम्परामें सबसे अधिक प्रसिद्ध प्रबल और अनेक ग्रन्थोंका रचनाकार दिग्नाग ही हुआ है जिसका न्याय-वार्त्तिकमें जगह जगह कदर्थन किया गया है।

इन ग्रन्थोंके सम्बन्धमें मैंने माननीय पं० महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्यसे दर्याफ्त किया था। उन्होंने मुझे लिखा है—'दिग्नागके प्रमाणसमुच्चयके अनुमानपरिच्छेदके ही वे श्लोक होने चाहिये जिसे उद्योतकर हेतुवार्त्तिक या हेत्वाभासवार्त्तिक कहते हैं। स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं मालूम होते यही "हेतोस्त्रिष्वपि रूपेषु निर्णयस्तेन वर्णितः" इस कारिकाकी स्ववृत्ति टीका में कर्णकगोमिने लिखा है—"वर्णितः आचार्यदिग्नागेन प्रमाणसमुच्चयादिषु"। सम्भव है इसमें आदि शब्दसे हेतुचक्रडमरूका निर्देश हो।' परन्तु उद्योतकरने जो इस प्रकार लिखा है—"एवं विरुद्धविशेषणविरुद्धविशेष्याश्च

है। न्याय प्रवेशपर तो जैनाचार्य हरिभद्रसूरिकी 'न्यायप्रवेशवृत्ति' नामक टीका है और इस वृत्तिपर भी जैनाचार्य पार्श्वदेव कृत 'न्यायप्रवेशवृत्तिपञ्जिका' नामकी व्याख्या है। दिग्नागका समय ईसाकी चौथी और पाँचवीं शताब्दी (३४५-४२५ ई०) के लगभग है। आ० धर्मभूषणने न्यायदीपिका पृ० ११६ पर इनका नामोल्लेख करके 'न याति' इत्यादि एक कारिका उद्धृत की है, जो सम्भवतः इन्हींके किसी अनुपलब्ध ग्रन्थकी होगी।

द्रष्टव्या। एवं नूदाहरणानि हेत्वाभासवार्त्तिके द्रष्टव्यानि स्वयं चाभ्यूह्यानि" (पृ० १६८)। इससे तो यह मालूम होता है कि यहाँ उद्योतकर किसी 'हेत्वाभासवार्त्तिक' नामक ग्रन्थका ही उल्लेख कर रहे हैं जहाँ 'विरुद्ध' 'विशेषणविरुद्धविशेष्या' के उदाहरण प्रदर्शित किये हैं और वहाँसे जिन्हें देखनेका यहाँ संकेतमात्र किया है। 'हेत्वाभासवार्त्तिके' पदसे कोई कारिका या श्लोक प्रतीत नहीं होता। यदि कोई कारिका या श्लोक होता तो उसे उद्धृत भी किया जा सकता था। अतः 'हेत्वाभासवार्त्तिक' नामका कोई ग्रन्थ रहा हो, ऐसा उक्त उल्लेखसे साफ मालूम होता है।

इसी तरह उद्योतकरके निम्न उल्लेखसे 'हेतुवार्त्तिक' ग्रन्थके भी होने की सम्भावना होती है—"यदपि हेतुवार्त्तिकं ब्रुवाणेनोक्तम्—सप्तिकासम्भवे षट्प्रतिषेधादेकद्विपदपर्युदासेन त्रिलक्षणो हेतुरिति। एतदप्ययुक्तम्" (पृ० १२८)। यहाँ हेतुवार्त्तिककारके जिन शब्दोंको उद्धृत किया है वे गद्यमें हैं। श्लोक या कारिकारूप नहीं हैं। अतः सम्भव है कि न्यायप्रवेशकी तरह 'हेतुवार्त्तिक' गद्यात्मक स्वतन्त्र रचना हो और जिसका भी कणादगोमिने आदि शब्दसे संकेत किया हो। यह भी सम्भव है कि प्रमाणसमुच्चयके अनुमानपरिच्छेदकी स्वोपज्ञ वृत्तिके उक्त पदवाक्यादि हों। और उनको मूल कारिकाओंको हेत्वाभासवार्त्तिक एवं हेतुवार्त्तिक कहकर उल्लेख किया हो। फिर भी जबतक 'हेतुचक्रडमरु' और प्रमाणसमुच्चयका अनुमानपरिच्छेद सामने नहीं आता और दूसरे पुष्ट प्रमाण नहीं मिलते तबतक निश्चयपूर्वक अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

२ शालिकानाथ—ये प्रभाकरमतानुयायी मीमांसक दार्शनिक विद्वानोंमें एक प्रसिद्ध विद्वान् हो गये हैं। इन्होंने प्रभाकर गुरुके सिद्धान्तोंका बड़े जोरके साथ प्रचार और प्रसार किया है। उन (प्रभाकर)के बृहती नामके टीका-ग्रन्थपर, जो प्रसिद्ध मीमांसक शबरस्वामीके शाबरभाष्यकी व्याख्या है, इन्होंने ऋजुविमला नामकी पंजिका लिखी है। प्रभाकरके सिद्धान्तोंका विवरण करनेवाला इनका 'प्रकरणपंजिका' नामका बृहद् ग्रन्थ भी है। ये ईसाकी आठवीं शताब्दीके विद्वान् माने जाते हैं। न्यायदीपिकाकारने पृ० १६ पर इनके नामके साथ 'प्रकरणपंजिका'के कुछ वाक्य उद्धृत किये हैं।

३ उदयन—ये न्यायदर्शनके प्रतिष्ठित आचार्योंमें हैं। नैयायिक परम्परामें ये 'आचार्य'के नामसे विशेष उल्लिखित हैं। जो स्थान बौद्धदर्शनमें धर्मकीर्ति और जैनदर्शनमें विद्यानन्दस्वामीको प्राप्त है वही स्थान न्यायदर्शनमें उदयनाचार्यका है। ये शास्त्रार्थी और प्रतिभाशाली विद्वान् थे। न्यायकुसुमाञ्जलि, आत्मतत्त्वविवेक, लक्षणावली, प्रशस्तपादभाष्यकी टीका किरणावली और वाचस्पति मिश्रकी न्यायवार्तिकतात्पर्यटीकापर लिखी गई तात्पर्यपरिशुद्धि टीका, न्यायपरिशिष्ट नामकी न्यायसूत्रवृत्ति आदि इनके बनाये हुये ग्रन्थ हैं। इन्होंने अपनी लक्षणावली[1] शक सम्वत् ९०६ (९८४ ई०) में समाप्त की है। अतः इनका अस्तित्वकाल दशवीं शताब्दी है। न्यायदीपिका (पृ० २१) में इनके नामोल्लेखके साथ 'न्यायकुसुमाञ्जलि' (४-६)के 'तन्मे प्रमाणं शिवः' वाक्यको उद्धृत किया गया है। और उदयनाचार्यको 'यौगाग्रसर' लिखा है। अभिनव धर्मभूषण इनके न्यायकुसुमाञ्जलि, किरणावली आदि ग्रन्थोंके अच्छे अभ्येता थे। न्यायदी० पृ० ११० पर किरणावली (पृ० २९७,३००,३०१) गत

---

१ "तर्काम्बराङ्कप्रमितेष्वतीतेषु शकान्ततः।
वर्षेषूदयनश्चक्रे सुबोधां लक्षणावलीम् ॥"—लक्षणा० पृ० १३।

निरुपाधिक सम्बन्धरूप व्याप्तिका भी खण्डन किया गया है। यद्यपि किरणावली और न्यायदीपिकागत लक्षणमें कुछ शब्दभेद है। पर दानोंकी रचनाको देखते हुये भिन्न ग्रन्थकारकी रचना प्रतीत नहीं होती। प्रत्युत किरणावलीकारकी ही वह रचना स्पष्ट जान पड़ती है। दूसरी बात यह है, कि अनौपाधिक सम्बन्धको व्याप्ति मानना उदयनाचार्यका मत माना गया है। वैशेषिकदर्शनसूत्रोपस्कार (पृ० ६०) में 'नाप्यनौपाधिक' सम्बन्ध' शब्दोंके साथ पहिले पूर्व पक्षमें अनौपाधिकरूप व्याप्तिलक्षणकी आलोचना करके बादमें उसे ही सिद्धान्तमें स्थापित किया है। यहाँ 'नाप्यनौपाधिक' पर टिप्पण देते हुये टिप्पणकारने 'आचार्यमतं दूषयन्नाह' लिखकर उसे आचार्य (उदयनाचार्य)का मत प्रकट किया है। मैं पहले कह आया हूँ कि उदयन आचार्यके नामसे भी उल्लेखित किये जाते हैं। इससे स्पष्ट मालूम होता है कि अनौपाधिक—निरुपाधिक सम्बन्धको व्याप्ति मानना उदयनाचार्यका सिद्धान्त है और उसीकी न्यायदीपिकाकारने आलोचना की है। उपस्कार और किरणावलीगत व्याप्ति तथा उपाधिके लक्षणसम्बन्धी सन्दर्भ भी शब्दशः एक हैं, जिससे टिप्पणकारके अभिप्रेत 'आचार्य' पदसे उदयनाचार्य ही स्पष्ट ज्ञात होते हैं। यद्यपि प्रशस्तपादभाष्यकी व्योमवती टीकाके रचयिता व्योमशिवाचार्य भी आचार्य कहे जाते हैं, परन्तु उन्होंने व्याप्तिका उक्त लक्षण स्वीकार नहीं किया। बल्कि उन्होंने सहचरित सम्बन्ध अथवा स्वाभाविक सम्बन्धको व्याप्ति मानने की ओर ही सङ्केत किया है[1]। वाचस्पति मिश्रने भी अनौपाधिक सम्बन्धको व्याप्ति न कहकर स्वाभाविक सम्बन्धको व्याप्ति कहा है[2]।

४ वामन—इनका विशेष परिचय यथेष्ट प्रयत्न करनेपर भी मालूम नहीं हो सका। न्यायदीपिकाकारके द्वारा उद्धृत किये गये वाक्यपरसे

---

१ देखो, व्योमवती टीका पृ० ५६३, ५७८। २ देखो, न्यायवार्त्तिकतात्पर्यटीका पृ० १६५, ३४५।

इतना जरूर मालूम हो जाता है कि ये अच्छे ग्रन्थकार एवं प्रभावक विद्वान् हुए हैं। न्यायदीपिका पृ० १२४ पर इनके नामसे उल्लेखपूर्वक इनके किसी ग्रन्थका 'न शास्त्रमसद्द्रव्येष्वर्थवत्' वाक्य उद्धृत किया गया है।

अब जैन ग्रन्थ और ग्रन्थकारोंका संक्षिप्त परिचय दिया जाता है। धर्मभूषणने निम्न जैन ग्रन्थ और ग्रन्थकारोंका उल्लेख किया है —

(क) ग्रन्थ—१ तत्त्वार्थसूत्र, २ आप्तमीमांसा, ३ महाभाष्य, ४ जैनेन्द्रव्याकरण, ५ आप्तमीमांसाविवरण, ६ राजवार्त्तिक और राजवार्त्तिकभाष्य, ७ न्यायविनिश्चय, ८ परीक्षामुख, ९ तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिक तथा भाष्य, १० प्रमाणपरीक्षा, ११ पत्रपरीक्षा, १२ प्रमेयकमलमार्त्तण्ड और १३ प्रमाणनिर्णय।

(ख) ग्रन्थकार— १ स्वामीसमन्तभद्र, २ अकलङ्कदेव, ३ कुमारनन्दि, ४ माणिक्यनन्दि और ५ स्याद्वादविद्यापति(वादिराज)।

१ तत्त्वार्थसूत्र—यह आचार्य उमास्वाति अथवा उमास्वामिकी अमर रचना है। जो थोड़ेसे पाठभेदके साथ जैनपरम्पराके दोनों ही दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायोंमें समानरूपसे मान्य है और दोनों ही सम्प्रदायोंके विद्वानोंने इसपर अनेक बड़ी बड़ी टीकाएँ लिखी हैं। उनमें आ० पूज्यपादकी तत्त्वार्थवृत्ति (सर्वार्थसिद्धि), अकलङ्कदेवका तत्त्वार्थवार्त्तिक, विद्यानन्दका तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिक, श्रुतसागरसूरिकी तत्त्वार्थवृत्ति और श्वेताम्बर परम्परामें प्रसिद्ध तत्त्वार्थभाष्य ये पाँच टीकाएँ तो तत्त्वार्थसूत्रकी विशाल, विशिष्ट और महत्वपूर्ण व्याख्याएँ हैं। आचार्य महोदयने इस छोटीसी दशाध्यायात्मक अनूठी कृतिमें समस्त जैन तत्त्वज्ञानको संक्षेपमें 'गागरमें सागर'की तरह भरकर अपने विशाल और सूक्ष्म ज्ञानभण्डारका परिचय दिया है। यही कारण है कि जैनपरम्परामें तत्त्वार्थसूत्रका बहुत बड़ा महत्त्व है और उसका वही स्थान है जो हिन्दूसम्प्रदायमें गीताका है। इस ग्रन्थरत्नके रचयिता आ० उमास्वाति विक्रमकी

पहली शताब्दीके विद्वान् हैं[१]। न्यायदीपिकाकारने तत्त्वार्थसूत्रके अनेक सूत्रोंको न्यायदी० (पृ० ४,३४,३६,३८,११३,१२२) में बड़ी श्रद्धाके साथ उल्लेखित किया है और उसे महाशास्त्र तक भी कहा है, जो उपयुक्त ही है। इतना ही नहीं, न्यायदीपिकाकी भव्य इमारत भी इसी प्रतिष्ठित तत्त्वार्थसूत्रके 'प्रमाणनयैरधिगम' सूत्रका आश्रय लेकर निर्मित की गई है।

आप्तमीमांसा—स्वामी समन्तभद्रकी उपलब्ध कृतियोंमें यह सबसे प्रधान और असाधारण कृति है। इसे 'देवागमस्तोत्र' भी कहते हैं। इसमें दश परिच्छेद और ११४ पद्य (कारिकाएँ) हैं। इसमें आप्त (सर्वज्ञ) की मीमांसा—परीक्षा की गई है। जैसा कि उसके नामसे ही प्रकट है। अर्थात् इसमें स्याद्वादनायक जैन तीर्थंकरको सर्वज्ञ सिद्ध करके उनके स्याद्वाद (अनेकान्त) सिद्धान्तकी सयुक्तिक सुव्यवस्था की है और स्याद्वाद-विद्वेषी एकान्तवादियोंमें आप्ताभासत्व (असर्वज्ञत्व) बतलाकर उनके एकान्त सिद्धान्तोंकी बहुत ही सुन्दर युक्तियोंके साथ आलोचना की है। जैनदर्शनके आधारभूत स्तम्भ ग्रन्थोंमें आप्तमीमांसा पहला ग्रन्थ है। इसके ऊपर भट्ट अकलङ्कदेवने 'अष्टशती' विवरण (भाष्य), आ० विद्यानन्दने 'अष्टसहस्री' (आप्तमीमांसालङ्कार या देवागमालङ्कार) और वसुनन्दिने 'देवागमवृत्ति' टीकाएँ लिखी हैं। ये तीनों टीकाएँ उपलब्ध भी हैं। पण्डित जयचन्दजीकृत इसकी एक टीका हिन्दीभाषामें भी है। श्रीमान् प० जुगलकिशोर जी मुख्तारने इसकी दो और अनुपलब्ध टीकाओंकी सम्भावना की है[१]। एक तो वह जिसका संकेत आ० विद्यानन्दने अष्टसहस्रीके अन्तमें 'अत्र शास्त्रपरिसमाप्तौ केचिदिदं मङ्गलवचनमनुमन्यन्ते' इस वाक्यमें आये हुए 'केचित्' शब्द

---

१ देखो, स्वामीसमन्तभद्र । श्वेताम्बर विद्वान् श्रीमान् पं० सुखलालजी इन्हें भाष्यको स्वोपज्ञ माननेके कारण विक्रमकी तीसरीसे पाँचवीं शताब्दीका अनुमानित करते हैं। देखो, ज्ञानबिन्दुकी प्रस्तावना।

१ स्वामीसमन्तभद्र पृ० १९६,२००।

के द्वारा किया है। और दूसरी 'देवागमपद्यवार्त्तिकालंकार' है, जिसकी सम्भावना युक्त्यनुशासनटीका(पृ० ६४)के 'इति देवागमपद्यवार्त्तिकालङ्कारे निरूपितप्रायम्' इस वाक्यमें पड़े हुये 'देवागमपद्यवार्त्तिकालङ्कारे' पदसे की है। परन्तु पहली टीकाके होनेकी सूचना तो कुछ ठीक मालूम होती है, क्योंकि आ० विद्यानन्द भी उसका संकेत करते हैं। लेकिन पिछली टीकाके सद्भावका कोई आधार या उल्लेख अब तक प्राप्त नहीं हुआ। वास्तवमें बात यह है कि आ० विद्यानन्द 'देवागमपद्यवार्त्तिकालंकारे' पदके द्वारा अपनी पूर्व रचित दो प्रसिद्ध टीकाओं—देवागमालङ्कार (अष्टसहस्री) और पद्यवार्त्तिकालंकार (श्लोकवार्त्तिकालंकार) का उल्लेख करते हैं और उनके देखनेकी प्रेरणा करते हैं। पद्यका अर्थ श्लोक प्रसिद्ध ही है और अलंकार शब्दका प्रयोग दोनोंके साथ रहनेसे समस्यन्त एक वचनका प्रयोग भी असंगत नहीं है। अतः 'देवागमपद्यवार्त्तिकालंकार' नामकी कोई आप्तमीमांसाकी टीका रही है, यह बिना पुष्ट प्रमाणोंके नहीं कहा जा सकता। आ० अभिनव धर्मभूषणने आप्तमीमांसाकी अनेक कारिकाएँ प्रस्तुत न्यायदीपिकामें बड़ी कृतज्ञताके साथ उद्धृत की हैं।

महाभाष्य—ग्रन्थकारने न्यायदीपिका पृ० ४१ पर निम्न शब्दोंके साथ महाभाष्यका उल्लेख किया है —

'तदुक्तं स्वामिभिर्महाभाष्यस्यादावाप्तमीमांसाप्रस्तावे—'

परन्तु आज यह ग्रन्थ उपलब्ध जैन साहित्यमें नहीं है। अतः विचारणीय है कि इस नामका कोई ग्रन्थ है या नहीं ? यदि है तो उसकी उपलब्धि आदिका परिचय देना चाहिए। और यदि नहीं है तो आ०धर्मभूषणने किस आधारपर उसका उल्लेख किया है ? इस सम्बन्धमें अपनी ओरसे कुछ विचार करनेसे पहले मैं यह कह दूँ कि इस ग्रन्थके अस्तित्व विषयमें जितना अधिक ऊहापोहके साथ सूक्ष्म विचार और अनुसन्धान मुख्तारसा० ने किया है[1] उतना शायद ही अब तक दूसरे विद्वान्ने किया हो। उन्होंने

[1] देखो, स्वामीसमन्तभद्र पृ० २१२ से २४३ तक।

अपने 'स्वामीसमन्तभद्र' ग्रन्थके ३१ पत्रोंमें अनेक पहलुओंसे चिन्तन किया है और वे इस निष्कर्षपर पहुँचे हैं कि स्वामीसमन्तभद्र रचित महाभाष्य नामका कोई ग्रन्थ रहा जरूर है पर उसके होनेके उल्लेख अब तक तेरहवीं शताब्दीसे पहलेके नहीं मिलते हैं। जो मिलते हैं वे १३वीं, १४वीं और १५वीं शताब्दीके हैं। अतः इसके लिये प्राचीन साहित्यको टटोलना चाहिये।

मेरी विचारणा—

किसी ग्रन्थ या ग्रन्थकारके अस्तित्वको सिद्ध करनेके लिये अधिकांशतः निम्न साधन अपेक्षित होते हैं —

(१) ग्रन्थोंके उल्लेख।
(२) शिलालेखादिकके उल्लेख।
(३) जनश्रुति परम्परा।

१ जहाँ तक महाभाष्यके ग्रन्थोल्लेखोंकी बात है और वे अब तक जितने उपलब्ध हो सके हैं उन्हें मुख्तारसा०ने प्रस्तुत किये ही हैं। हाँ, एक नया ग्रन्थोल्लेख हमें और उपलब्ध हुआ है। वह अभयचन्द्रसूरिकी स्याद्वादभूषणनामक लघीयस्त्रयतात्पर्यवृत्तिका है, जो इस प्रकार है —

"परीक्षित विचारित स्वामिसमन्तभद्राद्यैः सूरिभि। कथं न्यक्षेण विस्तरेण। क्व अन्यत्र तत्त्वार्थमहाभाष्यादौ"—लघीयस्ता०पृ० ६७।

ये अभयचन्द्रसूरि तथा 'गोम्मटसार' की मन्दप्रबोधिका टीका और प्रक्रियासंग्रह (व्याकरणविषयक टीकाग्रन्थ)के कर्त्ता अभयचन्द्रसूरि यदि एक हैं और जिन्हें डा० ए० एन उपाध्ये[1] तथा मुख्तारसा०[2] ईसाकी १३वीं और वि०की १४वीं शताब्दीका विद्वान् स्थिर करते हैं तो उनके इस

१ देखो, अनेकान्त वर्ष ४ किरण १ पृ० ११६। २ देखो, स्वामी समन्तभद्र पृ० २२४ का फुटनोट।

उल्लेखसे महाभाष्यके विषयमें कोइ विशेष प्रकाश नहीं पड़ता। प्रथम तो यह, कि यह उल्लेख मुख्तारसा०के प्रदर्शित उल्लेखोंके समसामयिक है, उसका शृङ्खलाबद्ध पूर्वाधार अभी प्राप्त नहीं है जो स्वामीसमन्तभद्रके समय तक पहुँचाये। दूसरे यह, कि अभयचन्द्रसूरि इस उल्लेखके विषयमें अभ्रान्त प्रतीत नहीं होते। कारण,वे अकलङ्कदेवकी लघीयस्त्रयगत जिस कारिकाके 'अन्यत्र'पदका 'स्वामीसमन्तभद्रादिसूरि' शब्दका अध्याहार करके 'तत्त्वार्थमहाभाष्य' व्याख्यान करते हैं वह सूक्ष्म समीक्षण करनेपर अकलङ्कदेवको अभिप्रेत मालूम नहीं होता। बात यह है कि अकलङ्कदेव वहाँ 'अन्यत्र' पदके द्वारा कालादिलक्षणको जाननेके लिये अपने पूर्व रचित तत्त्वार्थराजवार्तिकभाष्यकी सूचना करते जान पड़ते हैं, जहाँ (राजवार्तिक ४-४२) उन्होंने स्वयं कालादि आठका विस्तारसे विचार किया है।

यद्यपि प्रक्रियासंग्रहमें भी अभयचन्द्र सूरिने सामन्तभद्री महाभाष्यका उल्लेख किया है और इस तरह उनके ये दो उल्लेख हो जाते हैं। परन्तु इनका पूर्वाधार क्या है? सो कुछ भी मालूम नहीं होता। अतः प्राचीन साहित्यपरसे इसका अनुसन्धान करनेका अभी भी आवश्यकता बनी हुई है।

२ अबतक जितने भी शिलालेखों आदिका संग्रह किया गया है उनमें महाभाष्य या तत्त्वार्थमहाभाष्यका उल्लेखवाला कोई शिलालेखादि उपलब्ध नहीं है। जिससे इस ग्रन्थके अस्तित्व विषयमें कुछ सहायता मिल सके। तत्त्वार्थसूत्रके तो शिलालेख मिलते भी हैं[1] पर उसके महाभाष्यका कोई शिलालेख नहीं मिलता।

३ जनश्रुति-परम्परा जरूर ऐसा चली आ रही है कि स्वामी समन्तभद्रने तत्त्वार्थसूत्रपर 'गन्धहस्ति' नामका भाष्य लिखा है जिसे महाभाष्य और

---

१ अभूदुमास्वातिमुनिः पवित्रे वंशे तदीये सकलार्थवेदी।
सूत्रीकृतं येन जिनप्रणीतं शास्त्रार्थजातं मुनिपुङ्गवेन ॥-शि०१०८।
श्रीमानुमास्वातिरयं यतीशस्तत्त्वार्थसूत्रं प्रकटीचकार।
यन्मुक्तिमार्गाचरणोद्यतानां पाथेयमर्घ्यं भवति प्रजानाम् ॥-शि० १०५(२५४)

मीमांसा छोड़कर कोई दूसरा ग्रन्थ नहीं है और न अकलङ्कदेव तथा विद्यानन्दके सिवाय कोई 'श्रीमदाचार्यपाद' नामके आचार्य ही हैं। वसुनन्दिने भी यद्यपि 'आप्तमीमांसा' पर 'देवागमवृत्ति' टीका लिखी है परन्तु वह आप्तमीमांसाकी कारिकाओंका शब्दानुसारी अर्थस्फोट ही करती है—उसमें कपिलादिकोंकी आप्ताभासताका विस्तारसे वर्णन नहीं है। अतः न्यायदीपिकाकारको 'आप्तमीमांसाविवरण'से अष्टशती और अष्टसहस्री विवक्षित हैं। ये दोनों दार्शनिक टीकाकृतियाँ बहुत ही महत्त्वपूर्ण और गूढ़ हैं। अष्टशती तो इतनी दुरूह और जटिल है कि बिना अष्टसहस्रीके उसके मर्मको समझना बहुत मुश्किल है। जैनदर्शनसाहित्यमें ही नहीं, समग्र भारतीय दर्शनसाहित्यमें इनकी जोड़का प्राय विरला ही कोई स्वतन्त्र ग्रन्थ या टीकाग्रन्थ हो।

राजवार्त्तिक और भाष्य—गौतमके न्यायसूत्रपर प्रसिद्ध नैयायिक उद्योतकरके 'न्यायवार्त्तिक' की तरह आ॰ उमास्वाति विरचित तत्त्वार्थसूत्रपर अकलङ्कदेवने गद्यात्मक 'तत्त्वार्थवार्त्तिक' नामक टीका लिखी है। जो राजवार्त्तिक नामसे भी व्यवहृत होती है। और उसके वार्त्तिकोंपर उद्योतकरकी ही तरह स्वयं अकलङ्कदेवका रचा गया भाष्य है जो 'तत्त्वार्थवार्त्तिकभाष्य' या 'राजवार्त्तिकभाष्य' भी कहा जाता है। यह भाष्य राजवार्त्तिकके प्रत्येक वार्त्तिकका विशद व्याख्यान है। इसकी भाषा बड़ी, सरल और प्रसन्न है जबकि प्रत्येक वार्त्तिक अत्यन्त गम्भीर और दुरूह है। एक ही जगह अकलङ्कदेवकी इस चमत्कारी प्रतिभाकी विविधताको पाकर सहृदय पाठक आश्चर्य आनन्दविभोर हो उठता है और श्रद्धासे उसका मस्तक नत हो जाता है। अकलङ्कदेवने अपना यह राजवार्त्तिक आ॰ पूज्यपादकी सर्वार्थसिद्धिको आधार बनाकर लिखा है जो तत्त्वार्थसूत्रकी समग्र टीकाओंमें पहली टीका है उन्होंने उसके अर्थगौरवपूर्ण प्राय प्रत्येक वाक्यको राजवार्त्तिकका वार्त्तिक बनाया है। फिर भी राजवार्त्तिकमें सर्वार्थसिद्धिसे कुछ भी पुनरुक्ति एवं निरर्थकता मालूम नहीं होती। राजवार्त्तिककी यह विशेषता है कि

यह प्रत्येक विषयकी अन्तिम व्यवस्था अनेकान्तका आश्रय लेकर करता है। तत्त्वार्थसूत्रकी समस्त टीकाओंमें राजवार्तिक प्रधान टीका है। या श्रीमान् प० सुखलालजीके शब्दोंमें यों कह सकते हैं कि "राजवार्तिक गद्य, सरल और विस्तृत होनेसे तत्त्वार्थके सम्पूर्ण टीका ग्रन्थोंकी गरज अकेला ही पूरी करता है।" वस्तुतः जैनदर्शनका बहुविध एवं प्रामाणिक अभ्यास करनेके लिये केवल राजवार्तिकका अध्ययन पर्याप्त है। न्यायदीपिकाकारने न्या० दी० पृ० ११ और ३५ पर राजवार्तिकका तथा पृ० ६ और ३२ पर उनके भाष्यका जुदा जुदा नामोल्लेख करके कुछ वाक्य उद्धृत किये हैं।

न्यायविनिश्चय—यह अकलङ्कदेवकी उपलब्ध दार्शनिक कृतियोंमें अन्यतम कृति है। इसमें तीन प्रस्ताव (परिच्छेद) हैं और तीनों प्रस्तावोंकी मिलाकर कुल ४८० कारिकाएँ हैं। पहला प्रत्यक्ष प्रस्ताव है जिसमें दर्शनान्तरीय प्रत्यक्षलक्षणोंकी आलोचनाके साथ जैनसम्मत प्रत्यक्ष-लक्षणका निरूपण किया गया है और प्रासङ्गिक कतिपय दूसरे विषयोंका भी विवेचन किया गया है। दूसरे अनुमान प्रस्तावमें अनुमान-का लक्षण साधन, साधनाभास, साध्य, साध्याभास आदि अनुमानके परिकरका विवेचन है और तीसरे प्रस्तावमें प्रवचनका स्वरूप आदिका विशिष्ट निश्चय किया गया है। इस तरह इस न्यायविनिश्चयमें जैन-न्यायकी रूपरेखा बाँधकर उसकी प्रस्थापना की गई है। यह ग्रन्थ भी अकलङ्कदेवके दूसरे ग्रन्थोंकी ही तरह दुर्बोध और गम्भीर है। इसपर आ० स्याद्वादविद्यापति वादिराजसूरिकी न्यायविनिश्चयविवरण अथवा न्याय-विनिश्चयालङ्कार नामकी वैदुष्यपूर्ण विशाल टीका है। अकलङ्कदेवकी भी इसपर स्वोपज्ञ विवृति होनेकी सम्भावना की जाती है, क्योंकि लघीयस्त्रय और प्रमाणसंग्रहपर भी उनकी स्वोपज्ञ विवृतियाँ हैं। तथा कतिपय ऐसे उल्लेख भी मिलते हैं। न्यायविनिश्चय मूल अकलङ्कग्रन्थत्रयमें मुद्रित हो चुका है। [illegible] ८ । अभी अमुद्रित है। धर्मभूषणने इ० [illegible] जिसके साथ न्यायदीपिका पृ० [illegible]

इसकी अवचारिका और पृ० ७० एक पूरी कारि

परीक्षामुख—यह आचार्य माणिक्यनन्दिकी
कृति है। तथा जैनन्यायका प्रथम सूत्रग्रन्थ है। यद्
न्यायकी प्रस्थापना कर चुके थे और अनेक महत्त्वपू
लिख चुके थे। परन्तु गौतमके न्यायसूत्र, दिग्नागके
आदिकी तरह जैनन्यायको सूत्रबद्ध करनेवाला 'न्य
परम्परामें अब तक नहीं बन पाया था। इस कमीत
आ० माणिक्यनन्दिने प्रस्तुत 'परीक्षामुख' लिखकर
की यह अकेली एक ही अमर रचना है जो भारती
अपना विशिष्ट स्थान रखती है। यह अपूर्व ग्रन्थ संत
है। छह परिच्छेदोंमें विभक्त है और इसकी सूत्रसंख्या
है। सूत्र बड़े सरल, सरस तथा नपे तुले हैं। माधुर्य
और अर्थगौरवको लिये हुए हैं। आदि और अन्तमें
लङ्कदेवके द्वारा प्रस्थापित जैनन्यायको इसमें बहुत ही सु
किया गया है। लघु अनन्तवीर्यने तो इसे अकलङ्क
को[1] मथकर निकाला गया 'न्यायविद्यामृत'—न्या
बतलाया है[2]। इस ग्रन्थरत्नका महत्त्व इसीसे ख्यापित
इसपर अनेक महत्त्वपूर्ण टीकाएँ लिखी गई हैं। आ०
हजार श्लोकप्रमाण 'प्रमेयकमलमार्त्तण्ड' नामकी वि

---

१ अकलङ्कके वचनोंसे 'परीक्षामुख' कैसे उद्धृत हुआ
मेरा 'परीक्षामुखसूत्र और उसका उद्गम' शीर्षक लेख
कान्त' वर्ष ५ किरण ३-४ पृ० ११९-१२८।

२ "अकलङ्कवचोऽम्भोधेरुद्दध्रे येन धीमता।
न्यायविद्यामृतं तस्मै नमो माणिक्यनन्दिने ॥"—

लिखी है। इनके पीछे १२वीं शताब्दीके विद्वान् लघु अनन्तवीर्यने प्रसन्न रचनाशैलीवाली 'प्रमेयरत्नमाला' टीका लिखी है। यह टीका है तो छोटी, पर इतनी विशद है कि पाठकको बिना कठिनाईके सहजमें ही अर्थबोध हो जाता है। इसकी शब्दरचनासे हेमचन्द्राचार्य भी प्रभावित हुए हैं और उन्होंने अपनी प्रमाणमीमांसामें शब्दशः तथा अर्थशः उसका अनुसरण किया है। न्यायदीपिकाकारने परीक्षामुखके अनेक सूत्रोंका नामनिर्देश और बिना नामनिर्देशके उद्धृत किया है। वस्तुतः आ० धर्मभूषणने इस सूत्र-ग्रन्थका खूब ही उपयोग किया है। न्यायदीपिकाके आधारभूत ग्रन्थोंमें परीक्षामुखका नाम लिया जा सकता है।

तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक और भाष्य—आ० उमास्वातिके तत्त्वार्थसूत्रपर कुमारिलके 'मीमांसाश्लोकवार्तिक' और धर्मकीर्तिके 'प्रमाणवार्तिक' की तरह पद्यात्मक विद्यानन्दने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक रचा है और उसके पद्यवार्तिकोंपर उन्होंने स्वयं गद्यमें भाष्य लिखा है जो 'तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकभाष्य' और 'श्लोकवार्तिकभाष्य' इन नामोंसे कथित होता है। आचार्यप्रवर विद्यानन्दने इसमें अपनी दार्शनिक विद्याका पूरा ही खजाना खोलकर रख दिया है और प्रत्येकको उसका आनन्दरसास्वाद लेनेके लिए निःस्वार्थ आमन्त्रण दे रखा है। श्लोकवार्तिकके एक सिरेसे दूसरे सिरे तक चले जाइए, सर्वत्र तार्किकता और गहन विचारणा समव्याप्त है। यहीं मीमांसादर्शनके नियोग-भावनादिपर उनके सूक्ष्म एवं विशाल पाण्डित्यकी प्रखर किरणें अपना तीक्ष्ण प्रकाश डाल रही हैं तो कहीं न्यायदर्शनके निग्रहस्थानादिरूप प्रगाढ़ तमको निष्कासित कर रही हैं और कहीं बौद्धदर्शनकी हिममय चट्टानोंको पिघला पिघला कर दूर कर रही हैं। इस तरह श्लोकवार्तिकमें हमें विद्यानन्दके अनेकमुख पाण्डित्य और सूक्ष्मप्रज्ञताके दर्शन होते हैं। यही कारण है कि जैनतार्किकोंमें आचार्य विद्यानन्दका उन्नत स्थान है। श्लोकवार्तिकके अलावा विद्यानन्दमहोदय, अष्टसहस्री, प्रमाणपरीक्षा, पत्रपरीक्षा, आप्तपरीक्षा,

युक्त्यनुशासनालङ्कार आदि दार्शनिक रचनाएँ उनकी बनाई हुई हैं। इनमें विद्यानन्दमहोदय, जो श्लोकवार्त्तिककी रचनासे भी पहलेकी[1] विशिष्ट रचना है और जिसके उल्लेख तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिक (पृ० २७२, ३८५) तथा अष्टसहस्री (पृ० २८९, २९०) में पाये जाते हैं, अनुपलब्ध है। शेषकी रचनाएँ उपलब्ध हैं और सत्यशासनपरीक्षाको छोड़कर मुद्रित भी हो चुकी हैं। आ० विद्यानन्द अकलङ्कदेवके उत्तरकालीन और प्रभाचन्द्राचार्यके पूर्ववर्ती हैं। अतः इनका अस्तित्व-समय नवमी शताब्दी माना जाता है[2]। अभिनव धर्मभूषणने न्यायदीपिकामें इनके श्लोकवार्त्तिक और भाष्यका कई जगह नामोल्लेख करके उनके वाक्योंको उद्धृत किया है।

प्रमाणपरीक्षा—विद्यानन्दकी ही यह अन्यतम कृति है। यह अकलङ्कदेवके प्रमाणसंग्रहादि प्रमाणविषयक प्रकरणोंका आश्रय लेकर रची गई है। यद्यपि इसमें परिच्छेद भेद नहीं है तथापि प्रमाणमात्रका अपना प्रतिपाद्य विषय बनाकर उसका अच्छा निरूपण किया गया है। प्रमाणका सम्यग्ज्ञानत्व लक्षण करके उसके भेद, प्रभेद, प्रमाणका विषय तथा फल और हेतुओंकी इसमें सुन्दर एवं विस्तृत चर्चा की गई है। हेतु भेदोंके निदर्शक कुछ संग्रहश्लोकोंको तो उद्धृत भी किया है। जो पूर्ववर्ती किन्हीं जैनाचार्योंके ही प्रतीत होते हैं। विद्यानन्दने तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिक[3] और अष्टसहस्री[4]की तरह यहाँ[5] भी प्रत्यभिज्ञानके दो ही भेद गिनाये हैं। जबकि अक

---

१ पूर्ववर्तित्वके लिये 'तत्त्वार्थसूत्रका मङ्गलाचरण' शीर्षक मेरा द्वितीय लेख देखें, अनेकान्त वर्ष ५ किरण १०-११ पृ० ३८०। २ देखो, न्यायकुमुद द्वि० भा० की प्रस्तावना पृ० ३० और स्वामी समन्तभद्र पृ० ४८। ३ 'तद्द्विधैकत्वसादृश्यगोचरत्वेन निश्चितम्'—त० श्लो० पृ० १९०। ४ 'तदेवेदं तत्सदृशमेवेदमित्येकत्वसादृश्यविषयस्य द्विविधप्रत्यभिज्ञानस्य '—अष्टस० पृ० २७९। ५ 'द्विविधं हि प्रत्यभिज्ञानं '—प्रमाणप० पृ० ६९।

लङ्क[1] और माणिक्यनन्दिने[2] दोसे ज्यादा कहे हैं और यही मान्यता जैन-परम्परामें प्राय सर्वत्र प्रतिष्ठित हुई है। इससे मालूम होता है कि प्रत्यभिज्ञानके दो भेदोंकी मान्यता विद्यानन्दकी अपनी है। श्रा० धर्मभूषणने पृ० १७ पर इस ग्रन्थकी नामोल्लेखके साथ एक कारिका उद्धृत की है।

पत्रपरीक्षा—यह भी आचार्य विद्यानन्दकी रचना है। इसमें दर्शनान्तरीय पत्रलक्षणोंकी समालोचनापूर्वक जैनदृष्टिसे पत्रका बहुत सुन्दर लक्षण किया है तथा प्रतिज्ञा और हेतु इन दो अवयवोंको ही अनुमानाङ्ग बतलाया है। न्यायदीपिका पृ० ८१ पर इस ग्रन्थका नामोल्लेख हुआ है और उसमें अवयवोंके विचारको विस्तारसे जाननेकी सूचना की है।

प्रमेयकमलमार्त्तण्ड—यह आ० माणिक्यनन्दिके 'परीक्षामुख' सूत्र ग्रन्थपर रचा गया प्रभाचन्द्राचार्यका बृहत्काय टीकाग्रन्थ है। इसे पिछले लघु अनन्तवीर्य (प्रमेयरत्नमालाकार) ने 'उदारचन्द्रिका' की उपमा दी है और अपनी कृति—प्रमेयरत्नमालाको उसके सामने जुगनूके सदृश बतलाया है। इससे प्रमेयकमलमार्त्तण्डका महत्त्व ख्यापित हो जाता है। निःसन्देह मार्त्तण्डके प्रदीप्त प्रकाशमें दर्शनान्तरीय प्रमेय स्फुटतया भासमान होते हैं। स्वतत्त्व, परतत्त्व और यथार्थता, अयथार्थताका निर्णय करनेमें कठिनाई नहीं मालूम होती। इस ग्रन्थके रचयिता आ० प्रभाचन्द्र ईसाकी १० वी और ११ वीं शताब्दी (९८० से १०६५ ई०) के विद्वान् माने जाते हैं[3]। इन्होंने प्रमेयकमलमार्त्तण्डके अलावा न्यायकुमुदचन्द्र, तत्त्वार्थवृत्तिपदविवरण, शाकटायन न्यास, शब्दाम्भोजभास्कर, प्रवचनसारसरोजभास्कर, गद्यकथाकोश, रत्नकरण्डश्रावकाचारटीका और समाधितन्त्रटीका आदि ग्रन्थोंकी रचना की है। इनमें गद्यकथाकोश स्वतन्त्र कृति है और शेष

---

१ देखो, लघीयस्त्रय० २१। २ देखो, परीक्षामु० ३ ५ से ३-१०।
३ देखो, न्यायकुमुद द्वि० भा० प्र० पृ० ५८ तथा प्रमेयकमल मार्त्तण्ड प्रस्ता० पृ० ६७।

टीका कृतियाँ हैं। धर्मभूषणने न्यायदीपिका पृ० ३० पर तो इस ग्रन्थका केवल नामोल्लेख और ५४ पर नामोल्लेखके साथ एक वाक्यको भी उद्धृत किया है।

प्रमाण निर्णय—न्यायविनिश्चयविवरणटीकाके कर्त्ता श्रा० वादिराजसूरिका यह स्वतन्त्र तार्किक प्रकरण ग्रन्थ है। इसमें प्रमाणलक्षण-निर्णय, प्रत्यक्षनिर्णय, परोक्षनिर्णय और आगमनिर्णय ये चार निर्णय (परिच्छेद) हैं, जिनके नामोंसे ही ग्रन्थका प्रतिपाद्य विषय स्पष्ट मालूम हो जाता है। न्या० दी० पृ० ११ पर इस ग्रन्थके नामोल्लेखके साथ एक वाक्यको उद्धृत किया है।

कारुण्यकलिका—यह सन्दिग्ध ग्रन्थ है। न्यायदीपिकाकारने पृ० १११ पर इस ग्रन्थका निम्न प्रकारसे उल्लेख किया है—

'प्रपञ्चितमेतदुपाधिनिराकरणं कारुण्यकलिकायामिति विरम्यते'

परन्तु बहुत प्रयत्न करनेपर भी हम यह निर्णय नहीं कर सके कि यह ग्रन्थ जैनरचना है या जैनेतर। अथवा स्वयं ग्रन्थकारकी ही न्यायदीपिकाके अलावा यह अन्य दूसरी रचना है। क्योंकि अब तकके मुद्रित जैन और जैनेतर ग्रन्थोंकी प्राप्त सूचियोंमें भी यह ग्रन्थ उपलब्ध नहीं होता। अतः ऐसा मालूम होता है कि यह या तो नष्ट हो चुका है या किसी लायब्रेरीमें अमुद्रित रूपमें पड़ा है। यदि नष्ट नहीं हुआ और किसी लायब्रेरीमें है तो इसकी खोज होकर प्रकाशमें आना चाहिए। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और अच्छा ग्रन्थ मालूम होता है। न्यायदीपिकाकारके उल्लेखसे विदित होता है कि उसमें विस्तारसे उपाधिका निराकरण किया गया है। सम्भव है गदाधरके 'उपाधिवाद' ग्रन्थका भी इसमें खण्डन हो।

स्वामीसमन्तभद्र—ये वीरशासनके प्रभावक, सम्प्रसारक और स्यात् युगके प्रवर्त्तक महान् आचार्य हुए हैं। सुप्रसिद्ध तार्किक भट्टाकलङ्कदेवने इन्हें कलिकालमें स्याद्वादरूपी पुण्योदधिके तीर्थका प्रभावक बतलाया

है[1]। आचार्य जिनसेनने इनके वचनोंको भ० वीरके वचनतुल्य प्रकट किया है[2] और एक शिलालेखमें[3] तो भ० वीरके तीर्थकी हजारगुणी वृद्धि करनेवाला भी कहा है। आ० हरिभद्र और विद्यानन्द जैसे बड़े बड़े आचार्योंने उन्हें 'वादिमुख्य' 'आद्यस्तुतिकार' 'स्याद्वादन्यायमार्गके प्रकाशक' आदि विशेषणोंद्वारा स्मृत किया है। इसमें सन्देह नहीं कि उत्तरवर्ती आचार्योंने जितना गुणगान स्वामी समन्तभद्रका किया है उतना दूसरे आचार्यका नहीं किया। वास्तवमें स्वामी समन्तभद्रने वीरशासनकी जो महान् सेवा की है वह जैनवाङ्मयके इतिहासमें सदा स्मरणीय एवं अमर रहेगा। आप्तमीमांसा (देवागमस्तोत्र), युक्त्यनुशासन, स्वयम्भूस्तोत्र, रत्नकरण्डश्रावकाचार और जिनशतक (जिनस्तुतिशतक) ये पाँच उपलब्ध कृतियाँ इनकी प्रसिद्ध हैं। तत्त्वानुशासन, जीवसिद्धि, प्रमाणपदार्थ, कर्मप्राभृतटीका और गन्धहस्तिमहाभाष्य इन ६ ग्रन्थोंके भी इनके द्वारा रचे जानेके उल्लेख ग्रन्थान्तरोंमें मिलते हैं[4]। परन्तु अभी तक कोई उपलब्ध नहीं हुआ। गन्धहस्तिमहाभाष्य (महाभाष्य) के सम्बन्धमें हम पहिले विचार कर आये हैं। स्वामीसमन्तभद्र बौद्ध विद्वान् नागार्जुन (१८१ ई०)के समकालीन या कुछ ही समय बादके और दिग्नाग (३४५-४२५ ई०) के पूर्ववर्ती विद्वान् हैं[5]। अर्थात् इनका अस्तित्व-समय प्रायः ईसाकी दूसरी और तीसरी शताब्दी है। कुछ विद्वान् इन्हें दिग्नाग(४२५ई०) और धर्मकीर्ति (६३५ ई०) के उत्तरकालीन अनुमानित करते हैं[6]।

---

१ देखो, अष्टशती पृ० २। २ देखो,हरिवंशपुराण १-३०। ३ देखो, वेलूर ताल्लुकेका शिलालेख नं० १७। ४ इन ग्रन्थोंके परिचयके लिये मुख्तार सा०का 'स्वामीसमन्तभद्र'ग्रन्थ देखें। ५ देखो, 'नागार्जुन और स्वामीसमन्तभद्र' तथा 'स्वामीसमन्तभद्र और दिग्नागमें पूर्ववर्ती कौन' शीर्षक दो मेरे निबन्ध 'अनेकान्त'वर्ष ७ किरण ३-४ और वर्ष ५ कि० १२। ६ देखो, न्यायकुमुद द्वि० भा० का प्राक्कथन और प्रस्तावना।

अर्थात् ५वीं और सातवीं शताब्दी बतलाते हैं। इस सम्बन्धमें जो उनकी दलीलें हैं उनका युक्तिपूर्ण विचार अन्यत्र[1] किया है। अतः इस संक्षिप्त स्थानपर पुनः विचार करना शक्य नहीं है। न्यायदीपिकाकारने न्याय-दीपिकामें अनेक जगह स्वामी समन्तभद्रका नामोल्लेख किया है और उनके प्रसिद्ध दो स्तोत्रों—देवागमस्तोत्र (आप्तमीमांसा) और स्वयम्भूस्तोत्र से अनेक कारिकाओंको उद्धृत किया है।

भट्टाकलङ्कदेव—ये 'जैनन्यायके प्रस्थापक' के रूपमें स्मृत किये जाते हैं। जैनपरम्पराने सभी दिगम्बर और श्वेताम्बर तार्किक इनके द्वारा प्रतिष्ठित 'न्यायमार्ग'पर ही चले हैं। आगे जाकर तो इनका यह 'न्यायमार्ग' 'अकलङ्कन्याय'के नामसे प्रसिद्ध हो गया। तत्त्वार्थवार्त्तिक, अष्टशती, न्यायविनिश्चय, लघीयस्त्रय और प्रमाणसंग्रह आदि इनकी महत्त्वपूर्ण रचनाएँ हैं। ये प्रायः सभी दार्शनिक कृतियाँ हैं और तत्त्वार्थ वार्त्तिकभाष्यको छोड़कर सभी गूढ़ एवं दुरवगाह हैं। अनन्तवीर्यादि टीकाकारोंने इनके पदोंकी व्याख्या करनेमें अपनेको असमर्थ बतलाया है। वस्तुतः अकलङ्कदेवका वाङ्मय अपनी स्वाभाविक जटिलताके कारण विद्वानोंके लिए आज भी दुर्गम और दुर्बोध बना हुआ है। जबकि उन-पर टीकाएँ भी उपलब्ध हैं। जैन साहित्यमें ही नहीं, बल्कि भारतीय दर्शनसाहित्यमें अकलङ्कदेवकी सब कृतियाँ अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं। इनकी कतिपय कृतियोंका कुछ परिचय पहले करा आये हैं। श्रीमान् पं० महेन्द्रकुमारजी न्यायाचार्यने इनका अस्तित्वकाल अन्तःपरीक्षण आदि प्रमाणोंके आधारपर ईसाकी आठवीं शताब्दी (७२० से ७८० ई०) निर्धारित किया है[2]। न्यायदीपिकामें धर्मभूषणजीने कई जगह इनके नाम

---

१ देखो, 'क्या स्वामीसमन्तभद्र धर्मकीर्तिके उत्तरकालीन हैं?' नामक मेरा लेख, जैनसिद्धान्तभास्कर भा० ११ किरण १। २ देखो, अकलङ्कग्रन्थत्रयकी प्रस्तावना पृ० ३२।

का उल्लेख किया है और तत्त्वार्थवार्त्तिक तथा न्यायविनिश्चयसे कुछ वाक्योंको उद्धृत किया है।

कुमारनन्दि भट्टारक—यद्यपि इनकी कोई रचना इस समय उपलब्ध नहीं है, इससे इनका विशेष परिचय कराना अशक्य है फिर भी इतना जरूर कहा जा सकता है कि ये आ० विद्यानन्दके पूर्ववर्ती विद्वान् हैं और अच्छे जैनतार्किक हुए हैं। विद्यानन्दस्वामीने अपने प्रमाणपरीक्षा, पत्रपरीक्षा और तत्त्वार्थश्लोकवार्त्तिकमें इनका और इनके वादन्यायका नामोल्लेख किया है तथा उसकी कुछ कारिकाएँ भी उद्धृत की हैं। इससे इनकी उत्तरावधि तो विद्यानन्दका समय है अर्थात् ९वीं शताब्दी है। और अकलङ्कदेवके उत्तरकालीन मालूम होते हैं, क्योंकि अकलङ्कदेवके समकालीनका अस्तित्व परिचायक इनका अब तक कोई उल्लेख प्राप्त नहीं है। अतः अकलङ्कदेवका समय (८ वीं शताब्दी) इनकी पूर्वावधि है। इस तरह ये ८ वीं, ९ वीं सदीके मध्यवर्ती विद्वान् जान पड़ते हैं। चन्द्रगिरि पर्वतपर उत्कीर्ण शिलालेख नं० २२७ (१३६) में इनका उल्लेख है जो ९ वीं शताब्दीका अनुमानित किया जाता है[1]। इनका महत्वका 'वादन्याय' नामका तर्कग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं है जिसके केवल उल्लेख मिलते हैं। आ० धर्मभूषणने न्यायदी० पृ० ६९ और ८२ पर 'तदुक्तं कुमारनन्दिभट्टारकैः' कहकर इनके वादन्यायकी एक कारिकाके पूर्वार्द्ध और उत्तरार्धका अलग अलग उद्धृत किया है।

माणिक्यनन्दि—ये कुमारनन्दि भट्टारककी तरह नन्दिसंघके प्रमुख आचार्योंमें हैं। इनकी एकमात्र कृति परीक्षामुख है जिसके सम्बन्धमें हम पहले प्रकाश डाल आए हैं। इनका समय ९वीं शताब्दीके लगभग माना जाता है। ग्रन्थकारने न्यायदीपिकामें कई जगह इनका नामोल्लेख किया है। एक स्थान (पृ० १२०) पर तो 'भगवान्' और

१ देखो, जैनशिलालेखसंग्रह पृ० १५७, ३२१।

'भट्टारक' जैसे महनीय विशेषणों सहित इनके नामका उल्लेख करके पत्रावाक्यके सूत्रका उद्धृत किया है।

स्याद्वादविद्यापति—यह आचार्य वादिराजसूरिकी विशिष्ट उपाधि थी जो उनके स्याद्वादविद्याके अधिपतित्व—अगाध पाण्डित्यको प्रकट करती है। आ० वादिराज अपनी इस उपाधिसे इतने अभिन्न एवं तदात्म जान पड़ते हैं कि उनकी इस उपाधिसे ही पाठक वादिराजसूरिका जान लेते हैं। यही कारण है कि न्यायविनिश्चयविवरणके सन्धिवाक्योंमें 'स्याद्वादविद्यापति' उपाधिके द्वारा ही वे अभिहित हुए हैं[1]। न्यायदीपिकाकारने भी न्यायदीपिका पृ० २४ और ७० पर इसी उपाधिसे उनका उल्लेख किया है और पृ० २४ पर तो इसी नामके साथ एक वाक्य भी उद्धृत किया है। मालूम होता है कि 'न्यायविनिश्चय' जैसे दुरूह तर्कग्रन्थपर अपना बृहत्काय विवरण लिखनेके उपलक्ष्यमें ही इन्हें गुरुजनों अथवा विद्वानों द्वारा उक्त गौरवपूर्ण स्याद्वादविद्याके धनीरूप उच्च पदवी से सम्मानित किया होगा। वादिराजसूरि केवल अपने समयके महान् तार्किक ही नहीं थे, बल्कि वे सच्चे शब्दशास्त्र एवं आगमप्रधानी, वैयाकरण और अद्वितीय उच्च कवि भी थे[2]। न्यायविनिश्चयविवरण, पार्श्वनाथचरित, यशोधरचरित, प्रमाणनिर्णय और एकीभावस्तोत्र आदि इनकी कृतियाँ हैं। इन्होंने अपना पार्श्वनाथचरित शकसम्वत् ६४७ (१०२५ ई०) में समाप्त किया है। अतः ये ईसाकी ११ वीं सदीके पूर्वार्द्धके विद्वान् हैं।

---

१ इसका एक नमूना इस प्रकार है—'इत्याचार्यस्याद्वादविद्यापतिविरचिते न्यायविनिश्चयकारिकाविवरणे प्रत्यक्षप्रस्तावः प्रथमः।'—लि० पत्र ३०६।

२ 'वादिराजमनु शाब्दिकलोको वादिराजमनु तार्किकसिंहः।
वादिराजमनु काव्यकृतस्ते वादिराजमनु भव्यसहायः॥'
—एकीभावस्तोत्र २६।

२. अभिनव धर्मभूषण

प्रासङ्गिक—

जैनसमाजने अपने प्रतिष्ठित महान् पुरुषों—तीर्थंकरों, राजाओं, आचार्यों, श्रेष्ठियों, विद्वानों तथा तीर्थक्षेत्रों, मन्दिरों और ग्रन्थागारों आदिके इतिवृत्तको सङ्कलन करनेकी प्रवृत्तिकी ओर बहुत कुछ उपेक्षा एवं उदासीनता रखी है। इससे आज सब कुछ होते हुए भी हम विषयमें हम दुनियाँकी नजरोंमें अकिञ्चन समझे जाते हैं। यद्यपि यह प्रकट है कि जैन इतिहासकी सामग्री विपुलरूपमें भारतके कोने-कोनेमें सर्वत्र विद्यमान है पर वह बिखरी हुई असम्बद्धरूपमें पड़ी हुई है। यही कारण है कि जैन इतिहासको जाननेके लिये या उसे सम्बद्ध करनेके लिये अपरिमित कठिनाइयाँ आती हैं और अन्धेरेमें टटोलना पड़ता है। प्रसन्नताकी बात है कि कुछ दूरदर्शी श्रीमान् और विद्वान् वर्गका अब इस ओर ध्यान गया है और उन्होंने इतिहास तथा साहित्यके संकलन, अन्वेषण आदिका क्रियात्मक प्रयत्न आरम्भ कर दिया है।

आज हम अपने जिन ग्रन्थकार श्री अभिनव धर्मभूषणका परिचय देना चाहते हैं उनको जाननेके लिये जो कुछ साधन प्राप्त हैं वे यद्यपि पूरे पर्याप्त नहीं हैं। उनके माता-पितादिका क्या नाम था? जन्म और स्वर्गवास कब, कहाँ हुआ? आदिका उनसे कोई पता नहीं चलता है। फिर भी सौभाग्य और सन्तोषकी बात यही है कि उपलब्ध साधनोंसे उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व, गुरुपरम्परा, और समयका कुछ प्रामाणिक परिचय मिल जाता है। अतः हम उन्हीं शिलालेख, ग्रन्थोल्लेख आदि साधनोंपरसे ग्रन्थकारके सम्बन्धमें कुछ कहनेके लिये प्रस्तुत हुए हैं।

ग्रन्थकार और उनके अभिनव तथा यति विशेषण—

इस ग्रन्थके कर्त्ता अभिनव धर्मभूषण यति हैं। पहले और [illegible] पुष्पिकावाक्यमें 'यति' [illegible]

प्रकाशके पुष्पिकावाक्यमें 'अभिनव' विशेषण इनके नामके साथ पाये जाते हैं। जिससे मालूम होता है कि न्यायदीपिकाके रचयिता धर्मभूषण अभिनव और यति दोनों कहलाते थे। जान पड़ता है कि अपने पूर्ववर्ती धर्मभूषणोंसे अपनेको व्यावृत्त करनेके लिये 'अभिनव' विशेषण लगाया है। क्योंकि प्रायः ऐसा देखा जाता है कि एक नामके अनेक व्यक्तियोंमें अपनेको जुदा करनेके लिये कोई उपनाम रख लिया जाता है। अतः 'अभिनव' न्यायदीपिकाकारका एक व्यावर्तक विशेषण या उपनाम समझना चाहिए। जैनसाहित्यमें ऐसे और भी कई आचार्य हुए हैं जो अपने नामके साथ अभिनव विशेषण लगाते हुए पाये जाते हैं। जैसे अभिनव पण्डिताचार्य[1] (शक० १२३३) अभिनव श्रुतमुनि[2] अभिनव गुणभद्र[3] और अभिनव पण्डितदेव[4] आदि। अतः पूर्ववर्ती अपने नामवालोंसे व्यावृत्ति के लिये 'अभिनव' विशेषणकी यह एक परिपाटी है। 'यति' विशेषण तो स्पष्ट ही है क्योंकि वह मुनिके लिये प्रयुक्त किया जाता है। अभिनव धर्मभूषण अपने गुरु श्रीवर्द्धमान भट्टारकके पट्टके उत्तराधिकारी हुए थे और वे कुन्दकुन्दाचार्यकी आम्नायमें हुए हैं। इसलिये इस विशेषणके द्वारा यह भी निर्भ्रान्त ज्ञात हो जाता है कि ग्रन्थकार दिगम्बर जैन मुनि थे और भट्टारक नामसे लोकविश्रुत थे[5]।

---

१ देखो, शिलालेख० नं० ४२१। २ देखो, जैनशिलालेखसं० पृ० २०१, शिलाले० १०५ (२४५)। ३ देखो, 'सी पी एण्ड बरार कैटलाग' रा० ब० हीरालालद्वारा सम्पादित। ४ देखो, जैनशिलालेख सं० पृ० ३४५, शिलालेख नं० ३६२ (२५७)।

५ "शिष्यस्तस्य गुरोरासीद्धर्मभूषणदेशिकः।
भट्टारकमुनिः श्रीमान् शल्यत्रयविवर्जितः॥"
—विजयनगरशिला० नं० २।

धर्मभूषण नामके दूसरे विद्वान्—

ऊपर कहा गया है कि ग्रन्थकारने दूसरे पूर्ववर्ती धर्मभूषणोंसे भिन्नत्व ख्यापित करनेके लिये अपने नामके साथ 'अभिनव' विशेषण लगाया है। अतः यहाँ यह बता देना आवश्यक प्रतीत होता है कि जैन परम्परामें धर्मभूषण नामके अनेक विद्वान् हो गये हैं। एक धर्मभूषण वे हैं जो भट्टारक धर्मचन्द्रके पट्टपर बैठे थे और जिनका उल्लेख बरार-प्रान्तके मूर्तिलेखोंमें बहुलतया पाया जाता है[1]। ये मूर्तिलेख शकसम्वत् १५२२, १५३५, १५७२ और १५७७ के उत्कीर्ण हुए हैं। परन्तु ये धर्मभूषण न्यायदीपिकाकारसे उत्तरकालीन हैं। दूसरे धर्मभूषण वे हैं जिनके आदेशानुसार केशववर्णीने अपनी गोम्मटसारकी जीवतत्त्वप्रदीपिका नामक टीका शकसम्वत् १२८१ (१३५९ ई०) में बनाई है[2]। तीसरे धर्मभूषण वे हैं जो अमरकीर्तिके गुरु थे तथा विजयनगर शिलालेख नं० २ में उल्लिखित तीन धर्मभूषणोंमें पहले नम्बरपर जिनका उल्लेख है और जो ही सम्भवतः विन्ध्यगिरि पर्वतके शिलालेख नं० १११ (२७४)में भी अमरकीर्तिके गुरुरूपसे उल्लिखित हैं। यहाँ इन्हें 'कलिकालसर्वज्ञ' भी कहा गया है। चौथे धर्मभूषण वे हैं जो अमरकीर्तिके शिष्य और विजयनगर शिलालेख नं० २ गत पहले धर्मभूषणके प्रशिष्य हैं एवं सिंहनन्द्याचार्यके सधर्मा हैं तथा विजयनगर शिलालेख नं० २ के ११वें पद्यमें दूसरे नं० के धर्मभूषणके रूपमें उल्लिखित हैं।

ग्रन्थकार धर्मभूषण और उनकी गुरुपरम्परा—

प्रस्तुत ग्रन्थके कर्त्ता धर्मभूषण उपर्युक्त धर्मभूषणोंसे भिन्न हैं और जिनका उल्लेख उक्त विजयनगरके शिलालेख नं० २ में तीसरे नम्बरके धर्मभूषणके स्थानपर है तथा जिन्हें स्पष्टतया श्रीवर्द्धमान भट्टारकका शिष्य बतलाया है। न्यायदीपिकाकारने स्वयं न्यायदीपिकाके अन्तिम पद्य[1] और अन्तिम (तीसरे प्रकाशगत) पुष्पिकावाक्यमें[2] अपने गुरुका नाम श्रीवर्द्धमान भट्टारक प्रकट किया है। मेरा अनुमान है कि मङ्गलाचरण पद्यमें भी उन्होंने 'श्रीवर्द्धमान' पदके प्रयोगद्वारा वर्द्धमान तीर्थङ्कर और अपने गुरु वर्द्धमान भट्टारक दोनोंका स्मरण किया है। क्योंकि अपने परापरगुरुका स्मरण करना सर्वथा उचित ही है। श्रीधर्मभूषण अपने गुरुके अत्यन्त अनन्यभक्त थे। वे न्यायदीपिकाके उसी अन्तिम पद्य[1] और पुष्पिकावाक्यमें[2] कहते हैं कि उन्हें अपने उक्त गुरुकी कृपासे ही सरस्वतीका प्रकर्ष (सारस्वतोदय) प्राप्त हुआ था और उनके चरणोंकी स्नेहमयी भक्ति-सेवासे न्यायदीपिकाकी पूर्णता हुई है। अतः मङ्गलाचरणपद्यमें अपने गुरु वर्द्धमान भट्टारकका भी उनके द्वारा स्मरण किया जाना सर्वथा-सम्भव एवं सङ्गत है।

विजयनगरके उस शिलालेखमें जो शकसम्वत् १३०७ (१३८५ ई०) में उत्कीर्ण हुआ है, ग्रन्थकारकी जो गुरुपरम्परा दी गई है उसके सूचक शिलालेखगत प्रकृतके उपयोगी कुछ पद्योंको यहाँ दिया जाता है —

"यत्पादपङ्कजरजो रजो हरति मानसम्।
स जिनः श्रेयसे भूयाद् भूयसे करुणालयः ॥१॥
श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम्।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥२॥

१-२ देखो, पृ० १३२।

श्रीमूलसंघेऽजनि नन्दिसंघस्तस्मिन् बलात्कारगणोतिमद्य ।
तत्रापि सारस्वतनाम्नि गच्छे स्वच्छाशयाऽभूदिह पद्मनन्दी॥३॥
आचार्य कुन्दकुन्दाख्यो वक्रग्रीवो महामुनि ।
एलाचार्यो गृद्धपिच्छ इति तन्नाम पञ्चधा ॥४॥
केचित्तदन्वये चारुमुनय खनयो गिराम् ।
जलधाविव रत्नानि बभूवुर्दिव्यतेजस ॥५॥
तत्रासीच्चारुचारित्ररत्नरत्नाकरो गुरु ।
धर्मभूषणयोगीन्द्रो भट्टारकपदाञ्चित ॥६॥
भाति भट्टारको धर्मभूषणो गुणभूषण ।
यद्यश कुसुमामोदे गगन भ्रमरायते ॥७॥
शिष्यस्तस्य गुरोरासीदनर्गलतपोनिधि ।
श्रीमानमरकीर्त्यार्यो देशिकाग्रेसर शमी ॥८॥
निजपक्षपुटकपाट घटयित्वाऽनिशनिरोधतो हृदये ।
अविचलितबोधदीप तममरकीर्तिं भजे तमोहरणम् ॥९॥
केऽपि स्वोदरपूरणे परिणता विद्याविहीनान्तरा ।
योगीशा भुवि सम्भवन्तु बहव किं तैरनन्तैरह ॥
धीर स्फूर्जति दुर्नयातनुमदध्वसी गुणैरूर्जित
गचार्योऽमरकीर्तिशिष्यगणभृच्छ्रीसिंहनन्दीव्रती ॥१०॥
श्रीधर्मभूषोऽजनि तस्य पट्टे श्रीसिंहनन्द्यार्यगुरोस्सधर्मा ।
भट्टारक श्रीजिनधर्महर्म्यस्तम्भायमान कुमुदेन्दुकीर्त्ति ॥११॥
पट्टे तस्य मुनेरासीद्वर्द्धमानमुनीश्वर ।
श्रीसिंहनन्दियोगीन्द्रचरणाम्भोजषट्पद ॥१२॥
शिष्यस्तस्य गुरोरासीद्धर्मभूषणदेशिक ।
भट्टारकमुनि श्रीमान् शल्यत्रयविवर्जित [1] ॥१३॥

इन ५ ... [1] धर्मभूषणकी इस प्रकार गुरुपरम्परा
... में १५ पद्य और हैं। ...

मूलसङ्घ, नन्दिसङ्घ—बलात्कारगणके सारस्वतगच्छमें

पद्मनन्दी (कुन्दकुन्दाचार्य)
|
धर्मभूषण भट्टारक I
|
अमरकीर्ति आचार्य (जिनके शिष्योंके शिक्षक दीक्षक सिंहनन्दी व्रती थे)
|
श्रीधर्मभूषण भट्टारक II (सिंहनन्दीव्रतीके सधर्मा)
|
वर्द्धमानमुनीश्वर (सिंहनन्दीव्रतीके चरणसेवक)
|
धर्मभूषण यति III (ग्रन्थकार)

यह शिलालेख शकसम्वत् १३०७ में उत्कीर्ण हुआ है। इसी प्रकार का एक शिलालेख[1] नं० १११ (२७४) का है जो विन्ध्यगिरि पर्वतके अखण्ड बागिलुके पूर्वकी ओर स्थित चट्टानपर खुदा हुआ है और जो शक सं० १२९५में उत्कीर्ण हुआ है। उसमें इस प्रकार परम्परा दी गई है —

---

१ "श्रीमत्परमगम्भीर-स्याद्वादामोघ-लाञ्छनं।
जीयात् त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिन शासनं ॥१॥

श्रीमूल-सङ्घस्य पयोनिधिवर्द्धनसुधाकराः श्रीबलात्कारगणकमल कलिका कलाप विकचन दिवाकराः वनवा सकीर्त्तिदेवास्तच्छिष्याः राय भुज सुधाम आचार्य महा वादवादीश्वर राय-वादि-पितामह सकल विद्वज्जन चक्रवर्त्ति देवेन्द्रविशाल कीर्त्ति देवाः तच्छिष्याः भट्टारक-श्रीशुभकीर्त्तिदेवास्तच्छिष्याः कलिकाल-सर्वज्ञ भट्टारक-धर्मभूषणदेवाः तच्छिष्याः श्रीअमरकीर्त्त्याचार्याः तच्छिष्याः माघनन्दि व्रतीन्द्राणां प्रय मानस • रचित "पु.न-वा" प्रमुल्लासक हैमक चाम्पपहरि सुमापावशा करण-आचरणसमवशलानां भट्टारक-

मूलसंघ—बलात्कारगण
कीर्त्ति (बनवासिके)
|
देवेन्द्र विशालकीर्त्ति
|
शुभकीर्तिदेव भट्टारक
|
धर्मभूषणदेव I
|
अमरकीर्त्ति आचार्य
|
धर्मभूषणदेव[२] II
|
वर्द्धमानस्वामी

इन दोनों लेखोंको मिलाकर ध्यानसे पढ़नेसे विदित होता है कि प्रथम धर्मभूषण, अमरकीर्ति आचार्य, धर्मभूषण द्वितीय और वर्द्धमान ये चार विद्वान् सम्भवतः दोनोंके एक ही हैं। यदि मेरी यह सम्भावना ठीक है तो यहाँ एक बात ध्यान देने योग्य है वह यह कि विन्ध्यगिरिके लेख (शक १२९५)में वर्द्धमानका तो उल्लेख है पर उनके शिष्य (पट्टके उत्तराधिकारी) तृतीय धर्मभूषणका उल्लेख नहीं है। जिससे जान पड़ता है कि उस समय तक तृतीय धर्मभूषण वर्द्धमानके पट्टाधिकारी नहीं बन सके होंगे और इसलिये उक्त शिलालेखमें उनका उल्लेख नहीं आया।

धर्मभूषण देवानां सत्वार्थ-वार्द्धिवर्द्धमान हिमांशुना वर्द्धमान स्वामिना कारितोऽयं [यं] आचार्याणां। स्वस्तिशक-वर्ष १२९५ परिधावि संवत्सर वैशाख शुद्ध ३ बुधवारे।"—उद्धृत जैनशि०पृ०२२३ से।

१ प्रो० ... सम्मत ...

२ इनकी निषद्या बनवाई जानेका ... देखो, शिलालेख० पृ० १३६।

किन्तु इस शिलालेखसे बाद १२ वर्ष बाद शक सं० १३०७(१३८५ ई०) में उत्कीर्ण हुए विजयनगरके उल्लिखित शिलालेख नं० २ में उनका (तृतीय धर्मभूषणका) स्पष्टतया नामोल्लेख है। अतः यह सहजमें अनुमान हो सकता है कि वे अपने गुरु वर्द्धमानके पट्टाधिकारी शक सम्वत् १२९५ से १३०७ में किसी समय बन चुके थे। इस तरह अभिनव धर्मभूषणके साक्षात् गुरु श्रीवर्द्धमानमुनीश्वर और प्रगुरु द्वितीय धर्मभूषण थे। अमरकीर्ति दादागुरु और प्रथमधर्मभूषण परदादा गुरु थे। और इसीसे मेरे ख्यालमें उन्होंने अपने इन पूर्ववर्ती पूज्य प्रगुरु(द्वितीय धर्मभूषण) तथा परदादागुरु (प्रथमधर्मभूषण)से पश्चाद्वर्ती एवं नया बतलानेके लिये अपनेको अभिनव विशेषणसे विशेषित किया जान पड़ता है। जो कुछ हो, यह अवश्य है कि वे अपने गुरुके प्रभावशाली और मुख्य शिष्य थे।

समय-विचार—

यद्यपि अभिनव धर्मभूषणकी निश्चित तिथि बताना कठिन है तथापि जो आधार प्राप्त हैं उनपरसे उनके समयका लगभग निश्चय हो जाता है। अतः यहाँ उनके समयका विचार किया जाता है।

विन्ध्यगिरिका जो शिलालेख प्राप्त है वह शक सम्वत् १२९५ का उत्कीर्ण हुआ है। मैं पहले बतला आया हूँ कि इसमें प्रथम और द्वितीय इन दो ही धर्मभूषणोंका उल्लेख है और द्वितीय धर्मभूषणके शिष्य वर्द्धमानका अन्तिमरूपसे उल्लेख है। तृतीय धर्मभूषणका उल्लेख उसमें नहीं पाया जाता। प्रो० हीरालालजी एम ए के उल्लेखानुसार द्वितीय धर्मभूषणकी निषद्या (निसही) शकसं० १२९५में बनवाई गई है। अतः द्वितीय धर्मभूषणका अस्तित्वसमय शकसं० १२९५ तक ही समझना चाहिए। मेरा अनुमान है कि केशववर्णीको अपनी गोम्मटसारकी जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका बनानेकी प्रेरणा एवं आदेश जिन धर्मभूषणसे मिला वे धर्मभूषण भी यही द्वितीय धर्मभूषण होना चाहिये। क्योंकि इनके

पट्टका समय यदि २५ वर्ष मा हो तो इनका पट्टपर बैठनेका समय शकस० १२७०के लगभग पहुँच जाता है उस समय या उसके उपरान्त केशव वर्णीको उपर्युक्त टीकाके लिखनेमे उनसे आदेश एव प्रेरणा मिलना असम्भव नहीं है। चूँकि केशववर्णीने अपनी उक्त टीका शकस० १२८१ में पूर्ण की है। अत उस जैसी विशाल टीकाके लिखनेके लिये ११ वर्ष जितना समयका लगना भी आवश्यक एव सङ्गत है। प्रथम व तृतीय धर्मभूषण केशववर्णीके टीकाप्रेरक प्रतीत नहीं होते। क्योंकि तृतीय धर्मभूषण जीवतत्त्वप्रदीपिकाके समाप्तिकाल (शक० १२८१) से करीब १६ वर्ष बाद गुरुपट्टके अधिकारी हुए जान पड़ते हैं और उस समय वे प्राय २० वर्षके होंगे। अत जी० त० प्र० के रचनारम्भसमय में तो उनका अस्तित्व ही नहीं होगा तब वे केशववर्णीके टीका-प्रेरक कैसे हो सकते? और प्रथम धर्मभूषण भी उनके टीकाप्रेरक सम्भव प्रतीत नहीं होते। कारण, उनके पट्टपर अमरकीर्ति और अमरकीर्तिके पट्टपर द्वितीय धर्मभूषण (शक० १२७०–१२९५) बैठे हैं। अत अमरकीर्तिका पट्टसमय अनुमानत शकस० १२४५–१२७० और प्रथम धर्मभूषणका शकस० १२२० १२४५ होना है। ऐसी हालतमें यह सम्भव नहीं है कि प्रथम धर्मभूषण शक १२२०–१२४५ में केशववर्णीको जीवतत्त्वप्रदीपिकाके लिखनेका आदेश दें और वे ६१ या ३६ वर्षों जैसे इतने बड़े लम्बे समयमें उसे पूर्ण करें। अतएव यही प्रतीत होता है कि द्वितीय धर्मभूषण (शक० १२७०–१२९५) ही केशववर्णी(शक० १२८१)के उक्त टीकाके लिखनेमें प्रेरक रहे हैं। अस्तु।

पीछे मैं यह निर्देश कर आया हूँ कि तृतीय धर्मभूषण (ग्रन्थकार) शकस० १२९५ और शकस० १३०७के मध्यमें किसी समय अपने वर्द्धमानगुरुके पट्टपर आसीन हुए हैं। अत यदि वे पट्टपर बैठनेके समय (करीब शक० १३०० में) २० वर्षके हों, जैसा कि सम्भव है तो उनका जन्मसमय शकस० १२८० (१३५८ ई०)के करीब होना चाहिए। विजयनगर साम्राज्य

के स्वामी प्रथम देवराय और उनकी पत्नी भीमादेवी जिन वर्द्धमानगुरुके शिष्य धर्मभूषणके परम भक्त थे और जिन्हें अपना गुरु मानते थे तथा जिनसे प्रभावित होकर जैनधर्मकी अतिशय प्रभावनामें प्रवृत्त रहते थे वे यही तृतीय धर्मभूषण न्यायदीपिकाकार हैं। पद्मावती-बस्तीके एक लेखसे ज्ञात होता है कि "राजाधिराजपरमेश्वर देवराय प्रथम वर्द्धमानमुनिके शिष्य धर्मभूषण गुरुके, जो बड़े विद्वान् थे, चरणोंमें नमस्कार किया करते थे।" इसी बातका समर्थन शकसं० १४४० में अपने 'दशभक्त्यादिमहाशास्त्र'को समाप्त करनेवाले कवि वर्द्धमानमुनीन्द्रके इसी ग्रन्थगत निम्न श्लोकसे भी होता है —

"राजाधिराजपरमेश्वरदेवरायभूपालमौलिलसदङ्घ्रिसरोजयुग्मः।
श्रीवर्द्धमानमुनिवल्लभमौड्यमुख्यः श्रीधर्मभूषणसुखी जयति क्षमाढ्यः[1]॥"

यह प्रसिद्ध है कि विजयनगरनरेश प्रथम देवराय ही 'राजाधिराजपरमेश्वर' की उपाधिसे भूषित थे[2]। इनका राज्य-समय सम्भवतः १४१८ ई० तक रहा है क्योंकि द्वितीय देवराय ई० १४१९ से १४४६ तक माने जाते हैं[3]। अतः इन उल्लेखोंसे यह स्पष्ट है कि वर्द्धमानके शिष्य धर्मभूषण तृतीय (ग्रन्थकार) ही देवराय प्रथमके द्वारा सम्मानित थे[4]। प्रथम अथवा द्वितीय धर्मभूषण नहीं क्योंकि वे वर्द्धमानके शिष्य

---

१ प्रशस्तिसं० पृ० १२५से उद्धृत। २ ३ देखो, डा० भास्कर आनन्द सालेतोरका 'Mediaeval Jainism' p 300-301। मालूम नहीं डा० सा० ने द्वितीय देवराय (१४१९-१४४६ ई०)की तरह प्रथम देवराय के समयका निर्देश क्यों नहीं किया ? ४ डा० सालेतोर दो ही धर्मभूषण मानते हैं और उनमें प्रथमका समय १३७८ ई० और दूसरेका ई० १४०३ बतलाते हैं तथा वे इस झमेलेमें पड़ गये हैं कि कौनसे धर्मभूषणका सम्मान देवराय प्रथमके द्वारा हुआ था ? (देखो, मिडियावल जैनिज्म पृ० ३००)। मालूम होता है कि उन्हें विजयनगरका

नहीं थे। प्रथम धर्मभूषण तो शुभकीर्तिके और द्वितीय धर्मभूषण अमर-कीर्तिके शिष्य थे। अतएव यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि अभि-नव धर्मभूषण देवरायप्रथमके समकालीन हैं। अर्थात् ग्रन्थकारका अन्तिमकाल ई० १४१८ होना चाहिये। यदि यह मान लिया जाय तो उनका जीवनकाल ई० १३५८ से १४१८ ई० तक समझना चाहिये। अभिनव धर्मभूषण जैसे प्रभावशाली विद्वान् जैन साधुके लिये ६० वर्षकी उम्र पाना कोई ज्यादा नहीं है। हमारी सम्भावना यह भी है कि वे देवराय द्वितीय[1] (१४१६ १४४६ ई०) और उनके श्रेष्ठि सकप्पके द्वारा भी प्रपूजित रहे हैं[2]। हो सकता है कि ये अन्य धर्मभूषण हों। जो हो, इतना अवश्य है कि वे देवराय प्रथमके समकालिक निश्चितरूपसे हैं।

ग्रन्थकारने न्यायदीपिका (पृ० २१)में 'बालिशा' शब्दोंके साथ सायण के सर्वदर्शनसंग्रहसे एक पंक्ति उद्धृत की है। सायणका समय शकसं० १३वीं शताब्दीका उत्तरार्ध माना जाता है[3]। क्योंकि शकसं० १३१२का उनका एक दानपत्र मिला है जिससे वे इसी समयके विद्वान ठहरते हैं। न्यायदीपिकाकारका 'बालिशा' पदका प्रयोग उन्हें सायणके समकालीन जानकी ओर संकेत करता है। साथ ही दोनों विद्वान् नजदीक ही नहीं, एक ही जगह—विजयनगरके रहनेवाले भी थे इसलिए यह पूरा सम्भव है कि धर्मभूषण और सायण समसामयिक होंगे। या १०-५ वर्ष आगे पीछेके होंगे। अतः न्यायदीपिकाके इस उल्लेखसे भी पूर्वोक्त निर्धा-रित शक सं० १२८० से १३४० या ई० १३५८ से १४१८ समय ही सिद्ध

पर्वोक्त शिलालेख नं० २ प्राप्ति प्राप्त नहीं हो सका। अन्यथा वे इस निष्कर्षपर न पहुँचते।

[1] प्रशस्तिसं०पृ० १४५में इनका समय ई० १४२६-१४५१ दिया है।

[2] इसके लिये जैनसिद्धान्तभवन आरासे प्रकाशित प्रशस्तिसं० में परिचय कराये गये वृद्ध मानमुनीन्द्रका 'शान्तिनाथमहाशास्त्र' देखना चाहिये।

[3] देखो, सर्वदर्शनसंग्रहकी प्रस्तावना पृ० ३२।

होता है। अर्थात् ये ईसाकी १४वीं सदीके उत्तरार्ध और १५वीं सदीके प्रथम पादके विद्वान् हैं।

डा० के० बा० पाठक और मुख्तार सा० इन्हें शकसं० १३०७ (ई० १३८५) का विद्वान् बतलाते हैं[१] जो विजयनगरके पूर्वोक्त शिलालेख नं० २ के अनुसार सामान्यतया ठीक है। परन्तु उपर्युक्त विशेष विचारसे ई० १४१८ तक इनकी उत्तरावधि निश्चित होती है। डा० सतीशचन्द्र विद्याभूषण 'हिस्टरी आफ दि मिडियावल स्कूल ऑफ इंडियन लॉजिक' में इन्हें १६०० A D का विद्वान् सूचित करते हैं। पर वह ठीक नहीं है। जैसा कि उपर्युक्त विवेचनसे प्रकट है। मुख्तारसा० ने भी उनके इस समयको गलत ठहराया है[२]।

व्यक्तित्व और कार्य—

आचार्य धर्मभूषणके प्रभाव एवं व्यक्तित्वसूचक जो उल्लेख मिलते हैं उनसे मालूम होता है कि ये अपने समयके सबसे बड़े प्रभावक और व्यक्तित्वशाली जैनगुरु थे। प्रथमदेवराय, जिन्हें राजाधिराजपरमेश्वरकी उपाधि थी धर्मभूषणके चरणोंमें मस्तक झुकाया करते थे[३]। पद्मावतीबस्तीके शासनलेखमें उन्हें बड़ा विद्वान् एवं वक्ता प्रकट किया गया है। साधर्म मुनियों और राजाओंसे पूजित बतलाया है[४]। इन्होंने विजयनगरके राजघरानेमें जैनधर्मकी अतिशय प्रभावना की है। मैं तो समझता हूँ कि इस राजघरानेमें जो जैनधर्मकी महती प्रतिष्ठा हुई है उसका विशेष श्रेय इन्हीं अभिनव धर्मभूषणजीको है जिनकी विद्वत्ता और प्रभावके सब कायल थे। इससे स्पष्ट है कि ग्रन्थकार असाधारण प्रभावशाली व्यक्ति थे।

जैन धर्मकी प्रभावना करना उनके जीवनका व्रत था ही किन्तु ग्रन्थ रचनाकार्यमें भी उन्होंने अपनी अनोखी शक्ति और विद्वत्ताका बहुत ही सुन्दर उपयोग किया है। आज हम उनकी एक ही अमर रचना प्राप्त है और वह अकेला यही प्रस्तुत न्यायदीपिका है। जो जैनन्यायके वाङ्मयमें अपना विशिष्ट स्थान रखे हुए है और ग्रन्थकारकी धवलकीर्तिको अक्षुण्ण

---

१ २ स्वामी समन्तभद्र पृ १२६। ३-४ देखो, 'मिडियावल जैनिज्म' पृ २६६।

बनाये हुए है। उनकी विद्वत्ताका प्रतिबिम्ब उसमें स्पष्टतया आलोकित हो रहा है। इसके सिवाय उन्होंने और भी कोई रचना की या नहीं इसका कुछ भी पता नहीं चलता है। पर मैं एक सम्भावना पहिले कर आया हूँ कि कारुण्यकलिका भी ग्रन्थकारकी द्वितीय रचना होना चाहिए। क्योंकि यहाँ इस ग्रन्थका इस प्रकारसे उल्लेख किया है कि जिससे लगने लगता है कि ग्रन्थकार अपनी ही दूसरी रचनाका देखनेका इङ्गित कर रहे हैं। यदि सचमुचमें यह ग्रन्थ ग्रन्थकारकी रचना है तो मालूम होता है कि वह न्याय-दीपिकासे भी अधिक विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण ग्रन्थ होगा। अन्वेषकोंको इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थका अवश्य ही पता चलाना चाहिए।

ग्रन्थकारके प्रभाव और कार्यक्षेत्रसे यह भी प्रायः मालूम होता है कि उन्होंने कर्णाटकदेशके उपर्युक्त विजयनगरको ही अपनी जन्मभूमि बनायी होगी और वहीं उनका शरीर-त्याग एवं समाधि हुई होगी। क्योंकि वे गुरुपरम्परासे चले आये विजयनगरके भट्टारकी पट्टपर आसीन हुए थे। यदि यह ठीक है तो कहना होगा कि उनके जन्म और समाधिका स्थान भी विजयनगर है।

उपसंहार

इस प्रकार ग्रन्थकार अभिनव धर्मभूषण और उनकी प्रस्तुत अमर कृतिके सम्बन्धमें ऐतिहासिक दृष्टिसे जो शब्द लिखनेका प्रथम साहस किया। इतिहास एक ऐसा विषय है जिसमें चिन्तनकी आवश्यकता हमेशा बनी रहती है और इसीलिये सच्चा ऐतिहासिक अपने कथन एवं विचारको परिपूर्ण नहीं मानता। अतः मैंने ऊपर जो विचार प्रस्तुत किया है उसकी कसौटी भी यही है। इसलिये सम्भव है कि धर्मभूषणजीके ऐतिहासिक जीवनपरिचयमें अभी परिपूर्णता न आ पाई हो। फिर भी उपलब्ध साधनोंपरसे जो मेरी समझमें आया उसे विद्वानोंके समक्ष विशेष विचारके लिये प्रस्तुत कर दिया। इत्यलम्।

चैत्र कृष्णा १० वि० २००२
ता० ७-४-४५, देहली

दरबारीलाल जैन, कोठिया

भानुवादन्यायदीपिकाकी

विषय-सूची

[प्रमाण नय विवेचनस्य पीठिका]

§ १ "प्रमाणनयैरधिगमः" इति महाशास्त्रतत्त्वार्थसूत्रम्[१] [१-६]। [२]तत्खलु परमपुरुषार्थ[३]निःश्रेयससाधनसम्यग्दर्शनादि[४]विषयभूतजीवादि[५]तत्त्वाधिगमोपायनिरूपणपरम्। प्रमाणनयाभ्यां हि[1] विवेचिता[६] जीवादयः सम्यगधिगम्यन्ते[७]। तद्व्यतिरेकेण[८] जीवाद्यधिगमे प्रकारान्तरासम्भवात्[९]। तत[१०] एव जीवाद्यधिगमोपायभूतौ प्रमाणनयावपि विवेक्तव्यौ[११]। तद्विवेचनपराः[१२] प्राक्तनग्रन्थाः[१३] सन्त्येव, तथापि ते[2] केचिद्विस्तृताः[१४], केचिद्-

मानसस्य वा विस्तरतः सङ्क्षेपतो वा शास्त्रकारैरवश्यकरणात्। तदकरणे तथा तत्कृतोपकारविस्मरणादसाधुत्वप्रसङ्गात्। साधूनां कृतस्योपकारस्याविस्मरणप्रसिद्धेः। 'न हि कृतमुपकारं साधवो विस्मरन्ति' इति वचनात्।" —आप्तपरी० पृ० ३। परमेष्ठिगुणस्तोत्ररूपस्य मङ्गलस्य पुण्यावाप्तिरधर्मप्रध्वंसः फलमिति तु तत्त्वम्। अतः शास्त्रादौ मङ्गलमवश्यमाचरणीयमिति।

१ महाशास्त्रं तत्त्वार्थसूत्रम्। २ सूत्रम्। ३ चत्वारः पुरुषार्थाः—धर्मार्थकाममोक्षाः, तेषु परमः पुरुषार्थो मोक्षः स एव निःश्रेयसमित्युच्यते। सकलप्राणिभिरुपादेयत्वात् मोक्षस्य परमपुरुषार्थत्वमिति भावः। ४ आदिशब्देन ज्ञानं सम्यक्चारित्रं च गृह्येते। ५ अत्रादिपदेन जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षतत्त्वानि गृहीतव्यानि। ६ पृथक्कृता व्यवस्थापिता इत्यर्थः। ७ ज्ञायन्ते। ८ प्रमाणनयाभ्यां विना। ९ प्रमाणनयातिरिक्त तृतीयाधिगमप्रकारस्याभावात्। १० प्रकारान्तरासम्भवादेव। ११ व्याख्यातव्यौ। १२ प्रमाणनयव्याख्यानतत्पराः। १३ अकलङ्कादिप्रणीता न्यायविनिश्चयादयः। १४ प्रमेयकमलमार्तण्ड-न्यायकुमु-

1 द आ प्रत्योः 'हि' पाठो नास्ति। 2 प म मु प्रतिषु 'तं' पाठो नास्ति।

म्भीरा[1] इति न तत्र बालाना[2] मधिकार[3] । ततस्तेषा सुखो-पायेन[4] प्रमाण नयात्मकन्याय[5] स्वरूपप्रतिबोधकशास्त्राधिकार-सम्पत्तये[6] प्रकरणमिदमारभ्यते ।

[त्रिविधाया प्रकरणप्रवृत्त कथनम्]

§२ इह[7] हि प्रमाण नयविवेचनमुद्देश-लक्षणनिर्देश-परीक्षा द्वारेण[8] क्रियते । अनुद्दिष्टस्य[9] लक्षणनिर्देशानुपपत्ते । अनिर्दिष्ट-लक्षणस्य परीक्षितुमशक्यत्वात् । अपरीक्षितस्य विवेचनायोगात् । लोक-शास्त्रयोरपि तथैव[10] वस्तुविवेचनप्रसिद्धे ।

§३ तत्र[11] विवेक्तव्यनाममात्रकथन[12]मुद्देश । व्यतिकीर्ण-

चन्द्र-न्यायविनिश्चयविवरणादय ।

१ न्यायविनिश्चय प्रमाणसमष्टश्लोकवार्त्तिकादय । २ प्रोक्तलक्षणानाम् । ३ प्रवेश । ४ अक्लेशेन । ५ निपूर्वादिणगतावित्यस्माद्धातो करणे घञ्प्रत्यय सति न्यायशब्दसिद्धि, नितरामियते ज्ञायतेऽर्थोऽनेनेति न्याय, अर्थपरिच्छेदकोपायो न्याय इत्यर्थ । स च प्रमाण नयात्मक एव 'प्रमाणनयैरधिगम' इत्याभिहितत्वादिति, लक्षण प्रमाण-नय निक्षेपचतुष्टयात्मको न्याय इति च । लक्षण प्रमाणाभ्यामर्थसिद्धिरित्यतो लक्षणप्रमाणे न्याय इत्यन्ये । प्रमाणैरर्थपरीक्षण न्याय इत्येक । पञ्चावयववाक्यप्रयोगो न्याय इत्यपि केचित् । ६ न्यायदीपिकाख्यम् । ७ अत्र प्रकरणे । ८ अनेन बोध्यम्—उद्देशस्य प्रयोजन विवेचनीयस्य वस्तुन परिज्ञानम् । लक्षणस्य व्यावृत्तिर्व्यवहारो वा प्रयोजनम् । परीक्षायाश्च लक्षणे दोषपरिहार प्रयोजनम । अत एव शास्त्रकारा उद्देश लक्षणनिर्देश-परीक्षाभि शास्त्रप्रवृत्ति कुर्वाणा दृष्टा । ९ अकृतोद्देशस्य पदार्थस्य । १० उद्देशादिद्वारेण । ११ उद्देशादिषु मध्ये । १२ विवेचन

वस्तुव्यावृत्तिहेतुर्लक्षणम्¹ । तथाहुर्वार्तिककारपादाः² "परस्परव्यतिकरे³ सति ⁴येनाऽन्यत्वं लक्ष्यते तल्लक्षणम्" [तत्त्वार्थवा० २-८] इति ।

§ ५ द्विविधं लक्षणम्2, आत्मभूतमनात्मभूतं चेति । तत्र⁵ यद्वस्तुस्वरूपानुप्रविष्टं तदात्मभूतम्⁶, यथाऽग्नेरौष्ण्यम् । औष्ण्यं ह्यग्नेः स्वरूपं 3सदग्निमवान्तरेभ्यो⁷ व्यावर्त्तयति । ⁸तद्विपरीतम्-⁹नात्मभूतम्4 यथा दण्डः पुरुषस्य । दण्डिनमानयेत्युक्ते हि दण्डः पुरुषानुप्रविष्ट एव पुरुषं¹⁰ व्यावर्त्तयति । 5यद्भाष्यम् 'तत्रात्मभूत

शास्त्रस्य नाममात्रनिरूपणं यथा सर्वत्रविवेचनप्रारम्भे ... [illegible] वितर्कस्या भयात् ।

१ परस्परमिलितानां वस्तूनां व्यावृत्तिजनकं यद् तल्लक्षणमिति भावः । अत्र लक्षणं लक्ष्यं, शेषं तस्य लक्षणम् । २ तत्त्वार्थवार्तिककाराः श्रीमद्भट्टाकलङ्कदेवाः । पादाः भगवन्तो देवाः प्रयोगोऽयं पूज्यतामतः ।" आ० प० १। ३ समानाधिकरणतया परस्परावगाहनं व्यतिकरः इति, एवं सति व्यतिकरे सति, इति भावः । ४ परस्परमिलितपदार्थव्यावृत्तिकारणं । ५ तयोर्मध्ये । ६ कथञ्चित्तत्स्वरूपभावापन्नतादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्नधर्मस्यात्मभूतलक्षणत्वम् । ७ जलादिभ्यः । ८ यद्वस्तुस्वरूपानुप्रविष्टं तदनात्मभूतम् । भवति हि दण्डः पुरुषस्य लक्षणम्, स च नाऽऽत्मभूतः, पुरुषात्पृथग् यतः पुरुषसमानदेशत्वात् । अत एवात्मभूतलक्षणादनात्मभूतलक्षणस्य भेदः । ९ कथञ्चित्तादात्म्यभिन्नसंयोगादिसम्बन्धावच्छिन्नस्यानात्मभूतलक्षणत्वम् । १० अग्न्यादिना सह स्थितान् पृथक्करणात् ।

---

1 तार्किकधर्म' इति आ प्रतिपाठः । 2 'लक्षणं' इति पाठ आ प्रतौ नास्ति । 4 'भूतं' म प्रतौ पाठः । 3, 5 'तद्' म प मु प्रतिषु पाठः ।

अग्नेरौष्ण्यमनात्मभूतं देवदत्तस्य दण्डः" [राजवा० भा० २-८] इति ।

§५ 'असाधारणधर्मवचनं लक्षणम्' इति केचित्[1], तदनुपपन्नम्[2], लक्ष्यधर्मिवचनस्य लक्षणधर्मवचनेन सामानाधिकरण्याभावप्रसङ्गात्[3] । दण्डादेरतद्धर्मस्यापि[4] लक्षणत्वाच्च । किञ्चाव्याप्ताभिधानस्य लक्षणाभासस्यापि[5] तथात्वात्[6] । तथा हि—त्रयो लक्षणाभासभेदाः, अव्याप्तमतिव्याप्तमसम्भवि चेति । तत्र लक्ष्यैकदेशवृत्त्यव्याप्तम्, यथा गोः शाबलेयत्वम् । [7]लक्ष्यालक्ष्यवृत्त्यतिव्याप्तम्, यथा तस्यैव पशुत्वम् । बाधितलक्ष्यवृत्त्यसम्भवि, यथा नरस्य विषाणित्वम् । अत्र हि लक्ष्यैकदेशवर्तिनः पुनरव्याप्तस्यासाधारण-

---

१ नैयायिकाः, हेमचन्द्राचार्यो वा । २ तदयुक्तम्, सदोषत्वात् । अत्र हि लक्षणस्य लक्षणे त्रयो दोषाः सम्भवन्ति—अव्याप्तिरतिव्याप्तिरसम्भवश्चेति । तत्र लक्ष्यधर्मिवचनादिनाऽसम्भवो दोष उक्तः । दण्डादेरित्यादिना ऽव्याप्तिः प्रदर्शिता । किञ्चेत्यादिना चातिव्याप्तिः कथिता । एतच्च परिशिष्टे स्पष्टम् । अत्रासाधारणत्वं तदितरावृत्तित्वं न ग्राह्यम् । लक्ष्येतरावृत्तित्वमित्यर्थः । ३ सामानाधिकरण्यं द्विधा—आर्थं शाब्दञ्च । तत्रैकाधिकरणवृत्तित्वमार्थम्, यथा रूपरसयोः । शाब्दं त्वेकार्थप्रतिपादकत्वे सति समानविभक्तिकत्वं भिन्नप्रवृत्तिनिमित्तानामेकस्मिन्नर्थे वृत्तित्वरूपं वा, यथा नीलं कमलमित्यत्र । प्रकृते शाब्दं सामानाधिकरण्यं ग्राह्यं वचनशब्दप्रयोगात् । वचनेन हि वचनस्य शाब्दं सामानाधिकरण्यम् । तच्चासाधारणधर्मवचनस्य लक्षणत्वेऽसम्भवि । शेषं परिशिष्टे द्रष्टव्यम् । ४ पुरुषानसाधारणधर्मस्यापि—दण्डादेः पुरुषस्यासाधारणधर्मत्वाभावेऽपि लक्षणं भवतीति भावः । ५ सदोषलक्षणं लक्षणाभासम् । ६ असाधारणधर्मत्वात् । ७ यस्य लक्षणं क्रियते तल्लक्ष्यं तद्भिन्नमलक्ष्यं ज्ञेयम् ।

---

1 'असाधारणधर्मो लक्षणम्' इति म प प्रत्योः पाठः ।

धर्मत्वमस्ति न तु लक्ष्यभूत[1]गोमात्रान्यावृत्तत्वम् । तस्मात्-थोक्तमेव[2] लक्षणम्, तस्य कथनं लक्षणनिर्देशः ।

§ ६ विरुद्धनानायुक्तिप्राबल्यदौर्बल्यावधारणाय प्रवर्तमानो विचारः परीक्षा[3] । सा खल्वेवं चेदेवं स्यादेवं चेदेवं न स्यादित्येवं2 प्रवर्तते ।

§ ७ प्रमाणनययोरप्युद्देशः सूत्र[4] एव कृतः । लक्षणमिदानीं निर्देष्टव्यम् । परीक्षा च "यथौचित्यं3 भविष्यति । 'उद्देशानुसारेण[5] लक्षणकथनम्' इति न्यायात्प्रधानत्वेन[7] प्रथमोद्दिष्टस्य प्रमाणस्य तावल्लक्षणमनुशिष्यते[8] ।

---

१ गोत्वावच्छिन्नसकलगो । २ व्यतिरेकीखण्डवस्तुव्यावृत्तिहेतुरित्येवं । ३ 'लक्षितस्य लक्षणमुपपद्यते नवेति विचारः परीक्षा'—(तर्कस० पदकृ० पृ० ५) । ४ 'प्रमाणनयैरधिगमः' इति तत्त्वार्थसूत्रस्य पूर्वोल्लिखित सूत्रे । ५ यथावसरम् । ६ उद्देशक्रमेण, यथोद्देशस्तथा निर्देश इति भावः । ७ अथ प्रमाणनययोर्मध्ये प्रमाणापेक्षया नयस्याल्पान्तरत्वात् प्रथमतस्तस्यैवोद्देशः कृतो न्योऽन्य आह प्रधानत्वेनेति । ननु तथापि कथं प्रमाणस्य प्रधानत्वं ? येन प्रथमं तदुद्दिश्यत इति चेदुच्यते प्रमाणस्याभ्यर्हितत्वात्प्रधानत्वम्, अभ्यर्हितत्वं च 'प्रमाणप्रकाशितेष्वर्थेषु नयप्रवृत्तेर्व्यवहारहेतुत्वात् । यतो हि प्रमाणप्रकाशितेष्वर्थेषु नयप्रवृत्तिर्व्यवहारहेतुर्भवति नान्यथेत्यतोऽभ्यर्हितत्वं प्रमाणस्य । अथवा समुदायविषयं प्रमाणमवयवविषया नयाः । तथा चोक्तम्—"सकलादेशः प्रमाणाधीनो विकलादेशो नयाधीनः" इति' । —(तत्त्वार्थवा० १-६) । ८ कथ्यते ।

---

1 'मात्रस्य' इति म प्रतिपाठः । 2 'खल्वेवं चेदेवं स्यादेवं न स्या दित्येवं' इति आ प्रतिपाठः । प मु प्रतिषु 'न' पाठो नास्ति 3 'यथोचितं' इति द प्रतिपाठः ।

[प्रमाणसामान्यस्य लक्षणकथनम्]

§ ८ सम्यग्ज्ञान प्रमाणम् । अत्र प्रमाण लक्ष्य सम्यग्ज्ञानत्व[1] तस्य लक्षणम् । गोरिव सास्नामित्वम्, अग्नेरिवौष्ण्यम् । अत्र[2] सम्यक्पद सशयविपर्ययानध्यवसायनिरासाय क्रियते, अप्रमाणत्वादेतेषा[3] ज्ञानानामिति ।

§ ९ तथा हि—विरुद्धानेककोटिस्पर्शि[4] ज्ञान सशय, यथा स्थाणुर्वा पुरुषो वेति । स्थाणुपुरुष[5]साधारणोर्ध्वतादिधर्मदर्शनात्तद्विशेषस्य[6] वक्रकोटरशिर पाण्यादे साधकप्रमाणाभावादनेककोट्यवलम्बित्व ज्ञानस्य । विपरीतैककोटिनिश्चयो विपर्यय, यथा शुक्तिकायामिद रजतमिति ज्ञानम्[7] । अत्रापि सादृश्यादि[8]-निमित्तवशाच्छुक्तिविपरीते रजते निश्चय । किमित्यालोचनमात्रमनध्यवसाय[9], यथा पथि[I] गच्छतस्तृणस्पर्शादिज्ञानम् । इद[10] हि नानाकोट्यवलम्बनाभावान्न सशय । विपरीतैककोटिनिश्चया-

---

१ यावत्सम्यग्ज्ञानेषु वृत्ति सामान्यरूपो धर्म सम्यग्ज्ञानत्वम् । २ 'सम्यग्ज्ञान प्रमाण' मित्यत्र । ३ सशयादीनाम् । ४ कोटि—पक्ष, अवस्था वा । ५ उभयवृत्ति सामान्यरूप ऊर्ध्वतादिधर्म साधारण । ६ स्थाणुपुरुषविशेषस्य, स्थाणोविशेषा वक्रकोटरादि । पुरुषस्य तु शिर पाण्यादिरिति भाव । ७ तदभाववति तत्प्रकारक ज्ञान विपर्यय, यथा रजतत्वाभाववति शुक्तिशकले रजतत्वप्रकारक 'शुक्ता इद रजतम्' इति ज्ञानमित्याशय । ८ आदिपदेन चाकचिक्यादिग्रहणम् । ९ अनिश्चयस्वरूप सशय विपर्ययभिन्नजातीय ज्ञानम् । १० अनध्यवसायाख्यज्ञानस्य सशय-विपर्यया-

---

I 'पथि' इति पाठो म प्रतौ नास्ति ।

भावात् विपर्यय इति पृथगेव[1]। एतानि[2] च स्वविषयप्रमितिजनकत्वाभावादप्रमाणानि ज्ञानानि भवन्ति, सम्यग्ज्ञानानि तु न भवन्तीति सम्यक्पदेन व्युदस्यन्ते[3]। ज्ञानपदेन[4] प्रमातुः प्रमितेश्च[5] व्यावृत्तिः। अस्ति हि निर्दोषत्वेन तत्रापि[6] सम्यक्त्वं न तु ज्ञानत्वम्।

§१० ननु प्रमितिकर्त्तुः प्रमातुर्ज्ञातृत्वमेव न ज्ञानत्वमिति यद्यपि ज्ञानपदेन व्यावृत्तिस्तथापि प्रमितिर्न व्यावर्त्तयितुं शक्या, तस्या अपि [7]सम्यग्ज्ञानत्वादिति चेत्; भवेदेवम्[8], यदि [9]भावसाधनमिह

स्या ज्ञानान्तरत्वं प्रसाधयति इत्यमिति, इदम्—अनध्यवसायाख्यं ज्ञानम्। इदमत्र तात्पर्यम्—संशये नानाकोट्यवलम्बनात्, विपर्यये च विपरीतैककोटिनिश्चयात्। अनध्यवसाये तु नैकस्या अपि कोटेर्निश्चयो भवति। ततस्तदुभयभिन्नविषयत्वेन कारणस्वरूपभेदेन च ताभ्यामिदं ज्ञानं भिन्नमेव। तथा चोक्तम्—'अस्य (अनध्यवसायस्य) चानवधारणात्मकत्वेऽपि कारणस्वरूपादिभेदान्न संशयता। अप्रतीतविशेषविषयत्वेनाऽपि अस्य सम्भवादुभयविशेषानुस्मरणजन्मसंशयता भिन्न एवेति कन्दलीकाराः।'— प्रशस्तपा० टि० पृ० ६१।

[1] संशयविपर्ययाभ्याम्। २ संशयादीनि। ३ निराक्रियन्ते। ४ सम्यक्पदस्य कृत्यं प्रदर्श्य ज्ञानपदस्य कृत्यं प्रदर्शयति ज्ञानपदेनेति। ५ ननु ज्ञानपदेन यथा प्रमातुः प्रमितेश्च व्यावृत्तिः कृता तथा प्रमेयस्य कथं न कृता तस्यापि ज्ञानत्वाभावात्, इति चेत्तस्यापि चशब्दाद्ग्रहणं बोध्यम्। यद्यपि स्वपरिच्छेद्यापेक्षया ज्ञानस्य प्रमेयत्वमस्त्येव तथापि घटपटादिबहिरर्थापेक्षया प्रमेयत्वं नास्तीत्यतो युक्तं चशब्दात्तस्य ग्रहणम्। ६ प्रमातरि प्रमितौ प्रमेये च। ७ [illegible]। ८ प्रमितेर्व्यावर्तनम्। ९ ज्ञप्तिमात्रं ज्ञानमिति।

ज्ञानपदम्। करणसाधन यत्वेतज्ज्ञायतेऽनेनेति ज्ञानमिति। "करणाधारे चानट्" [जैनेन्द्रव्या० २।३।११२] इति करणेऽप्यनट्प्रत्ययानुशासनात्[1]। भावसाधन तु ज्ञानपद प्रमितिमाह[1]। अन्यद्धि भावसाधनात्करणसा धन[2] पदम्। [3]एवमेव [3]प्रमाणपदमपि प्रमीयतेऽनेनेति करणसाधन कर्त्तव्यम्। [4]अन्यथा सम्यग्ज्ञानपदेन सामानाधिकरण्याघटनात्। तत प्रमितिक्रिया प्रति यत्करण तत्प्रमाणमिति सिद्धम्[5]। तदुक्त प्रमाणनिर्णये—"इदमेव हि प्रमाणस्य प्रमाणत्व यत्प्रमितिक्रिया प्रति साधकतमत्वेन[7] करणत्वम्" [प्रमाणनिर्णय पृ० १] इति।

§ ११ नन्वेव मप्यक्तलिङ्गादा[9]वतिव्याप्तिर्लक्षणस्य[10], तत्रापि[11] प्रमितिरूप फल प्रति करणत्वात्। दृश्यते हि चक्षुषा

१ विधानात्। २ ज्ञानपदेन। ३ 'सम्यग्ज्ञान प्रमाणम्' इत्यत्र प्रमाणलक्षणे प्रयुक्त 'प्रमाणम्' इति पदम्। ४ प्रमाणपद करणसाधन ना चेत्। ५ प्राक्तलक्षणशाब्दसामानाधिकरण्यानुपपत्ते। ६ सुनिश्चितम्। ७ अतिशयेन साधकमिति साधकतम नियमेन कार्योत्पादकमित्यर्थ। ८ सशयादीनां प्रमातादीनां च प्राक्तप्रमाणलक्षणस्य व्यावृत्तावपि अय न प्रमाणपदस्य करणसाधनत्वेऽपि। ९ आदिपदेन धूमादेर्ग्रहणम्। १० अयमाशय —यदि 'प्रमितिक्रिया प्रति यत्करण तत्प्रमाणम्' इति प्रमाणार्थ कल्प्यते तर्हि प्रमितिरूप फल प्रति करणत्वेनाक्तलिङ्गादेरपि प्रमाणत्वप्रसङ्गात्। अक्तलिङ्गादि—इन्द्रिय धूम शब्दादि। ११

1 'प्रमितिराह' इति आ प्रतिपाठ। 2 'साधनपद' इति प

[1]दृष्टस्यापि मध्ये समारोपे[2] सत्यप्रमात्वात्[3]। तदुक्तम्—"दृष्टोऽपि समारोपात्तादृक्" [परीक्षा० १-५] इति।

§ १७ [4]एतेन निर्विकल्पके सत्तालोचनरूपे दर्शनेऽप्यतिव्याप्तिः परिहृता। "तस्याव्यवसायरूपत्वेन[5] प्रमितिं प्रति करणत्वाभावात्। निराकारस्य[1] ज्ञानस्याभावाच्च। "निराकारं दर्शनं साकारं ज्ञानम्" [सर्वार्थसि० २-९] इति प्रवचनात्[6]। तदेवं[2] प्रमाणस्य सम्यग्ज्ञानमिति लक्षणं नाऽतिव्याप्तम्। नाऽप्यव्याप्तम्, लक्ष्ययोः प्रत्यक्षपरोक्षयोर्व्याप्यवृत्तेः[8]। नाऽप्यसम्भवि, [9]लक्ष्यवृत्तेरबाधितत्वात्[10]।

[प्रमाणस्य प्रामाण्यनिरूपणम्]

§ १८ किमिदं[11] प्रमाणस्य प्रामाण्यं नाम? प्रतिभातविषय

१ ज्ञातस्यापि। २ संशयविपर्ययानध्यवसायानामन्यतमस्य समारोपलक्षणम्। ३ ज्ञातस्याऽपि सति संशये विपर्यये अनध्यवसाये (समारोपे) वाऽज्ञाततुल्यता भवति। अतस्तद्विषयकं ज्ञानं प्रमाणमेवेति भावः। ४ सकलशब्दधारावाहिक बुद्धिष्वतिव्याप्तिनिरासकथनेन। ५ निर्विकल्पकदर्शनस्य। ६ अनिश्चयात्मकत्वेन। ७ आगमात्। ८ यावल्लक्ष्येषु सकलमात्रे व्याप्यवृत्तित्वात्। ९ लक्ष्ये प्रत्यक्षसम्भवात्। १० तदेव हि सम्यक् लक्षणं यदव्याप्त्यतिव्याप्त्यसम्भवदोषत्रयशून्यमित्यभिप्रायेण ग्रन्थकर्त्ता दोषत्रयपरिहारः कृतः। ११ प्रामाण्यं स्वतः, अप्रामाण्यं परत इति मीमांसकाः, अप्रामाण्यं स्वतः प्रामाण्यं परत इति ताथागताः, उभयं स्वत इति सांख्याः, उभयमपि परत इति नैयायिकवैशेषिकाः, उभयमपि कथञ्चित्स्वतः कथञ्चित्परत इति

1 म प मु प्रतिषु 'ज्ञानस्य' इत्यधिकः पाठः। 2 म प मु प्रतिषु 'तस्मात्' इति पाठः।

थाऽव्यभिचारित्वम् [1] । [1]तयोरुत्पत्तिः कथम् ? स्वत एवेति मीमांसकाः । प्रामाण्यस्य स्वत उत्पत्तिरिति ज्ञानसामान्यसामग्रीमात्रजन्यत्वमित्यर्थः[2] । तदुक्तम्—"ज्ञानोत्पादकहेत्वनतिरिक्तजन्यत्व[3]मुत्पत्तौ स्वतस्त्वम्" [ ] इति । [4]न ते मीमांसकाः, ज्ञानसामान्यसामग्र्याः[5] संशयादावपि ज्ञानविशेषे[6] सत्त्वात् । वयं[7] तु ब्रूमहे ज्ञानसामान्यसामग्र्याः साम्येऽपि संशयादिरप्रमाणं सम्यग्ज्ञानं प्रमाणमिति विभागस्तावदनिबन्धनो[8] न भवति । ततः संशयादौ यथा हेत्वन्तर[9]मप्रामाण्ये दोषादिकमङ्गीक्रियते[10] तथा प्रमाणेऽपि[2] [11]प्रामाण्यनिबन्धनमन्यदवश्यमभ्युपगन्तव्यम् । अन्यथा[12] प्रमाणाप्रमाणविभागानुपपत्तेः[13] ।

स्याद्वादिनो जैना इत्येवं वादिना विप्रतिपत्ति सद्भावात्संशय स्याद्वादिन करणाय प्रामाण्याप्रामाण्यविचार प्रस्तूयते किमित्यमिति ।

१ प्रामाण्यस्य । २ यत्र कारणेन ज्ञानं जन्यते तेनैव तत्प्रामाण्यमपि न तद्भिन्नकारणेनेति भाव । ३ ज्ञानस्योत्पादका या हेतु-कारणं तदतिरिक्तानि यस्य ज्ञानोत्पादकसामग्र्याजन्यत्वमित्यर्थ । ४ समा-धत्ते नेति मीमांसका —विचारकुशला । ५ समग्राणां भाव—एककार्यकारित्वं सामग्री—यावन्ति कारणानि एकस्मिन्कार्ये व्याप्रियन्ते तानि सर्वाणि सामग्रीति कथ्यते । ६ मिथ्याज्ञाने । ७ जैना । ८ अकारणं । ९ एकस्मादेवान्यो हेतु इत्यन्तरं ज्ञानसामान्यकारणाद्भिन्नकारणमित्यर्थः । १० स्वीक्रियते, भवता मीमांसकेन । ११ गुणात्मकम्—नैर्मल्यादिरूपम् । १२ गुणात्मकप्रामाण्यनिबन्धनस्यानभ्युपगमे । १३ ज्ञानं प्रमाणमप्रमाणमिति विभागो न स्यात् ।

1 'प्रामाण्य' इत्यधिकः पाठः मु-प्रतौ । 2 'अपि' इति आ प्रतौ नास्ति ।

§१९ [१]एवमप्रामाण्यं परतः प्रामाण्यं तु स्वत इति न[२] मन्तव्यम्, विपर्ययेऽपि समानत्वात्। शक्यं हि वक्तुमप्रामाण्यं स्वतः प्रामाण्यं तु परत इति। तस्मात्प्रामाण्यवदप्रामाण्यमपि परतः[३] एवोत्पद्यते। न हि पटसामान्यसामग्री रक्तपटे हेतुः। तद्वत् ज्ञानसामान्यसामग्री प्रमाणज्ञाने हेतुः, भिन्नकार्ययोर्भिन्नकारणप्रभवत्वावश्यम्भावादिति[४]।

§२० कथं तस्य[५] ज्ञप्तिः[६]? अभ्यस्ते[७] विषये स्वतः, अनभ्यस्ते[८] तु परतः। कोऽयमभ्यस्तो विषयः? को वाऽनभ्यस्तः? उच्यते, परिचितस्वग्रामतटाकजलादिरभ्यस्तः, तद्व्यतिरिक्तोऽनभ्यस्तः। किमिदं स्वत इति? किं नाम परत इति? ज्ञानज्ञापककारणैव प्रामाण्यज्ञप्तिः1 स्वत इति। ततोऽतिरिक्ताज्ज्ञप्तिः परत इति।

§२१ तत्र तावदभ्यस्ते विषये2 जलमिदमिति3 ज्ञाने जाते ज्ञानस्वरूपज्ञप्तिसमय एव तद्गतं प्रामाण्यमपि ज्ञायत एव। [९]अन्यथोत्तर[१०]क्षण एव निःशङ्कप्रवृत्तेरयोगात्[११]। अस्ति हि जलज्ञानोत्तरक्षण एव निःशङ्कप्रवृत्तिः4। अनभ्यस्ते तु विषये जलज्ञाने जाते जल-

---

१ प्रामाण्याप्रामाण्ययोर्भिन्नकारणसिद्धेऽपि। २ जैन उत्तरयति नेति। ३ निर्मलतादिगुणाख्य। ४ ज्ञानप्रामाण्ये भिन्नकारणजन्ये भिन्नकार्यत्वात्प्रामाण्यवदित्यनुमानमत्र बोध्यम्। ५ प्रामाण्यस्य। ६ निश्चयः। ७ परिचिते। ८ अपरिचिते। ९ ज्ञानस्वरूपज्ञप्तिसमये प्रामाण्यनिश्चयो नो चेत्। १० जलज्ञानानन्तरसमये। ११ जले सन्देहरहिता प्रवृत्तिः

---

1 म प मु प्रतिषु 'प्रमाण्यस्य' इति पाठः। 2 म मु 'अभ्यस्तविषये' इति पाठः। 3 म प मु 'जलमिदमिति' पाठः। 4 प मु 'निःशङ्का' पाठः।

ज्ञानं मम जातमिति ज्ञानस्वरूपनिर्णयेऽपि प्रामाण्यनिर्णयोऽन्यत[1] एव। [2]अन्यथोत्तरकाले सन्देहानुपपत्तेः। अस्ति हि सन्देहः जलज्ञानं मम जातं 'तत्किं जलमुत मरीचिका'[3]इति। ततः[4] कमलपरिमलशिशिरमन्दप्रचारप्रभृतिभिरवधारयति—'प्रमाणं[5] प्राङ्मे जलज्ञानं[6] कमलपरिमलाद्यन्यथानुपपत्तेः' इति।

§ २०. [7]उत्पत्तिवत्प्रामाण्यस्य ज्ञप्तिरपि परत एवेति यौगाः[8]। तत्र[9] प्रामाण्यस्योत्पत्तिः परत इति युक्तम्। ज्ञप्तिः पुनरभ्यस्तविषये स्वत एवेति स्थितत्वात्[10] ज्ञप्तिरपि परत [11]एवेत्यवधारणानुपपत्तिः। ततो [12]व्यवस्थितमेतत्प्रामाण्यमुत्पत्तौ परत एव, ज्ञप्तौ तु [13]कदाचित्स्वतः [14]कदाचित्परत इति। तदुक्तं प्रमाणपरीक्षायां ग्रन्थे[15]—

[16]प्रमाणादिष्टसंसिद्धि[17]रन्यथाऽतिप्रसङ्गतः[18]।
प्रामाण्यं तु स्वतः सिद्धमभ्यासात्[20] परतोऽन्यथा[21]॥[प्र प पृ ६३]

स्यात्। १ सजातीयज्ञानान्तरादर्थक्रियाज्ञानाद्वा। २ अनभ्यस्ते—अपरिचिते विषये प्रामाण्यनिर्णयोऽन्यतो न स्यात्। ३ नालमुत्त। ४ सन्देहानन्तरम्। ५ साधकम्। ६ धर्मी। ७ यथा प्रामाण्यस्योत्पत्तिः परतस्तथा। ८ योगशब्देन नैयायिकवैशेषिकौ गृह्येते। ९ उत्पत्तिज्ञप्त्योर्मध्ये। १० निश्चितत्वात्। ११ अन्यनिवृत्तिरूपफलजनकावधारणपरैवकारप्रयोगासम्भवात्। १२ सम्यक् निश्चितम्। १३ अभ्यासदशायाम्। १४ अनभ्यासदशायाम्। १५ ग्रन्थमभिप्रेत्य। १६ सम्यग्ज्ञानात्। १७ इष्टोऽर्थस्तस्य सम्यक्प्रकारेण सिद्धिर्निर्णयोऽभिधानप्रतिलक्षणा वा। उत्पत्तिलक्षणा तु संसिद्धिर्न, प्रतिनियता, कारकप्रकरणात्। १८ प्रमाणाभासात्। १९ इष्टसंसिद्ध्यभावात्। २० अभ्यासदशायाम्। २१ अनभ्यासदशायाम्।

1 'मन्दः' इत्यधिकः पाठो मुद्रितप्रतिषु। 'तुषाः' इति म प्रतिपाठः।

§ २३. तदेवं सुव्यवस्थितेऽपि प्रमाणस्वरूपे दुरभिनिवेशवशंगतैः[1] सौगतादिभिरपि कल्पितं प्रमाणलक्षणं सुलक्षणमिति येषां[2] भ्रमस्ताननुगृह्णीमः[3]। तथा हि—

[सौगतीयप्रमाणलक्षणस्य समीक्षा]

§ २४. "अविसंवादि ज्ञानं प्रमाणम्" [प्रमाणवा० २-१] इति बौद्धाः। तदिदमविसंवादित्वमसम्भवित्वादलक्षणम्[4]। बौद्धैर्हि प्रत्यक्षमनुमानमिति प्रमाणद्वयमेवानुमन्यते। तदुक्तं न्यायबिन्दौ[5]—"द्विविधं सम्यग्ज्ञानम्", "प्रत्यक्षमनुमानञ्च" [न्यायबि० पृ० १०] इति। तत्र न तावत्प्रत्यक्षस्याविसंवादित्वम्, तस्य निर्विकल्पकत्वेन स्वविषयानिश्चायकस्य समारोपविरोधित्वाभावात्[6]। नाप्यनुमानस्य,[7] तन्मतानुसारेण[8] तस्याप्यपरमार्थभूतसामान्यगोचरत्वादिति[9]।

[कुमारिलभट्टीयप्रमाणलक्षणस्य समीक्षा]

§ २५. "अनधिगततथाभूतार्थनिश्चायकं प्रमाणम्" [शास्त्र-

---

१ मिथ्याभिप्रायैः। २ जनानाम्। ३ उपकुर्मः। ४ न निर्दोषलक्षणम्। ५ बौद्धतार्किकधर्मकीर्तिविरचिते न्यायबिन्दुनाम्नि ग्रन्थे। ६ यन्न समारोपविरोधि तन्नाविसंवादि, यथा संशयादि, तथा च प्रत्यक्षम्, तस्मान्न तदविसंवादीति भावः। ७ अविसंवादित्वमिति सम्बन्धः। ८ बौद्धमतानुसारेण। ९ अनुमानस्यापि। १० अयमत्राशयः—बौद्धमते हि द्विविधं प्रमेयं विशेषाख्यं स्वलक्षणमन्यापोहाख्यं सामान्यं च। तत्र स्वलक्षणं परमार्थभूतं प्रत्यक्षस्य विषयः स्वेनासाधारणेन लक्षणेन लक्ष्यमाणत्वात्, सामान्यं त्वपरमार्थभूतमनुमानस्य विषयः परिकल्पितत्वात्। तथा

नी० पृ० १०३] इति भाट्टा । तदप्ययुक्तम्, तैरेव प्रमाणत्वेनाभिमतेषु [1]धारावाहिकज्ञानेष्वनधिगतार्थनिश्चायकत्वाभावात् । [2]उत्तरोत्तरक्षणविशेषविशिष्टार्थावभासकत्वेन तेषामनधिगतार्थनिश्चायकत्वमिति [3]नाऽऽशङ्कनीयम्, क्षणानामतिसूक्ष्माणामाल-[4]क्षयितुमशक्यत्वात् ।

[प्राभाकरीयप्रमाणलक्षणस्य समीक्षा]

§ २६ [5] "अनुभूतिः प्रमाणम्" [बृहती १ १ ५] इति प्राभाकरा [6] । तदप्यसङ्गतम्, अनुभूतिशब्दस्य [7]भावसाधनत्वे करणलक्षणप्रमाणाव्याप्तेः, [8]करणसाधनत्वे तु भावलक्षणप्रमाणाव्याप्तेः, करणभावयोरुभयोरपि [9]तन्मते प्रामाण्याभ्युपगमात् । तदुक्तं शालिकानाथेन—

"यदा भावसाधनं तदा संविदेव प्रमाणं करणसाधनत्वे त्वात्ममनःसन्निकर्षः"[10] [प्रकरणप० प्रमाणपा० पृ० ६४] इति ।

चापरमार्थभूतसामान्यविषयत्वादनुमानस्य नाविसंवादित्वमिति भावः ।

१ गृहीतार्थविषयकेष्वुत्तरोत्तरजायमानानि ज्ञानानि धारावाहिकज्ञानानि तेषु । २ ननूत्तरोत्तरजायमानधारावाहिकज्ञानानां तत्तत्क्षणविशिष्टघटाद्यर्थनिश्चायकत्वेनागृहीतार्थविषयकत्वमेव ततो न तैर्व्याप्तिरिति शङ्कितुर्भावः । ३ शङ्का न कार्या । ४ ज्ञातुमशक्यत्वात् । ५ 'प्रमाणमनुभूतिः'—प्रकरणपञ्जि० पृ० ४२ । ६ प्रभाकरमतानुसारिणः । ७ अनुभवनोऽनुभूतिरित्येवभूते । ८ अनु भूयतेऽनेनेति अनुभूतिरित्येवरूपे । ९ प्राभाकराणां मते । १० प्रभाकरमतानुसारिणा शालिकानाथेन यदुक्तं तत्प्रकरणपञ्चिकायामित्थं वर्तते—'यदि प्रमितिः प्रमाणं इति भावसाधनं मानमाश्रीयते तदा संवि-

1 द प्रतौ 'लक्षयितुम्' इति पाठः ।

[नैयायिकाना प्रमाणलक्षणस्य समीक्षा]

§ २७ "प्रमाकरणं प्रमाणम्" [न्यायम० प्रमा० पृ० २५] इति नैयायिकाः[1]। [2]तदपि प्रमाकरण[3] लक्षणम्, ईश्वराख्ये[4] एव 'तदङ्गीकृत[I]प्रमाणेऽव्याप्तेः। अधिकरणं[5] हि महेश्वरः प्रमायाः न[6] तु करणम्। न चायमनुक्तोपालम्भः, "तन्मे प्रमाणं शिवः"[9]

दक मानम्। तस्याश्च व्यवहारानुगुणत्वभावत्वाद्धानोपादानोपेक्षा फलम्। प्रमीयतेऽनेनेति करणसाधने प्रमाणशब्दे आत्ममनःसन्निकर्षात्मनो ज्ञानस्य प्रमाणत्वं तद्बलभाविना फल (लं) संविदेव हानोपादानोपेक्षाबुद्धिर्वा मता।"—प्रमाणप० प० पृ० ६४।

१ वात्स्यायन जयन्तभट्टादयस्तार्किकाः। यथा हि 'प्रमीयतेऽनेनेति करणार्थाभिधानो प्रमाणशब्दः'—न्यायभा० १, १, ३, 'प्रमीयते येन तत्प्रमाणमिति करणार्थाभिधायिनः प्रमाणशब्दात् प्रमाकरणं प्रमाणमवगम्यते'—न्यायम० प्रमाण० पृ० २५। प्रमाकरणं प्रमाणमिति नैयायिकाभिमतमपि। २ मतम्। ४ महेश्वरे। ५ नैयायिकैरभ्युपगते। ६ आश्रय। ७ तत्प्रमाया नित्यत्वात्करणत्वासम्भवात्। ८ अन्यायमाशय — उपालम्भो दोषः (आरोपात्मकः) स च 'महेश्वरः प्रमाणम्' इत्यवस्था नानुक्तो भवता न स्वीकृत इति न, अपि तु महेश्वरस्य प्रमाणत्वं स्वीकृतमेव 'तन्मे प्रमाणं शिवः' इति वचनात्, तथा चेश्वराख्यप्रमाणस्य प्रमाया अधिकरणत्वात् प्रमाकरणत्वाभावादव्याप्तिरापद्यत एव प्रथकृतो मङ्गतमबुद्धिः भावः। ९ सम्पूर्ण श्लोकस्त्वित्थं प्रतीत—

साक्षात्कारिणि नित्ययोगिनि परद्वारानपेक्षस्थितौ
भूतार्थानुभवे निविष्टनिखिलप्रस्ताविवस्तुक्रमः।
लेशादृष्टिनिमित्तदुष्टिविगमप्रभ्रष्टशङ्कातुष
शङ्कोन्मेषकलङ्किभिः किमपरैस्तन्मे प्रमाणं शिवः॥

I 'ईश्वराख्ये तदङ्गीकृत एव' इति म प मु प्रतिषु पाठः।

[न्यायकुसु० ४-६] इति [1]योगाग्रसरेणोदयनेनोक्तत्वात् । तत्परिहाराय[2] केचन[3] वालिशा "साधनाश्रययोरन्यतरत्वे[4] सति प्रमाव्याप्तं प्रमाणम्" [सर्वदर्शनस० पृ० २३५] इति वर्णयन्ति तथापि साधनाश्रयान्यतरपर्यालोचनायां[5] साधनमाश्रयो वेति फलति । [6]तथा च [7]परस्पराव्याप्तिर्लक्षणस्य ।

§ २८ [8]अन्यान्यपि पराभिमतानि प्रमाणसामान्यलक्षणा-

[५]निरपेक्षा नया मिथ्या सापेक्षा वस्तु ते[६]ऽर्थकृत्[७] ॥१०८॥ इति।

पापक्षयोऽपि घटादिवस्तुना सर्वथा भेदेऽसत्त्वप्रसङ्गात्। तथा च खपुष्पवदेव तत्सत्त्वं स्यात्। तदुक्तम्—

'सदात्मना च भिन्नं चेत् ज्ञानं ज्ञेयाद् द्विधाऽप्यसत्।
ज्ञानाभावे कथं ज्ञेयं बहिरन्तश्च ते द्विषाम्॥'

—आप्तमी० का० ३०।

१ अर्थक्रियाकारित्वं हि सतो लक्षणम्। असत्त्वे च तत्र स्यादिति भावः। २ अनेकान्तवादिने दूषणमुद्भावयन् परः शङ्कते नन्विति। ३ स्वोक्तमेव प्रकरणकारः आप्तसमन्तभद्रस्वामिवचनेन प्रमाणयति तदुक्तमिति। ४ अस्याः कारिकायाः अयमर्थः—ननु एकत्वानेकत्वनित्य

---

1 मु 'साहचर्यानपेक्षाणां'। 2 मु 'मेकत्वादीनां'। 3 प 'विमुक्ततन्तु-समूहस्य', मु 'विमुक्तस्य तन्तुसमूहस्य'।

§ ८७ [1]ततो [2]"नयप्रमाणाभ्यां वस्तुसिद्धि" इति सिद्ध सिद्धान्तः[3]। पर्याप्तमागमप्रमाणम्[4]।

त्यानित्यत्वादीनां सर्वथैकान्तरूपाणां धर्माणां मिथ्यात्वात्तत्समुदायरूप स्याद्वादिभिरभ्युपगतोऽनेकान्तोऽपि मिथ्यैव स्यात्। न हि विषकणिकाया विषत्वे तत्समूहस्याविषत्वं कैश्चिदभ्युपगम्यते। तन्न युक्तम्, मिथ्यासमूहस्य जैनैरनभ्युपगमात्। मिथ्यात्वं हि निरपेक्षत्वं तच्च नास्माभिः स्वीक्रियते सापेक्षाणामेव धर्माणां समूहस्यानेकान्तत्वाभ्युपगमात्। तत एव चार्थक्रियाकारित्वम्, अर्थक्रियाकारित्वाच्च तेषां वस्तुत्वम्। क्रमयौगपद्याभ्यां हि अनेकान्त एवार्थक्रिया व्याप्ता नित्यक्षणिकाद्येकान्ते तदनुपपत्तेः। तथा च निरपेक्षा नया मिथ्या—अर्थक्रियाकारित्वाभावात्सम्यक् अवस्तु इत्यर्थः। सापेक्षास्तु ते वस्तु—सम्यक् अर्थक्रियाकारित्वादिति दिक्। ५ 'निरपेक्षत्वं प्रत्यनीकधर्मस्य निराकृतिः। सापेक्षत्वमुपेक्षा अन्यथा प्रमाणनयाविशेषप्रसङ्गात्। धर्मान्तरादानोपेक्षाहानिलक्षणत्वात् प्रमाणनयदुर्नयानां प्रकारान्तरासम्भवाच्च' अष्टश०का० १०८। ६ सापेक्षा नयाः। ७ अर्थक्रियाकारिणो भवन्तीति क्रियाध्याहारः।

१ पूर्वोक्तमेवापसरति तत इति। २ नयशब्दस्याल्पाच्तरत्वात् 'प्रत्यासत्तेर्बलीयान्' इति न्यायाच्च पूर्वनिपातो बोध्यः। ३ य खलु 'प्रमाणनयैरधिगमः' इति सिद्धान्तः प्रकरणारम्भेऽभ्युपन्यस्तः स सिद्ध इति भावः। ४ आगमाख्यं परोक्षप्रमाणं निश्चितम्।

'मद्गुरोर्वर्द्धमानेशो वर्द्धमानदयानिधे' ।
श्रीपादस्नेहसम्बन्धात्सिद्धेय न्यायदीपिका[2] ॥२॥

इति श्रीमद्वर्द्धमानभट्टारकाचार्यगुरुकारुण्यसिद्धसार-
स्वतोदयश्रीमदभिनवधर्मभूषणाचार्यविरचितायां
न्यायदीपिकायां परोक्षप्रकाशस्तृतीयः[3] ॥३॥
समाप्तेयं न्यायदीपिका ।

---

१ ग्रन्थकारा श्रीमदभिनवधर्मभूषणयतयः प्रारब्धनिर्वहणं प्रकाशय-
न्त्याहुर्मद्गुरोरिति । सुगममिदं पद्यम् । समाप्तमेतत्प्रकरणम् ।

जैनन्याय-प्रवेशाय बालानां हितकारकम् ।
दीपिकायां प्रकाशाख्यं टिप्पणं रचितं मया ॥१॥
द्विसहस्रैकरर्षाब्दे ख्याते विक्रमसञ्ज्ञके ।
भाद्रस्य सितपञ्चम्यां सिद्धमेतत्सुबोधकम् ॥२॥
मतिमान्द्यात्प्रमादाद्वा यदत्र स्खलनं क्वचित् ।
संशोध्य तद्धि विद्वद्भिः क्षन्तव्यं गुणदृष्टिभिः ॥३॥

इति श्रीमदभिनवधर्मभूषणयतिविरचितायां न्यायदीपिकायां न्यायतीर्थ-
जैनदर्शनशास्त्रि-न्यायाचार्यपण्डितदरबारीलालेन रचितं
प्रकाशाख्यं टिप्पणं समाप्तम् ।

---

1 द 'मद्गुरो' पाठः । 2 पद्यमिदं म प मु प्रतिषु नोपलभ्यते । 3 आ प द 'परोक्षप्रकाशस्तृतीयः' पाठो नास्ति । तत्र 'आगमप्रकाशः' इति पाठो वर्त्तते ।—सम्पा० ।

न्याय-दीपिका हिन्दी अनुवाद

कामं द्विषन्नप्युपपत्तिचक्षुः
समीक्षता ते समदृष्टिरिष्टम् ।
त्वयि ध्रुवं खण्डितमानशृङ्गो
भवत्यभद्रोऽपि समन्तभद्रः ॥

—स्वामिसमन्तभद्र ।

श्रीसमन्तभद्राय नम

श्रीमदभिनव-धर्मभूषण-यति-विरचित

न्याय-दीपिका

का

हिन्दी अनुवाद

पहला प्रकाश

मङ्गलाचरण और ग्रन्थ-प्रतिज्ञा—

ग्रन्थके आरम्भमे मङ्गल करना प्राचीन भारतीय आस्तिक परम्परा है। उसके अनेक प्रयोजन और हेतु माने जाते हैं। १ निर्विघ्न शास्त्र-परिसमाप्ति २ शिष्टाचार परिपालन ३ नास्तिकता-परिहार ४ कृतज्ञता-प्रकाशन और ५ शिष्य-शिक्षा। इन 5 प्रयोजनोंको समह करनेवाला निम्नलिखित पद्य है। जिसे पण्डित आशाधरजीने अपने अनगारधर्मामृतकी टीकामें उद्धृत किया है—

नास्तिकत्वपरिहार शिष्टाचारप्रपालनम्।
पुण्यावाप्तिश्च निर्विघ्न शास्त्रादावाप्तमस्तवात्।

इसमें नास्तिकतापरिहार, शिष्टाचारपरिपालन, पुण्यावाप्ति और निर्विघ्नशास्त्रपरिसमाप्तिको मङ्गलका प्रयोजन बताया है। कृतज्ञताप्रकाशनको आचार्य विद्यानन्दने[१] और शिष्यशिक्षाको आचार्य अभयदेवने[२] प्रकट किया है। इनका विशेष खुलासा इस
5 प्रकार है —

१ प्रत्येक ग्रन्थकारके हृदयमें ग्रन्थारम्भके समय सर्व प्रथम यह कामना अवश्य होती है कि मेरा यह प्रारम्भ किया ग्रन्थरूप कार्य निर्विघ्न समाप्त हो जाय। वैदिकदर्शनमें 'समाप्तिकामो मङ्गलमाचरेत्' इस वाक्यको श्रुति-प्रमाणके रूपमें प्रस्तुत करके
10 समाप्ति और मङ्गलमें कार्यकारणभावकी स्थापना भी की गई है। न्यायदर्शन और वैशेषिक दर्शनके पीछेके अनुयायिओंने इसका अनेक हेतुओं और प्रमाणों द्वारा समर्थन किया है। प्राचीन नैयायिकोंने[३] समाप्ति और मङ्गलमें अव्यभिचारी कार्यकारणभाव स्थिर करनेके लिए विघ्नध्वंसको समाप्तिका द्वार माना है और
15 जहाँ मङ्गलके होने पर भी समाप्ति नहीं देखी जाती वहाँ मङ्गलमें कुछ कमी (साधनवैगुण्यादि) को बतलाकर समाप्ति और मङ्गलके कार्यकारणभावकी सङ्गति बिठलाई है। तथा जहाँ मङ्गल

---

१ "अभिमतफलसिद्धेरभ्युपायः सुबोधः
प्रभवति स च शास्त्रात् तस्य चोत्पत्तिराप्तात्।
इति भवति स पूज्यस्तत्प्रसादात्प्रबुद्धै-
र्न हि कृतमुपकारं साधवो विस्मरन्ति ॥"

—तत्त्वार्थश्लो० पृ० २।

२ देखो, सन्मतितर्कटीका पृ० १।

३ देखो, सिद्धान्तमुक्तावली पृ० २, दिनकरी टीका पृ० ६।

के विना भी ग्रन्थ-समाप्ति देखी जाती है वहाँ अनिबद्ध वाचिक अथवा मानसिक या जन्मान्तरीय मङ्गलको कारण माना है। नवीन नैयायिकोंका[1] मत है कि मङ्गलका सीधा फल तो विघ्न-ध्वंस है और समाप्ति ग्रन्थकर्त्ताकी प्रतिभा, बुद्धि और पुरुषार्थ-का फल है। इनके मतसे विघ्नध्वंस और मङ्गलमें कार्यकारण-भाव है। 5

जैन तार्किक आचार्य विद्यानन्दने[2] किन्हीं जैनाचार्यके नामसे निर्विघ्नशास्त्रपरिसमाप्तिको और वादिराज[3] आदिने निर्विघ्नताको मङ्गलका फल प्रकट किया है।

२ मङ्गल करना एक शिष्ट कर्त्तव्य है। इससे सदाचारका 10 पालन होता है। अतः प्रत्येक शिष्ट ग्रन्थकारको शिष्टाचार परिपालन करनेके लिये ग्रन्थके आरम्भमें मङ्गल करना आवश्यक है। इस प्रयोजनको [4]आ० हरिभद्र और विद्यानन्दने[5] भी माना है।

३ परमात्माका गुण-स्मरण करनेसे परमात्माके प्रति ग्रन्थ कर्त्ताकी भक्ति और श्रद्धा तथा आस्तिक्यबुद्धि ख्यापित होती है 15 और इस तरह नास्तिकताका परिहार होता है। अतः ग्रन्थकर्त्ता-को ग्रन्थके आदिमें नास्तिकताके परिहारके लिए भी मङ्गल करना उचित और आवश्यक है।

४ अपने प्रारब्ध ग्रन्थकी सिद्धिमें अधिकांशतः गुरुजन ही निमित्त होते हैं। चाहे उनका सम्बन्ध ग्रन्थ-सिद्धिमें साक्षात् हो 20 या परम्परा। उनका स्मरण अवश्य ही सहायक होता है। यदि उनसे या उनके रचे शास्त्रोंसे सुबोध न हो तो ग्रन्थ-निर्माण नहीं

---

१ मुक्तावली पृ० २ दिनकरी,पृ० ६। २ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृ० १। ३ न्यायविनिश्चयविवरण लिखितप्रति पत्र २। ४ अनेकान्तजयपताका पृ० २। ५ [illegible] पृ० ३।

हो सकता। इसलिये प्रत्येक कृतज्ञ ग्रन्थकारका कर्त्तव्य होता है कि वह अपने ग्रन्थके आरम्भमे कृतज्ञता-प्रकाशन करनेके लिए परापरगुरुओंका स्मरण करे। अत कृतज्ञता प्रकाशन भी मङ्गलका एक प्रमुख प्रयोजन है। इस प्रयोजनको आ० विद्यानन्दादिने
5 स्वीकार किया है।

५ ग्रन्थके आरम्भमे मङ्गलाचरणको निबद्ध करनेसे शिष्यों, प्रशिष्यों और उपशिष्योंको मङ्गल करनेकी शिक्षा प्राप्ति होती है। अत 'शिष्या अपि एवं कुर्युः' अर्थात् शिष्य-समुदाय भी शास्त्रारम्भमे मङ्गल करनेकी परिपाटीको कायम रक्खें, इस
10 बातको लेकर शिष्य-शिक्षाको भी मङ्गलके अन्यतम प्रयोजन रूपसे स्वीकृत किया है। पहले बतला आये हैं कि इस प्रयोजनको भी जैनाचार्योंने माना है।

इस तरह जैनपरम्परामें मगल करनेके पाँच प्रयोजन स्वीकृत किये गये है। इन्हीं प्रयोजनोंको लेकर ग्रन्थकार श्रीअभिनव धर्म-
15 भूषण भी अपने इस प्रकरणके प्रारम्भमे मङ्गलाचरण करते हैं और ग्रन्थ-निर्माण (न्याय दीपिकाके रचने) की प्रतिज्ञा करते है—

वीर, अतिवीर, सन्मति, महावीर और वर्द्धमान इन पॉच नाम विशिष्ट अन्तिम तीर्थंकर श्रीवर्द्धमानस्वामीको अथवा 'अन्त रङ्ग और बहिरङ्ग' विभूतिसे प्रकर्षको प्राप्त समस्त जिनसमूहको
20 नमस्कार करके मैं अभिनव धर्मभूषण न्यायस्वरूप जिज्ञासु बालकों (मन्दजनों) के बोधार्थ विशद, सक्षिप्त और सुबोध 'न्याय दीपिका' (न्याय स्वरूपकी प्रतिपादक पुस्तिका) ग्रंथको बनाता हूँ।

प्रमाण और नयके विवेचनकी भूमिका—

'प्रमाणनयैरधिगम' [त० सू० १ ६] यह महाशास्त्र तत्त्वार्थ-
25 सूत्रके पहले अध्यायका छठवां सूत्र है। वह परमपुरुषार्थ—मोक्ष-

के कारणभूत[1] सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके विषय जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष इन तत्त्वोंका[2] ज्ञान करानेवाले उपायोंका प्रमाण और नयरूपसे निरूपण करता है, क्योंकि प्रमाण और नयके द्वारा ही जीवादि पदार्थोंका विश्लेषण पूर्वक सम्यक् ज्ञान होता है। प्रमाण और 5 नयको छोड़कर जीवादिकोंके जाननेमें अन्य कोई उपाय नहीं है[3]। इसलिए जीवादि तत्त्वज्ञानके उपायभूत प्रमाण और नय भी विवेचनीय—व्याख्येय हैं। यद्यपि इनका विवेचन करनेवाले प्राचीन ग्रन्थ विद्यमान हैं[4] तथापि उनमें कितने ही ग्रन्थ विशाल हैं[5] और कितने ही अत्यन्त गम्भीर हैं[6]—छोटे होनेपर भी 10 अत्यन्त गहन और दुरूह हैं। अतः उनमें बालकोंका प्रवेश सम्भव नहीं है। इसलिए उन बालकोंका सरलतासे प्रमाण और नयरूप न्यायके स्वरूपका बोध करानेवाले शास्त्रोंमें प्रवेश पानेके लिये यह प्रकरण प्रारम्भ किया जाता है।

उद्देशादिरूपसे ग्रन्थकी प्रवृत्तिका कथन— 15

इस ग्रन्थमें प्रमाण और नयका व्याख्यान उद्देश, लक्षण-निर्देश तथा परीक्षा इन तीन द्वारा किया जाता है। क्योंकि विवेचनीय वस्तुका उद्देश-नामोल्लेख किये बिना लक्षणकथन नहीं

---

१ 'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः'—त० सू० १-१। २ 'जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षास्तत्त्वम्'—त० सू० १-४। ३ लक्षण और निक्षेपका भी यद्यपि शास्त्रोंमें पदार्थोंके जाननेके उपायरूपसे निरूपण है तथापि मुख्यतया प्रमाण और नय ही अधिगमके उपाय हैं। दूसरे, लक्षणको ज्ञापक होनेसे प्रमाणमें ही उसका अन्तर्भाव हो जाता है और निक्षेप नयोंके विषय होनेसे नयोंमें शामिल हो जाते हैं। ४ अकलङ्कादिप्रणीत न्यायविनिश्चय आदि। ५ ... वगैरह। ६ न्यायविनिश्चय आदि

हो सकता और लक्षणकथन किये विना परीक्षा नहीं हो सकती तथा परीक्षा हुए विना विवेचन—निर्णयात्मक वर्णन नहीं हो सकता। लोक[1] और शास्त्र[2]मे भी उक्त प्रकारसे (उद्देश, लक्षण-निर्देश और परीक्षा द्वारा) ही वस्तुका निर्णय प्रसिद्ध है।

5 विवेचनीय वस्तुके केवल नामोल्लेख करनेको उद्देश कहते हैं। जैसे 'प्रमाणनयैरधिगम' इस सूत्र द्वारा प्रमाण और नयका उद्देश किया गया है। मिली हुई अनेक वस्तुओंमेंसे किसी एक वस्तुको अलग करनेवाले हेतुको (चिन्हको) लक्षण कहते हैं। जैसा कि श्री अकलङ्कदेवने राजवार्तिकमें कहा है—'परस्पर मिली हुई 10 वस्तुओंमेसे कोई एक वस्तु जिसके द्वारा व्यावृत्त (अलग) की जाती है उसे लक्षण कहते हैं।'

लक्षणके दो भेद हैं[3]—१ आत्मभूत और २ अनात्मभूत। जो वस्तुके स्वरूपमें मिला हुआ हो उसे आत्मभूत लक्षण कहते हैं। जैसे अग्निकी उष्णता। यह उष्णता अग्निका स्वरूप होती

---

१ स्वर्णकार जैसे सुवर्णका पहिले नाम निश्चित करता है फिर परिभाषा बांधता है और खोटे खरेके लिये मसानपर रखकर परीक्षा करता है तब वह इस तरह सुवर्णका ठीक निर्णय करता है।
२ 'त्रिविधा चास्य शास्त्रस्य प्रवृत्ति—उद्देशो लक्षण परीक्षा चेति। तत्र नामधेयेन पदार्थमात्रस्याभिधान उद्देश'। तत्रोद्दिष्टस्य तत्त्वव्यवच्छेदको धर्मो लक्षणम्। लक्षितस्य यथा लक्षणमुपपद्यते नवेति प्रमाणैरवधारण परीक्षा।'—न्यायभा० १-१-२।

३ लक्षणके सामान्यलक्षण और विशेषलक्षणके भेदसे भी दो भेद माने गये हैं। यथा-'तद् द्वेधा सामान्यलक्षणम्, विशेषलक्षण च।' प्रमाणमी० पृ० २। न्यायदीपिकाकारको भी ये भेद मान्य हैं। जैसा कि ग्रन्थके व्याख्यानसे सिद्ध है। पर उनके यहा कथन न करनेका कारण

हुई अग्निको जलादि पदार्थोंसे जुदा करती है। इसलिए उष्णता अग्निका आत्मभूत लक्षण है। जो वस्तुके स्वरूपमें मिला हुआ न हो—उससे पृथक् हो उसे अनात्मभूत लक्षण कहते हैं। जैसे दण्डी पुरुषका दण्ड। 'दण्डीको लाओ' ऐसा कहने पर दण्ड पुरुषमें न मिलता हुआ ही पुरुषको पुरुषभिन्न पदार्थोंसे पृथक् करता है। इसलिये दण्ड पुरुषका अनात्मभूत लक्षण है। जैसा कि तत्त्वार्थराजवार्तिकभाष्यमें कहा है —'अग्निकी उष्णता आत्मभूत लक्षण है और देवदत्तका दण्ड अनात्मभूत लक्षण है।' आत्मभूत और अनात्मभूत लक्षणमें यही भेद है कि आत्मभूत लक्षण वस्तुके स्वरूपमय होता है और अनात्मभूत लक्षण वस्तुके स्वरूपसे भिन्न होता है और वह वस्तुके साथ संयोगादि सम्बन्धसे सम्बद्ध होता है।

'असाधारणधर्मके कथन करनेको लक्षण कहते हैं' ऐसा किन्हीं (नैयायिक और हेमचन्द्राचार्य)का कहना है, पर वह ठीक नहीं है। क्योंकि लक्ष्यरूप धर्मिवचनका लक्षणरूप धर्मवचनके साथ सामानाधिकरण्य (शाब्दसामानाधिकरण्य)के अभावका प्रसङ्ग आता है। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है —

यदि असाधारणधर्मको लक्षणका स्वरूप माना जाय तो लक्ष्यवचन और लक्षणवचनमें सामानाधिकरण्य नहीं बन सकता। यह नियम है कि लक्ष्य-लक्षणभावस्थलमें लक्ष्यवचन और लक्षणवचनमें एकार्थप्रतिपादकत्वरूप सामानाधिकरण्य अवश्य होता है। जैसे 'ज्ञानी जीवः' अथवा 'सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्' इनमें

यह है कि आत्मभूत और अनात्मभूत लक्षणके कथनसे ही उनका कथन हो जाता है। दूसरे, उन्होंने राजवार्तिककारकी दृष्टि स्वीकृत की है जिसे आचार्य विद्यानन्दने भी अपनाया है। देखो, त० श्लो० पृ० ३१८।

शाब्दसामानाधिकरण्य है। यहाँ 'जीव' लक्ष्यवचन है, क्योंकि जीवका लक्षण किया जारहा है। और 'ज्ञानी' लक्षणवचन है, क्योंकि वह जीवको अन्य अजीवादि पदार्थोंसे व्यावृत्त कराता है। 'ज्ञानवान् जीव है' इसमें किसीको विवाद नहीं है। अब यहाँ देखेंगे कि 'जीव' शब्दका जो अर्थ है वही 'ज्ञानी' शब्दका अर्थ है। और जो 'ज्ञानी' शब्दका अर्थ है वही 'जीव' शब्दका है। अतः दोनोंका वाच्यार्थ एक है। जिन दो शब्दों-पदोंका वाच्यार्थ एक होता है उनमें शाब्दसामानाधिकरण्य होता है। जैसे 'नील कमलम्' यहाँ स्पष्ट है। इस तरह 'ज्ञानी' लक्षणवचनमें और 'जीव' लक्ष्यवचनमें एकार्थप्रतिपादकत्वरूप शाब्दसमानाधिकरण्य सिद्ध है। इसी प्रकार 'सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्' यहाँ भी जानना चाहिये। इस प्रकार जहाँ कहीं भी निर्दोष लक्ष्यलक्षणभाव किया जावेगा वहाँ सब जगह शाब्दसामानाधिकरण्य पाया जायगा। इस नियमके अनुसार 'असाधारणधर्मवचनं लक्षणम्' यहाँ असाधारणधर्म जब लक्षण होगा तो लक्ष्य धर्मी होगा और लक्षणवचन धर्मवचन तथा लक्ष्यवचन धर्मीवचन माना जायगा। किन्तु लक्ष्यरूप धर्मीवचनका और लक्षणरूप धर्मवचनका प्रतिपाद्य अर्थ एक नहीं है। धर्मवचनका प्रतिपाद्य अर्थ तो धर्म है और धर्मीवचनका प्रतिपाद्य अर्थ धर्मी है। ऐसी हालतमें दोनोंका प्रतिपाद्य अर्थ भिन्न भिन्न होनेसे धर्मीरूप लक्ष्यवचन और धर्मरूपलक्षणवचनमें एकार्थप्रतिपादकत्वरूप सामानाधिकरण्य सम्भव नहीं है और इसलिये उक्तप्रकारका लक्षण करनेमें शाब्दसामानाधिकरण्याभाव प्रयुक्त असम्भव दोष आता है।

अव्याप्ति दोष भी इस लक्षणमें आता है। दण्डादि असाधारणधर्म नहीं हैं फिर भी वे पुरुषके लक्षण होते हैं। अग्निकी उष्णता, जीवका ज्ञान आदि जैसे अपने लक्ष्यमें मिले हुये होते

हैं इसलिये वे उनके असाधारणधर्म कहे जाते हैं। जैसे दण्डादि पुरुषमें मिले हुये नहीं हैं—उससे पृथक हैं और इसलिये वे पुरुषके असाधारण धर्म नहीं हैं। इस प्रकार लक्षणरूप लक्ष्यके एक देश अनात्मभूत दण्डादि लक्षणमें असाधारणधर्मके न रहनेसे लक्षण (असाधारणधर्म) अव्याप्त है। 5

इतना ही नहीं, इस लक्षणमें अतिव्याप्ति दोष भी आता है। शाबलेयत्वादिरूप अव्याप्त नामका लक्षणाभास भी असाधारणधर्म है। इसका खुलासा निम्न प्रकार है—

मिथ्या अर्थात्-सदोष लक्षणको लक्षणाभास कहते हैं। उसके तीन भेद हैं—१ अव्याप्त, २ अतिव्याप्त और ३ असम्भवि। 10 लक्ष्यके एक देशमें लक्षणके रहनेको अव्याप्त लक्षणाभास कहते हैं। जैसे गायका शाबलेयत्व। शाबलेयत्व सब गायोंमें नहीं पाया जाता वह कुछ ही गायोंका धर्म है, इसलिये अव्याप्त है। लक्ष्य और अलक्ष्यमें लक्षणके रहनेको अतिव्याप्त लक्षणाभास कहते हैं। जैसे गायका ही पशुत्व (पशुपना) लक्षण करना। यह 15 'पशुत्व' गायोंके सिवाय अश्वादि पशुओंमें भी पाया जाता है इसलिये 'पशुत्व' अतिव्याप्त है। जिसकी लक्ष्यमें वृत्ति बाधित हो अर्थात् जो लक्ष्यमें बिल्कुल ही न रहे वह असम्भवि लक्षणाभास है। जैसे मनुष्यका लक्षण सींग। सींग किसी भी मनुष्यमें नहीं पाया जाता। अतः यह असम्भवि लक्षणाभास है। यहाँ 20 लक्ष्यके एक देशमें रहनेके कारण 'शाबलेयत्व' अव्याप्त है फिर भी उसमें असाधारणधर्मत्व रहता है—'शाबलेयत्व' गायके अतिरिक्त अन्यत्र नहीं रहता-गायमें ही पाया जाता है। परन्तु वह लक्ष्यभूत समस्त गायोंका व्यावर्त्तक—अश्वादिसे जुदा करनेवाला नहीं है—कुछ ही गायोंको व्यावृत्त कराता है। इसलिये 25 अलक्ष्यभूत अव्याप्त लक्षणाभासमें असाधारणधर्मके रहनेके

कारण अतिव्याप्त भी है। इस तरह असाधारण धर्मको लक्षण कहनेमें असम्भव, अव्याप्ति और अतिव्याप्ति ये तीनों ही दोष आते हैं। अतः पूर्वोक्त (मिली हुई अनेक वस्तुओंमें से किसी एक वस्तुके अलग करानेवाले हेतुको लक्षण कहते हैं) ही लक्षण
5 ठीक है। उसका कथन करना लक्षण-निर्देश है।

विरोधी नाना युक्तियोंकी प्रबलता और दुर्बलताका निर्णय करनेके लिये प्रवृत्त हुए विचारको परीक्षा कहते हैं। वह परीक्षा 'यदि ऐसा हो तो ऐसा होना चाहिये और यदि ऐसा हो तो ऐसा नहीं होना चाहिये' इस प्रकारसे प्रवृत्त होती है।

10 प्रमाणके सामान्यलक्षणका कथन—

प्रमाण और नयका भी उद्देश सूत्र ('प्रमाणनयैरधिगम') में ही किया गया है। अब उनके लक्षण-निर्देश करना चाहिये। और परीक्षा यथावसर होगी। 'उद्देशके अनुसार लक्षणका कथन होता है' इस न्यायके अनुसार प्रधान होनेके कारण
15 प्रथमतः उद्दिष्ट प्रमाणका पहले लक्षण किया जाता है।

'सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्' अर्थात्—सच्चे ज्ञानको प्रमाण कहते हैं—*जो ज्ञान यथार्थ है वही प्रमाण है*। यहाँ 'प्रमाण' लक्ष्य है, क्योंकि उसका लक्षण किया जा रहा है और 'सम्यग्ज्ञानत्व' (सच्चा ज्ञानपना) उसका लक्षण है, क्योंकि वह 'प्रमाण' को
20 प्रमाणभिन्न पदार्थोंसे व्यावृत्त कराता है। गायका जैसे 'सास्नादि' और अग्निका जैसे 'उष्णता' लक्षण प्रसिद्ध है। यहाँ प्रमाणके लक्षणमें जो 'सम्यक्' पदका निवेश किया गया है वह संशय, विपर्यय और अनध्यवसायके निराकरणके लिये किया है, क्योंकि ये तीनों ज्ञान अप्रमाण हैं—मिथ्याज्ञान हैं। इसका
25 खुलासा निम्न प्रकार है —

विरुद्ध अनेक पक्षोंका अवगाहन करनेवाले ज्ञानको संशय कहते हैं। जैसे—यह स्थाणु (ठूँठ) है या पुरुष है? यहाँ 'स्थाणुत्व, स्थाणुत्वाभाव, पुरुषत्व और पुरुषत्वाभाव' इन चार अथवा 'स्थाणुत्व और पुरुषत्व' इन दो पक्षोंका अवगाहन होता है। प्रायः सन्ध्या आदिके समय मन्द प्रकाश होनेके कारण 5
दूरसे मात्र स्थाणु और पुरुष दोनोंमें सामान्यरूपसे रहनेवाले ऊँचाई आदि साधारण धर्मोंके दर्शन और स्थाणुगत टेढ़ापन, कोटरत्व आदि तथा पुरुषगत शिर, पैर आदि विशेष धर्मोंके साधक प्रमाणोंका अभाव होनेसे नाना कोटियोंको अवगाहन करनेवाला यह संशय ज्ञान होता है। 10

विपरीत एक पक्षका निश्चय करनेवाले ज्ञानको विपर्यय कहते हैं। जैसे—सीपमें 'यह चाँदी है' इस प्रकारका ज्ञान होना। इस ज्ञानमें सदृशता आदि कारणोंसे सीपसे विपरीत चाँदीमें निश्चय होता है। अतः सीपमें सीपका ज्ञान न करनेवाला और चाँदीका निश्चय करनेवाला यह ज्ञान विपर्यय माना गया है। 15

'क्या है' इस प्रकारके अनिश्चयरूप सामान्यज्ञानको अनध्यवसाय कहते हैं। जैसे—मार्गमें चलते हुए तृण, कण्टक आदिके स्पर्श हो जानेपर ऐसा ज्ञान होना कि 'यह क्या है?' यह ज्ञान नाना पक्षोंका अवगाहन न करनेसे न संशय है और विपरीत एक पक्षका निश्चय न करनेसे न विपर्यय है। इसलिये उक्त दोनों ज्ञानोंसे 20
यह ज्ञान पृथक् ही है।

ये तीनों ज्ञान अपने गृहीत विषयमें प्रमिति—यथार्थताको उत्पन्न न करनेके कारण अप्रमाण हैं, सम्यग्ज्ञान नहीं हैं। अतः 'सम्यक्' पदसे इनका व्यवच्छेद हो जाता है। और 'ज्ञान' पदसे प्रमाता, प्रमिति और 'च' शब्दसे प्रमेयकी व्यावृत्ति हो जाती है। यद्यपि निर्दोष होनेके कारण 'सम्यक्त्व' 25

समाधान—जाने हुये विषयमें व्यभिचार (अन्यथापन) का न होना प्रामाण्य है। अर्थात् ज्ञानके द्वारा पदार्थ जैसा जाना गया है वह वैसा ही सिद्ध हो, अन्य प्रकारका सिद्ध न हो, यही उस ज्ञानका प्रामाण्य (सचापन) है। इसके होनेसे ही ज्ञान प्रमाण
5 कहा जाता है और इसके न होनेसे अप्रमाण कहलाता है।

शङ्का—प्रामाण्यकी उत्पत्ति किस प्रकार होती है?

समाधान—मीमांसक कहते हैं कि 'स्वत' होती है। 'स्वत उत्पत्ति' कहनेका मतलब यह है कि ज्ञान जिन कारणोंसे पैदा होता है उन्हीं कारणोंसे प्रामाण्य उत्पन्न होता है—उसके लिये
10 भिन्न कारण (गुणादि) अपेक्षित नहीं होते। कहा भी है 'ज्ञानके कारणोंसे अभिन्न कारणोंसे उत्पन्न होना उत्पत्तिमें स्वतस्त्व है।' पर उनका यह कहना विचारपूर्ण नहीं है, क्योंकि ज्ञानसामान्य-की उत्पादक सामग्री (कारण) संशय आदि मिथ्याज्ञानोंमें भी रहती है। हम तो इस विषयमें यह कहते हैं कि ज्ञानसामान्यकी
15 सामग्री सम्यग्ज्ञान और मिथ्याज्ञान दोनोंमें समान होनेपर भी 'संशयादि अप्रमाण हैं और सम्यग्ज्ञान प्रमाण है' यह विभाग (भेद) विना कारणके नहीं हो सकता है। अत जिस प्रकार संशयादिमें अप्रमाणताको उत्पन्न करनेवाले काचकामलादिदोष और चाकचिक्य आदिको ज्ञानसामान्यकी सामग्रीके अलावा कारण
20 मानते हैं। उसी प्रकार प्रमाणमें भी प्रमाणताके उत्पादक कारण ज्ञानकी सामन्यसामग्रीसे भिन्न निर्मलता आदि गुणोंको अवश्य मानना चाहिये। अन्यथा प्रमाण और अप्रमाणका भेद नहीं हो सकता है।

शङ्का—प्रमाणता और अप्रमाणताके भिन्न कारण सिद्ध हो
25 भी जायें तथापि अप्रमाणता परसे होती है और प्रमाणता तो स्वत ही होती है।

समाधान—ऐसा कहना भी ठीक नहीं है। क्योंकि यह बात तो विपरीत पक्षमें भी समान है। हम कह सकते हैं कि 'अप्रमाणता तो स्वतः होती है और प्रमाणता परसे होती है'। इसलिये अप्रमाणताकी तरह प्रमाणता भी परसे ही उत्पन्न होती है। जिस प्रकार वस्त्रसामान्यकी सामग्री लाल वस्त्रमें कारण नहीं होती— 5 उसके लिये दूसरी ही सामग्री आवश्यक होती है उसी प्रकार ज्ञानसामान्यकी सामग्री प्रमाणज्ञानमें कारण नहीं हो सकती है। क्योंकि दो भिन्न कार्य अवश्य ही भिन्न भिन्न कारणोंसे होते हैं।

शङ्का—प्रामाण्यका निश्चय कैसे होता है?

समाधान—अभ्यस्त विषयमें तो स्वतः होता है और अनभ्य 10 स्त विषयमें परसे होता है। तात्पर्य यह है कि प्रामाण्यकी उत्पत्ति तो सर्वत्र परसे ही होती है, किन्तु प्रामाण्यका निश्चय परिचित विषयमें स्वतः और अपरिचित विषयमें परतः होता है।

शङ्का—अभ्यस्त विषय क्या है? और अनभ्यस्त विषय क्या है?

समाधान—परिचित—कई बार जाने हुये अपने गाँवके ताला 15 बका जल वगैरह अभ्यस्त विषय हैं और अपरिचित—नहीं जाने हुये दूसरे गाँवके तालाबका जल वगैरह अनभ्यस्त विषय हैं।

शङ्का—स्वतः क्या है? और परतः क्या है?

समाधान—ज्ञानका निश्चय करानेवाले कारणोंके द्वारा ही प्रामाण्यका निश्चय होना 'स्वतः' है और उससे भिन्न कारणोंसे 20 होना 'परतः' है।

उनमेंसे अभ्यस्त विषयमें 'जल है' इस प्रकार ज्ञान होनेपर ज्ञानस्वरूपके निश्चयके समयमें ही ज्ञानगत प्रमाणताका भी निश्चय अवश्य हो जाता है। नहीं तो दूसरे ही क्षणमें जलमें सन्देहरहित प्रवृत्ति नहीं होती, किन्तु जलज्ञानके बाद ही सन्देहरहित प्रवृत्ति 25 अवश्य होती है। अतः अभ्यासदशामें तो

जो स्वय अपना प्रकाश नहीं कर सकता है वह दूसरेका भी प्रकाश नहीं कर सकता है। घटकी तरह। किन्तु ज्ञान दीपक आदि की तरह अपना तथा अन्य पदार्थोंका प्रकाशक है, यह अनुभवसे सिद्ध है। अत यह स्थिर हुआ कि इन्द्रिय वगैरह पदार्थोंके ज्ञान
5 करानेमे साधकतम न होनेसे करण नहीं हैं।

'आँखसे जानते हैं' इत्यादि व्यवहार तो उपचारसे प्रवृत्त होता है और उपचारकी प्रवृत्तिमे सहकारिता निमित्त है। अर्थात् इन्द्रियादिक अर्थपरिच्छेदमे ज्ञानके सहकारी होनेसे उपचारसे परिच्छेदक मान लिए जाते हैं। वस्तुत मुख्य परिच्छेदक तो ज्ञान
10 ही है। अत इन्द्रियादिक सहकारी होनसे प्रमितिक्रियामे मात्र साधक हैं, साधकतम नहीं। और इसलिये करण नहीं हैं। क्योंकि अतिशयवान् साधकविशेष (असाधारण कारण) ही करण होता है। जैसा कि जैनेन्द्र व्याकरण [१।२।११३] मे कहा है— 'साधकतम करणम्' अर्थात्—अतिशयविशिष्ट साधकका नाम
15 करण है'। अत इन्द्रियादिकमे लक्षणकी अतिव्याप्ति नहीं है।

शङ्का—इन्द्रियादिकोंमे लक्षणकी अतिव्याप्ति न होनेपर भी धारावाहिकज्ञानोंमे अतिव्याप्ति है, क्योंकि वे सम्यक् ज्ञान हैं। किन्तु उन्हें आर्हतमत—जैनदर्शनमे प्रमाण नहीं माना है ?

समाधान—एक ही घट (घडे)मे घटविषयक अज्ञानके निरा
20 करण करनेके लिये प्रवृत्त हुए पहले घटज्ञानसे घटकी प्रमिति (सम्यक् परिच्छित्ति) हो जानपर फिर 'यह घट है' यह घट है' इस प्रकार उत्पन्न हुये ज्ञान धारावाहिकज्ञान हैं। ये ज्ञान अज्ञान-निवृत्तिरूप प्रमितिके प्रति साधकतम नहीं हैं, क्योंकि अज्ञानकी निवृत्ति पहले ज्ञानसे ही हो जाती है। फिर उनमे लक्षणकी
25 अतिव्याप्ति कैसे हो सकती है ? क्योंकि ये गृहीतग्राही हैं—ग्रहण किये गए ही अर्थको ग्रहण करते हैं।

शङ्का—यदि गृहीतग्राही ज्ञानको अप्रमाण मानेंगे तो घटको जान लेनेके बाद दूसरे किसी कार्यमें उपयोगके लग जानेपर पीछे घटके ही देखनेपर उत्पन्न हुआ पश्चाद्वर्त्ती ज्ञान अप्रमाण हो जायगा। क्योंकि धारावाहिकज्ञानकी तरह वह भी गृहीतग्राही है—अपूर्वार्थग्राहक नहीं है ? 5

समाधान—नहीं, जाने गये भी पदार्थमें कोई समारोप—संशय आदि हो जानेपर वह पदार्थ अदृष्ट—नहीं जाने गयेके ही समान है। कहा भी है—'दृष्टोऽपि समारोपात्तादृक्' [परीक्षा० १ ५] अर्थात् ग्रहण किया हुआ भी पदार्थ संशय आदिके हो जाने पर ग्रहण नहीं किये हुयेके तुल्य है। 10

उक्त लक्षणकी इन्द्रिय, लिङ्ग, शब्द और धारावाहिकज्ञानमें अतिव्याप्तिका निराकरण कर देनेसे निर्विकल्पक सामान्यावलोकनरूप दर्शनमें भी अतिव्याप्तिका परिहार हो जाता है। क्योंकि दर्शन अनिश्चयस्वरूप होनेसे प्रमितिके प्रति करण नहीं है। दूसरी बात यह है, कि दर्शन निराकार (अनिश्चयात्मक) होता 15 है और निराकारमें ज्ञानपना नहीं होता। कारण, "दर्शन निराकार (निर्विकल्पक) होता है और ज्ञान साकार (सविकल्पक) होता है।" ऐसा आगमका वचन है। इस तरह प्रमाणका 'सम्यक् ज्ञान' यह लक्षण अतिव्याप्त नहीं है। और न अव्याप्त है, क्योंकि प्रत्यक्ष और परोक्षरूप अपने दोनों लक्ष्योंमें व्यापकरूपसे 20 विद्यमान रहता है। तथा असम्भवी भी नहीं है, क्योंकि लक्ष्य (प्रत्यक्ष और परोक्ष) में उसका रहना बाधित नहीं है—वहाँ वह रहता है। अतः प्रमाणका उपर्युक्त लक्षण बिल्कुल निर्दोष है।

प्रमाणके प्रामाण्यका कथन—

प्रामाण्य क्या है, जिससे

प्रमाण प्रमाण नहीं ?

इनमें भी है, परन्तु 'ज्ञानत्व' (ज्ञानपना) उनमें नहीं है। इस
तरह प्रमाणके लक्षणमें दिये गये 'सम्यक्' और 'ज्ञान' ये दोनों
पद सार्थक हैं।

शङ्का—प्रमाता प्रमितिको करनेवाला है। अतः वह ज्ञाता ही
5 है, ज्ञानरूप नहीं हो सकता। इसलिये ज्ञानपदसे प्रमाताकी
तो व्यावृत्ति हो सकती है। परन्तु प्रमितिकी व्यावृत्ति नहीं हो
सकती। कारण, प्रमिति भी सम्यग्ज्ञान है।

समाधान—यह कहना उस हालतमें ठीक है जब ज्ञानपद
यहाँ भावसाधन हो। पर 'ज्ञायतेऽनेनेति ज्ञानम्' अर्थात् जिसके
10 द्वारा जाना जाये वह ज्ञान है इस प्रकारकी व्युत्पत्तिको लेकर
ज्ञानपद करणसाधन इष्ट है। 'करणाधारे चानट्' [१।३।११३]
इस जैनेन्द्रव्याकरणके सूत्रके अनुसार करणमें भी 'अनट्' प्रत्यय
का विधान है। भावसाधनमें ज्ञानपदका अर्थ प्रमिति होता है।
और भावसाधनसे करणसाधन पद भिन्न है। फलितार्थ यह हुआ
15 कि प्रमाणके लक्षणमें ज्ञानपद करणसाधन विवक्षित है, भाव-
साधन नहीं। अतः ज्ञानपदसे प्रमितिकी व्यावृत्ति हो सकती है।

इसी प्रकार प्रमाणपद भी 'प्रमीयतेऽनेनेति प्रमाणम्' इस
व्युत्पत्तिको लेकर करणसाधन करना चाहिये। अन्यथा 'सम्य-
ग्ज्ञानं प्रमाणम्' यहाँ करणसाधनरूपसे प्रयुक्त 'सम्यग्ज्ञान' पदके
20 साथ 'प्रमाण' पदका एकार्थप्रतिपादकत्वरूप सामानाधिकरण्य
नहीं बन सकेगा। तात्पर्य यह कि 'प्रमाण' पदको करणसाधन
न माननेपर और भावसाधन माननेपर 'प्रमाण' पदका अर्थ
प्रमिति होगा और 'सम्यग्ज्ञान' पदका अर्थ प्रमाणज्ञान होगा
और ऐसी हालतमें दोनों पदोंका प्रतिपाद्य अर्थ भिन्न भिन्न होनेसे
25 शाब्द सामानाधिकरण्य नहीं बन सकता। अतः 'प्रमाण' पदको
करणसाधन करना चाहिये। इससे यह बात सिद्ध हो गई कि

अज्ञाननिवृत्ति अथवा अर्थपरिच्छेदरूप प्रमितिक्रियामें जो करण हो वह प्रमाण है। इसी बातको आचार्य वादिराजने अपने 'प्रमाणनिर्णय' [पृ० १] में कहा है —'प्रमाण वही है जो प्रमितिक्रियाके प्रति साधकतमरूपसे करण (नियमसे कार्यका उत्पादक) हो।' 5

शङ्का—इस प्रकारसे (सम्यक् और ज्ञानपद विशिष्ट) प्रमाणका लक्षण माननेपर भी इन्द्रिय और लिङ्गादिकोंमें उसकी अतिव्याप्ति है। क्योंकि इन्द्रिय और लिङ्गादि भी जाननेरूप प्रमितिक्रियामें करण होते हैं। 'आँखसे जानते हैं, धूमसे जानते हैं, शब्दसे जानते हैं' इस प्रकारका व्यवहार हम देखते ही हैं? 10

समाधान—इन्द्रियादिकोंमें लक्षणकी अतिव्याप्ति नहीं है; क्योंकि इन्द्रियादि प्रमितिके प्रति साधकतम नहीं हैं। इसका खुलासा इस प्रकार है —

'प्रमिति प्रमाणका फल (कार्य) है' इसमें किसी भी (वादी अथवा प्रतिवादी) व्यक्तिको विवाद नहीं है—सभीको मान्य है। 15 और वह प्रमिति अज्ञाननिवृत्तिस्वरूप है। अतः उसकी उत्पत्तिमें जो करण हो उसे अज्ञान-विरोधी होना चाहिए। किन्तु इन्द्रियादिक अज्ञानके विरोधी नहीं हैं, क्योंकि अचेतन (जड) हैं। अतः अज्ञान-विरोधी चेतनधर्म—ज्ञानको ही करण मानना युक्त है। लोकमें भी अन्धकारको दूर करनेके लिए उससे विरुद्ध 20 प्रकाशको ही खोजा जाता है, घटादिकको नहीं। क्योंकि घटादिक अन्धकारके विरोधी नहीं हैं—अन्धकारके साथ भी वे रहते हैं और इसलिए उनसे अन्धकारकी निवृत्ति नहीं होती। वह तो प्रकाशसे ही होती है।

दूसरी बात यह है, कि इन्द्रिय वगैरह अस्वसंवेदी (अपनेको 25 न जाननेवाले) होनेसे पदार्थोंका भी ज्ञान नहीं करा सकते

स्वत ही होता है। पर अनभ्यासदशामें जलज्ञान होनेपर 'जल ज्ञान मुझे हुआ' इस प्रकारसे ज्ञानके स्वरूपका निश्चय हो जाने पर भी उसके प्रामाण्यका निश्चय अन्य (अर्थक्रियाज्ञान अथवा संवादज्ञान) से ही होता है। यदि प्रामाण्यका निश्चय अन्यसे न
5 हो—स्वत ही हो तो जलज्ञानके बाद सन्देह नहीं होना चाहिये। पर सन्देह अवश्य होता है कि 'मुझको जो जलका ज्ञान हुआ है वह जल है या बालूका ढेर ?'। इस सन्देहके बाद ही कमलों की गन्ध, ठण्डी हवाके आने आदिसे जिज्ञासु पुरुष निश्चय करता है कि 'मुझे जो पहले जलका ज्ञान हुआ है वह प्रमाण
10 है—सचा है, क्योंकि जलके बिना कमलकी गन्ध आदि नहीं आ सकती है।' अत निश्चय हुआ कि अपरिचित दशामें प्रामाण्यका निर्णय परसे ही होता है।

नैयायिक और वैशेषिकोंकी मान्यता है कि उत्पत्तिकी तरह प्रामाण्यका निश्चय भी परसे ही होता है। इसपर
15 हमारा कहना है कि प्रामाण्यकी उत्पत्ति परसे मानना ठीक है। परन्तु प्रामाण्यका निश्चय 'परिचित विषयमें स्वत ही होता है' यह जब सयुक्तिक निश्चित हो गया तब 'प्रामाण्यका निश्चय परसे ही होता है' ऐसा अवधारण (स्वतस्त्वका निराकरण) नहीं हो सकता है। अत यह स्थिर हुआ कि प्रमाणताकी उत्पत्ति तो
20 परसे ही होती है, पर ज्ञप्ति (निश्चय) कभी (अभ्यस्त विषयमें) स्वत और कभी (अनभ्यस्त विषयमें) परत होती है। यही प्रमाण परीक्षामें ज्ञप्तिको लेकर कहा है —

"प्रमाणसे पदार्थोंका ज्ञान तथा अभिलषितकी प्राप्ति होती है और प्रमाणाभाससे नहीं होती है। तथा प्रमाणताका निश्चय
25 अभ्यासदशामें स्वत और अनभ्यासदशामें परत होता है।"

इस तरह प्रमाणका लक्षण सुव्यवस्थित होनेपर भी जिन

लोगोंका यह भ्रम है कि बौद्धादिकोंका भी माना हुआ प्रमाणका लक्षण वास्तविक लक्षण है। उनके उपकारके लिये यहाँ उनके प्रमाण-लक्षणोंकी परीक्षा की जाती है।

बौद्धोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा—

'जो ज्ञान अविसंवादी है—विसंवादरहित है वह प्रमाण है' 5
ऐसा बौद्धोंका कहना है, परन्तु उनका यह कहना ठीक नहीं है। इसमें असम्भव दोष आता है। वह इस प्रकारसे है —बौद्धोंने प्रत्यक्ष और अनुमान ये दो ही प्रमाण माने हैं। न्यायबिन्दुमें कहा है "सम्यग्ज्ञान (प्रमाण)के दो भेद हैं –१ प्रत्यक्ष और २ अनुमान।" उनमें न प्रत्यक्षमें अविसंवादीपना सम्भव है, क्योंकि वह 10
निर्विकल्पक होनेसे अपने विषयका निश्चायक न होनेके कारण संशयादिरूप समारोपका निराकरण नहीं कर सकता है। और न अनुमानमें भी अविसंवादीपना सम्भव है, क्योंकि उनके मतके अनुसार वह भी अवास्तविक सामान्यको विषय करनेवाला है। इस तरह बौद्धोंका प्रमाणका लक्षण असम्भव दोपसे दूषित होने 15
से सम्यक् लक्षण नहीं है।

भाट्टोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा—

'जो पहले नहीं जाने हुये तथा यथार्थ अर्थका निश्चय करानेवाला है वह प्रमाण है' ऐसा भाट्ट-मीमांसकोंकी मान्यता है, किन्तु उनका भी यह लक्षण अव्याप्ति दोपसे दूषित है। क्योंकि 20
उन्हींके द्वारा प्रमाणरूपसे माने हुये धारावाहिकज्ञान अपूर्वार्थग्राही नहीं हैं। यदि यह आशङ्का की जाय कि धारावाहिकज्ञान अगले अगले क्षणसे सहित अर्थको विषय करते हैं इसलिये अपूर्वार्थविषयक ही हैं। तो यह आशङ्का करना भी ठीक नहीं है। कारण, क्षण अत्यन्त सूक्ष्म हैं उनको लक्षित

जाता है। इस न्यायके अनुसार प्रकाश ज्ञानमें कारण नहीं है क्योंकि उसके अभावमें भी रात्रिमें विचरनेवाले बिल्ली, चूहे आदिको ज्ञान पैदा होता है और उसके सद्भावमें भी उल्लू वगैरह का ज्ञान उत्पन्न नहीं होता है। अतः जिस प्रकार प्रकाशका ज्ञानके
5 साथ अन्वय और व्यतिरेक न होनेसे वह ज्ञानका कारण नहीं हो सकता है उसी प्रकार अर्थ (पदार्थ) भी ज्ञानके प्रति कारण नहीं हो सकता है। क्योंकि अर्थके अभावमें भी केशमशकादिज्ञान उत्पन्न होता है। (और अर्थके रहनेपर भी उपयोग न होनेपर अन्यमनस्क या सुप्तादिकोंको ज्ञान नहीं होता) ऐसी दशामें ज्ञान
10 अर्थजन्य कैसे हो सकता है? अर्थात् नहीं हो सकता है। परीक्षामुखमें भी कहा है—'अर्थ और प्रकाश ज्ञानके कारण नहीं हैं'। दूसरी बात यह है, कि प्रमाणतामें कारण अर्थाव्यभिचार (अर्थके अभावमें ज्ञानका न होना) है, अर्थजन्यता नहीं। कारण, स्वसंवेदन प्रत्यक्ष विषयजन्य न होनेपर भी प्रमाण माना गया है। यहाँ यह
15 नहीं कहा जा सकता कि स्वसंवेदन प्रत्यक्ष चूँकि अपनेसे उत्पन्न होता है इसलिये वह भी विषयजन्य ही है, क्योंकि कोई भी वस्तु अपनेसे ही पैदा नहीं होती। किन्तु अपनेसे भिन्न कारणोंसे पैदा होती है।

शङ्का—यदि ज्ञान अर्थसे उत्पन्न नहीं होता तो वह अर्थका
20 प्रकाशक कैसे हो सकता है?

समाधान—दीपक घटादि पदार्थोंसे उत्पन्न नहीं होता फिर भी वह उनका प्रकाशक है, यह देखकर आपको सन्तोष कर लेना चाहिये। अर्थात् दीपक जिस प्रकार घटादिकोंसे उत्पन्न न होकर भी उन्हें प्रकाशित करता है उसी प्रकार ज्ञान भी अर्थसे उत्पन्न
25 न होकर उसे प्रकाशित करता है।

शङ्का—ज्ञानका विषयके साथ यह प्रतिनियम कैसे बनेगा कि

घटज्ञानका घट ही विषय है, पट नहीं है ? हम तो ज्ञानको अर्थ-जन्य होनेके कारण अर्थजन्यताको ज्ञानमें विषयका प्रतिनियामक मानते हैं और जिससे ज्ञान पैदा होता है उसीको विषय करता है, अन्यको नहीं, इस प्रकार व्यवस्था करते हैं। किन्तु उसे आप नहीं मानते है ? 5

समाधान—हम योग्यताको विषयका प्रतिनियामक मानते हैं। जिस ज्ञानमें जिस अर्थके ग्रहण करनेकी योग्यता (एक प्रकारकी शक्ति) होती है वह ज्ञान उस ही अर्थको विषय करता है—अन्यको नहीं।

शङ्का—योग्यता किसे कहते हैं ? 10

समाधान—अपने आवरण (ज्ञानको ढकनेवाले कर्म)के क्षयोपशमको योग्यता कहते हैं। कहा भी है—'अपने आवरणकर्मके क्षयोपशमरूप योग्यताके द्वारा ज्ञान प्रत्येक पदार्थकी व्यवस्था करता है'। तात्पर्य यह हुआ कि आत्मामें घटज्ञानावरणकर्मके हटनेसे उत्पन्न हुआ घटज्ञान घटको ही विषय करता है, पटको नहीं। इसी 15 प्रकार दूसरे पटादिज्ञान भी अपने अपने क्षयोपशमको लेकर अपने अपने ही विषयोंको विषय करते हैं। अत ज्ञानको अर्थजन्य मानना अनावश्यक और अयुक्त है।

'ज्ञान अर्थके आकार होनेसे अर्थको प्रकाशित करता है।' यह मान्यता भी उपर्युक्त विवेचनसे खडित हो जाती है। क्योंकि दीपक, 20 मणि आदि पदार्थोंके आकार न होकर भी उन्हें प्रकाशित करते हुये देखे जाते हैं। अत अर्थाकारता और अर्थजन्यता ये दोनों ही प्रमाणतामें प्रयोजक नहीं हैं। किन्तु अर्थाव्यभिचार ही प्रयोजक है। पहले जो सविकल्पकके विषयभूत सामान्यको कर सविकल्पक किया है यह भी ठीक नहीं

दूसरा प्रकाश

प्रमाणविशेषका स्वरूप बतलानेके लिये यह दूसरा प्रकाश प्रारम्भ किया जाता है।

प्रमाणके भेद और प्रत्यक्षका लक्षण—

प्रमाणके दो भेद हैं—१ प्रत्यक्ष और
5 २ परोक्ष। 'विशद प्रतिभास (स्पष्ट ज्ञान) को प्रत्यक्ष कहते हैं।' यहाँ 'प्रत्यक्ष' लक्ष्य है, 'विशदप्रतिभासत्व' लक्षण है। तात्पर्य यह कि जिस प्रमाणभूत ज्ञानका प्रतिभास (अर्थप्रकाश) निर्मल हो वह ज्ञान प्रत्यक्ष है।

शङ्का—'विशदप्रतिभासत्व' किसे कहते हैं ?

समाधान—ज्ञानावरणकर्मके सर्वथा क्षयसे अथवा विशेष-
10 क्षयोपशमसे उत्पन्न होनवाली और शब्द तथा अनुमानादि प्रमाणों से नहीं हो सकनेवाली जो अनुभवसिद्ध निर्मलता है वही निर्मलता 'विशदप्रतिभासत्व' है। किसी प्रामाणिक पुरुषके 'अग्नि है' इस प्रकारके वचनसे और 'यह प्रदेश अग्निवाला है, क्योंकि धुआँ है' इस प्रकारके धूमादि लिङ्गसे उत्पन्न हुये ज्ञानकी अपेक्षा
15 'यह अग्नि है' इस प्रकारके उत्पन्न इन्द्रियज्ञानमें विशेषता (अधिकता) देखी जाती है। वही विशेषता निर्मलता, विशदता और स्पष्टता इत्यादि शब्दों द्वारा कही जाती है। अर्थात् ये उसी विशेषताके बोधक पर्याय नाम हैं। तात्पर्य यह कि विशेषप्रतिभासनका नाम विशदप्रतिभासत्व है। भगवान् भट्टाकलङ्कदेवने
20 भी 'न्यायविनिश्चय' में कहा है—

'स्पष्ट, यथार्थ और सविकल्पक ज्ञानको प्रत्यक्षका लक्षण कहा [illegible]।' इसका विवरण (व्याख्यान) स्याद्वादविद्यापति श्रीवादिराजने

'न्यायविनिश्चयविवरण' में इस प्रकार किया है कि "निर्मलप्रतिभासत्व ही स्पष्टत्व है और यह प्रत्येक विचारकके अनुभवमें आता है। इसलिये इसका विशेष व्याख्यान करना आवश्यक नहीं है"। अतः विशदप्रतिभासात्मक ज्ञानको जो प्रत्यक्ष कहा है वह बिल्कुल ठीक है। 5

बौद्धोंके प्रत्यक्ष-लक्षणका निराकरण—

बौद्ध 'कल्पनापोढ—निर्विकल्पक और अभ्रान्त—भ्रान्तिरहित ज्ञानको प्रत्यक्ष' मानते हैं। उनका कहना है कि यहाँ प्रत्यक्षके लक्षणमें जो दो पद दिये गये हैं। उनमें 'कल्पनापोढ' पदसे सविकल्पककी और 'अभ्रान्त' पदसे मिथ्याज्ञानोंकी व्यावृत्ति की 10 गई है। फलितार्थ यह हुआ कि 'जो समीचीन निर्विकल्पक ज्ञान है वह प्रत्यक्ष है'। किन्तु उनका यह कथन बालचेष्टामात्र है— सयुक्तिक नहीं है। क्योंकि निर्विकल्पक संशयादिरूप समारोपका विरोधी (निराकरण करनेवाला) न होनेसे प्रमाण ही नहीं हो सकता है। कारण, निश्चयस्वरूप ज्ञानमें ही प्रमाणता व्यवस्थित 15 (सिद्ध) होती है। तब वह प्रत्यक्ष कैसे हो सकता है? अर्थात् नहीं हो सकता है।

शङ्का—निर्विकल्पक ही प्रत्यक्ष प्रमाण है, क्योंकि वह अर्थसे उत्पन्न होता है। परमार्थसत्—वास्तविक है और स्वलक्षणजन्य है। सविकल्पक नहीं, क्योंकि वह अपरमार्थभूत सामान्यको विषय 20 करनेसे अर्थजन्य नहीं है?

समाधान—नहीं, क्योंकि अर्थ प्रकाशकी तरह ज्ञानमें कारण नहीं हो सकता है। इसका खुलासा इस प्रकार है—

अन्वय (कारणके होनेपर कार्यका होना) और व्यतिरेक (... कारणके न होनेपर कार्यका न होना) से कार्यके

सम्भव नहीं है। अतः धारावाहिकज्ञानोंमें इस लक्षणकी अव्याप्ति निश्चित है।

प्राभाकरोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा—

प्राभाकर—प्रभाकरमतानुयायी 'अनुभूति'को प्रमाणका लक्षण मानते हैं किन्तु उनका भी यह लक्षण युक्तिसङ्गत नहीं है क्योंकि 'अनुभूति' शब्दको भावसाधन करनेपर करणरूप प्रमाणमें और करणसाधन करनेपर भावरूप प्रमाणमें अव्याप्ति होती है। कारण, करण और भाव दोनोंको ही उनके यहाँ प्रमाण माना गया है। जैसा कि शालिकानाथ कहते हैं —

'जब प्रमाणशब्दको 'प्रमितिः प्रमाणम्' इस प्रकार भावसाधन किया जाता है उस समय 'ज्ञान' ही प्रमाण होता है और 'प्रमीयतेऽनेन' इस प्रकार करणसाधन करनेपर 'आत्मा और मनका सन्निकर्ष' प्रमाण होता है।' अतः अनुभूति (अनुभव) को प्रमाणका लक्षण माननेमें अव्याप्ति दोष आता है। इसलिए यह लक्षण भी सुलक्षण नहीं है।

नैयायिकोंके प्रमाण-लक्षणकी परीक्षा—

'प्रमाके प्रति जो करण है वह प्रमाण है' ऐसी नैयायिकोंकी मान्यता है। परन्तु उनका भी यह लक्षण निर्दोष नहीं है, क्योंकि उनके द्वारा प्रमाणरूपसे माने गये ईश्वरमें ही वह अव्याप्त है। कारण, महेश्वर प्रमाका आश्रय है, करण नहीं है। ईश्वरको प्रमाण माननेका यह कथन हम अपनी ओरसे आरोपित नहीं कर रहे हैं। किन्तु उनके प्रमुख आचार्य उदयनने स्वयं स्वीकार किया है कि 'तन्मे प्रमाणं शिवः' अर्थात् 'वह महेश्वर मेरे प्रमाण हैं'। इस अव्याप्ति दोषको दूर करनेके लिये कोई इस प्रकार व्याख्यान करते हैं कि 'जो प्रमाका साधन हो अथवा प्रमाका आश्रय हो वह प्रमाण है।' मगर उनका यह व्याख्यान युक्तिसङ्गत नहीं है।

क्योंकि प्रमासाधन और प्रमाश्रयमेंसे किसी एकको प्रमाण माननेपर लक्षणकी परस्परमें अव्याप्ति होती है। 'प्रमासाधन' रूप जब प्रमाणका लक्षण किया जायगा तब 'प्रमाश्रय' रूप प्रमाणलक्ष्यमें लक्षण नहीं रहेगा और जब 'प्रमाश्रय' रूप प्रमाणका लक्षण माना जायगा तब 'प्रमासाधन' रूप प्रमाण-लक्ष्यमें लक्षण घटित नहीं होगा। तथा प्रमाश्रय और प्रमासाधन दोनोंको सभी लक्ष्योंका लक्षण माना जाय तो कहीं भी लक्षण नहीं जायगा। सन्निकर्ष आदि केवल प्रमासाधन हैं, प्रमाके आश्रय नहीं हैं और ईश्वर केवल प्रमाका आश्रय है प्रमाका साधन नहीं है क्योंकि उसकी प्रमा (ज्ञान) नित्य है। प्रमाका साधन भी हो और प्रमाका आश्रय भी हो ऐसा कोई प्रमाणलक्ष्य नहीं है। अत नैयायिकोंका भी उक्त लक्षण सुलक्षण नहीं है।

और भी दूसरोंके द्वारा माने गये प्रमाणके सामान्यलक्षण हैं। जैसे सांख्य 'इन्द्रियव्यापार' को प्रमाणका लक्षण मानते हैं। जरन्नैयायिक 'कारकसाकल्य' को प्रमाण मानते हैं, आदि। पर वे सब विचार करनेपर सुलक्षण सिद्ध नहीं होते। अत उनकी यहाँ उपेक्षा कर दी गई है। अर्थात् उनकी परीक्षा नहीं की गई।

अत यही निष्कर्ष निकला कि अपने तथा परका प्रकाश करनेवाला सविकल्पक और अपूर्वार्थग्राही सम्यग्ज्ञान ही पदार्थोंके अज्ञानको दूर करनेमें समर्थ है। इसलिए वही प्रमाण है। इस तरह जैनमत सिद्ध हुआ।

इसप्रकार श्रीजैनाचार्य धर्मभूषण यति विरचित न्यायदीपिकामें
प्रमाणका सामान्यलक्षण प्रकाश करनेवाला पहला प्रकाश
पूर्ण हुआ

किसी प्रमाणसे बाधित न होनेके कारण सविकल्पकका विषय परमार्थ (वास्तविक) ही है। बल्कि बौद्धोंके द्वारा माना गया स्वलक्षण ही आपत्तिके योग्य है। अत प्रत्यक्ष निर्विकल्पकरूप नहीं है—सविकल्पकरूप ही है।

5 यौगाभिमत सन्निकर्षका निराकरण—

नैयायिक और वैशेषिक सन्निकर्ष (इन्द्रिय और पदार्थका सम्बन्ध) को प्रत्यक्ष मानते हैं। पर वह ठीक नहीं है, क्योंकि सन्निकर्ष अचेतन है। वह प्रमितिके प्रति करण कैसे हो सकता है ? प्रमितिके प्रति जब करण नहीं, तब प्रमाण कैसे ? और जब
10 प्रमाण ही नहीं, तो प्रत्यक्ष कैसे ?

दूसरी बात यह है, कि चक्षु इन्द्रिय रूपका ज्ञान सन्निकर्षके बिना ही कराती है, क्योंकि वह अप्राप्यकारी है। इसलिये सन्निकर्षके अभावमें भी प्रत्यक्षज्ञान होनेसे प्रत्यक्षमें सन्निकर्षरूपता ही नहीं है। चक्षु इन्द्रियका जो यहाँ अप्राप्यकारी कहा गया है
15 वह असिद्ध नहीं है। कारण, प्रत्यक्षसे चक्षु इन्द्रियमें अप्राप्यकारिता ही प्रतीत होती है।

शङ्का—यद्यपि चक्षु इन्द्रियकी प्राप्यकारिता (पदार्थको प्राप्त करके प्रकाशित करना) प्रत्यक्षसे मालूम नहीं होती तथापि उसे परमाणुकी तरह अनुमानसे सिद्ध करेंगे। जिस प्रकार पर-
20 माणु प्रत्यक्षसे सिद्ध न होनेपर भी 'परमाणु है, क्योंकि स्कन्धादि कार्य अन्यथा नहीं हो सकते' इस अनुमानसे उसकी सिद्धि होती है उसी प्रकार 'चक्षु इन्द्रिय पदार्थको प्राप्त करके प्रकाश करनेवाली है, क्योंकि वह बहिरिन्द्रिय है (बाहरसे देखी जानेवाली इन्द्रिय है) जो बहिरिन्द्रिय है वह पदार्थको प्राप्त करके ही
25 प्रकाश करती है, जैसे स्पर्शन इन्द्रिय' इस अनुमानसे चक्षुमें

प्राप्यकारिताकी सिद्धि होती है और प्राप्यकारिता ही सन्निकर्ष है। अत चक्षु इन्द्रियमें सन्निकर्षकी अव्याप्ति नहीं है। अर्थात् चक्षु इन्द्रिय भी सन्निकर्षके होनेपर ही रूपज्ञान कराती है। इसलिए सन्निकर्षको प्रत्यक्ष माननेमें कोई दोष नहीं है ?

समाधान—नहीं, यह अनुमान सम्यक् अनुमान नहीं है— 5 अनुमानाभास है। वह इस प्रकारसे है —

इस अनुमानमें 'चक्षु' पदसे कौनसी चक्षुको पक्ष बनाया है ? लौकिक(गोलकरूप) चक्षुको अथवा अलौकिक (किरणरूप)चक्षुको ? पहले विकल्पमें, हेतु कालात्ययापदिष्ट (बाधितविषय नामका हेत्वाभास) है, क्योंकि गोलकरूप लौकिक चक्षु विषयके पास जाती हुई 10 किसीको भी प्रतीत न होनेसे उसकी विषय-प्राप्ति प्रत्यक्षसे बाधित है। दूसरे विकल्पमें, हेतु आश्रयासिद्ध है, क्योंकि किरणरूप अलौकिक चक्षु अभी तक सिद्ध नहीं है। दूसरी बात यह है, कि वृक्षकी शाखा और चन्द्रमाका एक ही कालमें ग्रहण होनेसे चक्षु अप्राप्यकारी ही प्रसिद्ध होती है। अत उपर्युक्त अनुमानगत हेतु 15 कालात्ययापदिष्ट और आश्रयासिद्ध होनेके साथ ही प्रकरणसम (सत्प्रतिपक्ष) भी है। इस प्रकार सन्निकर्षके विना भी चक्षुके द्वारा रूपज्ञान होता है। इसलिये सन्निकर्ष अव्याप्त होनेसे प्रत्यक्षका स्वरूप नहीं है, यह बात सिद्ध हो गई।

इस सन्निकर्षके अप्रामाण्यका विस्तृत विचार प्रमेयकमलमार्त्त 20 ण्डमें [१-१ तथा २-४] अच्छी तरह किया गया है। सग्रहग्रन्थ होनेके कारण इस लघु प्रकरण न्याय दीपिकामें उसका विस्तार नहीं किया। इस प्रकार न बौद्धाभिमत निर्विकल्पक प्रत्यक्ष है और न यौगोंका इन्द्रियार्थसन्निकर्ष। फिर प्रत्यक्षका लक्षण क्या है ? विशदप्रतिभासस्वरूप ज्ञान ही प्रत्यक्ष है, यह भले प्रकार 25 सिद्ध हो गया।

प्रत्यक्षके दो भेद करके सांव्यवहारिक प्रत्यक्षका लक्षण और उसके भेदोंका निरूपण—

यह प्रत्यक्ष दो प्रकारका है—१ सांव्यवहारिक और २ पारमार्थिक। एकदेश स्पष्ट ज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहते हैं।
5 तात्पर्य यह कि जो ज्ञान कुछ निर्मल है वह सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष है। उसके चार भेद हैं — १ अवग्रह, २ ईहा, ३ अवाय और ४ धारणा। इन्द्रिय और पदार्थके सम्बन्ध होनेके बाद उत्पन्न हुये सामान्य अवभास(दर्शन)के अनन्तर होनेवाले और अवान्तरसत्ता जातिसे युक्त वस्तुको ग्रहण करनेवाले ज्ञानविशेषको अवग्रह
10 कहते हैं। जैसे 'यह पुरुष है।' यह ज्ञान संशय नहीं है, क्योंकि विषयान्तरका निराकरण करके अपने विषयका ही निश्चय कराता है। और संशय उससे विपरीत लक्षणवाला है। जैसा कि राजवार्तिकमें कहा है—"संशय नानार्थविषयक, अनिश्चयात्मक और अन्यका अव्यवच्छेदक होता है। किन्तु अवग्रह एकार्थविषयक,
15 निश्चयात्मक और अपने विषयसे भिन्न विषयका व्यवच्छेदक होता है।" राजवार्तिकभाष्यमें भी कहा है—"संशय निर्णयका विरोधी है, परन्तु अवग्रह नहीं है।" फलितार्थ यह निकला कि संशयज्ञानमें पदार्थका निश्चय नहीं होता और अवग्रहमें होता है। अतः अवग्रह संशयज्ञानसे पृथक् है।

20 अवग्रहसे जाने हुये अर्थमें उत्पन्न संशयको दूर करनेके लिए ज्ञाताका जो अभिलाषात्मक प्रयत्न होता है उसे ईहा कहते हैं। जैसे अवग्रहज्ञानके द्वारा 'यह पुरुष है' इस प्रकारका निश्चय किया गया था, इसमें यह 'दक्षिणी' है अथवा 'उत्तरीय' इस प्रकारके सन्देह होनेपर उसको दूर करनेके लिये 'यह दक्षिणी होना
25 चाहिये' ऐसा ईहा नामका ज्ञान होता है।

भाषा, वेष और भूषा आदिके विशेषको जानकर यथार्थताका निश्चय करना अवाय है। जैसे 'यह दक्षिणी ही है।'

अवायसे निश्चित किये पदार्थको कालान्तरमें न भूलनेकी शक्तिसे उसीका ज्ञान होना धारणा है। जिससे भविष्यमें भी 'वह' इस प्रकारका स्मरण होता है। तात्पर्य यह कि पदार्थका निश्चय होनेके बाद जो उसको न भूलनेरूपसे संस्कार (वासना) स्थिर हो जाता है और जो स्मरणका जनक होता है वही धारणाज्ञान है। अत एव धारणाका दूसरा नाम संस्कार भी है[१]।

शङ्का—ये ईहादिक ज्ञान पहले पहले ज्ञानसे ग्रहण किये हुये पदार्थको ही ग्रहण करते हैं। अतः धारावाहिकज्ञानकी तरह अप्रमाण हैं?

समाधान—नहीं, भिन्न विषय होनेसे अगृहीतार्थग्राही हैं। अर्थात्—पूर्वमें ग्रहण नहीं किये हुये विषयको ही ग्रहण करते हैं। जो पदार्थ अवग्रह ज्ञानका विषय है वह ईहाका नहीं है। और जो ईहाका है वह अवायका नहीं है। तथा जो अवायका है वह धारणाका नहीं है। इस तरह इनका विषयभेद बिल्कुल स्पष्ट है और उसे बुद्धिमान अच्छी तरह जान सकते हैं।

ये अवग्रहादि चारों ज्ञान जब इन्द्रियोंके द्वारा उत्पन्न होते हैं तब इन्द्रियप्रत्यक्ष कहे जाते हैं। और जब अनिन्द्रिय—मनके द्वारा पैदा होते हैं तब अनिन्द्रियप्रत्यक्ष कहे जाते हैं। इन्द्रियाँ पाँच हैं—१ स्पर्शन, २ रसना, ३ घ्राण, ४ चक्षु और ५ श्रोत्र। अनि-

१ 'स्मृतिहेतुर्धारणा, संस्कार इति यावत्'—लघी०स्वोपज्ञविवृ०का ६। वैशेषिकदर्शनमें इसे (धारणाको) भावना नामका संस्कार कहा है और उसे स्मृतिजनक माना है।

न्द्रिय केवल एक मन है। इन दोनोंके निमित्तसे होनेवाला यह अवग्रहादिरूप ज्ञान लोकव्यवहारमें प्रत्यक्ष प्रसिद्ध है। इसलिये यह सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहा जाता है। परीक्षामुखमें भी कहा है—"इन्द्रिय और मनके निमित्तसे होनेवाले एकदेश स्पष्ट ज्ञान 5 को सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहते हैं।" और यह सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष अमुख्य प्रत्यक्ष है—गौणरूपसे प्रत्यक्ष है, क्योंकि उपचारसे सिद्ध होता है। वास्तवमें तो परोक्ष ही है। कारण, वह मतिज्ञान है और मतिज्ञान परोक्ष है।

शङ्का—मतिज्ञान परोक्ष कैसे है?

10 समाधान—"आद्ये परोक्षम्" [त० सू० १-११] ऐसा सूत्र है—आगमका वचन है। सूत्रका अर्थ यह है कि प्रथमके दो ज्ञान मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्ष प्रमाण हैं। यहाँ सांव्यवहारिक प्रत्यक्षको जो उपचारसे प्रत्यक्ष कहा गया है उस उपचारमें निमित्त एकदेश स्पष्टता है। अर्थात्—इन्द्रिय और अनिन्द्रिय 15 जन्य ज्ञान कुछ स्पष्ट होता है, इसलिये उसे प्रत्यक्ष कहा गया है। इस सम्बन्धमें और अधिक विस्तारकी आवश्यकता नहीं है। इतना विवेचन पर्याप्त है।

पारमार्थिक प्रत्यक्षका लक्षण और उसके भेदोंका कथन—

सम्पूर्णरूपसे स्पष्ट ज्ञानको पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहते हैं। जो 20 ज्ञान समस्त प्रकारसे निर्मल है वह पारमार्थिक प्रत्यक्ष है। उसी-को मुख्य प्रत्यक्ष कहते हैं।

उसके दो भेद हैं—एक सकल प्रत्यक्ष और दूसरा विकल प्रत्यक्ष। उनमेंसे कुछ पदार्थोंको विषय करनेवाला ज्ञान विकल पारमार्थिक है। उसके भी दो भेद हैं—१ अवधिज्ञान और २ [illegible]न। अवधिज्ञानावरण और वीर्यान्तरायकर्मके क्षयो-

पशमसे उत्पन्न होनेवाले तथा मूर्तिकद्रव्यमात्रको विषय करनेवाले ज्ञानको अवधिज्ञान कहते हैं। मन पर्ययज्ञानावरण और वीर्यान्तरायकर्मके क्षयोपशमसे उत्पन्न हुये और दूसरेके मनमें स्थित पदार्थको जाननेवाले ज्ञानको मन पर्ययज्ञान कहते हैं। मतिज्ञानकी तरह अवधि और मन पर्ययज्ञानके भी भेद और प्रभेद हैं, उन्हें 5 *तत्त्वार्थराजवार्त्तिक और श्लोकवार्त्तिकभाष्यसे जानना चाहिये।*

समस्त द्रव्यों और उनकी समस्त पर्यायोंको जाननेवाले ज्ञानको सकलप्रत्यक्ष कहते हैं। वह सकल प्रत्यक्ष ज्ञानावरण आदि घातियाकर्मोंके सम्पूर्ण नाशसे उत्पन्न केवलज्ञान ही है। क्योंकि "समस्त द्रव्यों और समस्तपर्यायोंमें केवलज्ञानकी प्रवृत्ति है" 10 ऐसा तत्त्वार्थसूत्रका उपदेश है।

इस प्रकार अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान ये *तीनों ज्ञान सब तरहसे स्पष्ट होनेके कारण पारमार्थिक प्रत्यक्ष* हैं। सब तरहसे स्पष्ट इसलिये हैं कि ये मात्र आत्माकी अपेक्षा लेकर उत्पन्न होते हैं—इन्द्रियादिक परपदार्थकी अपेक्षा नहीं लेते। 15

शङ्का—केवलज्ञानको पारमार्थिक कहना ठीक है, परन्तु अवधि और मनःपर्ययको पारमार्थिक कहना ठीक नहीं है। कारण, वे दोनों विकल (एकदेश) प्रत्यक्ष हैं?

समाधान—नहीं, सकलपना और विकलपना यहाँ विषयकी अपेक्षासे है। स्वरूपत नहीं। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है — 20 चूँकि केवलज्ञान समस्त द्रव्यों और पर्यायोंको विषय करनेवाला है, इसलिये वह सकल प्रत्यक्ष कहा जाता है। परन्तु अवधि और मन पर्यय कुछ पदार्थोंको विषय करते हैं, इसलिये वे विकल कहे जाते हैं। लेकिन इतनेसे उनमें पारमार्थिकताकी हानि नहीं होती। क्योंकि पारमार्थिकताका कारण सकलार्थविषयता नहीं है—पूर्ण 25

निर्मलता है और वह पूर्ण निर्मलता केवलज्ञानकी तरह अवधि और मनःपर्ययमें भी अपने विषयमें विद्यमान है। इसलिये वे दोनों भी पारमार्थिक ही हैं।

अवधि आदि तीनों ज्ञानोंको अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष न हो सकनेकी
5 शङ्का और उसका समाधान—

शङ्का—अक्ष नाम चक्षु आदि इन्द्रियोंका है, उनकी सहायता लेकर जो ज्ञान उत्पन्न होता है उसे ही प्रत्यक्ष कहना ठीक है, अन्य (इन्द्रियनिरपेक्ष अवधिज्ञानादिक) को नहीं ?

समाधान—यह शङ्का ठीक नहीं है, क्योंकि आत्मामात्रकी
10 अपेक्षा रखनेवाले और इन्द्रियोंकी अपेक्षा न रखनेवाले भी अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञानको प्रत्यक्ष कहनेमें कोई विरोध नहीं है। कारण, प्रत्यक्षताका प्रयोजक स्पष्टता ही है, इन्द्रिय-जन्यता नहीं। और वह स्पष्टता इन तीनों ज्ञानोंमें पूर्णरूपसे है। इसीलिये मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल
15 इन पाँच ज्ञानोंमें 'आद्ये परोक्षम्' [त० सू० १-११] और 'प्रत्यक्षमन्यत्' [त० सू० १-१२] इन दो सूत्रों द्वारा प्रथमके मति और श्रुत इन दो ज्ञानोंको परोक्ष तथा अवधि, मनःपर्यय और केवल इन तीनों ज्ञानोंको प्रत्यक्ष कहा है।

शङ्का—फिर ये प्रत्यक्षशब्दके वाच्य कैसे हैं ? अर्थात् इनको
20 प्रत्यक्षशब्दसे क्यों कहा जाता है ? क्योंकि अक्ष नाम तो इन्द्रियोंका है और इन्द्रियोंकी सहायतासे होनेवाला इन्द्रियजन्य ज्ञान ही प्रत्यक्षशब्दसे कहने योग्य है ?

समाधान—हम इन्हें रूढिसे प्रत्यक्ष कहते हैं। तात्पर्य यह कि प्रत्यक्षशब्दके व्युत्पत्ति (यौगिक) अर्थकी अपेक्षा न करके अवधि [illegible] ज्ञानोंमें प्रत्यक्षशब्दकी प्रवृत्ति होती है और प्रवृत्तिमें

निमित्त[1] स्पष्टता है। और वह उक्त तीनों ज्ञानोंमे मौजूद है। अत जो ज्ञान स्पष्ट है वह प्रत्यक्ष कहा जाता है।

अथवा, व्युत्पत्ति अर्थ भी इनमें मौजूद है। 'अक्ष्णाति व्याप्नोति जानातीति अक्ष आत्मा' अर्थात्—जो व्याप्त करे—जाने उसे अक्ष कहते हैं और वह आत्मा है। इस व्युत्पत्तिको लेकर अक्ष शब्द-का अर्थ आत्मा भी होता है। इसलिये उस अक्ष—आत्मामात्रकी अपेक्षा लेकर उत्पन्न होनेवाले ज्ञानको प्रत्यक्ष कहनेमें क्या बाधा है? अर्थात् कोई बाधा नहीं है। 5

शङ्का—यदि ऐसा माना जाय तो इन्द्रियजन्य ज्ञान अप्रत्यक्ष कहलायगा? 10

समाधान—हमे खेद है कि आप भूल जाते हैं। हम कह आये हैं कि इन्द्रियजन्य ज्ञान उपचारसे प्रत्यक्ष है। अत वह वस्तुत अप्रत्यक्ष हो, इसमें हमारी कोई हानि नहीं है।

इस उपर्युक्त विवेचनसे 'इन्द्रियनिरपेक्ष ज्ञानको परोक्ष' कहने-की मान्यताका भी खण्डन हो जाता है। क्योंकि अविशदता (अस्पष्टता) को ही परोक्षका लक्षण माना गया है। तात्पर्य यह 15

---

१ व्युत्पत्तिनिमित्तसे प्रवृत्तिनिमित्त भिन्न हुआ करता है। जैसे गो शब्दका व्युत्पत्तिनिमित्त 'गच्छतीति गौ' जो गमन करे वह गौ है, इस प्रकार 'गमनक्रिया' है और प्रवृत्तिनिमित्त 'गोत्व' है। यदि व्युत्पत्तिनिमित्त (गमनक्रिया) को ही प्रवृत्तिमें निमित्त माना जाय तो बैठी या खडी गायमें गोशब्दकी प्रवृत्ति नहीं होसकती और गमन कर रहे मनुष्यादिकमें भी गो-शब्दकी प्रवृत्तिका प्रसङ्ग आयेगा। अत गोशब्दकी प्रवृत्तिमे निमित्त व्युत्पत्तिनिमित्तसे भिन्न 'गोत्व' है। इसी प्रकार प्रकृतमें प्रत्यक्षशब्दकी प्रवृत्तिमें व्युत्पत्तिनिमित्त 'अक्षाश्रितत्व'से भिन्न 'स्पष्टत्व' है। अत अवधि आदि तीनों ज्ञानोंको प्रत्यक्ष कहनेमे कोई बाधा नहीं है।

कि जिस प्रकार इन्द्रियसापेक्षता प्रत्यक्षतामें प्रयोजक नहीं है। उसी प्रकार इन्द्रियनिरपेक्षता भी परोक्षतामें प्रयोजक नहीं है। किन्तु प्रत्यक्षतामें स्पष्टताकी तरह परोक्षतामें अस्पष्टता कारण है।

शङ्का—'अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष है' यह कहना बडे साहसकी बात है, क्योंकि वह असम्भव है। यदि असम्भवकी भी कल्पना करें तो आकाशके फूल आदिकी भी कल्पना होनी चाहिये ?

समाधान—नहीं, आकाशके फूल आदि अप्रसिद्ध हैं। परन्तु अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष प्रमाणसे सिद्ध है। वह इस प्रकारसे है — 'केवलज्ञान' जो कि अतीन्द्रिय है, अल्पज्ञानी कपिल आदिके असम्भव होनेपर भी अरहन्तके अवश्य सम्भव है, क्योंकि अरहन्त भगवान् सर्वज्ञ हैं।

प्रसङ्गवश शङ्का-समाधान पूर्वक सर्वज्ञकी सिद्धि—

शङ्का—सर्वज्ञता ही जब अप्रसिद्ध है तब आप यह कैसे कहते हैं कि 'अर्हन्त भगवान् सर्वज्ञ हैं'? क्योंकि जो सामान्यतया कहीं भी प्रसिद्ध नहीं है उसका किसी खास जगहमें व्यवस्थापन नहीं हो सकता है ?

समाधान—नहीं, सर्वज्ञता अनुमानसे सिद्ध है। वह अनुमान इस प्रकार है—सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थ किसीके प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि वे अनुमानसे जाने जाते हैं। जैसे अग्नि आदि पदार्थ। स्वामी समन्तभद्रने भी महाभाष्यके[1] प्रारम्भमें आप्तमी

---

१ महाभाष्यसे सम्भवतः ग्रन्थकारका आशय गन्धहस्तिमहाभाष्यसे जान पड़ता है क्योंकि जनश्रुति ऐसा है कि स्वामी समन्तभद्रने 'तत्त्वार्थ सूत्र' पर 'गन्धहस्तिमहाभाष्य' नामकी कोई बृहद् टीका लिखी है और आप्तमीमांसा जिसका आदिम प्रकरण है। पर उसके अस्तित्वमें विद्वानोंका मतभेद है। इसका कुछ विचार प्रस्तावनामें किया है। पाठक वहाँ देखें।

भासाप्रकरणमे कहा है —"सूक्ष्म, अन्तरित और दूरवर्ती पदार्थ किसीके प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि वे अनुमानसे जाने जाते हैं। जैसे अग्नि आदि। इस अनुमानसे सर्वज्ञ भले प्रकार सिद्ध होता है।"

सूक्ष्म पदार्थ वे हैं जो स्वभावसे विप्रकृष्ट हैं—दूर हैं, जैसे परमाणु आदि। अन्तरित वे हैं जो कालसे विप्रकृष्ट हैं, जैसे राम 5 आदि। दूर वे हैं जो देशसे विप्रकृष्ट हैं, जैसे मेरु आदि। ये 'स्वभाव, काल और देशसे विप्रकृष्ट पदार्थ' यहाँ धर्मी (पक्ष) है। 'किसीके प्रत्यक्ष हैं' यह साध्य है। यहाँ 'प्रत्यक्ष' शब्दका अर्थ 'प्रत्यक्षज्ञान-के विषय' यह विवक्षित है, क्योंकि विषयी (ज्ञान)के धर्म (जानना) का विषयमें भी उपचार होता है। 'अनुमानसे जाने जाते हैं' यह 10 हेतु है। 'अग्नि आदि' दृष्टान्त है। 'अग्नि आदि' दृष्टान्तमे 'अनुमानसे जाने जाते हैं' यह हेतु 'किसीके प्रत्यक्ष हैं' इस साध्यके साथ पाया जाता है। अत वह परमाणु वगैरह सूक्ष्मादि पदार्थोंमे भी किसीकी प्रत्यक्षताको अवश्य सिद्ध करता है। तात्पर्य यह कि जिस प्रकार अग्नि आदि अनुमानसे जाने जाते हैं। अत एव वे किसीके 15 प्रत्यक्ष भी होते हैं। उसी प्रकार सूक्ष्मादि अतीन्द्रिय पदार्थ चूँकि हम लोगोंके द्वारा अनुमानसे जाने जाते हैं। अत एव वे किसीके प्रत्यक्ष भी हैं और जिसके प्रत्यक्ष हैं वही सर्वज्ञ है। परमाणु आदि मे 'अनुमानसे जाने जाते हैं' यह हेतु असिद्ध भी नहीं है क्योंकि उनको अनुमानसे जाननेमे किसीको विवाद नहीं है। अर्थात् 20 —सभी मतवाले इन पदार्थोंको अनुमेय मानते हैं।

शङ्का—सूक्ष्मादि पदार्थोंको प्रत्यक्ष सिद्ध करनेके द्वारा किसीके सम्पूर्ण पदार्थोंका प्रत्यक्षज्ञान हो, यह हम मान सकते हैं। परन्तु यह अतीन्द्रिय है—इन्द्रियोंकी अपेक्षा नहीं रखता है, यह कैसे?

समाधान—इसप्रकार—यदि वह ज्ञान इन्द्रियजन्य हो तो 25

सम्पूर्ण पदार्थोंको जाननेवाला नहीं हो सकता है, क्योंकि इन्द्रियाँ अपने योग्य विषय[1] (सन्निहित और वर्तमान अर्थ) में ही ज्ञान को उत्पन्न कर सकती हैं। और सूक्ष्मादि पदार्थ इन्द्रियोंके योग्य विषय नहीं हैं। अतः वह सम्पूर्णपदार्थविषयक ज्ञान अनैन्द्रियक
5 ही है—इन्द्रियोंकी अपेक्षासे रहित अतीन्द्रिय है, यह बात सिद्ध हो जाती है। इस प्रकारसे सर्वज्ञता माननेमें किसी भी सर्वज्ञवादीको विवाद नहीं है। जैसा कि दूसरे भी कहते हैं—"पुण्य पापादिक किसीके प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि वे प्रमेय हैं।"

सामान्यसे सर्वज्ञको सिद्ध करके अर्हन्तके सर्वज्ञताकी सिद्धि—

10 शङ्का—सम्पूर्ण पदार्थोंको साक्षात् करनेवाला अतीन्द्रिय प्रत्यक्षज्ञान सामान्यतया सिद्ध हो, परन्तु वह अरहन्तके है यह कैसे? क्योंकि 'किसीके' यह सर्वनाम शब्द है और सर्वनाम शब्द सामान्यका ज्ञापक होता है?

समाधान—सत्य है। इस अनुमानसे सामान्य सर्वज्ञकी
15 सिद्धि की है। 'अरहन्त सर्वज्ञ हैं' यह हम अन्य अनुमानसे सिद्ध करते हैं। वह अनुमान इस प्रकार है—अरहन्त सर्वज्ञ होनेके योग्य हैं, क्योंकि वे निर्दोष हैं, जो सर्वज्ञ नहीं है वह निर्दोष नहीं है, जैसे रथ्यापुरुष (पागल)।' यह केवलव्यतिरेकी हेतुजन्य अनुमान है।

20 आवरण और रागादि ये दोष हैं और इनसे रहितताका नाम निर्दोषता है। वह निर्दोषता सर्वज्ञताके बिना नहीं होसकती है। क्योंकि जो किञ्चिज्ञ है—अल्पज्ञानी है उसके आवरणादि दोषोंका अभाव नहीं है। अतः अरहन्तमें रहनेवाली यह निर्दोषता उनमें

---

१ 'सम्बद्धं वर्तमानं च गृह्यते चक्षुरादिना'—मी०श्लो०सू० ४ श्लोक ८४।

सर्वज्ञताको अवश्य सिद्ध करती है। और यह निर्दोषता अरहन्त-परमेष्ठीमें उनके युक्ति और शास्त्रसे अविरोधी वचन होनेसे सिद्ध होती है। युक्ति और शास्त्रसे अविरोधी वचन भी उनके द्वारा माने गये मुक्ति, संसार और मुक्ति तथा संसारके कारण तत्त्व और अनेकधर्मयुक्त चेतन तथा अचेतन तत्त्व प्रत्यक्षादि प्रमाणसे 5 बाधित न होनेसे अच्छी तरह सिद्ध होते हैं। तात्पर्य यह कि अरहन्तके द्वारा उपदेशित तत्त्वोंमें प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे कोई बाधा नहीं आती है। अतः वे यथार्थवक्ता हैं। और यथार्थवक्ता होनेसे निर्दोष हैं। तथा निर्दोष होनेसे सर्वज्ञ हैं।

शङ्का—इस प्रकार अरहन्तके सर्वज्ञता सिद्ध हो जानेपर भी 10 वह अरहन्तके ही है, यह कैसे ? क्योंकि कपिल आदिके भी वह सम्भव है ?

समाधान—कपिल आदि सर्वज्ञ नहीं हैं, क्योंकि वे सदोष हैं। और सदोष इसलिये हैं कि वे युक्ति और शास्त्रसे विरोधी कथन करनेवाले हैं। युक्ति और शास्त्रसे विरोधी कथन करनेवाले भी 15 इस कारण हैं कि उनके द्वारा माने गये मुक्ति आदिक तत्त्व और सर्वथा एकान्त तत्त्व प्रमाणसे बाधित हैं। अतः वे सर्वज्ञ नहीं हैं। अरहन्त ही सर्वज्ञ हैं। स्वामी समन्तभद्रने भी कहा है—'हे अर्हन्! वह सर्वज्ञ आप ही हैं, क्योंकि आप निर्दोष हैं। निर्दोष इसलिये हैं कि युक्ति और आगमसे आपके वचन अविरुद्ध हैं— 20 युक्ति तथा आगमसे उनमें कोई विरोध नहीं आता। और वचनों में विरोध इस कारण नहीं है कि आपका इष्ट (मुक्ति आदि तत्त्व) प्रमाणसे बाधित नहीं है। किन्तु तुम्हारे अनेकान्त मतरूप अमृत-का पान नहीं करनेवाले तथा सर्वथा एकान्ततत्त्वका कथन करनेवाले और अपनेको आप्त समझनेके अभिमानसे दग्ध हुए [illegible] दियोंका इष्ट ([illegible] तत्त्व) प्रत्यक्षसे बाधित है।'

इस तरह इन दो कारिकाओंके द्वारा पराभिमततत्त्वमें बाधा और स्वाभिमततत्त्वमें अबाधा इन्हीं दोके समर्थनको लेकर 'भावैकान्ते' इस कारिकाके द्वारा प्रारम्भ करके 'स्यात्कार सत्यलाञ्छन' इस कारिका तक आप्तमीमांसाकी रचना की गई है। अर्थात्—
5 अपने द्वारा माने तत्त्वमें कैसे बाधा नहीं है? और एकान्तवादियों-के द्वारा माने तत्त्वमें किस प्रकार बाधा है? इन दोनोंका विस्तृत विवेचन स्वामी समन्तभद्रने 'आप्तमीमांसा' में 'भावैकान्ते' इस कारिका ९ से लेकर 'स्यात्कार सत्यलाञ्छन' इस कारिका ११२ तक किया है। अतः यहाँ और अधिक विस्तार नहीं किया जाता।

10 इस प्रकार अतीन्द्रिय केवलज्ञान अरहन्तके ही है, यह सिद्ध हो गया। और उनके वचनोंको प्रमाण होनेसे उनके द्वारा प्रतिपादित अतीन्द्रिय अवधि और मनःपर्ययज्ञान भी सिद्ध हो गये। इस तरह अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष निर्दोष (निर्बाध) है—उसके माननेमें कोई दोष या बाधा नहीं है। अतः प्रत्यक्षके सांव्यवहारिक और
15 पारमार्थिक ये दो भेद सिद्ध हुये।

इसप्रकार श्रीजैनाचार्य धर्मभूषण यति विरचित
न्याय दीपिकामें प्रत्यक्षप्रमाणका प्रकाश
करनेवाला दूसरा प्रकाश पूर्ण हुआ।

तीसरा प्रकाश

दूसरे प्रकाशमें प्रत्यक्ष प्रमाणका निरूपण करके इस प्रकाशमें परोक्ष प्रमाणका निरूपण प्रारम्भ किया जाता है।

परोक्ष प्रमाणका लक्षण—

अविशद प्रतिभासको परोक्ष कहते हैं। यहाँ 'परोक्ष' लक्ष्य है, 'अविशदप्रतिभासत्व' लक्षण है। तात्पर्य यह कि जिस ज्ञानका 5
प्रतिभास विशद—स्पष्ट नहीं है वह परोक्ष प्रमाण है। विशदता का लक्षण पहले बतला आये हैं उससे भिन्न अविशदता है। उसीको अस्पष्टता कहते हैं। यह अविशदता भी विशदताकी तरह अनुभवसे जानी जाती है।

'जो ज्ञान केवल सामान्यको विषय करे वह परोक्ष है' ऐसा 10
कोई (बौद्ध) परोक्षका लक्षण करते हैं। परन्तु वह ठीक नहीं है, क्योंकि प्रत्यक्षकी तरह परोक्ष भी सामान्य और विशेषरूप वस्तुको विषय करता है। और इसलिए यह लक्षण असम्भव दोष युक्त है। जिस प्रकार प्रत्यक्ष घटादि पदार्थोंमें प्रवृत्त होकर उनके घटत्वा-
दि सामान्याकारको और घटव्यक्तिरूप व्यवच्छेदात्मक विशेषा- 15
कारको एक साथ ही विषय करता हुआ उपलब्ध होता है उसी प्रकार परोक्ष भी सामान्य और विशेष दोनों आकारोंको विषय करता हुआ उपलब्ध होता है। इस कारण 'केवल सामान्यको विषय करना' परोक्षका लक्षण नहीं है। अपि तु अविशदता ही
परोक्षका लक्षण है। सामान्य और विशेषमेंसे किसी एकको 20
विषय करनेवाला माननेपर तो प्रमाणता ही नहीं बन सकती है। क्योंकि सभी प्रमाण सामान्य और विशेष दोनों स्वरूप वस्तुको विषय करनेवाले माने गये हैं। कहा भी है—"सामान्य और

विशदरूप वस्तु प्रमाणका विषय है।" अत अविशद (अस्पष्ट) प्रतिभासको जो परोक्षका लक्षण कहा है वह बिल्कुल ठीक है।

परोक्ष प्रमाणके भेद और उनमें ज्ञानान्तरकी सापेक्षताका कथन—

5 उस परोक्ष प्रमाणके पाँच भेद हैं—१ स्मृति, २ प्रत्यभिज्ञान, ३ तर्क, ४ अनुमान और ५ आगम। ये पाँचो ही परोक्ष प्रमाण ज्ञानान्तरकी अपेक्षासे उत्पन्न होते हैं। स्मरणमें पूर्व अनुभवकी अपेक्षा होती है, प्रत्यभिज्ञानमें स्मरण और अनुभवकी, तर्कमें अनुभव, स्मरण और प्रत्यभिज्ञानकी, अनुमानमें लिङ्गदर्शन, 10 व्याप्तिस्मरण आदिकी और आगममें शब्दश्रवण, सङ्केतग्रहण (इस शब्दका यह अर्थ है, इस प्रकारके सङ्केतके ग्रहण) आदिकी अपेक्षा होती है। किन्तु प्रत्यक्ष प्रमाणमें ज्ञानान्तरकी अपेक्षा नहीं होती, वह स्वतन्त्ररूपसे—ज्ञानान्तरनिरपेक्ष ही उत्पन्न होता है। स्मरण आदिकी यह ज्ञानान्तरापेक्षा उनके अपने अपने निरूपण-15 के समय बतलायी जायगी।

प्रथमत उद्दिष्ट स्मृतिका निरूपण—

स्मृति किसे कहते हैं ? 'वह' इस प्रकारसे उल्लखित होनेवाले और पहले अनुभव किये हुए पदार्थको विषय करनेवाले ज्ञानको स्मृति कहते हैं। जैसे 'वह देवदत्त'। यहाँ पहले अनुभव 20 किया हुआ ही देवदत्त 'वह' शब्दके द्वारा जाना जाता है। इस लिये यह ज्ञान 'वह' शब्दसे उल्लखित होनेवाला और अनुभूत पदार्थको विषय करनेवाला है। जिसका अनुभव नहीं किया उसमें यह ज्ञान नहीं होता। इस ज्ञानका जनक अनुभव है और वह अनुभव धारणारूप ही कारण होता है, क्योंकि पदार्थमें अव-25 ग्रहादिक ज्ञान हो जानेपर भी धारणाके अभावमें स्मृति उत्पन्न

नहीं होती। कारण, धारणा आत्मामें उस प्रकारका संस्कार पैदा करती है, जिससे वह कालान्तरमें भी उस अनुभूत विषयका स्मरण करा देती है। इसलिये धारणाके विषयमें उत्पन्न हुआ 'वह' शब्दसे उल्लिखित होनेवाला यह ज्ञान स्मृति है, यह सिद्ध होता है।

शङ्का—यदि धारणाके द्वारा ग्रहण किये विषयमें ही स्मरण 5 उत्पन्न होता है तो गृहीतग्राही होनेसे उसके अप्रमाणताका प्रसङ्ग आता है ?

समाधान—नहीं, ईहा आदिककी तरह स्मरणमें विषयभेद मौजूद है। जिस प्रकार अवग्रहादिकके द्वारा ग्रहण किये हुये अर्थ को विषय करनेवाले ईहादिक ज्ञानोंमें विषयभेद होनेसे अपने विषय 10 सम्बन्धी संशयादिरूप समारोपको दूर करनेके कारण प्रमाणता है उसी प्रकार स्मरणमें भी धारणाके द्वारा ग्रहण किये गये विषयमें प्रवृत्ति होनेपर भी प्रमाणता ही है। कारण, धारणाका विषय इदन्तासे युक्त अर्थात् 'यह' है—'यह' शब्दके प्रयोगपूर्वक उल्लिखित होता है और स्मरणका तत्तासे युक्त अर्थात् 'वह' है—'वह' शब्दके 15 द्वारा निर्दिष्ट होता है। तात्पर्य यह कि धारणाका विषय तो वर्त्तमानकालीन है और स्मरणका विषय भूतकालीन है। अतः स्मरण अपने विषयमें उत्पन्न हुये अस्मरण आदि समारोपको दूर करनेके कारण प्रमाण ही है—अप्रमाण नहीं। प्रमेयकमलमार्त्तण्डमें भी कहा है —"विस्मरण, संशय और विपर्ययरूप समारोप है 20 और उस समारोपको दूर करनेसे यह स्मृति प्रमाण है।"

'स्मरण अनुभूत विषयमें प्रवृत्त होता है' इतनेसे यदि वह अप्रमाण हो तो अनुमानसे जानी हुई अग्निको जाननेके लिये पीछे प्रवृत्त हुआ प्रत्यक्ष भी अप्रमाण ठहरेगा। अतः स्मरण किसी भी प्रकार अप्रमाण सिद्ध नहीं होता।

प्रत्यक्षादिककी तरह स्मृति अविसंवादी है—विसंवाद रहित है, इसलिए भी वह प्रमाण है। क्योंकि स्मरण करके यथास्थान रक्खी हुई वस्तुओंको ग्रहण करनेके लिये प्रवृत्त होनेवाले व्यक्तिको स्मरणके विषय (पदार्थ)में विसंवाद-भूल जाना या अन्यत्र प्रवृत्ति
5 करना नहीं होता। जहाँ विसंवाद होता है वह प्रत्यक्षाभासकी तरह स्मरणाभास है। उसे हम प्रमाण नहीं मानते। इस तरह स्मरण नामका पृथक् प्रमाण है, यह सिद्ध हुआ।

प्रत्यभिज्ञानका लक्षण और उसके भेदोंका निरूपण—

अनुभव और स्मरणपूर्वक होनेवाले जोडरूप ज्ञानको प्रत्य-
10 भिज्ञान कहते हैं। 'यह' का उल्लेख करनेवाला ज्ञान अनुभव है और 'वह' का उल्लेखी ज्ञान स्मरण है। इन दोनोंसे पैदा होनेवाला तथा पूर्व और उत्तर अवस्थाओंमें वर्त्तमान एकत्व, सादृश्य और वैलक्षण्य आदिको विषय करनेवाला जो जोड़रूप ज्ञान होता है वह प्रत्यभिज्ञान है,ऐसा समझना चाहिये। जैसे वही यह जिनदत्त
15 है, गौके समान गवय (जङ्गली पशुविशेष) होता है, गायसे भिन्न भैंसा होता है, इत्यादिक प्रत्यभिज्ञानके उदाहरण हैं।

यहाँ पहले उदाहरणमें, जिनदत्तकी पूर्व और उत्तर अवस्थाओंमें रहनेवाली एकता प्रत्यभिज्ञानका विषय है। इसीको एकत्व प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। दूसरे उदाहरणमें, पहले अनुभव की हुई
20 गायको लेकर गवयमें रहनेवाली सदृशता प्रत्यभिज्ञानका विषय है। इस प्रकारके ज्ञानको सादृश्यप्रत्यभिज्ञान कहते हैं। तीसरे उदाहरणमें, पहले अनुभव की हुई गायको लेकर भैंसामें रहनेवाली विसदृशता प्रत्यभिज्ञानका विषय है। इस तरहका ज्ञान वैसादृश्य प्रत्यभिज्ञान कहलाता है। इसी प्रकार और भी प्रत्यभिज्ञानके भेद अपने अनुभवसे स्वयं विचार लेना चाहिये। इन सभी प्रत्य

भिज्ञानोंमें अनुभव और स्मरणकी अपेक्षा होनेसे उन्हें अनुभव और स्मरणहेतुक माना जाता है।

किन्हींका कहना है कि अनुभव और स्मरणसे भिन्न प्रत्यभिज्ञान नहीं है। (क्योंकि पूर्व और उत्तर अवस्थाओंको विषय करनेवाला एक ज्ञान नहीं हो सकता है। कारण, विषय भिन्न है। 5
दूसरी बात यह है, कि 'वह' इस प्रकारसे जो ज्ञान होता है वह तो परोक्ष है और 'यह' इस प्रकारसे जो ज्ञान होता है वह प्रत्यक्ष है—इसलिये भी प्रत्यक्ष और परोक्षरूप एक ज्ञान नहीं हो सकता है, किन्तु वे अनुभव और स्मरण रूप दो ज्ञान हैं।) यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि अनुभव तो वर्त्तमानकालीन पर्यायको ही विषय 10
करता है और स्मरण भूतकालीन पर्यायका द्योतन करता है। इस लिये ये दोनों अतीत और वर्त्तमान पर्यायोंमें रहनेवाली एकता, सदृशता आदिको कैसे विषय कर सकते हैं? अर्थात्—नहीं कर सकते हैं। अब स्मरण और अनुभवसे भिन्न उनके बादमें होने वाला तथा उन एकता, सदृशता आदिको विषय करनेवाला जो 15
जोड़रूप ज्ञान होता है वही प्रत्यभिज्ञान है।

अन्य दूसरे (वैशेषिकादि) एकत्वप्रत्यभिज्ञानको स्वीकार करके भी उसका प्रत्यक्षमें अन्तर्भाव कल्पित करते हैं। वह इस प्रकार-से है —जो इन्द्रियोंके साथ अन्वय और व्यतिरेक रखता है वह प्रत्यक्ष है। अर्थात्—जो इन्द्रियोंके होनेपर होता है और उनके 20
अभावमें नहीं होता वह प्रत्यक्ष है, यह प्रसिद्ध है। और इन्द्रियों-का अन्वय तथा व्यतिरेक रखनेवाला यह प्रत्यभिज्ञान है। इस कारण यह प्रत्यक्ष है। उनका भी यह कथन ठीक नहीं है, क्योंकि इन्द्रियाँ वर्त्तमान पर्यायमात्रके विषय करनेमें ही उपक्षीण (चरितार्थ) हो जानेसे वर्त्तमान और अतीत अवस्थाओंमें रहनेवाले 25

एकत्वको विषय नहीं कर सकती है। इन्द्रियोंकी अविषयमें प्रवृत्ति मानना योग्य नहीं है। अन्यथा चक्षुके द्वारा रसादिकका भी ज्ञान होनेका प्रसङ्ग आवेगा।

शङ्का—यह ठीक है कि इन्द्रियाँ वर्त्तमान पर्यायमात्रको ही विषय करती हैं तथापि वे संस्कारोंकी सहायतासे वर्त्तमान और अतीत अवस्थाओंमें रहनेवाले एकत्वमें भी ज्ञान करा सकती हैं। जिस प्रकार अञ्जनके संस्कारसे चक्षु व्यवधानप्राप्त (ढके हुए) पदार्थको भी जान लेती है। यद्यपि चक्षुमें व्यवहित पदार्थको जाननेकी सामर्थ्य (शक्ति) नहीं है। परन्तु अञ्जनसंस्कारकी सहायतासे वह उसमें देखी जाती है उसी प्रकार स्मरण आदिकी सहायतासे इन्द्रियाँ हो दोनों अवस्थाओंमें रहनेवाले एकत्वको जान लेंगी। अतः उसको जाननेके लिये एकत्वप्रत्यभिज्ञान नामक प्रमाणान्तरकी कल्पना करना अनावश्यक है?

समाधान—यह कहना भी सम्यक् नहीं है; क्योंकि हजार सहकारियोंके मिल जानेपर भी अविषयमें—जिसका जो विषय नहीं है, उसकी उसमें—प्रवृत्ति नहीं हो सकती है। चक्षुके अञ्जन-संस्कार आदि सहायक उसके अपने विषय रूपादिकमें ही उसको प्रवृत्त करा सकते हैं, रसादिक अविषयमें नहीं। और इन्द्रियोंका अविषय है पूर्व तथा उत्तर अवस्थाओंमें रहनेवाला एकत्व। अतः उसे जाननेके लिए पृथक् प्रमाण मानना ही होगा। सभी जगह विषय भेदके द्वारा ही प्रमाणके भेद स्वीकार किये गये हैं।

दूसरी बात यह है, कि 'वही यह है' यह ज्ञान अस्पष्ट ही है—स्पष्ट नहीं है। इसलिये भी उसका प्रत्यक्षमें अन्तर्भाव नहीं हो सकता है। और यह निश्चय ही जानना चाहिये कि चक्षु-आदिक इन्द्रियोंमें एकत्वज्ञान उत्पन्न करनेकी सामर्थ्य नहीं है।

अन्यथा लिङ्गदर्शन (धूमादिकका देखना) और व्याप्तिका स्मरण आदिकी सहायतासे चक्षुरादिक इन्द्रियाँ ही अग्नि आदिक लिङ्गि (साध्य) का ज्ञान उत्पन्न कर दें। इस तरह अनुमान भी पृथक प्रमाण न हो। यदि कहा जाय, कि चक्षुरादिक इन्द्रियाँ तो अपने विषय धूमादिकके देखने मात्रमें ही चरितार्थ हो जाती हैं, 5 वे अग्नि आदि परोक्ष अर्थमें प्रवृत्त नहीं हो सकतीं। अतः अग्नि आदि परोक्ष अर्थोंका ज्ञान करनेके लिये अनुमान प्रमाणको पृथक मानना आवश्यक है, तो प्रत्यभिज्ञानने क्या अपराध किया? एकत्वको विषय करनेके लिये उसको भी पृथक मानना जरूरी है। अतः प्रत्यभिज्ञान नामका पृथक प्रमाण है, यह स्थिर हुआ। 10

'सादृश्यप्रत्यभिज्ञान उपमान नामका पृथक प्रमाण है' ऐसा किन्हीं (नैयायिक और मीमांसकों) का कहना है। पर यह ठीक नहीं है, क्योंकि स्मरण और अनुभवपूर्वक जोडरूप ज्ञान होनेसे उसमें प्रत्यभिज्ञानता (प्रत्यभिज्ञानपना) का उल्लंघन नहीं होता—वह उसमें रहती है। अतः वह प्रत्यभिज्ञान ही है। अन्यथा (यदि सादृ 15 श्यविषयक ज्ञानको उपमान नामका पृथक प्रमाण माना जाय तो) 'गायसे भिन्न भैंसा है' इत्यादि विसदृशताको विषय करनेवाले वैसादृश्यज्ञानको और 'यह इससे दूर है' इत्यादि आपेक्षिक ज्ञानको भी पृथक प्रमाण होना चाहिये। अतः जिस प्रकार वैसादृश्यादि ज्ञानोंमें प्रत्यभिज्ञानका लक्षण पाया जानेसे वे प्रत्यभिज्ञान 20 हैं उसी प्रकार सादृश्यविषयक ज्ञानमें भी प्रत्यभिज्ञानका लक्षण पाया जानेसे वह प्रत्यभिज्ञान ही है—उपमान नहीं। यही प्रामाणिक परम्परा है।

तर्क प्रमाणका निरूपण—

प्रत्यभिज्ञान ... हो। तर्कका क्या स्वरूप है?

ज्ञानको तर्क कहते हैं। साध्य और साधनमें गम्य और गमक (बोध्य और बोधक) भावका साधक और व्यभिचारकी गन्धसे रहित जो सम्बन्धविशेष है उसे व्याप्ति कहते हैं। उसीको अवि-नाभाव भी कहते हैं। उस व्याप्तिके होनेसे अग्न्यादिकको धूमादिक
5 ही जनाते हैं, घटादिक नहीं। क्योंकि घटादिककी अग्न्यादिकके साथ व्याप्ति (अविनाभव) नहीं है। इस अविनाभावरूप व्याप्तिके ज्ञानमें जो साधकतम है वह यही तर्क नामका प्रमाण है। श्लोक-वार्तिकभाष्यमें भी कहा है —"साध्य और साधनके सम्बन्ध-विषयक अज्ञानको दूर करनेरूप फलमें जो साधकतम है
10 वह तर्क है।" 'ऊहा' भी तर्कका ही दूसरा नाम है। वह तर्क उस व्याप्तिको सर्वदेश और सर्वकालकी अपेक्षासे विषय करता है।

शङ्का—इस तर्कका उदाहरण क्या है?

समाधान—'जहाँ जहाँ धूम होता है वहाँ वहाँ अग्नि होती है' यह तर्कका उदाहरण है। यहाँ धूमके होनेपर अनेक बार
15 अग्निकी उपलब्धि और अग्निके अभावमें धूमकी अनुपलब्धि पाइ जानेपर 'सब जगह और सब कालमें धुआँ अग्निका व्य-भिचारी नहीं है—अग्निके होनेपर ही होता है और अग्निके अभावमें नहीं होता' इस प्रकारका सर्वदेश और सर्वकालरूपसे अविनाभावको ग्रहण करनेवाला बादमें जो ज्ञान उत्पन्न होता है
20 वह तर्क नामका प्रत्यक्षादिकसे भिन्न ही प्रमाण है। प्रत्यक्ष निकटवर्ती ही धूम और अग्निके सम्बन्धका ज्ञान कराता है, अत वह व्याप्तिका ज्ञान नहीं करा सकता। कारण, व्याप्ति सर्वदेश और सर्वकालको लेकर होती है।

शङ्का—यद्यपि प्रत्यक्षसामान्य (साधारण प्रत्यक्ष) व्याप्तिको
25 विषय करनेमें समर्थ नहीं है तथापि विशेष प्रत्यक्ष उसको विषय

करनेमें समर्थ है ही। वह इस प्रकारसे—रसोईशाला आदिमें धूम और अग्निको सबसे पहले देखा, यह एक प्रत्यक्ष हुआ। इसके बाद अनेकों बार और कई प्रत्यक्ष हुये; पर वे सब प्रत्यक्ष व्याप्तिको विषय करनेमें समर्थ नहीं है। लेकिन पहले पहलेके अनुभव किये धूम और अग्निका स्मरण तथा तत्सजातीयके अनुसन्धानरूप प्रत्यभिज्ञानसे सहित होकर कोई प्रत्यक्ष-विशेष सर्वदेश कालको लेकर होनेवाली व्याप्तिको भी ग्रहण कर सकता है। और इसलिये स्मरण तथा प्रत्यभिज्ञानसे सहित प्रत्यक्ष-विशेष ही जब व्याप्तिको विषय करनेमें समर्थ है, तब तर्क नामके पृथक प्रमाणको माननेकी क्या आवश्यकता है ?

समाधान—ऐसा कथन उनकी न्याय मार्गकी अनभिज्ञताको प्रकट करता है, क्योंकि 'हजार सहकारियोंके मिल जानेपर भी अविषयमें प्रवृत्ति नहीं हो सकती है' यह हम पहले कह आये हैं। इस कारण प्रत्यक्षके द्वारा व्याप्तिका ग्रहण बतलाना सङ्गत नहीं है। किन्तु यह सङ्गत प्रतीत होता है कि स्मरण, प्रत्यभिज्ञान और अनेकों बारका हुआ प्रत्यक्ष ये तीनों मिलकर एक वैसे ज्ञानको उत्पन्न करते हैं जो व्याप्तिके ग्रहण करनेमें समर्थ है और वही तर्क है। अनुमान आदिकके द्वारा तो व्याप्तिका ग्रहण होना सम्भव ही नहीं है। तात्पर्य यह कि अनुमानसे यदि व्याप्तिका ग्रहण माना जाय तो यहाँ दो विकल्प उठते हैं—जिस अनुमानकी व्याप्तिका ग्रहण करना है उसी अनुमानसे व्याप्तिका ग्रहण होता है या अन्य दूसरे अनुमानसे ? पहले विकल्पमें अन्योन्याश्रय दोष आता है, क्योंकि व्याप्तिका ज्ञान जब हो जाय, तब अनुमान अपना स्वरूपलाभ करे और अनुमान जब स्वरूपलाभ करले, तब व्याप्तिका ज्ञान हो, इस तरह दोनों परस्परापेक्ष हैं। अन्य दूसरे

व्याप्तिका ज्ञान माननेपर अनवस्था दोष आता है, क्योंकि दूसरे अनुमानकी व्याप्तिका ज्ञान अन्य तृतीय अनुमानसे मानना होगा, तृतीय अनुमानकी व्याप्तिका ज्ञान अन्य चौथे अनुमानसे माना जायगा, इस तरह कहीं भी व्यवस्था न होनेसे अनवस्था नामका
5 दोष प्रसक्त होता है। इसलिये अनुमानसे व्याप्तिका ग्रहण सम्भव नहीं है। और न आगमादिक प्रमाणोंसे भी सम्भव है, क्योंकि उन सबका विषय भिन्न भिन्न है। और विषयभेदसे प्रमाण-भेदकी व्यवस्था होती है। अत व्याप्तिका ग्रहण करनेके लिये तर्क प्रमाण का मानना आवश्यक है।

10 'निर्विकल्पक प्रत्यक्षके अनन्तर जो विकल्प पैदा होता है वह व्याप्तिको ग्रहण करता है' ऐसा बौद्ध मानते हैं, उनसे हम पूछते हैं कि वह विकल्प अप्रमाण है अथवा प्रमाण ? यदि अप्रमाण है, तो उसके द्वारा गृहीत व्याप्तिमें प्रमाणता कैसे ? और यदि प्रमाण है, तो वह प्रत्यक्ष है अथवा अनुमान ? प्रत्यक्ष तो नहीं सकता, क्योंकि
15 वह अस्पष्टज्ञान है और अनुमान भी नहीं हो सकता, कारण, उसमें लिङ्गदर्शन आदिकी अपेक्षा नहीं होती। यदि इन दोनोंसे भिन्न ही कोई प्रमाण है, तो वही तो तर्क है। इस प्रकार तर्क नामके प्रमाणका निर्णय हुआ।

अनुमान प्रमाणका निरूपण—

20 अब अनुमानका वर्णन करते हैं। साधनसे साध्यका ज्ञान होनेको अनुमान कहते हैं। यहां 'अनुमान' यह लक्ष्य-निर्देश है और 'साधनसे साध्यका ज्ञान होना' यह उसके लक्षणका कथन है। तात्पर्य यह कि साधन—धूमादि लिङ्गसे साध्य—अग्नि आदिक लिङ्गीमें जो ज्ञान होता है वह अनुमान है। क्योंकि वह साध्य ज्ञान ही अग्नि आदिकके अज्ञानको दूर करता है। साधनज्ञान

अनुमान नहीं है, क्योंकि वह तो साधनसम्बन्धी अज्ञानको ही दूर करनेमें चरितार्थ हो जानेसे साध्यसम्बन्धी अज्ञानको दूर नहीं कर सकता है। अत नैयायिकोंने अनुमानका जो लक्षण कहा है कि "लिङ्गज्ञान अनुमान है" वह सङ्गत नहीं है। हम तो स्मरण आदिकी उत्पत्तिमें अनुभव आदिकी तरह व्याप्तिस्मरणसे सहित लिङ्गज्ञानका अनुमान प्रमाणकी उत्पत्तिमें कारण मानते हैं। इसका खुलासा इस प्रकार है—जिस प्रकार धारणा नामका अनुभव स्मरणमें कारण होता है, तात्कालिक अनुभव तथा स्मरण प्रत्यभिज्ञानमें और साध्य तथा साधनविषयक स्मरण, प्रत्यभिज्ञान और अनुभव तर्कमें कारण होते हैं उसी प्रकार व्याप्तिस्मरण आदिसे सहित होकर लिङ्गज्ञान अनुमानकी उत्पत्तिमें कारण होता है—वह स्वयं अनुमान नहीं है। यह कथन सुसङ्गत ही है।

शङ्का—आपके मतमें—जैनदर्शनमें साधनको ही अनुमानमें कारण माना है, साधनके ज्ञानको नहीं, क्योंकि "साधनसे साध्यके ज्ञान होनेको अनुमान कहते हैं।" ऐसा पहले कहा गया है?

समाधान—नहीं, 'साधनसे' इस पदका अर्थ 'निश्चयपथप्राप्त धूमादिकसे' यह विवक्षित है। क्योंकि जिस धूमादिक साधनका निश्चय नहीं हुआ है। अर्थात्—जिसे जाना नहीं है वह साधन ही नहीं हो सकता है। इसी बातको तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकमें कहा है—"साधनसे साध्यके ज्ञान होनेको विद्वानोंने अनुमान कहा है।" इस वार्तिकका अर्थ यह है कि साधनसे—अर्थात् जाने हुये धूमादिक लिङ्गसे साध्यमें अर्थात्—अग्नि आदिक लिङ्गीमें जो ज्ञान होता है वह अनुमान है। क्योंकि जिस धूमादिक लिङ्गको नहीं जाना है उसको साध्यके ज्ञानमें कारण माननेपर सोये हुये अथवा जिन्होंने धूमादिक लिङ्गको ग्रहण नहीं किया

भी अग्नि आदिका ज्ञान हो जावेगा। इस कारण जाने हुये साधनसे होनेवाला साध्यका ज्ञान ही साध्यविषयक अज्ञानको दूर करनेसे अनुमान है, लिङ्गज्ञानादिक नहीं। ऐसा अकलङ्कादि प्रामाणिक विद्वान कहते हैं। तात्पर्य यह कि ज्ञायमान साधनको
5 अनुमानमें कारण प्रतिपादन करनेसे यह स्पष्ट हो जाता है कि जैनदर्शनमें साधनको अनुमानमें कारण नहीं माना, अपि तु साधनज्ञानको ही कारण माना है।

साधनका लक्षण—

वह साधन क्या है, जिससे होनेवाले साध्यके ज्ञानको अनु-
10 मान कहा है? अर्थात्-साधनका क्या लक्षण है? इसका उत्तर यह है—जिसकी साध्यके साथ अन्यथानुपपत्ति (अविनाभाव) निश्चित है उसे साधन कहते हैं। तात्पर्य यह कि जिसकी साध्यके अभावमें नहीं होनेरूप व्याप्ति, अविनाभाव आदि नामोंवाली साध्यान्यथानुपपत्ति—साध्यके होनेपर ही होना और साध्यके अभावमें
15 नहीं होना—तर्क नामके प्रमाण द्वारा निर्णीत है वह साधन है। श्रीकुमारनन्दिभट्टारकने भी कहा है—"अन्यथानुपपत्तिमात्र जिसका लक्षण है उसे लिङ्ग कहा गया है।"

साध्यका लक्षण—

वह साध्य क्या है, जिसके अविनाभावको साधनका लक्षण
20 प्रतिपादन किया है? अर्थात्-साध्यका क्या स्वरूप है? सुनिये—शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्धको साध्य कहते हैं। शक्य वह है जो प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे बाधित न होनेसे सिद्ध किया जा सकता है। अभिप्रेत वह है जो वादीको सिद्ध करनेके लिये अभिमत है—इष्ट है। और अप्रसिद्ध वह है जो सन्देहादिकसे युक्त होनेसे
25 अनिश्चित है, इस तरह जो शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्ध है वही साध्य है।

यदि अशक्य (बाधित) को साध्य माना जाय, तो अग्निमें अनुष्णता (उष्णताका अभाव) आदि भी साध्य हो जायगी। अनभिप्रेतको साध्य माना जाय, तो अतिप्रसङ्ग नामका दोष आवेगा। तथा प्रसिद्धको साध्य माना जाय, तो अनुमान व्यर्थ हो जायगा, क्योंकि साध्यकी सिद्धिके लिये अनुमान किया जाता है 5 और वह साध्य पहलेसे प्रसिद्ध है। अत शक्यादिरूप ही साध्य है। न्यायविनिश्चयमें भी कहा है —

> साध्य शक्यमभिप्रेतमप्रसिद्ध ततोऽपरम्।
> साध्याभास विरुद्धादि साधनाविषयत्वत ॥१७२॥

इसका अर्थ यह है कि जो शक्य है, अभिप्रेत है और अप्रसिद्ध 10 है वह साध्य है और जो इससे विपरीत है वह साध्याभास है। वह साध्याभास कौन है ? विरुद्धादिक हैं। प्रत्यक्षादिसे बाधितको विरुद्ध कहते हैं। 'आदि' शब्दसे अनभिप्रेत और प्रसिद्धका ग्रहण करना चाहिये। ये तीनों साध्याभास क्यों हैं ? चूँकि ये तीनों ही साधनके विषय नहीं हैं। अर्थात्—साधनके द्वारा ये 15 विषय नहीं किये जाते हैं। इस प्रकार यह अकलङ्कदेवके अभिप्रायका सक्षेप है। उनके सम्पूर्ण अभिप्रायको तो स्याद्वादविद्या-पति श्रीवादिराज जानते हैं। अर्थात्—अकलङ्कदेवकी उक्त कारिकाका विशद एव विस्तृत व्याख्यान श्रीवादिराजने न्यायविनि-श्चयके व्याख्यानभूत अपने न्यायविनिश्चयविवरणमें किया है। 20 अत अकलङ्कदेवके पद आशयको तो वे ही जानते हैं। यहाँ सिर्फ उनके अभिप्रायके अशमात्रको दिया है। साधन और साध्य दोनों को लेकर श्लोकवार्त्तिकमें भी कहा है —"जिसका अन्यथानुपपत्ति-मात्र लक्षण है, अर्थात्—जो न त्रिलक्षणरूप है और न पञ्चलक्षण रूप है, केवल अविनाभावविशिष्ट है वह साधन है। तथा जो शक्य 25

है, अभिप्रेत है और अप्रसिद्ध है उसे साध्य कहा गया है।"

इस प्रकार अविनाभावनिश्चयरूप एक लक्षणवाले साधनसे शक्य, अभिप्रेत और अप्रसिद्धरूप साध्यके ज्ञानको अनुमान कहते हैं, यह सिद्ध हुआ।

5 वह अनुमान दो प्रकारका है—१ स्वार्थानुमान और २ परार्थानुमान। उनमें स्वयं ही जाने हुए साधनसे साध्यके ज्ञान होने को स्वार्थानुमान कहते हैं। अर्थात्—दूसरके उपदेश (प्रतिज्ञादि वाक्यप्रयोग) की अपेक्षा न करके स्वयं ही निश्चित किये और पहले तर्क प्रमाणसे जाने गये तथा व्याप्तिके स्मरणसे सहित 10 धूमादिक साधनसे पर्वत आदिक धर्मीमें अग्नि आदि साध्यका जो ज्ञान होता है वह स्वार्थानुमान है। जैसे—यह पर्वत अग्निवाला है, क्योंकि धूम पाया जाता है। यद्यपि स्वार्थानुमान ज्ञानरूप है तथापि समझानेके लिये उसका यह शब्दद्वारा उल्लेख किया गया है। जैसे यह घट है इस शब्द द्वारा प्रत्यक्षका 15 उल्लेख किया जाता है। 'पर्वत अग्निवाला है, क्योंकि धूम पाया जाता है' इस प्रकार अनुमाता जानता है—अनुमिति करता है, इस तरह स्वार्थानुमानकी स्थिति है। अर्थात्—स्वार्थानुमान इस प्रकार प्रवृत्त होता है, ऐसा समझना चाहिये।

स्वार्थानुमानके अङ्गोंका कथन—

20 इस स्वार्थानुमानके तीन अङ्ग हैं—१ धर्मी, २ साध्य और ३ साधन। साधन साध्यका गमक (ज्ञापक) होता है, इसलिए वह गमकरूपसे अङ्ग है। साध्य, साधनके द्वारा गम्य होता है—जाना जाता है, इसलिये वह गम्यरूपसे अङ्ग है। और धर्मी साध्य-धर्मका आधार होता है, इसलिये वह साध्यधर्मके आधार 25 रूपसे अङ्ग है। क्योंकि किसी आधारविशेषमें साध्यकी सिद्धि

करना अनुमानका प्रयोजन है। केवल धर्मकी सिद्धि तो व्याप्ति-निश्चयके समयमें ही हो जाती है। कारण, 'जहाँ जहाँ धूम होता है वहाँ वहाँ अग्नि होती है' इस प्रकारकी व्याप्तिके ग्रहण समयमें साध्यधर्म-अग्नि ज्ञात हो ही जाती है। इसलिये केवल धर्मकी सिद्धि करना अनुमानका प्रयोजन नहीं है। किन्तु 'पर्वत अग्नि-वाला है' अथवा 'रसोईशाला अग्निवाली है' इस प्रकार 'पर्वत' या 'रसोईशाला'में वृत्तिरूपसे अग्निका ज्ञान अनुमानसे ही होता है। अतः आधारविशेष (पर्वतादिक)में रहनेरूपसे साध्य (अग्न्यादिक)की सिद्धि करना अनुमानका प्रयोजन है। इसलिये धर्मी भी स्वार्थानुमानका अङ्ग है।

अथवा, स्वार्थानुमानके दो अङ्ग हैं—१ पक्ष और २ हेतु। क्योंकि साध्य-धर्मसे युक्त धर्मीको पक्ष कहा गया है। इसलिये पक्षको कहनेसे धर्म और धर्मी दोनोंका ग्रहण हो जाता है। इस तरह स्वार्थानुमानके धर्मी, साध्य और साधनके भेदसे तीन अङ्ग अथवा पक्ष और साधनके भेदसे दो अङ्ग हैं, यह सिद्ध हो गया। यहाँ दोनों जगह विवक्षाका भेद है। जब स्वार्थानुमानके तीन अङ्ग कथन किये जाते हैं तब धर्मी और धर्मके भेदकी विवक्षा है और जब दो अङ्ग कहे जाते हैं तब धर्मी और धर्मके समुदायकी विवक्षा है। तात्पर्य यह कि स्वार्थानुमानके तीन या दो अङ्गोंके कहनेमें कुछ भी विरोध अथवा अर्थभेद नहीं है। केवल कथनका भेद है। उपर्युक्त यह धर्मी प्रसिद्ध ही होता है—अप्रसिद्ध नहीं। इसी बातको दूसरे विद्वानोंने कहा है—"प्रसिद्धो धर्मी" अर्थात्—धर्मी प्रसिद्ध होता है।

धर्मीकी तीन प्रकारसे प्रसिद्धिका निरूपण—

धर्मीकी ... कहीं तो प्रमाणसे, कहीं विकल्पसे

कहीं प्रमाण तथा विकल्प दोनोंसे होती है। प्रत्यक्षादिक प्रमाणोंमेंसे किसी एक प्रमाणसे धर्मीका निश्चय होना 'प्रमाणसिद्ध धर्मी' है। जिसकी प्रमाणता या अप्रमाणताका निश्चय नहीं हुआ है ऐसे ज्ञानसे जहाँ धर्मीकी सिद्धि होती है उसे 'विकल्पसिद्ध धर्मी' कहते हैं। और जहाँ प्रमाण तथा विकल्प दोनोंसे धर्मीका निर्णय किया जाता है वह 'प्रमाणविकल्पसिद्ध धर्मी' है।

प्रमाणसिद्ध धर्मीका उदाहरण—'धूमसे अग्निकी सिद्धि करनेमें पर्वत' है। क्योंकि वह प्रत्यक्षसे जाना जाता है।

विकल्पसिद्ध धर्मीका उदाहरण इस प्रकार है—'सर्वज्ञ है, क्योंकि उसके सद्भावके बाधक प्रमाणोंका अभाव अच्छी तरह निश्चित है, अर्थात्—उसके अस्तित्वका कोई बाधक प्रमाण नहीं है।' यहाँ सद्भाव सिद्ध करनेमें 'सर्वज्ञ' रूप धर्मी विकल्पसिद्ध धर्मी है। अथवा 'खरविषाण नहीं है, क्योंकि उसको सिद्ध करनेवाले प्रमाणोंका अभाव निश्चित है' यहाँ अभाव सिद्ध करनेमें 'खरविषाण' विकल्पसिद्ध धर्मी है। 'सर्वज्ञ' सद्भाव सिद्ध करनेके पहले प्रत्यक्षादिक किसी भी प्रमाणसे सिद्ध नहीं है, किन्तु केवल प्रतीति (कल्पना)से सिद्ध है, इसलिये वह विकल्पसिद्ध धर्मी है। इसी प्रकार 'खरविषाण' असद्भाव सिद्ध करनेके पहले केवल कल्पनासे सिद्ध है, अतः वह भी विकल्पसिद्ध धर्मी है।

उभयसिद्ध धर्मीका उदाहरण—'शब्द परिणमनशील है, क्योंकि वह किया जाता है—तालु आदिकी क्रियासे उत्पन्न होता है।' यहाँ शब्द है। कारण, वर्तमान शब्द तो प्रत्यक्षसे जाने जाते हैं, परन्तु भूतकालीन और भविष्यत्कालीन शब्द केवल प्रतीतिसे सिद्ध हैं और वे समस्त शब्द यहाँ धर्मी हैं, इसलिये 'शब्द' रूप धर्मी प्रमाण तथा विकल्प दोनोंसे सिद्ध अर्थात्—उभयसिद्ध धर्मी है। प्रमाण

सिद्ध और उभयसिद्ध धर्मीमें साध्य यथेच्छ होता है—उसमें कोई नियम नहीं होता। किन्तु विकल्पसिद्ध धर्मीमें सद्भाव और असद्भाव ही साध्य होते हैं, ऐसा नियम है। कहा भी है —"विकल्पसिद्ध धर्मीमें सत्ता और असत्ता ये दो ही साध्य होते हैं।" इस प्रकार दूसरेके उपदेशकी अपेक्षासे रहित स्वयं जाने गये साधनसे 5 पक्षमें रहनेरूपसे साध्यका जो ज्ञान होता है वह स्वार्थानुमान है, यह दृढ हो गया। कहा भी है —"परोपदेशके बिना भी दृष्टाको साधनसे साध्यका ज्ञान होता है उसे स्वार्थानुमान कहते हैं।"

परार्थानुमानका निरूपण—

दूसरेके उपदेशकी अपेक्षा लेकर जो साधनसे साध्यका ज्ञान 10 होता है उसे परार्थानुमान कहते हैं। तात्पर्य यह कि प्रतिज्ञा और हेतुरूप परोपदेशकी सहायतासे श्रोताको जो साधनसे साध्यका ज्ञान होता है वह परार्थानुमान है। जैसे—'यह पर्वत अग्निवाला होनेके योग्य है, क्योंकि धूमवाला है।' ऐसा किसीके वाक्य प्रयोग करनेपर उस वाक्यके अर्थका विचार और पहले ग्रहण की हुई 15 व्याप्तिका स्मरण करनेवाले श्रोताको अनुमानज्ञान होता है। और ऐसे अनुमानज्ञानका ही नाम परार्थानुमान है।

'परोपदेशवाक्य ही परार्थानुमान है। अर्थात्—जिस प्रतिज्ञादि पञ्चावयवरूप वाक्यसे सुननेवालेको अनुमान होता है वह वाक्य ही परार्थानुमान है।' ऐसा किन्हीं (नैयायिकों)का कहना है। पर 20 उनका यह कहना ठीक नहीं है। हम उनसे पूछते हैं कि वह वाक्य मुख्य अनुमान है अथवा गौण अनुमान? मुख्य अनुमान तो हो ही नहीं सकता, क्योंकि वाक्य अज्ञानरूप है। यदि वह गौण [illegible] है, तो उसे हम मानते हैं, क्योंकि परार्थानुमानज्ञा- नके [illegible] परार्थानुमानवाक्यमें परार्थानुमानका

सकता है। जैसे 'घी आयु है' इत्यादि व्यपदेश होता है। तात्पर्य यह कि परार्थानुमानवाक्य परार्थानुमानज्ञानके उत्पन्न करनेमें कारण होता है, अतः उसको उपचारसे परार्थानुमान माना गया है।

परार्थानुमानकी अङ्गसम्पत्ति और उसके अवयवोंका
5 प्रतिपादन—

इस परार्थानुमानके अङ्गोंका कथन स्वार्थानुमानकी तरह जानना चाहिए। अर्थात्—उसके भी धर्मी, साध्य और साधनके भेदसे तीन अथवा पक्ष और हेतुके भेदसे दो अङ्ग हैं। और परार्थानुमानमें कारणीभूत वाक्यके दो अवयव हैं—१ प्रतिज्ञा और
10 २ हेतु। धर्म और धर्मीके समुदायरूप पक्षके कहनेको प्रतिज्ञा कहते हैं। जैसे—'यह पर्वत अग्निवाला है।' साध्यके अविनाभावी साधनके बोलनेको हेतु कहते हैं। जैसे—'धूमवाला अन्यथा नहीं हो सकता' अथवा 'अग्निके होनेसे ही धूमवाला है।' इन दोनों हेतुप्रयोगोंमें केवल कथनका भेद है। पहले हेतु प्रयोगमें तो
15 'धूम अग्निके बिना नहीं हो सकता' इस तरह निषेधरूपसे कथन किया है और दूसरे हेतु-प्रयोगमें 'अग्निके होनेपर ही धूम होता है' इस तरह सद्भावरूपसे प्रतिपादन किया है। अर्थमें भेद नहीं है। दोनों ही जगह अविनाभावी साधनका कथन समान है। इसलिये उन दोनों हेतुप्रयोगोंमेंसे किसी एकको ही बोलना चाहिए।
20 दोनोंके प्रयोग करनेमें पुनरुक्ति आती है। इस प्रकार पूर्वोक्त प्रतिज्ञा और इन दोनों हेतु प्रयोगोंमेंसे कोई एक हेतु-प्रयोग ये दो ही परार्थानुमानवाक्यके अवयव हैं—अङ्ग हैं, क्योंकि व्युत्पन्न (समझदार) श्रोताको प्रतिज्ञा और हेतु इन दो से ही अनुमिति—अनुमानज्ञान हो जाता है।

25 नैयायिकाभिमत पाँच अवयवोंका निराकरण—

नैयायिक परार्थानुमान वाक्यके उपर्युक्त प्रतिज्ञा और हेतु

इन दो अवयवोंके साथ उदाहरण, उपनय तथा निगमन इस तरह पाँच अवयव कहते हैं। जैसा कि वे सूत्र द्वारा प्रकट करते हैं —

"प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनान्यवयवाः" [न्यायसू० १।१।३२]

अर्थात्—प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन ये पाँच अवयव हैं। उनके व लक्षणपूर्वक उदाहरण भी देते हैं—पक्षके 5 प्रयोग करनेको प्रतिज्ञा कहते हैं। जैसे—यह पर्वत अग्निवाला है। साधनता (साधनपना) बतलानेके लिये पञ्चमी विभक्तिरूपसे लिङ्गके कहनेको हेतु कहते हैं। जैसे—क्योंकि धूमवाला है। व्याप्तिको दिखलाते हुये दृष्टान्तके कहनेको उदाहरण कहते हैं। जैसे—जो जो धूमवाला है वह वह अग्निवाला है। जैसे—रसोईका घर। 10 यह साधर्म्य उदाहरण है। जो जो अग्निवाला नहीं होता वह वह धूमवाला नहीं होता। जैसे—तालाब। यह वैधर्म्य उदाहरण है। उदाहरणके पहले भेदमें हेतुकी अन्वयव्याप्ति (साध्यकी मौजूदगी में साधनकी मौजूदगी) दिखाई जाती है और दूसरे भेदमें व्यतिरेकव्याप्ति (साध्यकी गैरमौजूदगीमें साधनकी गैर- 15 मौजूदगी) बतलाई जाती है। जहाँ अन्वयव्याप्ति प्रदर्शित की जाती है उसे अन्वयदृष्टान्त कहते हैं और जहाँ व्यतिरेकव्याप्ति दिखाई जाती है उसे व्यतिरेकदृष्टान्त कहते हैं। इस प्रकार दृष्टान्त के दो भेद होनेसे दृष्टान्तके कहनेरूप उदाहरणके भी दो भेद जानना चाहिये। इन दोनों उदाहरणोंमेंसे किसी एकका ही प्रयोग 20 करना पर्याप्त (काफी) है, अन्य दूसरेका प्रयोग करना अनावश्यक है। दृष्टान्तकी अपेक्षा लेकर पक्षमें हेतुके दोहरानेको उपनय कहते हैं। जैसे—इसीलिये यह पर्वत धूमवाला है। हेतुपुरस्सर पक्षके कहनेको निगमन कहते हैं। जैसे—धूमवाला होनेसे यह अग्निवाला है। ये पाँचों अवयव प[illegible] के हैं।

के लिये प्रकरण आदिके द्वारा जाना गया भी पक्ष बोलना चाहिये।" इस प्रकार वादकी अपेक्षासे परार्थानुमानके प्रतिज्ञा और हेतुरूप दो ही अवयव हैं, न कम हैं और न अधिक, यह सिद्ध हुआ। इस तरह अवयवोंका यह संक्षेपमें विचार किया, 5 विस्तारसे पत्रपरीक्षासे जानना चाहिये।

वीतरागकथामें अधिक अवयवोंके बोले जानेके औचित्यका समर्थन—

वीतरागकथामें तो शिष्योंके आशयानुसार प्रतिज्ञा और हेतु ये दो भी अवयव हैं। प्रतिज्ञा, हेतु और उदाहरण ये तीन भी हैं। 10 प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण और उपनय ये चार भी हैं तथा प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन ये पाँच भी हैं। इस तरह यथायोग रूपसे प्रयोगोंकी यह व्यवस्था है। इसी बातको श्रीकुमारनन्दि भट्टारकने कहा है कि—"प्रयोगोंके बोलनेकी व्यवस्था प्रतिपाद्योंके अभिप्रायानुसार करनी चाहिये—जो जितने अवयवोंसे 15 समझ सके उसे उतने अवयवोंका प्रयोग करना चाहिये।"

इस प्रकार प्रतिज्ञा आदिरूप परोपदेशसे उत्पन्न हुआ ज्ञान परार्थानुमान कहलाता है। कहा भी है —"जो दूसरेके प्रतिज्ञादिरूप उपदेशकी अपेक्षा लेकर श्रोताको साधनसे साध्यका ज्ञान होता है वह परार्थानुमान माना गया है।"

20 इस तरह अनुमानके स्वार्थ और परार्थ ये दो भेद हैं और ये दोनों ही अनुमान साध्यके साथ जिसका अविनाभाव निश्चित है ऐसे हेतुसे उत्पन्न होते हैं।

बौद्धोंके त्रैरूप्य हेतुका निराकरण—

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचनसे यह प्रसिद्ध हो जाता है कि 25 अन्यथानुपपत्ति विशिष्ट हेतु अनुमितिमें कारण है। तथापि इस-

का विचार न करके दूसरे (बौद्धादिक) अन्य प्रकार भी हेतुका लक्षण कहते हैं। उनमें बौद्ध पक्षधर्मत्व आदिक तीन लक्षण-वाले हेतुसे अनुमानकी उत्पत्ति वर्णित करते हैं। वह इस प्रकारसे है—पक्ष-धर्मत्व, सपक्ष-सत्त्व और विपक्ष-व्यावृत्ति ये तीन हेतुके रूप (लक्षण) हैं। उनमे साध्यधर्मसे विशिष्ट धर्मीको पक्ष 5 कहते हैं। जैसे अग्निके अनुमान करनेमे पर्वत पक्ष होता है। उस पक्षमे व्याप्त होकर हेतुका रहना पक्षधर्मत्व है। अर्थात्—हेतुका पहला रूप यह है कि उसे पक्षम रहना चाहिये। साध्यके समान धर्मवाले धर्मीको सपक्ष कहते हैं। जैसे अग्निके अनुमान करनेमे ही महानस (रसोईका घर) सपक्ष होता है। उस सपक्ष- 10 में सब जगह अथवा एक जगह हेतुका रहना सपक्ष-सत्व है। यह हेतुका दूसरा रूप है। साध्यसे विरोधी धर्मवाले धर्मीको विपक्ष कहते हैं। जैसे अग्निके अनुमान करनेमे ही तालाव विपक्ष है। उन सभी विपक्षोंसे हेतुका व्यावृत्त होना अर्थात् उनमें नहीं रहना विपक्ष-व्यावृत्ति है। यह हेतुका तीसरा रूप है। ये तीनों रूप 15 मिलकर हेतुका लक्षण हैं। यदि इनमेंसे कोई एक भी न हो तो वह हेत्वाभास है—असम्यग् हेतु है।

उनका यह वर्णन सङ्गत नहीं है, क्योंकि पक्ष-धर्मत्वके विना भी कृत्तिकोदयादिक हेतु शकटोदयादि साध्यके ज्ञापक देखे जाते हैं। वह इस प्रकारसे—'शकट नक्षत्रका एक मुहूर्तके बाद उदय 20 होगा, क्योंकि इस समय कृत्तिका नक्षत्रका उदय हो रहा है।' इस अनुमानमे 'शकट नक्षत्र' धर्मी (पक्ष) है, 'एक मुहूर्तके बाद उदय' साध्य है और 'कृत्तिका नक्षत्रका उदय' हेतु है। किन्तु 'कृत्तिका नक्षत्रका उदय' रूप हेतु पक्षभूत 'शकट नक्षत्रमे नहीं रहता, इस लिये यह पक्षधर्म नहीं है। अर्थात्—'कृत्तिका नक्षत्रका उदय' रूप

हेतु पक्षधर्मत्वसे रहित है। फिर भी वह अन्यथानुपपत्तिके होनेसे (कृत्तिकाके उदय हो जानेपर ही शकटका उदय होता है और कृत्तिकाके उदय न होनेपर शकटका उदय नहीं होता है) शकटके उदयरूप साध्यका ज्ञान कराता ही है। अत बौद्धोंके द्वारा माना
5 गया हेतुका त्रैरूप्य लक्षण अव्याप्ति दोष सहित है।

नैयायिकसम्मत पाँचरूप्य हेतुका कथन और उसका निराकरण—

नैयायिक पाँचरूपताको हेतुका लक्षण कहते हैं। वह इस तरह से है—पक्षधर्मत्व, सपक्षसत्व, विपक्षव्यावृत्ति, अबाधितविष-
10 यत्व और असत्प्रतिपक्षत्व ये पाँच रूप हैं। उनमें प्रथमके तीन रूपोंके लक्षण कहे जा चुके हैं। शेष दोके लक्षण यहाँ कहे जाते हैं। साध्यके अभावको निश्चय करानेवाले बलिष्ठ प्रमाणोंका न होना अबाधितविषयत्व है और साध्यके अभावको निश्चय करानेवाले समान बलके प्रमाणोंका न होना असत्प्रतिपक्षत्व है। इन
15 सबको उदाहरणद्वारा इस प्रकार समझिये —यह पर्वत अग्निवाला है, क्योंकि धूमवाला है जो जो धूमवाला होता है वह वह अग्निवाला होता है, जैसे—रसोईघर, जो जो अग्निवाला नहीं होता वह वह धूमवाला नहीं होता, जैसे तालाब, चूँकि यह धूमवाला है, इसलिये अग्निवाला जरूर ही है। इस पाँच अवयवरूप अनुमान-
20 प्रयोगमें अग्निरूप साध्यधर्मसे युक्त पर्वतरूप धर्मी पक्ष है, 'धूम' हेतु है, उसके पक्षधर्मता है, क्योंकि वह पक्षभूत पर्वतमें रहता है। सपक्षसत्व भी है क्योंकि सपक्षभूत रसोईघरमें रहता है।

शङ्का—किन्हीं सपक्षोंमें धूम नहीं रहता है, क्योंकि अङ्गाररूप अग्निवाले स्थानोंमें धुआँ नहीं होता। अत सपक्षसत्व
25 हेतुका रूप नहीं है।

समाधान—नहीं, सपक्षके एक देशमें रहनेवाला भी हेतु है। क्योंकि पहले कह आये हैं कि 'सपक्षमें सब जगह अथवा एक जगह हेतुका रहना सपक्षसत्व है।' इसलिये अङ्गाररूप अग्नि वाले स्थानोंमें धूमके न रहनेपर भी रसोई घर आदि सपक्षोंमें रहनेसे उसके सपक्षसत्व रहता ही है। विपक्ष व्यावृत्ति भी उसके है, क्योंकि धूम तालाब आदि सभी विपक्षोंसे व्यावृत्त है—वह उनमें नहीं रहता है। अबाधितविषयत्व भी है, क्योंकि धूमहेतुका जो अग्निरूप साध्य विषय है वह प्रत्यक्षादिक प्रमाणोंसे बाधित नहीं है। असत्प्रतिपक्षत्व भी है, क्योंकि अग्निके अभावका साधक तुल्य बलवाला कोई प्रमाण नहीं है। इस प्रकार पाँचों रूपोंका सद्भाव ही धूमहेतुके अपने साध्यकी सिद्धि करनेमें प्रयोजक (कारण) है। इसी तरह सभी सम्यक् हेतुओंमें पाँचों रूपोंका सद्भाव समझना चाहिये।

इनमेंसे किसी एक रूपके न होनेसे ही असिद्ध, विरुद्ध अनैकान्तिक, कालात्ययापदिष्ट और प्रकरणसम नामके पाँच हेत्वाभास आपन्न होते हैं। इसका खुलासा इस प्रकार है—

१ पक्षमें जिसका रहना अनिश्चित हो वह असिद्ध हेत्वाभास है। जैसे—'शब्द अनित्य (नाशवान्) है, क्योंकि चक्षु इन्द्रियसे जाना जाता है।' यहाँ 'चक्षु इन्द्रियसे जाना जाना' हेतु पक्षभूत शब्दमें नहीं रहता है। कारण, शब्द श्रोत्रेन्द्रियसे जाना जाता है। इसलिये पक्षधर्मत्वके न होनेसे 'चक्षु इन्द्रियसे जाना जाना' हेतु असिद्ध हेत्वाभास है।

२ साध्यसे विपरीत—साध्याभावके साथ जिस हेतुकी व्याप्ति हो वह विरुद्ध हेत्वाभास है। जैसे—'शब्द नित्य है, क्योंकि वह कृतक है—किया जाता है' यहाँ 'किया जाना' रूप हेतु अपने

साध्यभूत नित्यत्वसे विपरीत अनित्यत्वके साथ रहता है और सपक्ष आकाशादिकमें नहीं रहता। अतः विरुद्ध हेत्वाभास है।

३ जो हेतु व्यभिचार सहित (व्यभिचारी) हो—साध्यके अभावमें भी रहता हो वह अनैकान्तिक हेत्वाभास है। जैसे—
5 'शब्द अनित्य है, क्योंकि वह प्रमेय है' यहाँ 'प्रमेयत्व'—प्रमेयपना हेतु अपने साध्य—अनित्यत्वका व्यभिचारी है। कारण, आकाशादिक विपक्षमें नित्यत्वके साथ भी वह रहता है। अतः विपक्षसे व्यावृत्ति न होनेसे अनैकान्तिक हेत्वाभास है।

४ जिस हेतुका विषय—साध्य प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे बाधित
10 हो वह कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास है। जैसे—'अग्नि ठण्डी है क्योंकि वह पदार्थ है' यहाँ 'पदार्थत्व' हेतु अपने विषय 'ठण्डापन' में, जो कि अग्निकी गर्मीको ग्रहण करनेवाले प्रत्यक्षसे बाधित है, प्रवृत्त है। अतः अबाधितविषयता न होनेके कारण 'पदार्थत्व' हेतु कालात्ययापदिष्ट है।

15 ५ विरोधी साधन जिसका मौजूद हो वह हेतु प्रकरणसम अथवा सत्प्रतिपक्ष हेत्वाभास है। जैसे—'शब्द अनित्य है, क्योंकि वह नित्यधर्मरहित है' 'यहाँ नित्यधर्मरहितत्व' हेतुका प्रतिपक्षी साधन मौजूद है। वह प्रतिपक्षी साधन कौन है? 'शब्द नित्य है, क्योंकि वह अनित्यके धर्मोंसे रहित है' इस प्रकार नित्यताका
20 साधन करना उसका प्रतिपक्षी साधन है। अतः असत्प्रतिपक्षताके न होनेसे 'नित्यधर्मरहितत्व' हेतु प्रकरणसम हेत्वाभास है।

इस कारण पाँचरूपता हेतुका लक्षण है। उनमेंसे किसी एक के भी न होनेपर हेतुको हेत्वाभास होनेका प्रसङ्ग आयेगा, यह ठीक ही कहा गया है। क्योंकि 'जो हेतुके लक्षणसे रहित हों और हेतुके समान प्रतीत होते हों वे हेत्वाभास हैं। पाँच रूपोंमेंसे

किसी एकके न होनेसे हेतुलक्षणसे रहित है और कुछ रूपोंके होनेसे हेतुके समान प्रतीत होते हैं' ऐसा वचन है।

नैयायिकोंके द्वारा माना गया हेतुका यह पाँच रूपता लक्षण भी युक्तिसङ्गत नहीं है, क्योंकि पक्षधर्मसे शून्य भी कृत्तिकाका उदय शकटके उदयरूप साध्यका हेतु देखा जाता है। अत पाँच 5 रूपता अव्याप्ति दोषसे सहित है।

दूसरी बात यह है, कि नैयायिकोंने ही केवलान्वयी और केवलव्यतिरेकी इन दोनों हेतुओंको पाँचरूपताके विना भी गमक (ज्ञापक) स्वीकार किया है। वह इस प्रकारसे है —उन्होंने हेतुके तीन भेद माने हैं—१ अन्वयव्यतिरेकी, २ केवलान्वयी और 10 ३ केवलव्यतिरेकी।

१ उनमे जो पाँच रूपोंसे सहित है वह अन्वयव्यतिरेकी है। जैसे—'शब्द अनित्य है, क्योंकि कृतक है—किया जाता है, जो जो किया जाता है वह वह अनित्य है, जैसे घडा, जो जो अनित्य नहीं होता वह वह किया नहीं जाता, जैसे—आकाश, और किया 15 जाता है यह शब्द, इसलिये अनित्य ही है।' यहाँ शब्दको पक्ष करके उसमें अनित्यता सिद्ध की जा रही है। अनित्यताके सिद्ध करनेमें 'किया जाना' हेतु है। वह पक्षभूत शब्दका धर्म है। अत उसके पक्षधर्मत्व है। सपक्ष घटादिकोंमे रहने और विपक्ष आकाशादिकमें न रहनेसे सपक्षसत्व और विपक्षव्यावृत्ति 20 भी है। हेतुका विषय साध्य (अनित्यत्व) किसी प्रमाणसे बाधित न होनेसे अबाधितविषयत्व और प्रतिपक्षी साधन न होनेसे असत्प्रतिपक्षत्व भी विद्यमान है। इस तरह 'किया जाना' हेतु पाँचों रूपोंसे विशिष्ट होनेके कारण अन्वयव्यतिरेकी है।

२ जो पक्ष और सपक्षमे रहता है तथा विपक्षसे रहित है वह 25

केवलान्वयी है। जैसे—'अदृष्ट (पुण्य पाप) आदिक किसीके प्रत्यक्ष हैं, क्योंकि वे अनुमानसे जाने जाते हैं। जो जो अनुमानसे जाने जाते हैं वह वह किसीके प्रत्यक्ष हैं, जैसे—अग्नि आदि।' यहाँ 'अदृष्ट आदिक' पक्ष है, 'किसीके प्रत्यक्ष' साध्य है, 'अनु-
5 मानसे जाने जाना' हेतु है, 'अग्नि आदि' अन्वयदृष्टान्त है। 'अनुमानसे जाने जाना' हेतु पक्ष बनाये गये 'अदृष्ट आदिक' में रहता है और सपक्ष किये 'अग्नि आदि' में रहता है। अतः पक्षधर्मत्व और सपक्षसत्व है। तथा विपक्ष यहाँ कोई है नहीं, क्योंकि सभी पदार्थ पक्ष और सपक्षके भीतर आ लिये हैं। इस कारण विपक्ष
10 व्यावृत्ति है ही नहीं। कारण, व्यावृत्ति अवधि (सीमा) को लेकर होती है और व्यावृत्तिकी अवधि विपक्ष है, वह यहाँ है नहीं। बाकी कथन अन्वयव्यतिरेकी की तरह समझना चाहिये।

३ जो पक्षमें रहता है, विपक्षमें नहीं रहता और सपक्षसे रहित है वह हेतु केवलव्यतिरेकी है। जैसे—'जिन्दा शरीर जीव
15 सहित होना चाहिये, क्योंकि वह प्राणादिवाला है। जो जो जीव सहित नहीं होता वह वह प्राणादिवाला नहीं होता, जैसे—लोष्ट (मिट्टीका ढेला)। यहाँ 'जिन्दाशरीर' पक्ष है, 'जीवसहितत्व' साध्य है, 'प्राणादि' हेतु है और 'लोष्टादिक' व्यतिरेकदृष्टान्त है। 'प्राणादि' हेतु पक्षभूत 'जिन्दाशरीर' में रहता है और विपक्ष
20 लोष्टादिकसे व्यावृत्त है—वहाँ वह नहीं रहता है। तथा सपक्ष यहाँ है नहीं, क्योंकि सभी पदार्थ पक्ष और विपक्षके अन्तर्गत हो गये। बाकी कथन पहलेकी तरह जानना चाहिये।

इस तरह इन तीनों हेतुओंमें अन्वयव्यतिरेकी हेतुके ही पाँच रूपता है। केवलान्वयी हेतुके विपक्षव्यावृत्ति नहीं है और
25 केवलव्यतिरेकीके सपक्षसत्व नहीं है। अतः नैयायिकोंके मतानु-

सार ही पाँचरूप्य हेतुका लक्षण अव्याप्त है। पर अन्यथानुपपत्ति सभी (केवलान्वयी आदि) हेतुओंमें व्याप्त है—रहती है। इसलिये उसे ही हेतुका लक्षण मानना ठीक है। कारण, उसके बिना हेतु अपने साध्यका गमक (ज्ञापक) नहीं हो सकता है।

जो यह कहा गया था कि 'असिद्ध आदिक पाँच हेत्वाभासों- 5 के निवारण करनेके लिये पाच रूप हैं, वह ठीक नहीं है; क्योंकि अन्यथानुपपत्ति विशिष्टरूपसे निश्चितपना ही, जो हमने हेतु-लक्षण माना है, उन असिद्धादिक हेत्वाभासोंका निराकरण करनेवाला सिद्ध होता है। तात्पर्य यह कि केवल एक अन्यथानुपपत्ति-को ही हेतुका लक्षण माननेसे असिद्धादिक सभी दोषोंका वारण 10 हो जाता है। वह इस प्रकार से है —

जो साध्यका अविनाभावी है—साध्यके होनेपर ही होता है और साध्यके विना नहीं होता तथा निश्चयपथको प्राप्त है अर्थात् जिसका ज्ञान हो चुका है वह हेतु है, क्योंकि "जिसका साध्यके साथ अविनाभाव निश्चित है वह हेतु है" ऐसा वचन 15 है और यह अविनाभाव असिद्धके नहीं है। शब्दकी अनित्यता सिद्ध करनेके लिये जो 'चक्षु इन्द्रियका विषय' हेतु बोला जाता है वह शब्दका स्वरूप ही नहीं है। अर्थात् शब्दमें चक्षुइन्द्रियकी विषयता ही नहीं है तब उसमें अन्यथानुपपत्ति विशिष्टरूपसे निश्चय पथप्राप्ति अथात्—अविनाभावका निश्चय कैसे हो सकता है? 20 अर्थात्—नहीं हो सकता है। अत साध्यके साथ अविनाभावका निश्चय न होनेसे ही 'चक्षु इन्द्रियका विषय' हेतु असिद्ध हेत्वाभास है, न कि पक्षधर्मताके अभाव होनेसे। कारण, पक्षधर्मताके विना भी कृत्तिकोदयादि हेतुओंको उक्त अन्यथानुपपत्तिरूप हेतुलक्षणके रहनसे ही सद्धेतु—सम्यक् हेतु कहा गया है।

विरुद्धादिक हेत्वाभासोंमें अन्यथानुपपत्तिका अभाव प्रकट ही है। क्योंकि स्पष्ट ही विरुद्ध, व्यभिचारी, बाधितविषय और सत्प्रतिपक्षके अविनाभावका निश्चय नहीं है। इसलिये जिस हेतुके अन्यथानुपपन्नत्वका योग्य देशमें निश्चय है वही सम्यक् हेतु है 5 उससे भिन्न हेत्वाभास है, यह सिद्ध हो गया।

दूसरे, 'गर्भमें स्थित मैत्रीका पुत्र श्याम (काला) होना चाहिये, क्योंकि वह मैत्रीका पुत्र है, अन्य मौजूद मैत्रीके पुत्रोंकी तरह।' यहाँ हेत्वाभासके स्थानमें भी बौद्धोंके त्रैरूप्य और नैयायिकोंके पाञ्चरूप्य हेतुलक्षणकी अतिव्याप्ति है, इसलिये त्रैरूप्य 10 और पाञ्चरूप्य हेतुका लक्षण नहीं है। इसका स्पष्टीकरण निम्न प्रकार है —

मैत्रीके मौजूद पाँच पुत्रोंमें कालेपनको देखकर मैत्रीके गर्भस्थ पुत्रको भी जो कि विवादग्रस्त है, पक्ष करके उसमें कालेपनको सिद्ध करनेके लिये जो 'मैत्रीका पुत्रपना' हेतु प्रयुक्त किया जाता 15 है वह हेत्वाभास है—सम्यक् हेतु नहीं है, यह प्रसिद्ध ही है। क्योंकि उसमें गोरेपनकी भी सम्भावना की जा सकती है। और वह सम्भावना 'कालेपन'के साथ 'मैत्रीका पुत्रपना'की अन्यथानुपपत्ति (अविनाभाव) न होनेसे होती है। और अन्यथानुपपत्तिका अभाव इसलिये है कि कालेपनके साथ मैत्रीके पुत्रपनेका 20 न तो सहभाव नियम है और न क्रमभाव नियम।

जिस धर्मका जिस धर्मके साथ सहभाव नियम—एक साथ होनेका स्वभाव होता है वह उसका ज्ञापक होता है। अर्थात्—वह उसे जनाता है। जैसे शिंशपात्वका वृक्षत्वके साथ सहभाव नियम है, इसलिये शिंशपात्व हेतु वृक्षत्वको जनाता है। और जिसका 25 जिसके साथ क्रमभाव नियम—क्रमसे होनेका स्वभाव होता है

वह उसका ज्ञान कराता है। जैसे—धुएँका अग्निके बाद होनेका नियम है, इसलिये धुआँ अग्निका ज्ञान कराता है। प्रकृतमें 'मैत्रीके पुत्रपने' हेतुका 'कालेपन' साध्यके साथ न तो सहभाव नियम है और न क्रमभाव नियम है जिससे कि 'मैत्रीका पुत्रपना' हेतु 'कालेपन' साध्यका ज्ञान कराये। 5

यद्यपि विद्यमान मैत्रीके पुत्रोंमें 'कालेपन' और 'मैत्रीका पुत्रपन'का सहभाव है—दोनों एक साथ उपलब्ध होते हैं, पर यह सहभाव नियत नहीं है—नियमरूपसे नहीं है, क्योंकि कोई यदि यह कहे कि गर्भस्थ पुत्रमें 'मैत्रीका पुत्रपन' तो हो, किन्तु 'कालापन' न हो, तो इस प्रकारके विपक्ष (व्यभिचारशङ्का)में 10 कोई बाधक नहीं है—उक्त व्यभिचारकी शङ्काको दूर करनेवाला अनुकूल तर्क नहीं है। अर्थात्—यहाँ ऐसा तर्क नहीं है कि 'यदि कालापन न हो तो मैत्रीका पुत्रपन' भी नहीं हो सकता है' क्योंकि मैत्रीपुत्रमें 'मैत्रीके पुत्रपन'के रहनेपर भी 'कालापन' सन्दिग्ध है। और विपक्षमें बाधकप्रमाणों—व्यभिचारशङ्कानिवर्त्तक अनुकूल 15 तर्कोंके बलसे ही हेतु और साध्यमें व्याप्तिका निश्चय होता है। तथा व्याप्तिके निश्चयसे सहभाव अथवा क्रमभावका निर्णय होता है। क्योंकि "सहभाव और क्रमभाव नियमको अविनाभाव कहते हैं" ऐसा वचन है। विवादमें पड़ा हुआ पदार्थ वृक्ष होना चाहिये, क्योंकि वह शिंशपा (शीशम)है जो जो शिंशपा होती है वह वह वृक्ष 20 होता है। जैसे—ज्ञात शिशपावृक्ष। यहाँ यदि कोई ऐसी व्यभिचार-शङ्का करे कि हेतु (शिशपा) रहे साध्य (वृक्षत्व) न रहे तो सामान्य-विशेषभावके नाशका प्रसङ्गरूप बाधक मौजूद है। अर्थात् उस व्यभिचारशङ्काको दूर करनेवाला अनुकूल तर्क विद्यमान है। यदि वृक्षत्व न हो तो शिंशपा नहीं हो सकती, 25

साधक। इनमेंसे पहले विधिसाधकके अनेक भेद हैं—(१) कोई
कार्यरूप है, जैसे—'यह पर्वत अग्निवाला है, क्योंकि धूमवाला
अन्यथा नहीं हो सकता' यहाँ 'धूम' कार्यरूप हेतु है। कारण,
धूम अग्निका कार्य है और वह उसके बिना न होता हुआ अग्नि
5 का ज्ञान कराता है। (२) कोई कारणरूप है, जैसे—'वर्षा
होगी, क्योंकि विशेष बादल अन्यथा नहीं हो सकते' यहाँ 'विशेष
बादल' कारण हेतु है। क्योंकि विशेष बादल वर्षाके कारण हैं
और वे अपने कार्यभूत वर्षाका बोध कराते हैं।

शङ्का—कार्य तो कारणका ज्ञापक हो सकता है, क्योंकि
10 कारणके बिना कार्य नहीं होता। किन्तु कारण कार्यके अभावमें
भी सम्भव है, जैसे—धूमके बिना भी अग्नि देखी जाती है।
अत एव अग्नि धूमकी गमक नहीं होती। अतः कारणहेतुको
मानना ठीक नहीं है?

समाधान—नहीं, जिस कारणकी शक्ति प्रकट है—अप्रतिहत
15 है वह कारण कार्यका व्यभिचारी नहीं होता—नियमसे कार्यका
जनक होता है। अतः ऐसे कारणको कार्यका ज्ञापक हेतु मानने
में कोई विरोध नहीं है। (३) कोई विशेषरूप है, जैसे—'यह वृक्ष
है' क्योंकि शिंशपा अन्यथा नहीं हो सकती।' यहाँ 'शिंशपा' विशेष
रूप हेतु है। क्योंकि शिंशपा वृक्षविशेष है, वह अपने सामान्य-
20 भूत वृक्षका ज्ञापन कराती है। कारण, वृक्षविशेष वृक्षसामान्य-
के बिना नहीं हो सकता है। (४) कोई पूर्वचर है, जैसे—'एक
मुहूर्तके बाद शकटका उदय होगा, क्योंकि कृत्तिकाका उदय
अन्यथा नहीं हो सकता'। यहाँ 'कृत्तिकाका उदय' पूर्वचर हेतु है,
क्योंकि कृत्तिकाके उदयके बाद मुहूर्तके अन्तमें नियमसे शकट
25 का उदय होता है। और इसलिये कृत्तिकाका उदय पूर्वचर हेतु

होता हुआ शकटके उदयको जनाता है। (५) कोई उत्तरचर है, जैसे—एक मुहूर्तके पहले भरणिका उदय हो चुका, क्योंकि इस समय कृत्तिकाका उदय अन्यथा नहीं हो सकता' यहाँ 'कृत्तिकाका उदय उत्तरचर हेतु है। कारण, कृत्तिकाका उदय भरणिके उदयके बाद होता है और इसलिये वह उसका उत्तरचर होता हुआ 5 उसको जनाता है। (६) कोई सहचर है, जैसे—'मातुलिङ्ग (पपीता) रूपवान होना चाहिये क्योंकि रसवान अन्यथा नहीं हो सकता' यहाँ 'रस' सहचर हेतु है। कारण रस, नियमसे रूपका, सहचारी है—साथमें रहनेवाला है और इसलिये वह उसके अभावमें नहीं होता हुआ उसका ज्ञापन कराता है। 10

इन उदाहरणोंमें सद्भावरूप ही अग्न्यादिक साध्यको सिद्ध करनेवाले धूमादिक साधन सद्भावरूप ही हैं। इसलिये ये सब विधिसाधक विधिरूप हेतु हैं। इन्हींको अविरुद्धोपलब्धि कहते हैं। इस प्रकार विधिरूप हेतुके पहले विधिसाधकका उदाहरणों द्वारा निरूपण किया। 15

दूसरा भेद निषेधसाधक नामका है। विरुद्धोपलब्धि भी उसीका दूसरा नाम है। उसका उदाहरण इस प्रकार है —'इस जीवके मिथ्यात्व नहीं है, क्योंकि आस्तिक्य अन्यथा नहीं हो सकती'। यहाँ 'आस्तिक्यता' निषेधसाधक हेतु है, क्योंकि आस्तिकता सर्वज्ञवीतरागके द्वारा प्रतिपादित तत्त्वार्थोंका श्रद्धानरूप है। 20 वह श्रद्धान मिथ्यात्वयुक्त (मिथ्यादृष्टि) जीवके नहीं हो सकता, इसलिये वह विवक्षित जीवमें मिथ्यात्वके अभावको सिद्ध करता है। अथवा, इस हेतुका दूसरा उदाहरण यह है —'वस्तुमें सर्वथा एकान्त नहीं है, क्योंकि अनेकान्तात्मकता अन्यथा नहीं हो सकती' यहाँ 'अनेकान्तात्मकता' निषेधसाधक हेतु है। कारण… 25

यह है—'यह प्रदेश धूमवाला है क्योंकि यह अग्निवाला है।' यहाँ 'अग्नि' हेतु पक्षभूत सन्दिग्धधूमवाले सामनेके प्रदेशमें रहता है और सपक्ष धूमवाले रसोईघरमें रहता है तथा विपक्ष धूमरहित रूपसे निश्चित अङ्गारस्वरूप अग्निवाले प्रदेशमें भी
5 रहता है, ऐसा निश्चय है। अतः यह निश्चितविपक्षवृत्ति अनैकान्तिक है। दूसरे शङ्कितविपक्षवृत्तिका उदाहरण यह है—'गर्भस्थ मैत्रीका पुत्र श्याम होना चाहिये क्योंकि मैत्रीका पुत्र है, दूसरे मैत्रीके पुत्रोंकी तरह' यहाँ 'मैत्रीका पुत्रपना' हेतु पक्षभूत गर्भस्थ मैत्रीके पुत्रमें रहता है, सपक्ष दूसरे मैत्रीपुत्रोंमें रहता
10 है और विपक्ष अश्याम—गोरे पुत्रमें भी रहे इस शङ्काकी निवृत्ति न होनेसे अर्थात् विपक्षमें भी उसके रहनेकी शङ्का बनी रहनेसे वह शङ्कितविपक्षवृत्ति है। शङ्कितविपक्षवृत्तिका दूसरा भी उदाहरण है—'अरहन्त सर्वज्ञ नहीं होना चाहिये क्योंकि वे वक्ता हैं, जैसे रथ्यापुरुष' यहाँ 'वक्तापन' हेतु जिस प्रकार पक्षभूत अर-
15 हन्तमें और सपक्षभूत रथ्यापुरुषमें रहता है उसी प्रकार सर्वज्ञमें भी उसके रहनेकी सम्भावना की जाय, क्योंकि वक्तापन और ज्ञातापनका कोई विरोध नहीं है। जिसका जिसके साथ विरोध होता है वह उसवालेमें नहीं रहता है और वचन तथा ज्ञानका लोकमें विरोध नहीं है, बल्कि ज्ञानवाले (ज्ञानी)के ही वचनोंमें
20 चतुराई अथवा सुन्दरता स्पष्ट देखनेमें आती है। अतः विशिष्ट ज्ञानवान् सर्वज्ञमें विशिष्ट वक्तापनके होनेमें क्या आपत्ति है? इस तरह वक्तापनकी विपक्षभूत सर्वज्ञमें भी सम्भावना होनेसे वह शङ्कितविपक्षवृत्ति नामका अनैकान्तिक हेत्वाभास है।

(४) अकिञ्चित्कर—जो हेतु साध्यकी सिद्धि करनेमें अप्रयोजक—
25 असमर्थ है उसे अकिञ्चित्कर हेत्वाभास कहते हैं। उसके दो

भेद हैं—१ सिद्धसाधन और २ बाधितविषय। उनमें पहलेका उदाहरण यह है—'शब्द श्रोत्रेन्द्रियका विषय होना चाहिये, क्योंकि वह शब्द है' यहाँ श्रोत्रेन्द्रियकी विषयता' रूप साध्य शब्दमें श्रावण-प्रत्यक्षसे ही सिद्ध है। अतः उसको सिद्ध करनेके लिये प्रयुक्त किया गया 'शब्दपना' हेतु सिद्धसाधन नामका अकिञ्चित्कर 5 हेत्वाभास है। बाधितविषय नामका अकिञ्चित्कर हेत्वाभास अनेक प्रकारका है। कोई प्रत्यक्षबाधितविषय है। जैसे—'अग्नि अनुष्ण—ठंडी है क्योंकि वह द्रव्य है' यहाँ 'द्रव्यत्व' हेतु प्रत्यक्ष-बाधितविषय है कारण उसका जो ठंडापन विषय है वह उष्णता-ग्राहक स्पर्शनेन्द्रिय जन्य प्रत्यक्षसे बाधित है। अर्थात्—अग्निको 10 छूनेपर वह उष्ण प्रतीत होती है, ठंडी नहीं। अतः 'द्रव्यत्व' हेतु कुछ भी साध्य सिद्धि करनेमें समर्थ न होनेसे अकिञ्चित्कर है। कोई अनुमानबाधितविषय है। जैसे—'शब्द अपरिणामी है क्योंकि वह किया जाता है' यहाँ 'किया जाना' हेतु 'शब्द परिणामी है क्योंकि वह प्रमेय है' इस अनुमानसे बाधितविषय है। इस- 15 लिये वह अनुमानबाधित-विषय नामका अकिञ्चित्कर हेत्वा-भास है। कोई आगमबाधितविषय है। जैसे—धर्म परलोकमें दुःखका देनेवाला है क्योंकि वह पुरुषके आश्रयसे होता है, जैसे अधर्म' यहाँ 'धर्म सुखका देनेवाला है' ऐसा आगम है, इस आगमसे हेतु बाधितविषय है। कोई स्ववचनबाधितविषय है। 20 जैसे—मेरी माता वन्ध्या है, क्योंकि पुरुषका संयोग होनेपर भी गर्भ नहीं रहता है। जिसके पुरुषका संयोग होनेपर भी गर्भ नहीं रहता है वह वन्ध्या कही जाती है, जैसे—प्रसिद्ध वन्ध्या स्त्री। यहाँ हेतु अपने वचनसे बाधितविषय है क्योंकि स्वयं मौजूद है और माता भी मान रहा है और फिर यह कहता है कि मेरी 25 माता वन्ध्या है। अतः हेतु स्ववचनबाधितविषय नामका अकि-

ञ्चित्कर हेत्वाभास है। इसी प्रकार और भी अकिञ्चित्करके भेद स्वयं विचार लेना चाहिये। इस तरह हेतुके प्रसङ्गसे हेत्वाभासों-का निरूपण किया।

उदाहरणका निरूपण—

यद्यपि व्युत्पन्न ज्ञाताके लिये प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अवयव पर्याप्त हैं तथापि अव्युत्पन्नोंके ज्ञानके लिये उदाहरणादिकको भी आचार्योंने स्वीकृत किया है। यथार्थ दृष्टान्तके कहनेको उदाहरण कहते हैं। यह दृष्टान्त क्या है? जहाँ साध्य और साधनकी व्याप्ति दिखलाई (जानी) जाती है उसे दृष्टान्त कहते हैं। और साध्य—अग्नि आदिके होनेपर ही साधन-धूमादिक होते हैं तथा उनके नहीं होनेपर नहीं होते हैं इस प्रकारके साहचर्यरूप साध्य साधनके नियमको व्याप्ति कहते हैं। इस व्याप्तिको ही साध्यके बिना साधनके न होनेसे अविनाभाव कहते हैं। वादी और प्रति-वादीकी बुद्धिसाम्यताको व्याप्तिकी सम्प्रतिपत्ति कहते हैं और यह सम्प्रतिपत्ति (बुद्धिसाम्यता) जहाँ सम्भव है वह सम्प्रतिपत्ति-प्रदेश कहलाता है जैसे रसोईशाला आदि, अथवा तालाब आदि। क्योंकि वहीं 'धूमादिकके होनेपर नियमसे अग्न्यादिक पाये जाते हैं और अग्न्यादिकके अभावमें नियमसे धूमादिक नहीं पाये जाते' इस प्रकारकी सम्प्रतिपत्ति—बुद्धिसाम्यता सम्भव है। उनमें रसोईशाला आदि अन्वयदृष्टान्त हैं क्योंकि वहाँ साध्य और साधनके सद्भावरूप अन्वयबुद्धि होती है। और तालाब आदि व्यतिरेकदृष्टान्त हैं, क्योंकि वहाँ साध्य और साधनके अभावरूप व्यतिरेकका ज्ञान होता है। ये दोनों ही दृष्टान्त हैं, क्योंकि साध्य और साधनरूप अन्त—धर्म जहाँ देखे जाते हैं वह दृष्टान्त कहलाता है, ऐसा 'दृष्टान्त' शब्दका अर्थ उनमें पाया जाता है।

इस उपर्युक्त दृष्टान्तका जो सम्यक् वचन है—प्रयोग है वह उदाहरण है। केवल 'वचन' का नाम उदाहरण नहीं है, किन्तु दृष्टान्तरूपसे जो वचन-प्रयोग है वह उदाहरण है। जैसे—'जो जो धूम वाला होता है वह वह अग्निवाला होता है, जैसे—रसोई घर, और जहाँ अग्नि नहीं है वहाँ धूम भी नहीं है, जैसे—तालाब।' 5 इस प्रकारके वचनके साथ ही दृष्टान्तका दृष्टान्तरूपसे प्रतिपादन होता है।

उदाहरणके प्रसङ्गसे उदाहरणाभासका कथन—

जो उदाहरणके लक्षणसे रहित है किन्तु उदाहरण जैसा प्रतीत होता है वह उदाहरणाभास है। उदाहरणके लक्षणकी रहितता (अभाव) दो तरहसे होता है—१ दृष्टान्तका सम्यक् वचन न 10 होना और २ जो दृष्टान्त नहीं है उसका सम्यक् वचन होना। उनमें पहलेका उदाहरण इस प्रकार है—'जो जो अग्निवाला होता है वह वह धूमवाला होता है, जैसे—रसोईघर। जहाँ जहाँ धूम नहीं है वहाँ वहाँ अग्नि नहीं है जैसे—तालाब।' इस तरह व्याप्य 15 और व्यापकका विपरीत (उल्टा) कथन करना दृष्टान्तका असम्यग्वचन है।

शङ्का—व्याप्य और व्यापक किसे कहते हैं?

समाधान—साहचर्य नियमरूप व्याप्ति क्रियाका जो कर्म है उसे व्याप्य कहते हैं, क्योंकि 'वि' पूर्वक 'आप्' धातुसे 'कर्म' 20 अर्थमें 'ण्यत्' प्रत्यय करनेपर 'व्याप्य' शब्द निष्पन्न होता है। तात्पर्य यह कि 'जहाँ जहाँ धूम होता है वहाँ अग्नि होती है' इस प्रकारके साथ रहनेके नियमको व्याप्ति कहते हैं और इस व्याप्तिका जो कर्म है—विषय है वह व्याप्य कहलाता है। वह व्याप्य धूमादिक हैं, क्योंकि धूमादिक वह्न्यादिके द्वारा 25

व्याप्त (विषय) किये जाते हैं। तथा इसी व्याप्ति क्रियाका जो कर्ता है उसे व्यापक कहते हैं क्योंकि 'वि' पूर्वक 'आप्' धातुसे कर्ता अर्थमें 'ण्वुल' प्रत्यय करनेपर 'व्यापक' शब्द सिद्ध होता है। यह व्यापक अग्न्यादिक है। इसीलिये अग्नि धूमको व्याप्त करती
5 है, क्योंकि जहाँ जहाँ धूम होता है वहाँ वहाँ अग्नि नियमसे होती है' इस तरह धूमवाले सब स्थानोंमें नियमसे अग्नि पायी जाती है। किन्तु धूम अग्निका वैसा व्यापन नहीं करता, क्योंकि अंगारा रूप अग्नि धूमके बिना भी रहती है। कारण, जहाँ अग्नि है वहाँ नियमसे धूम भी है' ऐसा सम्भव नहीं है।

10 शङ्का—धूम गीले इन्धनवाली अग्निको व्याप्त करता ही है। अर्थात् वह उसका व्यापक होता है, तब आप कैसे कहते हैं कि धूम अग्निका व्यापक नहीं होता ?

समाधान—गीले ईन्धनवाली अग्निका धूमको व्यापक मानना हमें इष्ट है। क्योंकि जिस तरह 'जहाँ जहाँ अविच्छिन्नमूल धूम
15 होता है वहाँ वहाँ अग्नि होती है' यह सम्भव है उसी तरह जहाँ जहाँ गीले ईन्धनवाली अग्नि होती है वहाँ वहाँ धूम होता है' यह भी सम्भव है। किन्तु अग्निसामान्य धूम-विशेषका व्यापक ही है—व्याप्य नहीं, कारण कि 'पर्वत अग्निवाला है, क्योंकि यह धूम वाला है' इस अनुमानमें अग्नि-सामान्यकी ही अपेक्षा होती है
20 आर्द्रेन्धनवाली अग्नि या महानसीय, पर्वतीय, चत्वरीय और गोष्ठीय आदि विशेष अग्निकी नहीं। इसलिये धूम अग्निका व्यापक नहीं है, अपितु अग्नि ही धूमकी व्यापक है। अतः 'जो जो धूमवाला होता है वह अग्निवाला होता है, जैसे—रसोईका घर' इस प्रकार दृष्टान्तका सम्यक् वचन बोलना चाहिये। किन्तु इससे
25 विपरीत वचन बोलना दृष्टान्ताभास है। इस तरह यह अस

च्यकवचनरूप अन्वयदृष्टान्ताभास (अन्वय उदाहरणाभास) है। व्यतिरेकव्याप्तिमें तो व्यापक—अग्न्यादिकका अभाव व्याप्य होता है और व्याप्य—धूमादिकका अभाव व्यापक होता है। अतएव 'जहाँ जहाँ अग्निका अभाव है वहाँ वहाँ धूमका अभाव है, जैसे—तालाब' इस प्रकार दृष्टान्तका सम्यक् वचन बोलना चाहिये 5 इससे विपरीत कथन करना असम्यक् वचनरूप व्यतिरेक उदाहरणाभास है। 'अदृष्टान्तवचन' (जो दृष्टान्त नहीं है उसका सम्यक् वचन होना) नामका दूसरा उदाहरणाभास इस प्रकार है—अन्वयव्याप्तिमें व्यतिरेकदृष्टान्त कह देना और व्यतिरेकव्याप्तिमें अन्वयदृष्टान्त बोलना, उदाहरणाभास हैं, इन दोनोंके 10 उदाहरण स्पष्ट हैं।

शङ्का—'गर्भस्थ मैत्रीका पुत्र श्याम होना चाहिये, क्योंकि वह मैत्रीका पुत्र है जो जो मैत्रीका पुत्र है वह वह श्याम है, जैसे उसके दूसरे पुत्र' इत्यादि अनुमानप्रयोगमें अन्वयदृष्टान्तस्वरूप पाँच मैत्रीपुत्रोंमें 'जहाँ जहाँ मैत्रीका पुत्रपना है वहाँ वहाँ श्यामता है' 15 यह अन्वयव्याप्ति है और व्यतिरेक दृष्टान्तस्वरूप गौरवर्ण अमैत्रीपुत्रोंमें सब जगह 'जहाँ जहाँ श्यामता नहीं है वहाँ वहाँ मैत्रीका पुत्रपना नहीं है' यह व्यतिरेक व्याप्ति सम्भव है। अतः गर्भस्थ मैत्रीपुत्ररूप पक्षमें जहाँ कि साधन निश्चितरूपसे है, साध्यभूत श्यामताका सन्देह गौण है और इसलिये यह अनुमान 20 भी सम्यक् हो जावेगा—अर्थात् दृष्टान्तका उपर्युक्त लक्षण मानने पर मैत्रीतनयत्व हेतुक श्यामत्वसाध्यक प्रस्तुत अनुमान भी समीचीन अनुमान कहा जावेगा, कारण कि उसके अन्वयदृष्टान्त और व्यतिरेकदृष्टान्त दोनों ही सम्यक् दृष्टान्तवचनरूप हैं ?

समाधान—नहीं, प्रकृत दृष्टान्त अन्य विचारसे बाधित है। 25

यह इस प्रकारसे है—साध्यरूपसे माना गया यह श्यामतारूप कार्य अपनी निष्पत्तिके लिये कारणकी अपेक्षा करता है। यह कारण मैत्रीका पुत्रपना तो हो नहीं सकता, क्योंकि उसके बिना भी दूसरे पुरुषोंमें, जो मैत्रीके पुत्र नहीं हैं, श्यामता देखी जाती 5 है। अतः जिस प्रकार कुम्हार, चाक आदि कारणोंके बिना ही उत्पन्न होनेवाले वस्त्रके कुम्हार आदिक कारण नहीं हैं उसी प्रकार मैत्रीका पुत्रपना श्यामताका कारण नहीं है, यह निश्चित है। अतएव जहाँ जहाँ मैत्रीका पुत्रपना है वहाँ वहाँ श्यामता नहीं है, किन्तु जहाँ जहाँ श्यामताका कारण विशिष्ट नामकर्मसे 10 सहित शाकादि आहाररूप परिणाम है वहाँ वहाँ उसका कार्य श्यामता है। इस प्रकार सामग्रीरूप विशिष्ट नामकर्मसे सहित शाकादि आहार परिणाम श्यामताका व्याप्य है—कारण है। लेकिन उसका गर्भस्थ मैत्रीपुत्ररूप पक्षमें निश्चय नहीं है। अतः वह सन्दिग्धासिद्ध है और मैत्रीका पुत्रपना तो श्यामताके प्रति 15 कारण ही नहीं है इसलिये वह श्यामतारूप कार्यका गमक नहीं है। अतः उपर्युक्त अनुमान सम्यक् अनुमान नहीं है।

'जो उपाधि रहित सम्बन्ध है वह व्याप्ति है और जो साधन का अव्यापक तथा साध्यका व्यापक है वह उपाधि है' ऐसा किन्हीं (नैयायिकों)का कहना है। पर वह ठीक नहीं है, क्योंकि व्याप्ति-20 का उक्त लक्षण माननेपर अन्योन्याश्रय दोष आता है। तात्पर्य यह कि उपाधिका लक्षण व्याप्तिघटित है और व्याप्तिका लक्षण उपाधिघटित है। अतः व्याप्ति जब सिद्ध हो जावे तब उपाधि सिद्ध हो और जब उपाधि सिद्ध हो जावे तब व्याप्ति सिद्ध हो, इस तरह उपाधि रहित सम्बन्धको व्याप्तिका 25 लक्षण माननेमें अन्योन्याश्रय नामका दोष प्रसक्त होता है। इस

उपाधिका निराकरण कारुण्यकालिकामें विस्तारसे किया गया है। अतः विराम लेते हैं—उसका पुनः खण्डन यहाँ नहीं किया जाता है।

उपनय, निगमन और उपनयाभास तथा निगमनाभासके लक्षण—

साधनवान् रूपसे पक्षकी दृष्टान्तके साथ साम्यताका कथन 5
करना उपनय है। जैसे—इसीलिये यह धूमवाला है। साधनको दोहराते हुये साध्यके निश्चयरूप वचनको निगमन कहते हैं। जैसे—धूमवाला होनेसे यह अग्निवाला ही है। इन दोनोंका अयथाक्रमसे—उपनयकी जगह निगमन और निगमनकी जगह उपनयका—कथन करना उपनयाभास और निगमनाभास है। अनु- 10
मान प्रमाण समाप्त हुआ।

आगम प्रमाणका लक्षण—

आप्तके वचनोंसे होनेवाले अर्थज्ञानको आगम कहते हैं। यहाँ 'आगम' यह लक्ष्य है और शेष उसका लक्षण है। 'अर्थज्ञानको आगम कहते हैं' इतना ही यदि आगमका लक्षण कहा जाय 15
तो प्रत्यक्षादिकमें अतिव्याप्ति है, क्योंकि प्रत्यक्षादिक भी अर्थज्ञान हैं। इसलिये 'वचनोंसे होनेवाले' यह पद—विशेषण दिया है। 'वचनोंसे होनेवाले अर्थज्ञानको' आगमका लक्षण कहने में भी स्वेच्छा पूर्वक (जिस किसीके) कहे हुये भ्रमजनक वचनोंसे होनेवाले अथवा सोये हुये पुरुषके और पागल आदिके वाक्योंसे 20
होनेवाले 'नदीके किनारे फल हैं' इत्यादि ज्ञानोंमें अतिव्याप्ति है, इसलिये 'आप्त' यह विशेषण दिया है। 'आप्तके वचनोंसे होनेवाले ज्ञानको' आगमका लक्षण कहनेमें भी आप्तके वाक्योंको सुनकर जो श्रावण प्रत्यक्ष होता है उसमें लक्षणकी अतिव्याप्ति है, अतः 'अर्थ' यह पद दिया है। 'अर्थ' पद तात्पर्यमें रूढ है। 25

अर्थात्—प्रयोजनार्थक है क्योंकि 'अर्थ ही—तात्पर्य ही वचनोंमें
है' ऐसा आचार्यवचन है। मतलब यह कि यहाँ 'अर्थ' पदका
अर्थ तात्पर्य विवक्षित है, क्योंकि वचनोंमें तात्पर्य ही होता है।
इस तरह आप्तके वचनोंसे होनेवाले अर्थ (तात्पर्य) ज्ञानको जो
5 आगमका लक्षण कहा गया है वह पूर्ण निर्दोष है। जैसे—
'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः" [त० सू० १-१] 'सम्यग्द-
र्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनोंकी एकता (सह-
भाव) मोक्षका मार्ग है' इत्यादि वाक्यार्थज्ञान। सम्यग्दर्शनादिक
सम्पूर्ण कर्मोंके क्षयरूप मोक्षका मार्ग अर्थात् उपाय है—न कि
10 'मार्ग हैं'। अतएव भिन्न भिन्न लक्षणवाले सम्यग्दर्शनादि तीनों
मिलकर ही मोक्षका मार्ग हैं, एक एक नहीं, ऐसा अर्थ 'मार्ग'
इस एक वचनके प्रयोगसे तात्पर्यसे सिद्ध होता है। यही उक्त
वाक्यका अर्थ है। और इसी अर्थमें प्रमाणसे संशयादिककी
निवृत्तिरूप प्रमिति होती है।

15 आप्तका लक्षण—

आप्त किसे कहते हैं? जो प्रत्यक्षज्ञानसे समस्त पदार्थोंका
ज्ञाता (सर्वज्ञ) है और परमहितोपदेशी है वह आप्त है। 'समस्त
पदार्थोंका ज्ञाता' इत्यादि ही आप्तका लक्षण कहनेपर श्रुतकेव-
लियोंमें अतिव्याप्ति होती है, क्योंकि वे आगमसे समस्त पदार्थों
20 को जानते हैं इसलिये 'प्रत्यक्षज्ञानसे' यह विशेषण दिया है।
'प्रत्यक्षज्ञानसे समस्त पदार्थोंका ज्ञाता' इतना ही आप्तका लक्षण
करनेपर सिद्धोंमें अतिव्याप्ति है क्योंकि वे भी प्रत्यक्षज्ञानसे
ही सम्पूर्ण पदार्थोंके ज्ञाता हैं, अतः 'परमहितोपदेशी' यह
विशेषण कहा है। परम हित निःश्रेयस—मोक्ष है और उस मोक्षके
25 उपदेशमें ही अरहन्तकी मुख्यरूपसे प्रवृत्ति होती है, अन्य

विषयमें ता प्रश्नके अनुसार गौणरूपसे होती है। सिद्ध परमेष्ठी ऐसे नहीं हैं—वे निःश्रेयसका न तो मुख्यरूपसे उपदेश देते हैं और न गौणरूपसे। क्योंकि वे अनुपदेशक हैं। इसलिये 'परम हितापदेशी' विशेषण कहनेसे उनमें अतिव्याप्ति नहीं होती। आप्तके सद्भावमें, पहले ही (द्वितीय प्रकाशमें) प्रमाण 5 प्रस्तुत कर आये हैं। नैयायिक आदिके द्वारा माने गये 'आप्त' सर्वज्ञ न होनेसे आप्ताभास हैं—सच्चे आप्त नहीं हैं। अतः उनका व्यवच्छेद (निराकरण) 'प्रत्यक्षज्ञानसे सम्पूर्ण-पदार्थोंका ज्ञाता' इस विशेषणसे ही हो जाता है।

शङ्का—नैयायिकोंके द्वारा माना गया आप्त क्यों सर्वज्ञ 10 नहीं है?।

समाधान—नैयायिकोंने जो आप्त माना है वह अपने ज्ञानका ज्ञाता नहीं है, क्योंकि उनके यहाँ ज्ञानको अस्वसंवेदी—ज्ञानान्तरवेद्य माना गया है। दूसरी बात यह है, कि उसके एक ही ज्ञान है उसको जाननेवाला ज्ञानान्तर भी नहीं है। अन्यथा उनके 15 अभिमत आप्तमें दो ज्ञानोंके सद्भावका प्रसङ्ग आयेगा और दो ज्ञान एक साथ हो नहीं सकते, क्योंकि सजातीय दो गुण एक साथ नहीं रहते ऐसा नियम है। अतः जब वह विशेषणभूत अपने ज्ञानको ही नहीं जानता है तो उस ज्ञानविशिष्ट आत्माको (अपनेको) कि 'मैं सर्वज्ञ हूँ' ऐसा कैसे जान सकता है? इस 20 प्रकार जब वह अनात्मज्ञ है तब असर्वज्ञ ही है—सर्वज्ञ नहीं है। और सुगतादिक सच्चे आप्त नहीं हैं इसका विस्तृत निरूपण आप्तमीमांसाविवरण—अष्टशतीमें श्रीअकलङ्कदेवने तथा अष्टसहस्रीमें [illegible] किया है। अतः यहाँ और [illegible]

रूप है। इस प्रकारसे सामान्यके माननेमें उपर्युक्त कोई भी दूषण नहीं आता है। विशेष भी सामान्यकी ही तरह 'यह स्थूल घट है' 'यह छोटा है' इत्यादि व्यावृत्त प्रतीतिका विषयभूत घटादि-व्यक्तिस्वरूप ही है। इसी बातको भगवान् माणिक्यनन्दि भट्टा-
5 रकने भी कहा है कि—"वह अर्थ सामान्य और विशेषरूप है।"

परिणमनको पर्याय कहते हैं। उसके दो भेद हैं—१ अर्थ-पर्याय और २ व्यञ्जनपर्याय। उनमें भूत और भविष्यके उल्लेख रहित केवल वर्त्तमानकालीन वस्तुस्वरूपको अर्थपर्याय कहते हैं अर्थात् वस्तुओंमें प्रतिक्षण होनेवाली पर्यायोंको अर्थपर्याय कहते
10 हैं। आचार्योंने इसे ऋजुसूत्र नयका विषय माना है। इसीके एक देशको माननेवाले क्षणिकवादी बौद्ध हैं। व्यक्तिका नाम व्यञ्जन है और जो प्रवृत्ति निवृत्तिमें कारणभूत जलके ले आने आदि-रूप अर्थक्रियाकारिता है वह व्यक्ति है उस व्यक्तिसे युक्त पर्यायको व्यञ्जनपर्याय कहते हैं। अर्थात्—जो पदार्थोंमें प्रवृत्ति और
15 निवृत्ति जनक जलानयन आदि अर्थक्रिया करनेमें समर्थ पर्याय है उसे व्यञ्जनपर्याय कहते हैं। जैसे—मिट्टी आदिकी पिण्ड, स्थास कोश, कुशूल, घट और कपाल आदि पर्यायें हैं।

जो सम्पूर्ण द्रव्यमें व्याप्त होकर रहते हैं और समस्त पर्यायोंके साथ रहनेवाले हैं उन्हें गुण कहते हैं। और वे वस्तुत्व, रूप,
20 गन्ध और स्पर्शादि हैं। अर्थात् वे गुण दो प्रकारके हैं—१ सामान्यगुण और २ विशेषगुण। जो सभी द्रव्योंमें रहते हैं वे सामान्य गुण हैं और वे वस्तुत्व, प्रमेयत्व आदि हैं। तथा जो उसी एक द्रव्यमें रहते हैं वे विशेषगुण कहलाते हैं। जैसे—रूपरसादिक। मिट्टीके साथ सदैव रहनेवाले वस्तुत्व रूपादि तो पिण्डादि पर्यायोंके साथ भी
25 रहते हैं, किन्तु पिण्डादि स्थासादिकके साथ नहीं रहते हैं। इसी

लिये पर्यायोंका गुणोंसे भेद है। अर्थात्—पर्याय और गुणमें यही भेद है कि पर्यायें क्रमवर्ती होती हैं और गुण सहभावी होते हैं। तथा वे द्रव्य और पर्यायके साथ सदैव रहते हैं। यद्यपि सामान्य और विशेष भी पर्याय हैं और पर्यायोंके कथनसे उनका भी कथन हो जाता है—उनका पृथक् कथन करनेकी आवश्यकता 5 नहीं है तथापि सङ्केतज्ञानमें कारण होने और जुदा जुदा शब्द व्यवहार होनेसे इस आगम प्रस्तावमें (आगम प्रमाणके निरूपणमें) सामान्य और विशेषका पर्यायोंसे पृथक् निर्देश किया है। इस सामान्य और विशेषरूप गुण तथा पर्यायोंका आश्रय द्रव्य है। क्योंकि "जो गुण और पर्याय वाला है वह द्रव्य है" ऐसा 10 आचार्य महाराजका आदेश (उपदेश) है। यह द्रव्य भी 'सत्' अर्थात् सत् ही है, क्योंकि "जो सत् है वह द्रव्य है" ऐसा अकलङ्कदेवका वचन है। वह द्रव्य भी संक्षेपमें दो प्रकारका है—जीव द्रव्य और अजीव द्रव्य। और ये दोनों ही द्रव्य उत्पत्ति, विनाश तथा स्थितिवान् हैं, क्योंकि "जो उत्पाद, व्यय और 15 ध्रौव्यसे सहित है वह सत् है" ऐसा निरूपण किया गया है। इसका खुलासा इस प्रकार है—जीव द्रव्यके स्वर्ग प्राप्त करानेवाले पुण्यकर्म (देवगति, देवायु आदि) के उदय होनेपर मनुष्य स्वभावका विनाश होता है, दिव्य स्वभावका उत्पाद होता है और चैतन्य स्वभाव स्थिर रहता है। जीव द्रव्य यदि मनुष्यादि पर्यायों 20 से सर्वथा एकरूप (अभिन्न) हो तो पुण्यकर्मके उदयका कोई फल नहीं हो सकता, क्योंकि वह सदैव एकसा ही बना रहेगा—मनुष्य स्वभावका विनाश और देव पर्यायका उत्पाद व भिन्न परिणमन उसमें नहीं हो सकता। और यदि सर्वथा भिन्न हो तो पुण्यवान—पुण्यकर्ता दूसरा होगा और फलवान—फलभोक्ता 25 दूसरा, इस तरह [illegible]

परोपकारमें भी जो प्रवृत्ति होती है वह अपने पुण्यके लिए ही होती है। इस कारण जीव द्रव्यकी अपेक्षासे अभेद है और मनुष्य तथा देव पर्यायकी अपेक्षासे भेद है, इस प्रकार भिन्न भिन्न नयों-की दृष्टिसे भेद और अभेदके माननेमें कोइ विरोध नहीं है, दोनों 5 प्रामाणिक हैं—प्रमाणयुक्त हैं।

इसी तरह मिट्टीरूप अजीवद्रव्यके भी मिट्टीके पिण्डाकारका विनाश, कम्बुग्रीवा आदि आकारकी उत्पत्ति और मिट्टीरूपकी स्थिति होती है। अतः यह सिद्ध हुआ कि अजीव द्रव्यमें भी उत्पत्ति विनाश और स्थिति ये तीनों होते हैं। स्वामी समन्तभद्र 10 के मतका अनुसरण करनेवाले वामनने भी कहा है कि समीचीन उपदेशसे पहलेके अज्ञान स्वभावको नाश करने और आगेके तत्त्वज्ञान स्वभावको प्राप्त करनेमें जो समर्थ आत्मा है वही शास्त्र का अधिकारी है। जैसा कि उसके इस वाक्यसे प्रकट है— "न शास्त्रमसद्द्रव्येष्वर्थवत्" अर्थात्—शास्त्र असद् द्रव्यमें (जो 15 जीव अज्ञानस्वभावको दूर करने और तत्त्वज्ञानस्वभावको प्राप्त करनेमें समर्थ नहीं है उसमें) प्रयोजनवान नहीं है—कार्यकारी नहीं है। इस प्रकार अनेकान्तस्वरूप वस्तु प्रमाणवाक्यका विषय है और इसलिये वह अर्थ सिद्ध होती है। अतः अब इस प्रकार अनुमान करना चाहिये कि समस्त पदार्थ अनेकान्तस्वरूप हैं, 20 क्योंकि वे सत् हैं जो अनेकान्तस्वरूप नहीं है वह सत् भी नहीं है, जैसे—आकाशका कमल।

शङ्का—यद्यपि कमल आकाशमें नहीं है तथापि तालाबमें है। अतः उससे (कमलसे) 'सत्त्व' हेतुकी व्यावृत्ति नहीं होसकती है?

समाधान—यदि ऐसा कहो तो वह कमल अधिकरण विशेष-25 की अपेक्षासे सद् और असद् दोनों रूप होनेसे अनेका तत्वरूप

सिद्ध हो गया और उसे अन्ययदृष्टान्त आपने ही स्वीकार कर लिया। इससे ही आपको सन्तोष कर लेना चाहिये। तात्पर्य यह कि इस कहनेसे भी वस्तु अनेकान्तात्मक प्रसिद्ध हो जाती है।

पहले जिस 'सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः' वाक्यका उदाहरण दिया गया है उस वाक्यके द्वारा भी 'सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनोंमें मोक्षकारणता ही है, संसार कारणता नहीं' इस प्रकार विषयविभागपूर्वक (अपेक्षाभेदसे) कारणता और अकारणताका प्रतिपादन करनेसे वस्तु अनेकान्तस्वरूप कही जाती है। यद्यपि उक्त वाक्यमें अवधारण करनेवाला कोई एवकार जैसा शब्द नहीं है तथापि "सर्वं वाक्यं सावधारणम्" अर्थात्—'सभी वाक्य अवधारणसहित होते हैं' इस न्यायसे उपर्युक्त वाक्यके द्वारा भी सम्यग्दर्शनादिमें मोक्षकारणताका विधान और संसारकारणताका निषेध स्पष्ट सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार प्रमाण—प्रत्यक्ष, अनुमान और आगमसे यह सिद्ध हुआ कि वस्तु अनेकान्तस्वरूप है।

नयका लक्षण, उसके भेद और सप्तभङ्गीका प्रतिपादन—

प्रमाणका विस्तारसे वर्णन करके अब नयोंका विश्लेषणपूर्वक कथन किया जाता है। नय किसे कहते हैं? प्रमाणसे जाने हुये पदार्थके एक देश (अंश) को ग्रहण करनेवाले ज्ञाताके अभिप्रायविशेषको नय कहते हैं। क्योंकि "ज्ञाताका अभिप्राय नय है" ऐसा कहा गया है। उस नयके संक्षेपमें दो भेद हैं—१ द्रव्यार्थिक और २ पर्यायार्थिक। उनमें द्रव्यार्थिकनय प्रमाणके विषयभूत द्रव्य-पर्यायात्मक, एकानेकात्मक अनेकान्तस्वरूप अर्थका विभाग करके पर्यायार्थिकनयके विषयभूत भेदको गौण करता हुआ उसकी स्थिति मात्रको स्वीकार कर अपने विषय द्रव्यको अभेद-

रूप व्यवहार कराता है, अन्य नयके विषयका निषेध नहीं करता। इसीलिये "दूसरे नयके विषयकी अपेक्षा रखनेवाले नयको सद् नय—सम्यक् नय अथवा सामान्यनय" कहा है। जैसे—यह कहना कि 'सोना लाओ'। यहाँ द्रव्यार्थिकनयके अभिप्रायसे 'सोना 5 लाओ'के कहनेपर लानेवाला कड़ा, कुण्डल, केयूर इनमेंसे किसी को भी ले आनेसे कृतार्थ हो जाता है, क्योंकि सोनेरूपसे कड़ा आदिमें कोई भेद नहीं है। पर जब पर्यायार्थिकनयकी विवक्षा होती है तब द्रव्यार्थिकनयको गौण करके प्रवृत्त होनेवाले पर्यायार्थिक-नयकी अपेक्षासे 'कुण्डल लाओ' यह कहनेपर लानेवाला कड़ा 10 आदिके लानेमें प्रवृत्त नहीं होता, क्योंकि कड़ा आदि पर्यायसे कुण्डल पर्याय भिन्न है। अतः द्रव्यार्थिकनयके अभिप्राय (विवक्षा) से सोना कथञ्चित् एकरूप ही है। पर्यायार्थिकनयके अभिप्रायसे कथञ्चित् अनेकरूप ही है, और क्रमसे दोनों नयोंके अभिप्रायसे कथञ्चित् एक और अनेकरूप है। एक साथ दोनों नयोंके अभि-15 प्रायसे कथञ्चित् अवक्तव्यस्वरूप है, क्योंकि एक साथ प्राप्त हुए दो नयोंसे विभिन्न स्वरूपवाले एकत्व और अनेकत्वका विचार अथवा कथन नहीं हो सकता है। जिस प्रकार कि एक साथ प्राप्त हुए दो शब्दोंके द्वारा घटके प्रधानभूत भिन्न स्वरूपवाले रूप और रस इन दो धर्मोका प्रतिपादन नहीं होसकता है। अतः एक साथ प्राप्त द्रव्यार्थिक 20 और पर्यायार्थिक दोनों नयोंके अभिप्रायसे सोना कथञ्चित् अवक्त-व्यस्वरूप है। इस अवक्तव्यस्वरूपको द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक और द्रव्यार्थिक-पर्यायार्थिक इन तीन नयोंके अभिप्रायसे क्रमशः प्राप्त हुए एकत्वादिकके साथ मिला देनेपर सोना कथञ्चित् एक और अवक्तव्य है, कथञ्चित् अनेक और अवक्तव्य है तथा कथञ्चित् एक, 25 अनेक और अवक्तव्य है, इस तरह तीन नयाभिप्राय और होजाते

हैं, जिनके द्वारा भी सोनेका निरूपण किया जाता है। क्योंकि कथन करनेकी इस शैली (व्यवस्था)को ही सप्तभङ्गी कहते हैं। यहाँ 'भङ्ग' शब्द वस्तुके स्वरूप विशेषका प्रतिपादक है। इससे यह सिद्ध हुआ कि प्रत्येक वस्तुमें नियत सात स्वरूप-विशेषोंका प्रतिपादन करनेवाला शब्द समूह सप्तभङ्गी है। 5

शङ्का—एक वस्तुमें सात भङ्गों (स्वरूपों अथवा धर्मों)का सम्भव कैसे है ?

समाधान—जिस प्रकार एक ही घटादिमें घट रूपवाला है, रसवाला है, गन्धवाला है और स्पर्शवाला है, इन जुदे जुदे व्यवहारोंके कारणभूत रूपवत्व (रूप) आदि स्वरूपभेद सम्भव हैं उसी 10 प्रकार प्रत्येक वस्तुमें होनेवाले एक, अनेक, एकानेक, अवक्तव्य आदि व्यवहारोंके कारणभूत एकत्व, अनेकत्व आदि सात स्वरूपभेद भी सम्भव हैं।

इसी प्रकार परम द्रव्यार्थिकनयके अभिप्रायका विषय परमद्रव्य सत्ता—महासामान्य है। उसकी अपेक्षासे "एक ही अद्वितीय 15 ब्रह्म है यहाँ नाना-अनेक कुछ भी नहीं है" इस प्रकारका प्रतिपादन किया जाता है, क्योंकि सद्रूपसे चेतन और अचेतन पदार्थोंमें भेद नहीं है। यदि भेद माना जाय तो सद्से भिन्न होनेके कारण वे सब असत् होजाएँगे।

ऋजुसूत्रनय परमपर्यायार्थिक नय है। वह भूत और भविष्यके 20 स्पर्शसे रहित शुद्ध—केवल वर्त्तमानकालीन वस्तुस्वरूपको विषय करता है। इस नयके अभिप्रायसे ही बौद्धोंके क्षणिकवादकी सिद्धि होती है। ये सब नयाभिप्राय सम्पूर्ण अपने विषयभूत अशेषात्मक अनेकान्तको, जो [illegible] विभक्त करके [illegible]
हारको कराते [illegible] [illegible]पसे—सत्तासामान्यकी

कथञ्चित् एक ही है, अनेक नहीं है। तथा पर्यायरूपसे—अवान्तर-सत्तासामान्यरूप विशेषोंकी अपेक्षासे वस्तु कथञ्चित् नाना (अनेक) ही है, एक नहीं है। तात्पर्य यह है कि तत्तत् नयाभिप्रायसे ब्रह्मवाद (सत्तावाद) और क्षणिकवादका प्रतिपादन भी ठीक है। यही आचार्य समन्तभद्रस्वामीने भी निरूपण किया है कि "हे जिन ! आपके मतमें अनेकान्त भी प्रमाण और नयसे अनेकान्तरूप सिद्ध होता है क्योंकि प्रमाणकी अपेक्षा अनेकान्तरूप है और अर्पित नयकी अपेक्षा एकान्तरूप है।"

अनियत अनेक धर्मविशिष्ट वस्तुको विषय करनेवाला प्रमाण है और नियत एक धर्मविशिष्ट वस्तुको विषय करनेवाला नय है। यदि इस जैन-सरणि—जैनमतकी नय-विवक्षाको न मानकर 'सर्वथा एक ही अद्वितीय ब्रह्म है, अनेक कोई नहीं है, कथञ्चित्—किसी एक अपेक्षासे भी अनेक नहीं है' यह आग्रह किया जाय—सर्वथा एकान्त माना जाय तो यह अर्थाभास है—मिथ्या अर्थ है और इस अर्थका कथन करनेवाला वचन भी आगमाभास है क्योंकि यह प्रत्यक्षसे और 'सत्य भिन्न है तत्त्व भिन्न' है इस आगमसे बाधितविषय है। इसी प्रकार 'सर्वथा भेद ही है, कथञ्चित् भी अभेद नहीं है' ऐसा कथन भी वैसा ही समझना चाहिये। अर्थात् सर्वथा भेद (अनेक) का मानना भी अर्थाभास है और उसका प्रतिपादक आगमाभास है, क्योंकि सद्रूपसे भी भेद माननेपर असत्त्वका प्रसङ्ग आयेगा और उसमें अर्थक्रिया नहीं बन सकती है।

शङ्का—एक एक अभिप्रायके विषयरूपसे भिन्न भिन्न सिद्ध होनेवाले और परस्परमें साहचर्यकी अपेक्षा न रखनेपर मिथ्याभूत हुए एकत्व, अनेकत्व आदि धर्मोंका साहचर्यरूप समूह भी

जो कि अनेकान्त है मिथ्या ही है। तात्पर्य यह कि परस्पर निरपेक्ष एकत्वादिक एकान्त जब मिथ्या हैं तब उनका समूहरूप अनेकान्त भी मिथ्या ही कहलायेगा। वह सम्यक् कैसे हो सकता है?

समाधान—यह हमें इष्ट है। जिस प्रकार परस्परके उपकार्य-उपकारकभावके विना स्वतन्त्र होनेसे और एक दूसरेकी अपेक्षा न करनेपर वस्त्ररूप अवस्थासे रहित तन्तुओंका समूह शीतनिवारण (ठण्डको दूर करना) आदि कार्य नहीं कर सकता है उसी प्रकार एक दूसरेकी अपेक्षा न करनेपर एकत्वादिक धर्म भी यथार्थ ज्ञान कराने आदि अर्थक्रियामे समर्थ नहीं हैं, इसलिये उन परस्पर निरपेक्ष एकत्वादि धर्मोंमें कथञ्चित् मिथ्यापन भी सम्भव है। आप्तमीमांसामें स्वामी समन्तभद्राचार्यने भी कहा है कि 'मिथ्याभूत एकान्तोंका समूह यदि मिथ्या है तो वह मिथ्या एकान्तता—परस्परनिरपेक्षता हमारे (स्याद्वादियोंके) यहाँ नहीं है, क्योंकि जो नय निरपेक्ष हैं वे मिथ्या हैं—सम्यक् नहीं हैं और जो सापेक्ष हैं—एक दूसरेकी अपेक्षा सहित हैं वे वस्तु हैं—सम्यक् नय हैं और वे ही अर्थक्रियाकारी हैं।' तात्पर्य यह हुआ कि निरपेक्ष नयोंके समूहको मिथ्या मानना तो हमे भी इष्ट है पर स्याद्वादियोंने निरपेक्षनयोंके समूहको अनेकान्त नहीं माना किन्तु सापेक्ष नयोंके समूहको अनेकान्त माना है; क्योंकि वस्तु प्रत्यक्षादि प्रमाणोंसे अनेकधर्मात्मक ही प्रतीत होती है। एकधर्मात्मक नहीं।

अतः यह सिद्धान्त सिद्ध हुआ कि 'नय और प्रमाणसे वस्तुकी सिद्धि होती [illegible] यथावत् निर्णय होता है।' इस प्रकार आगम [illegible] हुआ।

ग्रन्थकारका अन्तिम निवेदन—

मेरे कृपालु गुरुवर्य श्रीमान् वर्द्धमानभट्टारकके श्रीचरणोंके प्रसादसे यह न्याय दीपिका पूर्ण हुई।

इसप्रकार श्रीमान् आचार्य वर्द्धमान भट्टारक गुरुकी कृपा-
5 से सरस्वतीके प्रकर्षको प्राप्त श्रीअभिनव धर्मभूषणा-
चार्य-विरचित न्यायदीपिकामें परोक्षप्रमाणका
प्रकाश करनेवाला तीसरा प्रकाश पूर्ण हुआ।
न्यायदीपिका समाप्त हुई।

परिशिष्ट

—०,❀०—

१ न्यायदीपिकामे आये हुए अवतरण-वाक्योंकी सूची—

२ न्यायदीपिकामें उल्लिखित ग्रन्थोंकी सूची—

३ न्यायदीपिकामें उल्लिखित ग्रन्थकारोंकी सूची—

४ न्यायदीपिकामें आये हुए न्यायवाक्य—

५ न्यायदीपिकागत विशेष नामों तथा शब्दोंकी सूची—

६ न्यायदीपिका-गत दार्शनिक एवं लाक्षणिक शब्दोंकी सूची

७ 'असाधारणधर्मवचन लक्षणम्'

ननु असाधारणधर्मवचन लक्षण कथ न समीचीनमिति चेत्, उच्यते तदेव हि सम्यक् लक्षण यदव्याप्त्यादिदोषत्रयशून्यम्। न चात्र लक्षणेऽव्याप्त्यादिदोषत्रयाभाव। तथा हि—अशेषैरपि वादिभिर्दण्डी, कुण्डला, वासस्वी देवदत्त इत्यादौ दण्डादिक देवदत्तस्य लक्षणमुररीक्रियते, पर दण्डादेरसाधारणधर्मत्वं नास्ति, तस्य पृथक्भूतत्वादपृथक्भूतत्वासम्भवात्। अपृथक्भूतस्य चासाधारणधर्मत्वमिति तवाभिप्राय। तथा च लक्ष्यैकदेशेऽनात्मभूतलक्षणे दण्डादौ असाधारणधर्मत्वस्याभावादव्याप्तिरित्येव तात्पर्यमाविष्कृत ग्रन्थकृता "दण्डादेरतद्धर्मस्यापि लक्षणत्वादिति"।

किञ्चाव्याप्ताभिधानस्य लक्षणाभासस्यापि शावलेयत्वादेरसाधारणधर्मत्वादतिव्याप्ति। गो शावलेयत्व जीवस्य भव्यत्व मतिज्ञानित्व वा न गवादीना लक्षणमिति सुप्रतीतम्, शावलेयत्वस्य सर्वत्र गोष्ववृत्ते। भव्यत्वस्य मतिज्ञानित्वस्य वा सर्वजीवेष्ववर्तमानत्वादव्याप्ते। परन्तु शावलेयत्वादीनां गवादेर्योऽसाधारणधर्मत्वमस्ति। यतो हि तेषा गवादिभ्यो भिन्नेष्ववृत्तित्वात्। तदितरावृत्तित्वं ह्यसाधारणत्वमिति। तत शावलेयत्वादावव्याप्ताभिधाने लक्षणाभासे असाधारणधर्मस्यातिव्याप्तिरिति बोध्यम्।

अपि च लक्ष्यधर्मिवचनस्य लक्षणधर्मवचनेन सामानाधिकरण्याभावप्रसङ्गात्। तथा हि—सामानाधिकरण्यं द्विविधम्—शाब्दमार्थञ्च। यथा द्वयोरेकत्र वृत्तिस्तयोरार्थसामानाधिकरण्यम्, यथा रूपरसयो। ययोर्द्वयो शब्दयोश्चैक प्रतिपाद्योऽर्थस्तयो शाब्दसामानाधिकरण्यम्, यथा घट कलश शब्दयो। सर्वत्र हि लक्ष्यलक्षणभावस्थले लक्ष्यवचनलक्षणवचनयो शाब्दसामानाधिकरण्य भवति ताभ्यां प्रतिपाद्यस्यार्थस्यैकत्वात्। यथा उष्णोऽग्नि, ज्ञानी जीव, सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम्, इत्यादौ उष्ण, ज्ञानी, सम्यग्ज्ञानम्, एतानि लक्षणवचनानि। अग्नि, जीव, प्रमाणम्, एतानि च लक्ष्यवचनानि। अत्र लक्षणवचनप्रतिपाद्यो योऽर्थ स एव लक्ष्यवचन

प्रतिपाद्यो न भिन्नोऽथस्तत्प्रतिपाद्य । एव लक्ष्यवचनप्रतिपाद्यो योऽथ स एव लक्षणवचनप्रतिपाद्यो न भिन्न । यता हि उष्ण इत्युक्ते अग्निरित्युक्त भवति, अग्निरित्युक्ते उष्ण इत्युक्त भवति इत्यादि बोध्यम्। ततश्चेद् सिद्ध यत्र कुत्राऽपि लक्ष्यलक्षणभाव क्रियेत तत्र सवत्रापि लक्षणवचनलक्ष्यवचनया शाब्दसामानाधिकरण्यम्। इत्थ च प्रकृते असाधारणधमस्य लक्षणत्वस्वीकारे लक्षणवचन धमवचन लक्ष्यवचन च धर्मिवचन स्यात्। न च लक्षणवचनरूपधमवचनलक्ष्यवचनरूपधर्मिवचनया शाब्दसामानाधिकरण्यमस्ति ताभ्या प्रतिपाद्याथस्य भिन्नत्वात्। धमवचनप्रतिपाद्या हि धम, धर्मिवचनप्रतिपाद्यश्च धर्मी तौ च परस्पर सवथा भिन्नौ। तथा चासाधारणधमस्य लक्षणत्वे न कुत्रापि लक्ष्यलक्षणभावस्थले लक्ष्यवचनलक्षणवचनयो शाब्दसामानाधिकरण्य सम्भवति। ततश्च शाब्दसामानाधिकरण्याभावप्रयुक्तासम्भवदोष समापतत्येव। तस्मान्न साधारणासाधारणधर्ममुखेन लक्षणकरण यौक्तिकमपितु परस्परव्यतिकरे येनान्यत्व लक्ष्यते तल्लक्षणमित्यकलङ्कम्।

८ न्यायदीपिकाया' तुलनात्मकटिप्पणानि

पृ० ५ प० ५ 'उद्देश लक्षणनिर्देश-परीक्षाद्वारेण'। तुलना—'त्रिविधा चास्य शास्त्रस्य प्रवृत्ति —उद्देशो लक्षण परीक्षा चेति। तत्र नामधेयेन पदार्थमात्रस्याभिधानमुद्देश । तत्रोद्दिष्टस्य तत्त्वव्यवच्छेदको धर्मो लक्षणम्। लक्षितस्य यथा लक्षणमुपपद्यते न वेति प्रमाणैरवधारण परीक्षा' —न्यायभा० १ १ २।

'नामधेयेन पदार्थानामभिधानमुद्देश । उद्दिष्टस्य स्वपरजातीय व्यावर्त्तको धर्मो लक्षणम्। लक्षितस्य यथालक्षण विचार परीक्षा'— कन्दली पृ० २६।

'त्रिविधा चास्य शास्त्रस्य प्रवृत्ति—उद्देशो लक्षण परीक्षेति। नामधेयेन पदार्थाभिधानमुद्देश, उद्दिष्टस्य तत्त्वव्यवस्थापको धर्मो लक्षणम्, लक्षितस्य तल्लक्षणमुपपद्यते न वेति विचार परीक्षा'—न्यायमं० पृ०११।

पृ० १२ पं० १३ 'पुनरुपचार' । तुलना—'अचेतनस्य त्विन्द्रिय-लिङ्गादेस्तत्र करणत्वं गमनादावदेरिवोपचारादेव। उपचारश्च तद्व्यवच्छित्तौ सम्यग्ज्ञानस्येन्द्रियादिसहायतया प्रवृत्ते'—प्रमाणनि० पृ० २।

पृ० १६ पं० ७ 'अभ्यस्ते'। तुलना—'तत्प्रामाण्यं स्वतः परतश्च'—परीक्षामु० १-१३। 'स्वयमभ्यस्तविषये प्रमाणस्य स्वतः प्रामाण्यसिद्धेः, सकलविप्रतिपत्तीनामपि प्रतिपत्तुरभावात् अन्यथा तस्य प्रमेये निःसंशयं प्रवृत्त्ययोगात्। तथाऽनभ्यस्तविषये परतः प्रमाणस्य प्रामाण्यनिश्चयात्। तन्निश्चयनिमित्तस्य च प्रमाणान्तरस्याभ्यस्तविषये स्वतः प्रमाणत्वसिद्धेरनवस्थापरस्पराश्रयणयोरनवकाशात्।'-प्रमाणप० पृ० ६३।

पृ० १६ प० १ 'प्रमाणत्वेनाभिमतेषु'। तुलना—'व्याप्रियमाणे हि पूर्वविज्ञानकारणकलापे उत्तरेषामप्युत्पत्तिरिति न प्रतीतितः उत्पत्तितो वा धारावाहिकविज्ञानानि परस्परस्यातिशेरत इति युक्ता सर्वेषामपि प्रमाणता।'—प्रकरणप० पृ० ४३, बृहती पृ० १०३।

पृ० १६ प० ३ 'उत्तरोत्तरक्षण'। तुलना—'न च तत्तत्कालकलाविशिष्टतया तत्राप्यनधिगताथत्वमुपपादनीयम्, क्षणोपाधीनामनाकलनात्। न चाज्ञातेष्वपि विशेषणेषु तज्जनितविशिष्टता प्रकाशते इति कल्पनीयम्, स्वरूपेण तज्जननेऽनागताग्निविशिष्टतानुभवविरोधात्।'—न्यायकुसु० ४-१। 'न च कालभेदेनानधिगतगोचरत्वं धारावाहिकज्ञानानामिति युक्तम्। परमसूक्ष्माणां कालकलादिभेदानां पिशितलोचनैरस्मादृशैरनाकलनात्।'—न्यायवार्तिकतात्पर्य० पृ० २१। 'धारावाहिकेष्वपि उत्तरोत्तरेषां कालान्तरसम्बन्धस्याग्रहीतस्य ग्रहणाद् युक्तं प्रामाण्यम्। सन्नपि कालभेदोऽतिसूक्ष्मत्वान्न परामृश्यत इति'—शास्त्रदी० पृ० १२४। (अत्र पूर्वपक्षेणोल्लेख)। 'धारावाहिकज्ञानानामुत्तरेषां पुरस्तात्तनप्रतीतार्थविषयतया प्रामाण्यवाकरणात्। न च कालभेदावमर्षितया प्रामाण्योपपत्तिः। सतोऽपि कालभेदस्यातिसौक्ष्म्यादनवग्रहणात्।'—प्रकरणप० पृ० ४०।

पृ० २० प० ५ 'न तु करण'। तुलना—'न तत् (ईश्वरज्ञान) प्रमा करणमिति तिष्यत एव, प्रमया सम्बन्धाभावात्। तदाश्रयस्य तु प्रमातृत्व-मेतदेव यत् तत्समवाय'।'—न्यायकुसु० ४-५।

पृ० २३ प० ३ 'विशदप्रतिभास'। तुलना—'प्रत्यक्षं विशदज्ञान'— लघीय० का० ३, प्रमाणसं० का० २, परीक्षामु० २-१, तत्त्वार्थश्लो० पृ० १८१। 'विशदज्ञानात्मकं प्रत्यक्षं प्रत्यक्षत्वात्, यत्तु न विशदज्ञाना-त्मकं तन्न प्रत्यक्षम्, यथाऽनुमानादिज्ञानम्, प्रत्यक्षं च विवादाध्यासितम्, तस्माद्विशदज्ञानात्मकम्।'-प्रमाणप० पृ० ६७। प्रमेयक० २३। 'तत्र यत्स्पष्टावभासं तत्प्रत्यक्षम्।'—न्यायवि० वि०लि० प० ५३S। प्रमाण-नि० पृ० १४। 'विशदं प्रत्यक्षम्'—प्रमाणमी० पृ० ६।

पृ० २४ प० ५ 'वैशद्य'। तुलना—'प्रतीत्यन्तराव्यवधानेन विशेष वत्तया वा प्रतिभासनं वैशद्यम्।'-परीक्षामु० २-४। 'अनुमानाधिक्येन विशेषप्रकाशनं स्पष्टत्वम्'—प्रमाणनयत० २-३। जैनतर्कभा० पृ० २। प्रमाणान्तरानपेक्षेदन्तया प्रतिभासो वा वैशद्यम्।'—प्रमाणमी० पृ० १०।

पृ० २६ प० ४ 'अन्वयव्यतिरेक'। तुलना—'तदन्वयव्यतिरेकानु-विधानाभावाच्च केशोण्डुकज्ञानवन्नक्तञ्चरज्ञानवच्च'—परीक्षामु० २-७।

पृ० २७ प० ३ 'घटाद्यजन्यस्यापि'। तुलना—अतज्जन्यमपि तत्प्र काशकं प्रदीपवत्'—परीक्षामु० २-८। 'न खलु प्रकाश्यो घटादि स्वप्रकाशकं प्रदीपं जनयति, स्वकारणकलापादेवास्योत्पत्ते'—प्रमेयक० २-६।

पृ० २६ पं० ६ 'चक्षुषो विषयप्राप्ति'। तुलना—'स्पर्शनेन्द्रियादि वच्चक्षुषोऽपि विषयप्राप्यकारित्वं प्रमाणात्प्रसाध्यते। तथा हि-प्राप्तार्थ-प्रकाशकं चक्षुः बाह्येन्द्रियत्वात्स्पर्शनेन्द्रियादिवत्।'—प्रमेयक० २-४। 'अस्त्येव चक्षुषस्तद्विषयेण सन्निकर्ष, प्रत्यक्षस्य तत्राभावेऽपि अनुमानत स्तदवगमात्। तच्चेदमनुमानम्, चक्षुः सन्निकृष्टमर्थं प्रकाशयति बाह्ये-न्द्रियत्वात्त्वगादिवत्'—प्रमाणनि० पृ० १८।—न्यायकुसु० पृ० ७५।

पृ० ३६ प० ३ 'विस्मरणशीलत्व' । तुलना—विस्मरणशीलो देवानां प्रिय प्रकरण न लक्षयति"—वादन्याय० पृ० ७६ ।

पृ० ३६ प० ५ 'अक्षेभ्य परावृत्त' । तुलना—'अतीन्द्रियविषयव्यापार परोक्षम्'—सर्वार्थसि० १ १२ ।

पृ० ४१ प० ३ 'परोक्षम्' । तुलना—'ज परदो विण्णाण त तु परोक्ख त्ति भणिदमत्थेसु'—प्रवचनसा० गा० ५८ । 'पराणीन्द्रियाणि मनश्च प्रकाशोपदेशादि च बाह्यनिमित्त प्रतीत्य तदावरणक्षमयोपशमापेक्षस्य आत्मन उत्पद्यमान मतिश्रुत परोक्षमित्याख्यायते ।'— सर्वार्थसि० १ ११। 'उपात्तानुपात्तपरप्राधान्यादवगम परोक्षम्'—तत्त्वार्थवा०पृ० ३८ । 'इतरस्य परोक्षता' —लघी० स्वो० का० ३ । 'उपात्तानुपात्तप्राधान्यादवगम परोक्षम् । उपात्तानीन्द्रियाणि मनश्च, अनुपात्त प्रकाशोपदेशादि तत्प्राधान्यादवगम परोक्षम् । यथा शक्त्युपेतस्यापि स्वय गन्तुमसमर्थस्य यष्ट्याद्यवलम्बनप्राधान्य गमन तथा मतिश्रुतावरणक्षयोपशमे सति ज्ञस्वभावस्यात्मन स्वयमर्थानुपलब्धुमसमर्थस्य पूर्वोक्तप्रत्ययप्रधान ज्ञान परायत्तत्वात् परोक्षम् ।'—धवला दे० प० १०८७ । 'पराणीन्द्रियाणि आलोकादिश्च । परेषामायत्त ज्ञान परोक्षम्'—धवला दे०प० १८२६ । 'अक्षाद् आत्मन परावृत्त परोक्षम्, तत परैरिन्द्रियादिभिरुक्ष्यते सिञ्च्यन अभिवर्द्धय ते इति परोक्षम्' ।—तत्त्वार्थश्लो० पृ० १८२ । 'परोक्षमविशदज्ञानात्मकम्'—प्रमाणप० पृ० ६६ । 'परोक्षमितरत् —परीक्षामु० ३-१ । 'परैरिन्द्रियलिङ्गशब्दैरुक्षा सम्बन्धोऽस्येति परोक्षम् ।'—प्रमालक्ष० प० ५ । 'भवति परोक्ष सहायसापेक्षम् ।' पञ्चाध्यायी० श्लो० ६९६ । 'अविशद परोक्षम् ।'—प्रमाणमी० पृ० ३३ ।

पृ० ६५ प० १ 'प्रत्यक्षपृष्ठभावी' । तुलना—'यस्यानुमानमन्तरेण सामान्य न प्रतीयते भवतु तस्याय दोषोऽस्माक तु प्रत्यक्षपृष्ठभाविनाऽपि विकल्पेन प्रकृतिविभ्रमात् सामान्य प्रतीयते ।'—हेतुबि० टी० लि० प० २५ B । 'देशकालव्यक्तिव्याप्त्या च व्याप्तिरुच्यते । यत्र यत्र धूमस्तत्र तत्र अग्निरिति । प्रत्यक्षपृष्ठश्च विकल्पो न प्रमाण प्रमाणव्यापारानुकारी

त्वसौ इष्यते।'—मनोरथन० पृ० ७। 'प्रत्यक्षपृष्ठभाविना विकल्पस्यापि तद्विषयमात्राध्यवसायत्वात् सर्वोपसंहारेण व्याप्तिग्राहकत्वाभाव।'—प्रमेय-क० ३-१३। 'अथ प्रत्यक्षपृष्ठभाविविकल्पात् साकल्येन साध्यसाधनभाव-प्रतिपत्तेन प्रमाणान्तर तदर्थं मृत्यमित्यपर।'—प्रमेयर० पृ० ३७। 'ननु यदि निर्विकल्पकं प्रत्यक्षमविचारक तर्हि तत्पृष्ठभावी विकल्पो व्याप्तिं गृहीष्यतीति चेत्, नैतत्, निर्विकल्पेन व्याप्तेरग्रहणे विकल्पेन ग्रहीतुमशक्यत्वात् निर्विकल्पकगृहीतार्थविषयत्वाद्विकल्पस्य।'—प्रमाणमी० पृ० ३७। 'प्रत्यक्षपृष्ठभाविविकल्परूपत्वान्नाय प्रमाणमिति बौद्धा।'—जैनतर्कभा०पृ० ११।

पृ० ६४ प० ० 'स हि विकल्प'। तुलना—'तद्विकल्पज्ञान प्रमाण-मन्यथा वेति? प्रथमपक्षे प्रमाणान्तरमनुमन्तव्यम्, प्रमाणद्वयेऽनन्तर्भावात्। उत्तरपक्षे तु न ततोऽनुमानव्यवस्था। न हि व्याप्तिज्ञानस्याप्रामाण्ये तत्पूर्वकमनुमान प्रमाणमास्कन्दति सन्दिग्धादिलिङ्गादप्युत्पद्यमानस्य प्रामाण्य-प्रसङ्गात्।'—प्रमेयर० पृ० ३८। 'स तर्हि प्रमाणमप्रमाणं वा? प्रमाणत्वे प्रत्यक्षानुमानातिरिक्त प्रमाणान्तरं निनिनितव्यम्। अप्रमाणत्वे तु ततो व्याप्तिग्रहणश्रद्धा पण्डितानय।'—प्रमाणमी० पृ० ३७।

पृ० १३० प० ५ 'स्वतन्त्रतया'। तुलना—'ते एते गुणप्रधानतया परस्परतन्त्रा सम्यग्दर्शनहेतव पुरुषार्थक्रियासाधनसामर्थ्यात्तन्त्वादय इव यथोपाय विनिवेश्यमाना पटादिसंज्ञा स्वतन्त्राश्चासमर्था। निरपेक्षेषु तन्त्वादिषु पटादिकार्यं नास्तीति।'—सर्वार्थसि० १-३३। तत्त्वार्थवा० १ ३३

'मिथोऽनपेक्षा पुरुषार्थहेतुर्नांशा न चांशी पृथगस्ति तेभ्य।
परस्परेक्षा पुरुषार्थहेतुर्दृष्टा नयास्तद्वदसि क्रियायाम्॥'
—युक्त्यनुशा० का० ५१।

पृ० १३० प० ७ 'मिथ्यात्वस्यापि'। तुलना—एवमेते शब्दसमभिरूढैवम्भूतनया सापेक्षा सम्यक् परस्परमनपेक्षास्तु मिथ्येति प्रतिपादयति—
इतोऽन्योन्यमपेक्षायां सन्त शब्दादयो नया।
निरपेक्षा पुनस्ते स्युस्तदाभासाविरोधत॥'—तत्त्वार्थश्लो० पृ० २७४

पृ० ३१ प० ३ 'निग्रहणशीलत्व' । तुलना—'विग्रहणशीला देवानां प्रिय प्रकरण न लक्षयति''—वादन्याय० पृ० ७६ ।

पृ० ३१ प० ४ 'अक्षेभ्य' पराव्रत्त' । तुलना—'अतीन्द्रियविषयव्यापार परोक्षम्'—सर्वार्थसि० १ १२ ।

पृ० ४१ प० ३ 'परोक्षम्' । तुलना—'ज परदो विण्णाण त तु परोक्ख त्ति भणिदमत्थेसु'—प्रवचनसा० गा० ५६ । 'पराणीन्द्रियाणि मनश्च प्रकाशो पदेशादि च बाह्यनिमित्त प्रतीत्य तदावरणकर्मक्षयोपशमापेक्षस्य आत्मन उत्पद्यमान मतिश्रुत परोक्षमित्याख्यायते ।'—सर्वार्थसि० १ ११ । 'उपात्ता नुपात्तपराधान्यादवगम परोक्षम्'—तत्त्वार्थरा०पृ० ३८ । 'इतरस्य परोक्षता' —लघी० स्वो० का० ३ । 'उपात्तानुपात्तप्राधान्यादवगम परोक्षम् । उपात्तानीन्द्रियाणि मनश्च, अनुपात्त प्रकाशोपदेशादि तत्प्राधान्यादवगम परोक्षम् । यथा शक्त्युपेतस्यापि स्वय गन्तुमसमर्थस्य यष्ट्याद्यवलम्बनप्राधान्य गमन तथा मतिश्रुतावरणक्षयोपशमे सति ज्ञस्वभावस्यात्मन: स्वयमर्थानुपलब्धुमसमर्थस्य पूर्वोक्तप्रत्ययप्रधान ज्ञान परायत्तत्वात् परोक्षम् ।'—धवला दे० प० १०८७ । 'पराणीन्द्रियाणि आलोकादिश्च । परेषामायत्त ज्ञान परोक्षम्'—धवला दे०प० १८३६ । 'अक्षाद् आत्मन परावृत्त परोक्षम्, तत परैरिन्द्रियादिभिरुक्ष्यते सिञ्च्यते अभिवर्द्धय ते इति परोक्षम्' ।—तत्त्वार्थश्लो० पृ० १८२ । 'परोक्षमविशदज्ञानात्मकम्'—प्रमाणप० पृ० ६६ । 'परोक्षमितरत्'—परीक्षामु० ३-१ । 'परैरिन्द्रियलिङ्गशब्दैरुक्षा सम्बन्धोऽस्येति परोक्षम् ।'—प्रमालक्ष० पृ० ५ । 'भवति परोक्ष सहायसापेक्षम् ।' पञ्चाध्यायी० श्लो० ६९६ । 'अविशद परोक्षम् ।'—प्रमाणमी० पृ० ३३ ।

पृ० ६४ प० १ 'प्रत्यक्षपृष्ठभावी' । तुलना—'यस्यानुमानमन्तरेण सामान्य न प्रतीयते भवतु तस्याय दोषोऽस्माक तु प्रत्यक्षपृष्ठभाविनाऽपि विकल्पेन प्रवृत्तिविभ्रमात् सामान्य प्रतीयते ।'—हेतुबि० टी० लि० प० ९५ B । 'देशकालव्यक्तिव्याप्त्या च व्याप्तिरुच्यते । यत्र यत्र धूमस्तत्र तत्र अग्निरिति । प्रत्यक्षपृष्ठश्च विकल्पो न प्रमाण प्रमाणव्यापारानुकारी

त्मनो इष्यते ।'—मनोरथन० पृ० ७। 'प्रत्यक्षपृष्ठभाविनो विकल्पस्यापि तद्विषयमात्राध्यवसायित्वात् सर्वोपसंहारेण व्याप्तिग्राहकत्वाभाव ।'—प्रमेयक० ३-१३। 'अथ प्रत्यक्षपृष्ठभाविविकल्पात् साकल्येन साध्यसाधनभावप्रतिपत्तेन प्रमाणान्तर तदर्थं मृग्यमित्यपर ।'—प्रमेयर० पृ० ३७। 'ननु यदि निर्विकल्पकं प्रत्यक्षमविचारकं तर्हि तत्पृष्ठभावी विकल्पो व्याप्ति ग्रहीष्यतीति चेन्, नैतत्, निर्विकल्पेन व्याप्तेरग्रहणे विकल्पस्य गृहीतग्राहकत्वात्, निर्विकल्पकगृहीतार्थविषयत्वाद्विकल्पस्य।'—प्रमाणमी० पृ० ३७। 'प्रत्यक्षपृष्ठभाविविकल्परूपत्वात्तस्य प्रमाणमिति बौद्धा ।'—जैनतर्कभा० पृ० ११।

पृ० ६५ प० ८ 'स हि विकल्प'। तुलना—'तद्विकल्पज्ञानं प्रमाणम् अन्यथा वेति? प्रथमपक्षे प्रमाणान्तरमनुमन्तव्यम्, प्रमाणद्वयेऽनन्तर्भावात्। उत्तरपक्षे तु न ततोऽनुमानव्यवस्था। न हि व्याप्तिज्ञानस्याप्रामाण्ये तत्पूर्वकमनुमानं प्रमाणमास्कन्दति सन्दिग्धादिलिङ्गादप्युत्पद्यमानस्य प्रामाण्यप्रसङ्गात्।'—प्रमेयर० पृ० ३८। 'स तर्हि प्रमाणमप्रमाणं वा? प्रमाणत्वे प्रत्यक्षानुमानातिरिक्तं प्रमाणान्तरं निवेदितव्यम्। अप्रमाणत्वे तु ततो व्याप्तिग्रहणश्रद्धा पण्यस्त्रीषु [illegible] ।'—प्रमाणमी० पृ० ३७।

पृ० १३० प० ५ 'स्वतन्त्रतया'। तुलना—'त एते गुणप्रधानतया परस्परतन्त्रा सम्यग्दर्शनहेतव पुरुषार्थक्रियासाधनसामर्थ्यात्तन्त्वादय इव यथोपाय विनिवेश्यमाना पटादिसंज्ञा स्वतन्त्राश्चासमर्था। निरपेक्षेषु तन्त्वादिषु पटादिकार्यं नास्तीति।'—सर्वार्थसि० १-३३। तत्त्वार्थवा० १ ३३

'मिथोऽनपेक्षा पुरुषार्थहेतुर्नांशा न चांशी पृथगस्ति तेभ्य।
परस्परेक्षा पुरुषार्थहेतुर्दृष्टा नयास्तद्वदसि क्रियायाम्।।'
—युक्त्यनुशा० का० ५१।

पृ० १३० प० ७ 'मिथ्यात्वस्यापि'। तुलना—'एवमेते शब्दसमभिरूढैवंभूतनया सापेक्षा सम्यक् परस्परमनपेक्षास्तु मिथ्येति प्रतिपादयति—

इतोऽन्योन्यमपेक्षाया सन्त शब्दादयो नया।
निरपेक्षा पुनस्ते स्युस्तदाभासाविरोधत ।।'—तत्त्वार्थश्लो० पृ० २७४

शुद्धि-पत्र

पृ०	पं०	अशुद्ध	शुद्ध
५	१५	इत्याभिहित	त्यभिहित
११	६	प्रत्यन्त निर्णय	प्रमाणलक्षणनिर्णय
१६	१४	सामान्यानवय	सामान्यविषय
२०	२०	प्रज्ञानात	प्रज्ञान
३१	१०	सत्ताऽर्थान्तरजातिय	सत्ताऽर्थान्तरजातिवि॰
४८	२४	शात श्रापकर्षे	शातेश प्रकर्षे
४६	१०	थाम्द्युता न	थाम्द्युता था न
५७	६	इदमस्मादूरम्	इदमस्माद्दूरम्
६४	८	समनधानऽपि विषय	समनधानेऽप्यविषय
८६	१६	विपरीत यत् साध्य तन	विपरीत यत् तेन

पृष्ठ ८८ के फुटनोटके नम्बर ५,६,७के स्थानपर २,३,४ क्रमसे लेना चाहिए

पृ०	पं०	अशुद्ध	शुद्ध
६६	२	करण	कारण
११४	६	प्रमाण	प्रमाण
११७	१०	मन्शपरिणामित	मद्यपरिणामन्ति
११७	११	द्रव्यभूयँता	द्रव्यभूयँता
११७	१७	पृत्यगाथ्या	पृत्ययोगाथा॰
१२२	१७	घगविनाश	घटविनाश
१४८	२०	३	१
१९१	३१	जैने	जैनैं

पृ० १५६ पं० ४ का "यहाँ 'प्रत्यक्ष' लन्य" यह वाक्य इसी पेजकी पं० ५ के "प्रत्यन् कहते हैं" वाक्यके आगे योजित कर लेना चाहिए।

पृ०	पं०	अशुद्ध	शुद्ध
२३८	६	पृथक्भूतत्वापृथक्	पृथक्भूतत्वनापृथक
२३८	१८	यया	यया
२३६	१४	परस्परव्यतिकरे येना	परस्परव्यतिकरे सति येना